समर्पणपत्रम् ।

स्वस्तिश्रीमन्महाराजाधिराज प्रबलप्रतापी गुणज्ञाननिधान न्यायपरायण धर्मधुरीण क्षत्रवंशावतंस लोकमान्य गुणिजनमंडलीमण्डन सज्जनमनरंजन सनातनधर्मप्रतिपालक नरेन्द्र वीरेन्द्र महेन्द्र टिहरी गढवाल नरेश श्रीयुत श्री १०८ श्रीमहाराजा कीर्तिशाहजू महोदय (G. C. S. I.) के करकमलमें

यह

"अष्टादशपुराण ग्रंथ" सादर समर्पितहै ।

दिनदारपुरा,
मुरादाबाद.
१६।१२।०५.

निवेदक-
ज्वालाप्रसादमिश्र.

भूमिका ।

भारतवर्षमे चारों वर्ण और चारो आश्रमोकी रीति नीति विचार आचारकी सामग्री अष्टादश पुराण ही हैं । प्राय इन्हीके द्वारा पुरातन वृत्त, सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश, मन्वन्तर और वंशानुचरितका बोध होताहै । इन पुराणोंके आख्यानोसेही वेदार्थ भलीभाँतिसे जाना जाताहै, लिखाभीहै [इतिहास पुराणाभ्यां वेद समुपबृंहयेत् । बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामय प्रहरिष्यति] इतिहास और पुराणोंसे वेदार्थका विस्तारकरे, अल्पश्रुतसे वेद भय पाताहै कि, यह मुझपर प्रहार करेगा, पुराणोसे ही अपने पिता पितामह आदिका निर्मल मार्ग जाना जाताहै, अनेक जातियोकी उत्पत्ति, देशभेद ज्ञान विज्ञान जगत्के भिन्नभिन्न विभागोंके भिन्न २ नियम यह सब पुराणोसे ही जाने जातेहैं. पुराण इतिहासके न होनेसे एक प्रकार जगत् अधकारमय समझा जासकताहै, भारतवासियोंका तो इतिहास पुराणही परम धनहै, उपासनाका भडार मुक्तिका द्वार पुराणही हैं । पचदेव उपासनाका विस्तार भगवदवतारकी विशेषता पुराणही प्रतिपादन करते हैं । नवधा भक्ति ईश्वरके चरणोंमे प्रीति पुराणकथासे ही प्राप्त होसकती है । बहुत क्या दोनो लोकोंका साधक पुराणहीहै, ससारमे जिन २ विषयोंकी आप खोज करना चाहैं, वह विषय एकमात्र पुराणोमे ही मिल सकताहै, जब ऐसाहै तो ऐसा कौन पुरुष हैं जो पुराणोंपर श्रद्धा न करेगा ।

परन्तु कालक्रमसे संस्कृतविद्याका पठन पाठन न्यून होजानेसे उन पुराणोका पठन पाठन श्रवण मनन बहुत न्यून होगयाहै, न्यूनही नहीं वरन् एक प्रकारसे अन्य विद्याओके ज्ञाता सस्कृतविद्याशून्य अश्रद्धालु कुतर्की पुराणोंके मर्म न जाननेवाले असस्कृतज्ञ पुरुषोंके अनुवाद देखकर पुराणोमें अश्रद्धा और अनेक प्रकारकी शका करने लगेहैं, पुराणोंमे शका और अश्रद्धा करानेमें दयानदियोंने प्रथमकक्षाका पुरुषार्थ कियाहै, और करतेजातेहैं परन्तु आश्चर्य है कि जब किसी समाजीको अपनी जातिकी खोज होतीहै तब पुराणोकीही शरणमे आना पडता है ।

उपनिषदोंने पुराणको भी विद्यानिर्देश कियाहै, यह विद्या भी विना गुरुके पढे नहीं आसकती गुरुद्वारा ही इस विद्याकी शकाओंका समाधान होसकताहै, गुरुद्वारा ही पुराणोका रहस्य जाना जाताहै, मर्मज्ञ पुरुषोंको ही शकाका अवकाश नहीं रहता. उनके द्वारा पुराणविद्या जानकर अनुवाद करनेसे पढनेवाले निश्शक होसकते हैं. यही विचारकर शकासमाधान सहित मैंने कितने एक पुराणोका भाषाटीका कियाहै जिनसे पाठकोंको पुराणविद्या जाननेमे बहुत लाभ हुआ है ।

इसमें सदेह नहीं कि अष्टादशपुराण कई लक्ष श्लोकोमें पूर्ण हुएहैं, जिनका पठन पाठन अल्पायास और अल्प समयमें नहीं होसकता और सहसा कोई अष्टादशपुराणका विषय

जाननेमे भी समर्थ नही होसकता, इसीसे बहुतसे पुरुष इस विद्यासे रहित होगये, और इस विषयमे नित नई कुतर्कना उनके हृदयमें स्थान पाती जाती हैं ।

मेरा बहुत समयसे ऐसा विचार था कि पुराणविद्याका एक ऐसा ग्रथ निर्माण किया जाय, जिसमे पुराणोके सम्पूर्ण विषय आजाय तथा जो आधुनिक विदेशी और उनके अनुयायी स्वदेशी पुरुष हो उनके भ्रमकी निवृत्ति होकर, पुराणोंकी प्राचीनता सबको सहेतुक विदित होजाय तथा पुराणोके स्कध खण्ड पर्व पूर्वोत्तरभाग अध्यायक्रमसे कथा सरलता पूर्वक सबके हृदयगम होकर, पुरातन और अर्वाचीन समयमे पुराणोकी स्थितिका प्रकार विदित होकर उस विषयमे किसीको शका न रहे और सर्वसाधारणका उपकार हो ।

यही विचार कर मैंने इस प्रकारसे इस ग्रथकी रचना कीहै कि प्रथम उपोद्घात प्रकरणमे पुराणोकी उत्पत्ति निर्णय, उनका वेदोसे सम्बन्ध विरोध परिहार सम्प्रदाय भेद अवतार प्रसग कल्पभेदानुसार पुराण वर्णन, पुराणोके विषयमें पाश्चात्यविद्वानोका मत और उनके मतका खडन, पुराणोमे ऐतिहासिक दृष्टि, पुराणोकी श्लोकसख्या, ग्रंथारभ, पुराणोके अध्यायक्रमसे कथासूची उनकी प्राचीनता पर विचार उनके सस्कार और स्थितिपर विचार कियाहै, जिसके अवलोकनसे पुराणविषयकी सम्पूर्ण कथा पाठकोके हृदयगम होजायगी ।

इसमे सदेह नही कि बहुत कुछ राज्यविप्लव और उलट पुलट होनेसे पुराणोकी स्थितिमे थोडा बहुत अन्तर आगयाहै, यहातक कि कुछ पुराण तो पूरे नहीं मिलते कुछने अपनी सख्यासे कुछ अधिक रूप धारण कियाहै, उसमे यही सम्भव है कि, एक पुराणका विषय कहीं कहीं दूसरेमे सन्निविष्ट होगयाहै, और जहा कहीं प्रक्षिप्त अश मिलाया गयाहै वह भी सहजमे ही बुद्धिमानोको विदित होसकताहै और जहांतक सभव है वह प्रक्षिप्त अश सम्प्रदायके द्वेषके कारणही पीछे लिख दियेगये है, उदाहरण [यथा—विष्णुदर्शनमात्रेण शिवद्रोहः प्रजायते] और [धिक्धिक्कपालम्] इत्यादि जहा कहीं ऐसे श्लोक कठी माला तिलक सम्बन्धी विरोधके दिखावे तथा देवताओकी सम्प्रदाय सम्बन्धी निन्दा हो वह अश सम्प्रदायके आग्रही पुरुषोके मिलाये हुए जाननेपर एक दो पुराणके सिवाय शेष पुराणोमे ऐसा प्रक्षिप्त अश नहीं है । इस सम्प्रदायके आग्रहका उदाहरण इस समय भी हमारे सामने उपस्थित है । स्मार्तधर्मनामकी एक इसी प्रकारकी पोथी मथुरासे गोस्वामीद्वारा प्रकाशित हुईहै, पुराणोंमे महर्षि वेदव्यासजीने उपासनाभेदसे देवताओंकी महामहिमा सम्पादनकीहै जिससे

हमारे गोस्वामीजी भारतधर्म महामण्डलके महामहोपदेशक तथा मथुराकी भा० म० मण्डल कमेटीके अधिकारीभी है आपने सम्प्रदायके जोशमे आकर इस पुस्तकमे स्मार्तधर्मकी निन्दा जी खोलकर कीहै गायत्री तक को निरर्थक कहाहै और मनुस्मृतिकी निन्दा करनेमे आप दयानन्दियोंमे भी दो पग आगे वढगयेहै स्मार्तधर्मको वाममार्गका रूपान्तर आपने कहाहै धन्य कलि धन्य आग्रह आप जो चाहैं सो करासकेहैं, इस गोस्वामी मधुसूदनाचार्यकी वनाई पुस्तकका खडन शीघ्रही प्रकाशित होगा

उपासककी प्रीति अचल बनीरहै, पर उनका यह अभिप्राय कभी नहींहै कि, अपने इष्टके उपासक दूसरे देवताओंको द्वेष दृष्टिसे देखें, उनका तो केवल उपासनाभेद दिखानेसे प्रयोजन था, सिद्धान्तमें यह सब नामान्तर एकही जगन्नियन्ताके हैं।

पुराणोंमे लौकिकभाषा विचित्रभाषा और समाधिभाषा यह तीन भाषा लिखीगई है, और आधिदैविक आधिभौतिक तथा आध्यात्मिक यह तीन प्रकारकी कथायें लिखीगईहैं, जिनका मर्म समझनेसे बहुतसी शकायें दूर होजातीहैं। जो नृपतिगणके चरित्र लिखेहै वह लौकिकभाषा है, कूर्म, मृग, नकुलादिके कथन विचित्र भाषामे हैं, भगवच्चरित्र और भगवद्रहस्य समाधि भाषामे लिखेगयेहै, पचभूतसम्बन्धकी आधिभौतिक, देवसम्बन्धकी आधिदैविक, और आत्मासम्बन्धकी कथायें आध्यात्मिक है, कितनीही कथा आलकारिक हैं यथा [ब्रह्मा विश्व विनिर्माय सावित्र्या वरयोषिति । चकार वीर्याधान च कामुक्या कामुको यथा । सुषुवे चतुरे वेदानित्यादि] ब्रह्माजीने विश्वको निर्माणकरके सावित्रीमें वीर्याधान किया उससे चार वेद प्रगट हुए इत्यादि पुरजनोपाख्यान आध्यात्मिकहै, इसीप्रकार इन कथाओंके गूढरहस्य हरिवशपुराणके पुष्कर प्रादुर्भावमे विशेषरूपसे लिखेहै, जिनमे बहुतसी कथाओंकी शकाओ का समाधान होजाताहै, इस हरिवंशपुराणका भाषाटीका भी मैने करदियाहै जो बम्बई "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेसमे मिलताहै।

इस अष्टादशपुराणदर्पणमे पुराणोंकी समस्त कथायें दर्पणकी समान दिखाई देंगी, गुणग्राही सज्जन उदारप्रकृतिके पुरुष समझ सकते है कि, इस ग्रथके निर्माणमें ग्रथकर्ताको कितना परिश्रम हुआ होगा, तथापि यदि महानुभाव इस ग्रथको अवलोकन कर सन्तुष्ट होंगे तो मैं अपने परिश्रमको सफल समझूंगा।

गुणिजनमडलीमडन सज्जनमनरजन "श्रीवेङ्कटेश्वर" यन्त्रालयाध्यक्ष सेठजी श्रीयुत खेमराज श्रीकृष्णदासजीके ज्येष्ठ पुत्र चिरजीव **रंगनाथ**जीके विवाहोत्सवमें मेरा राज्य जावरेमे आना हुआहै, और बूँदीनिवासी 'श्रीवेङ्कटेश्वरसमाचार' के पूर्व सम्पादक पडित लज्जारामशर्मोजी तथा प० कन्हैयालालमिश्र, प० श्यामसुन्दरलाल तिवारी, तथा पडित बाबूरामशर्मा भी इस अवसरमें मेरे सग उपस्थितहैं, मैंने इस भूमिकाको इस विवाहोत्सवके स्मरणमें लिखाहै इस कारण इसकी तिथि और स्थान जावरा लिखागयाहै।

शेषमें विज्ञपुरुषोंसे सानुनय विज्ञप्तिहै: कि, इस ग्रथमें कथा अध्याय हस्तलिखित और मुद्रित दोनो प्रकारकी पुस्तकोंसे लिखेगयेहैं, यदि वे लिखित पुराण मुद्रितहों और उनमें एक दो अध्यायोंका फेरफार दीखे तो पाठकगण इस बातको क्षमाकरैंगे कारण कि उसमे मेरा वश नहीं है पर उसमें कोई क्षति नहीं पडेगी. इस समय जिस प्रकारके ग्रथ मिलेहैं वैसा लिखा गयाहै, मुझे यह भी आशाहै कि इस ग्रथके बनजानेसे आगेको पुराण विषयकी एक प्रकारसे रक्षाभी रहैगी।

जैसा होसका वैसा यह ग्रंथ महानुभावोंके अवलोकनके निमित्त प्रस्तुतहै इसका आदर आपही विज्ञपुरुषोंके हाथ है ।

शास्त्रप्रचारनिरत सनातनधर्मपरायण "श्रीवेङ्कटेश्वर" यन्त्रालयाधिप सेठजी श्रीयुत खेमराज श्रीकृष्णदासजी महोदयको विशेष धन्यवाद हैं जो इस प्रकारके ग्रंथ प्रकाशकरके सनातन-धर्मका उपकार कररहेहैं ।

सज्जनोका अनुगृहीत—

मुरादाबाद,
मुहल्ला दिनदारपुरा.

पौष कृ० ९
सम्वत् १९६२.

ज्वालाप्रसादमिश्र,
जावरा राज्य [**मालवा**]

॥ श्री. ॥

अष्टादशपुराणदर्पणकी विषयानुक्रमणिका ।

प्रथपूर्ति।

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

अथ अष्टादशपुराणदर्पण।

उपोद्घात.

श्रीभगवान् वेदव्यासजीको प्रणाम करके और महर्षियोंका ध्यान करके पुराणविषयकी आलोचना करतेहैं कि, पुराण क्या वस्तु है और उसमें क्या विषय है तथा उन पुराणोंका मल क्याहै सो सम्पूर्ण बातें अर्वाचीन और प्राचीन मतोंके निरूपण सहित वर्णन करतेहैं प्रथम पुराण शब्दकी उपपत्ति लिखतेहैं पुराण यह शब्द नपुंसकहै "पुराभवमिति पुरा ट्यु [सायं चिरं प्राह्णे प्रगेऽव्ययेभ्यष्ट्युट्युलौ तुट् च पाणि० ४।३।२३ इससे ट्यु प्रत्यय] अथवा [पूर्वकालैकसर्वजरत्पुराण नवकेवलाः समानाधिकरणेन पा० २।१।४९] इति निपातनात् तुडभावः यद्वा [पुराणप्रोक्तेषु ब्राह्मणकल्पेषु पा० ४।३।१०५] इति निपातितः अथवा पुरा नीयते नी × ड + "णत्वञ्च" इसप्रकार निपातनसे वा ऊपर लिखे प्रत्ययोंसे पुराण शब्दकी व्युत्पत्तिहै जब कि, पाणिनीय अष्टाध्यायीमें पुराण शब्दकी व्युत्पत्ति लिखीहै तब इसमें नूतनताका भाव नही रहता तथापि हम वैदिक ग्रंथों सेभी पुराणकी प्राचीनता दिखावेंगे, पुराण शब्दका अर्थ पूर्वतन है इसके अनुसार प्रथम पुराण कहनेसे प्राचीन आख्यायिकादियुक्त ग्रंथविशेष समझाजाताहै अथर्ववेद शतपथ ब्राह्मण, बृहदारण्यक, छान्दोग्य, तैत्तिरीयारण्यक, महाभाष्य, आश्वलायनगृह्यसूत्र, आपस्तम्बधर्मसूत्र, मनुसंहिता, रामायण, महाभारत इत्यादि सनातन आर्य जातिके ग्रन्थोंमें पुराण प्रसंग है।

उपपत्ति-निर्णयः ॥

ऋचः सामानि छंदाꣳसि पुराणयजुषा सह । उच्छिष्टा ज्जज्ञिरे सर्वे दिवि देवा दिवि श्रिताः अथर्व ११। ७। २४

तथा सबृहतीं दिशिमनुव्यचलत्। तमितिहासश्च पुराणञ्च गाथाश्च नाराशंसीश्चानुव्यचलन् ॥ ११ ॥ इतिहासस्य च वै स पुराणस्य च गाथानां च नाराशंसीनाञ्च प्रियं धाम भवति य एवं वेद अथर्व का० १५ अनु० १ प्र० ६ मं १२.

इसका अर्थ यह है कि, यज्ञके उच्छिष्टद्वारा ईश्वरसे यजुर्वेदके सहित ऋक् साम छन्द और पुराण प्रगट हुएहैं ११।७।२४ वह बडी दिशाको गया इतिहास पुराणगाथानाराशंसी उसके पीछेगई वह निश्चय इतिहास पुराण गाथा और नाराशंसी का प्रिय धाम होताहै जो इस बातको जानताहै और गोपथब्राह्मणमें इसका लेखहै.

एवमिमे सर्वे वेदा निर्मितास्सकल्पाःसरहस्याःसब्राह्मणाःसोपनिषत्काः सेतिहासाः सान्वयाख्याताः सपुराणाः सस्वराः इत्यादि गोपथपूर्व भा० २ प्र०

अर्थात् इसप्रकार सम्पूर्ण वेद कल्प रहस्य ब्राह्मण उपनिषद् इतिहास वंश पुराण सहित प्रगट हुएहैं इसमें ब्राह्मणभागसे पुराण पृथक् ग्रहण कियाहै शतपथ ब्राह्मणमें भी लिखाहै कि,

अध्वर्यवीति हवै होतरित्येवाध्वर्युस्तार्क्ष्यो वै पश्यतो राजेत्याह+++तानुपदिशति पुराणं वेदःसोयमिति किञ्चित् पुराणमाचक्षीतैवमेवाध्वर्युः सम्प्रेष्यति न प्रक्रमान् जुहोति । अथदशमहन् श० १३ । ४ । ३ । १३

अर्थात् पुराण वेदहै यह वही वेद है इसप्रकार कहकर अध्वर्यु पुराणकीर्तन करते रहतेहैं दशवें दिन कुछ पुराण सुने.

बृहदारण्यक तथा शतपथके अन्य स्थानमें लिखाहै कि एवंवा अरेस्य महतो भूतस्य निश्वसितमेतद्यद्दग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोथर्वाङ्गिरस इतिहासः पुराणं विद्या उपनिषदः इत्यादि श–१४ । ६ । १० बृहदा० २ । ४ ११

अर्थात् गीले काष्ठसे उत्पन्न अग्निसे जिसप्रकार पृथक २ धुआ निकलताहै ऐसेही इस महाभूतके निश्वाससे ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्वाङ्गिरस इतिहास, पुराण, विद्या, उपनिषदादि प्रगट हुएहै यह सबही निश्वासभूत हैं बृहदारण्यकभाष्यमें शंकराचार्य लिखतेहैं कि "निश्वासमकामतः निश्वासवत्" यह कि श्वासविना यत्नही पुरुषसे जैसे प्रगट होताहै वैसे विना यत्न वेदादि उससे प्रगट हुएहै छान्दोग्यमेंभी.

सहोवाच ऋग्वेदं भगवोध्येमि यजुर्वेदं सामवेदमाथर्वणं चतुर्थमितिहासपुराणं पंचमं वेदानां वेदमिति० छा० प्र० ७ ख० १

अर्थात् इतिहास और पुराण वेदोंका पंचम वेदहैं फिर शतपथब्राह्मणमें इतिहास पुराणका स्वाध्याय लिखाहै—

एवं विद्वान् वा को वाक्यमितिहासः पुराणमित्यहरहः स्वाध्यायमधीते त एनन्तृप्तास्तर्पयन्ति सर्वैः कामैः सर्वैर्भोगैः शत० ११।५।७।९

जो विद्वान् वाको वाक्य इतिहास पुराणका प्रतिदिन पाठ करतेहैं वह देवता तृप्त होकर इन पाठकरने वालोंकी सब कामना पूरी करतेहैं.

इन वैदिक प्रमाणोंके देखनेसे यह बात स्पष्ट जानी जातीहै कि पुराणभी सनातन और नित्य तथा अपौरुषेय माने जासकतेहैं और इस समय पुराणोंकी रचना तथा उनके लेखसे पुराणोंकी रचना व्यासादि महर्षियोंकी विदित होतीहै तब क्या जिनका उल्लेख वेदादि ग्रंथोंमें है वे पुराण इनपुराणोंसे कोई भिन्नथे वेद जिनको पुराण कहताहै पुरातनकालमें वेदहीकी समान उनका आदरथा इसीसे पुराण पंचमवेद स्वरूपमें गिनागयाहै बृहदारण्यक और शंकरभाष्यकी आलोचना करनेसे कि, भगवान्के अयत्नसे जिस प्रकार चार वेद प्रगट हुएहैं उसीप्रकार पुराणभी प्रगट हुएहैं "निश्वसितमिव निश्वसितम् यथा अप्रयत्नेनेव पुरुष निश्वासो भवत्येवं वा० पुराणम् असद्वा इदमग्र आसीदित्यादि शंकरभा०"

फिर ब्रह्मसूत्रभाष्यमें मीमांसाके मुख पूर्वपक्षमें शंकराचार्य लिखतेहैं कि "इतिहासपुराणमपि पौरुषेयत्वाप्रमाणान्तरमूलतामाकांक्षते" आशय यह कि, इतिहास पुराण पौरुषेय मानकर प्रमाणान्तरमूलता अर्थात् वेदके पीछे गौणप्रमाण कहकर स्वीकार करने पडेंगे सायनाचार्यने ऐतरेय ब्राह्मणके उपक्रममें लिखाहै कि—

"देवासुराः संयत्ता आसन्नित्यादय इतिहासाः इदं वा अग्रे नैव किञ्चिदासीदित्यादिकं जगतः प्रागवस्थानुपक्रम्य सर्गप्रतिपादकं वाक्यजातं पुराणम्"

अर्थात् वेदके अन्तर्गत देवासुरके युद्धवर्णनका नाम इतिहास है और पहले यह असत् था और कुछ नही था इत्यादि जगत्की प्रथम अवस्था आरंभ करके सृष्टिप्रक्रिया विवरणका नाम पुराणहै ॥

श्रीशङ्कराचार्य बृहदारण्यकके भाष्यमें लिखतेहैं "इतिहास इत्युर्व्वशी पुरूरवसोः सम्वादादिरुर्व्वशीहाप्सरा इत्यादि ब्राह्मणमेव पुराणमसद्वा इदमग्र आसीदित्यादि" अर्थात् उर्वशी अप्सराके कथोपकथनादिस्वरूप ब्राह्मण वाक्य इतिहास और सबसे प्रथम एकमात्र असत् था इत्यादि सृष्टि प्रक्रियाघटित विवरणका नाम पुराणहै.

इससे यह विदित होताहै कि, सृष्टिप्रक्रियासंयुक्त विवरणमूलक पुराण वैदिकयुगमें प्रचलित था, महाभाष्यमेंभी 'वाकोवाक्यमितिहासः पुराणम्' ऐसा कहकर पुराणमें पृथक् शब्द प्रयोग ग्रहण कियाहै—न्यायदर्शनके 'समारोपणादात्मन्यप्रतिषेधः अ० ४ आ० १ सू० ६२ में वात्स्यायनऋषिने भाष्यमें कहाहै "य एव मंत्रब्राह्मणस्य द्रष्टारः प्रवक्तारश्च ते खल्वितिहासपुराणस्य धर्मशास्त्रस्य चेति विषयव्यवस्थापनाच्च यथाविषयं प्रामाण्यम् यज्ञो मंत्रब्राह्मणस्य, लोकवृत्तमितिहासपुराणस्य लोकव्यवहारव्यवस्थापनं धर्मशास्त्रस्य विषयः" अर्थात् प्रमाणभूत वेदादि इतिहास पुराणके प्रमाणकी आज्ञा देतेहैं जो ऋषि

मंत्र ब्राह्मणके देखने और बोलने वाले हैं वेही धर्मशास्त्र इतिहास पुराणके कथनादि करनेवालेहैं भिन्न २ विषयोंके स्थापन करनेसे यथाविषय इनका प्रमाण है यज्ञ मंत्र ब्राह्मणका लोकवृत्तांत इति-हासपुराणका लोकव्यवहार स्थापन धर्मशास्त्रका विषय है।

इन समस्त वाक्यों से निश्चित हुआ कि सृष्टि आदि कथन पुरा-णोंका लक्षणहै, विष्णु, ब्रह्माण्ड आदि पुराणोंमें लिखाहै कि जिसमें पुराणोंके लक्षण पाये जातेहैं—

"सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च ॥
वंशानुचरितं चैव पुराणं पञ्चलक्षणम् ॥"

सर्ग—वा सृष्टि तत्त्व,प्रतिसर्ग—पुनःसृष्टि और लय देवता और पितरोंकी वंशावली—सब मन्वन्तर—अर्थात् किस २ मनुका कितने समयतक अधि-कार और वंशानुचरित—सूर्य चंद्र वंशी राजाओंके वंशका वर्णन पुराणके यह पांच लक्षण हैं उपनिषद्भाष्यमें श्रीशंकराचार्यने एक सृष्टितत्त्व मुख्य निरूपण कियाथा इससे यह नहीं समझना कि चार लक्षण विद्यमान न थे अवश्यथे पुराणमें सृष्टितत्त्वको छोड़ कर अन्य विषयभी वर्णित था यह महाभारत, रामायण तथा अन्य पुराणोंसेभी जानाजाताहै वाल्मीकिके बालकाण्डमें सुमन्त राजा दशरथसे कहतेहैं

"एतच्छ्रुत्वा रहः सूतो राजानमिदमब्रवीत् ॥
श्रूयतां यत्पुरावृत्तं पुराणेषु मया श्रुतम् ॥"

हे महाराज जो! आपके विषयमें पुराणोंमें पहलेसे सुन रक्खाहै सो आप सुनिये इत्यादि किस प्रकार से तुम्हारे पुत्र होंगे वह सब कथा पुराण में प्रथम वर्णन कीहुई सुनाई महाभारतके आदि पर्वमें लिखाहै शौनक कहते हैं—

"पुराणे हि कथा दिव्या आदिवंशाश्च धीमताम् ॥ कथ्यन्ते ये पुरास्माभिः श्रुतपूर्वाः पितुस्तव ॥" भारत आदि० अ०

पुराणोंमें दिव्य कथा तथा बुद्धिमान पुरुषोंके आदि वंशका वर्णन है पहले हमने तुम्हारे पिताजी से सब कथा सुनीथी उग्रश्रवा कहतेहैं—

"इमं वंशमहं पूर्व्वं भार्गवं ते महामुने ॥ निगदामि यथा युक्तं पुराणाश्रयसंयुतम् ॥" अ० ५ । श्लो० ६–७

हे महामुनि यह उत्तम भार्गववंश है तुम्हारे निमित्त प्रथम इसभार्गववंशकी पुराणाश्रय संयुक्त कथा कहताहूं, यही आदिपर्वमें और भी स्पष्टतासे लिखाहै—

पुरुः कुरुर्यदुः शूरो विश्वगश्वो महाद्युतिः ॥
अणुहो युवनाश्वश्च ककुत्स्थो विक्रमी रघुः ॥ २३० ॥
विजयो वीतिहोत्रोऽङ्गो भवः श्वेतो बृहद्गुरुः ॥
उशीनरः शतरथः कङ्को दुलिदुहो द्रुमः ॥ ३१ ॥
दम्भोद्भवः परो वेनः सगरः संकृतिर्निमिः ॥
अजेयः परशुः पुण्ड्रः शम्भुर्देवा वृधोनघः ॥ ३२ ॥
देवाह्वयः सुप्रतिमः सुप्रतीको बृहद्रथः ॥
महोत्साहो विनीतात्मा सुक्रतुर्नैषधो नलः ॥ ३३ ॥
सत्यव्रतः शान्तमयः सुमित्रः सुबलः प्रभुः ॥
जानुजङ्घोऽनरण्योर्क प्रियभृत्यः शुचिव्रतः ॥ ३४ ॥
बलबन्धुर्निरामर्दकेतुशृङ्गोबृहद्बलः ॥
धष्टकेतुर्बृहत्केतुर्दीप्तकेतुर्निरामयः ॥ ३५ ॥
अविक्षिच्चपलो धूर्तः कृतबन्धुर्दृढेषुधिः ॥
महापुराणसंभाव्यः प्रत्यङ्गः परहा श्रुतिः ॥ ३६ ॥
एते चान्ये च राजानः शतशोथ सहस्रशः ॥
श्रूयन्ते शतशश्चान्ये संख्यातास्चैव पद्मशः ॥ ३७ ॥
हित्वा सुविपुलान् भोगान् बुद्धिमन्तो महाबलाः ॥

राजानो निधनं प्राप्तास्तव पुत्रा इव प्रभो ॥ २३८ ॥
येषां दिव्यानि कर्माणि विक्रमस्त्याग एव च ॥
माहात्म्यमपि चास्तिक्यं सत्यं शौचं दयार्ज्जवम् ॥२३९॥
विद्वद्भिः कथ्यते लोके पुराणे कविसत्तमैः ॥ २४० ॥"
आदिपर्व अ १

अर्थात् पुरु, कुरु, यदु, शूर, विश्वगश्व अणुह, युवनाश्व, ककुत्स्थ, रघु, विजय, वीतिहोत्र, अङ्ग, भव, श्वेत, बृहद्गुरु, उशीनर, शतरथ, कंक, दुलिदुह, द्रुम, दम्भोद्भव, परो वेन, सगर, सङ्कृति, निमि, अजेय, परशु, पुण्ड्र-शम्भु देवावृध, देवनाम, सुप्रतिम, सुप्रतीक, बृहद्रथ, सुक्रतु, निषधाधि-पति, नल, सत्यव्रत, शान्तमय, सुमित्र, सुबल, जानुजङ्घ, अनरण्य, अर्क, प्रियभृत्य, सुचिव्रत बलबंधु निरामर्द, केतुशृङ्ग, बृहद्बल, धृष्टकेतु, बृहत्केतु, दीप्तकेतु, अविक्षित, चपल, धूर्त, कृतबन्धु, दृढेषु, महापुराणसंभाव्य, प्रत्यङ्ग परहा श्रुति, हे महाराज ! इतने यह सब और अन्यभी सैंकडों तथा सहस्रों सुननेमें आतेहैं तथा असंख्य पद्मों संख्यावालेहैं, यद्यपि यह सब महाबल-वान् और बुद्धिमानथे, तथापि सब प्रकारसे सुन्दर और भोगोंको छोड तुम्हारे पुत्रोंकी समान नाशको प्राप्त होगये हे महाराज ! जिनलोगोंके दिव्य कर्म और पराक्रम, दातृशक्ति, महत्त्व, आस्तिक्यबुद्धि, सत्य, निर्वैरत्व, शुद्धता, शौच विधिका जानना और दयाभाव इत्यादि गुणोंकी प्रशंसा इस लोकमें बुद्धिमान् और पुराणोंमें उत्तम कवि करतेहैं ।

इन वचनोंसे स्पष्ट जानाजाताहै कि, महाभारत निर्माण होनेसे पहलेभी भिन्न लक्षण सम्पन्न, भिन्न कवि रचित पुराण विद्यमानथे, सो आगे दिखावेंगे, इससमय जो पुराण प्रचलित हैं वे उन प्राचीनतम पुरा-णोंके आशयको लेकर निर्मित हुएहैं मनुस्मृतिमें लिखाहै—

"स्वाध्यायं श्रावयेत्पित्रे धर्मशास्त्राणि चैव हि॥आख्यानानी तिहासांश्च पुराणान्यखिलानि च" ॥ मनु० ३ । २३२ ॥

श्राद्धमें वेद, धमशास्त्र, आख्यान, इतिहास पूराण, सुनाने चाहियें। आश्वलायन गृह्यसूत्रमेंभी यही बात लिखीहै—

"आयुष्मतां कथाः कीर्तयन्तो माङ्गल्यानीतिहास पुराणानीत्याख्यापयमानाः" आश्वला—गृह्य० ४ । ६ ।

अर्थात् इतिहास पुराणोंमें मंगलकरनी महात्माओंकी कथा लिखीहै अब यदि यह विचार किया जाय कि, पुराण प्राचीनतम होनेसेभी किसके निर्माण किये हुएहैं तब बृहदारण्यक शतपथ आदि तथा मंत्रभागका अनुसरण करनेसे तो स्पष्ट यह जाना जाताहै कि, जिस प्रकार ब्रह्माको आदि लेकर महर्षियोंक हृदयमें वेदोंका आविर्भाव हुआ है इसी प्रकार पुराणोंका भी उन्ही महर्षियोंके हृदयमें ईश्वरके अनुग्रहसे आविर्भाव हुआहै और महाभारत, मनु, महाभाष्य, वाल्मीकि आश्वलायनके देखनेसे विदित होताहै कि, पुराण कितनेही हैं.

"पुराणमेकमेवासीदस्मिन्कल्पान्तरे नृप ॥
त्रिवर्गसाधनं पुण्यं शतकोटिप्रविस्तरम् ॥
स्मृत्वा जगाद च मुनीन्प्रति देवश्चतुर्मुखः ॥
प्रवृत्तिः सर्वशास्त्राणां पुराणस्याभवत्ततः ॥
कालेनाग्रहणं दृष्ट्वा पुराणस्य ततो नृप ॥
व्यासरूपं विभुं कृत्वा संहरेत्स युगेयुगे ॥
चतुर्लक्षप्रमाणेन द्वापरे द्वापरे सदा ॥
तदष्टादशधा कृत्वा भूर्लोकेऽस्मिन्प्रभाषते ॥
अद्यापि देवलोके तच्छतकोटिप्रविस्तरम् ॥
तदर्थोऽत्र चतुर्लक्ष संक्षेपेन निवेशितः ॥
पुराणानि दशाष्टौ च साम्प्रतं तदिहोच्यते ॥
१ । [रेवामहात्म्य १ । २३ । ३०]

हे राजन् कल्पान्तरमें पहले एकही पुराणथा और अर्थ, धर्म, कामका साधक वह सौकोटि श्लोकोंमे विस्तारवालाथा, उसको स्मरण करके

ब्रह्माजीने मुनियोंके प्रति कथन किया, तब सब शास्त्र और पुराणोंकी प्रवृत्ति हुई जब समयपर पुराणोंका अग्रहण देखकर कि, इतना बड़ा ग्रंथ सब कैसे ग्रहण करसकेंगे तब व्यासरूप धारणकर प्रभु प्रति द्वापरयुगमें उसको संक्षेप करते है प्रतिद्वापरयुगमें वह चार लाख प्रमाणके पुराण करके उनके अठारह भेद करते हैं देवलोक में अबभी सौकोटि श्लोकोंमें इनका विस्तारहै सो इसी निमित्त चारलक्ष श्लोकवाले १८ पुराण इस समय कहेजाते हैं तथा च रेवाखण्डसे स्पष्टहै कि—

"अष्टादश पुराणानां वक्ता सत्यवती सुतः ॥

कि सत्यवतीनन्दन व्यासजी अठारह पुराणोंके वक्ता हैं पद्मपुराणके सृष्टि खण्डमें भी यही बात समर्थित हुई है कि—

"प्रवृत्तिः सर्वशास्त्राणां पुराणस्याभवत्तदा ॥
कलिना ग्रहणं दृष्ट्वा पुराणस्य तदा विभुः ॥
व्यासरूपी तदा ब्रह्मा संग्रहार्थं युगेयुगे ॥
चतुर्लक्षप्रमाणेन द्वापरे द्वापरे प्रभुः ॥
तदष्टादशधा कृत्वा भूर्लोकेऽस्मिन्प्रकाश्यते॥"
सृष्टिखण्ड अ० १ ॥

अर्थात् पहले पुराणोंसे सब शास्त्रोंकी प्रवृत्ति हुईहै और समयानुसार समस्त पुराणके ग्रहणमें असमर्थ देखकर वह व्यासरूपी भगवान् ब्रह्मा युगयुगमें संग्रहके निमित्त चारलक्ष श्लोकके पुराण प्रत्येक द्वापरयुगमें करतेहैं वह अठारह प्रकारके करके इस भूलोकमें प्रकाशित होतेहै ।

इन प्रमाणोंसे बोध होताहै कि, व्यासजीही अठारह पुराणोंके कर्ता वक्ता हैं परन्तु बहुतसे आधुनिक पाश्चात्यविद्यासम्पन्न विद्वान् कहतेहैं कि, पुराणोंकी रचना परस्पर इतनी भिन्न है कि, एक कविके बनाये किसीप्रकार भी नहीं कहे जासकते विष्णु, भागवत ब्रह्मवैवर्त इनकी रचना परस्पर इतनी भिन्न है कि, यह एक लेखनीके निर्गत नही होसक्ते इस कथनपर हम यह दिखलातेहैं कि, व्यासजी किसप्रकार अठारह पुराणोंके वक्ताहैं मत्स्यपुराणके ५३ अध्यायमें लिखाहै कि—

"पुराणमेकमेवासीत्तदा कल्पान्तरेऽनघ ॥
त्रिवर्गसाधनं पुण्यं शतकोटिप्रविस्तरम् ॥ ४ ॥
निर्दग्धेषु च लोकेषु वाजिरूपेण वै मया ॥
अङ्गानि चतुरो वेदाः पुराणं न्यायविस्तरम् ॥ ५ ॥
मीमांसा धर्मशास्त्रञ्च परिगृह्य मया कृतम् ॥
मत्स्यरूपेण च पुनः कल्पादावुदकार्णवे ॥ ६ ॥
अशेषमेतत्कथितमुदकान्तर्गतेन च ॥
श्रुत्वा जगाद च मुनीन्प्रति देवान् चतुर्मुखः ॥ ७ ॥

इसके आगे पीछे लिखे पद्मपुराणके श्लोकभी इस पुराणमें मिलतेहैं अर्थात् हे पापरहित ! पहले एकही पुराण था जो त्रिवर्गसाधन और पुण्यस्वरूप शतकोटि श्लोकोंके विस्तारसहित था, जब सब लोक दग्ध होगये तब मैंने वाजिरूपसे अंगोंसहित चारों वेद, पुराण, न्याय विस्तर, मीमांसा धर्मशास्त्रका ग्रहण किया और कल्पकी आदिमें मत्स्य-रूपसे जलके अन्तर्गत यह सब वर्णन किया और इस पुराणको सुन-कर ब्रह्माजीने दूसरे मुनियोंके प्रति वर्णन किया इसी अध्यायमें और भी लिखाहै कि—

"ब्रह्मणाभिहितं पूर्वं यावन्मात्रं मरीचये ॥
ब्राह्मं त्रिदशसहास्रं पुराणं परिकीर्त्यते ॥ १३ ॥
वाराहकल्पवृत्तान्तमधिकृत्य पराशरः ॥
यत्प्राह धर्मनिखिलान् तद्युक्तं वैष्णवं विदुः ॥ १६ ॥
श्वेतकल्पप्रसंगेन धर्मान् वायुरिहाब्रवीत् ॥
यत्रतद्वायवीयं स्याद्रुद्रमाहात्म्यसंयुतम् ॥ १८ ॥
यत्राह नारदो धर्मान् बृहत्कल्पाश्रयाणि च ॥
पंचविंशत्सहस्राणि नारदीयं तदुच्यते ॥ २३ ॥
मार्कण्डेयेन कथितं तत्सर्वं विस्तरेण तु ॥

पुराणं नवसाहस्रं मार्कण्डेयमिहोच्यते ॥ २६ ॥
वशिष्ठायाग्निना प्रोक्तमाग्नेयं तत्प्रचक्षते ॥ २८ ॥

अर्थात् जो ब्रह्माने मरीचिसे कहाहै वह १३००० ब्राह्मपुराणहै ॥ १३ ॥ पराशरने वाराहकल्पका वृत्तान्त संग्रहकर जो धर्मवर्णन कियेहैं वह विष्णुपुराण है ॥ १६ ॥ श्वेतकल्पके प्रसंगमें जो वायुने रुद्रका माहात्म्य वर्णन कियाहै वह वायुपुराण है ॥ १८ ॥ जिसमें नारदजीने अनेक धर्म वर्णन कियेहैं बृहत्कल्पका आश्रय करके वह २५००० श्लोकका नारदपुराण है ॥ २३ ॥ मार्कण्डेय कथित मार्कण्डेय पुराण ९००० श्लोकमें है ॥ २६ ॥ वशिष्ठके प्रति अग्निका कहा हुआ अग्निपुराण है इसीप्रकार इसपुराणमें अघोर कल्पका ब्रह्माका आदित्यके प्रति कहा हुआ भविष्य, रथन्तरकल्पका सावर्णिकथित ब्रह्मवैवर्त महेश्वरकथित लिंग आदि पुराणोंका वर्णनकिया गयाहै जो विस्तारसे ५३ अध्यायमें लिखाहै इसीअध्यायके ३श्लोक तथा ब्रह्माण्डपुराणमें भी इस प्रकार लिखाहै कि—

पुराणं सर्वशास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणा स्मृतम् ॥
अनन्तरञ्च वक्त्रेभ्यो वेदास्तस्य विनिर्गताः ॥"

ब्रह्माजीने सब शास्त्रोंसे प्रथम पुराण प्रगट किये पीछे उनके मुखसे वेद प्रगट हुए.

अब यह भलीभांति विदित होगया कि, पुराण अनादि कालकेहैं और ब्रह्माजीने सबसे प्रथम इनको प्रगट कियाहै उनसे मुनियोंने सुना और प्रत्येक कल्पमें उनउन देवता ऋषियोंने पृथक् उनकी संहिता निर्माण कीहैं जब कि भिन्न २ ऋषिमुनियोंने भिन्न कल्पोंमें पुराण संहिता निर्माण कीहैं और व्यासजीने उन्ही ऋषिमुनियोंके वाक्यों का संक्षेप करके ऋषिमुनियोंका मत जैसे का तैसा रहने दियाहै तथा कहीं प्रसंग मिलानेको अपनी रचनाभी कीहै तब यह पुराण एकलेखनीके निर्गत

किसप्रकार कहे जासकतेहैं और भिन्न २ कल्पोंके धर्म तथा कथानक होनेसे वे पुराणोंकी कथाएं एक दूसरेसे मेल नहीं खातीं और भेदवाली सी दीखतीहैं व्यासजीने जिस ऋषिने जैसा जो कहा वैसाही रहने दिया है जिससे यहभी विदित होताहै कि यह अमुक ऋषिका कथन कियाहै यह सब पुराण व्यासजीसे पहलेकेही हैं प्रत्येक द्वापरयुगमें यह संक्षिप्त होतेहैं और इसीसे अठारहपुराणोंमें अठारहपुराणोंके नाम पाये जातेहैं और जिन कल्पोंमें जो १८पुराण थे यदि कही पुराणनाम या संख्यामें भेद पड़ताहै तो वह पुराण दूसरे कल्पका जानना चाहिये मत्स्यपुराणमें इसका सब खुलासा लिखाहै.

"इहलोकहितार्थाय संक्षिप्तं परमर्षिणा"

मत्स्य० अ० ५३श्लो० ५८

इसलोकके हितकरनेके निमित्त व्यासजीने इनको संक्षिप्त कियाहै अब यह तो स्पष्ट होचुका कि व्यासजी किसप्रकार अठारह पुराणोंके कर्ता वा वक्ताहैं और क्यों इनकी शैलीमें भेद है, औरभी एक बात है कि, सब पुराण जो इससमय पायेजातेहैं यह सब इसी द्वापर युगके हों ऐसा नही कहसकते प्रतिद्वापरमें भिन्न २व्यास होते हैं उनकी रचना भी व्यासजीने जब ग्रहणकीहै तब २८ वार व्यास इसकल्पमें होचुकेहैं सबने ही यह कार्य कियाहै द्वैपायन व्यासजीनेभी वह सब रचना रहनेदीहै तब रचनामें भेद होना कोई आश्चर्य नही है और न यह शंका ठहर सकतीहै विष्णु पुराणमें लिखा है.

"आख्यानैश्चाप्युपाख्यानैर्गाथाभिःकल्पशुद्धिभिः ॥
पुराणसंहितां चक्रे पुराणार्थविशारदः ॥
प्रख्यातो व्यासशिष्योऽभूत्सूतो वै रोमहर्षणः ॥
पुराणसंहितां तस्मै ददौ व्यासो महामुनिः ॥
सुमतिश्चाग्निवर्चश्च मित्रयुः शांशपायनः ॥
अकृतव्रणोथ सावर्णिः षट्शिष्यास्तस्य चाभवन् ॥

काश्यपः संहिताकर्त्ता सावर्णिः शांशपायनः ॥
रोमहर्षणिकाश्चान्यास्तिसृणां मूलसंहिताः ॥
चतुष्टयेनाप्येतेन संचितानामिदं मुने ॥
आद्यं सर्वपुराणानां पुराणं ब्राह्ममुच्यते ॥
अष्टादशपुराणानि पुराणज्ञाः प्रचक्षते" ॥

विष्णु० पु० ३ । ६ । अ० १६-२१

अर्थात् इसके पीछे पुराणार्थ विशारद भगवान् वेदव्यासने आख्यान उपाख्यान गाथा और कल्पशुद्धिके सहित पुराण संहिताकी रचनाकी इनका सूतजातीय लोमहर्षणनामक एक शिष्यथा महामुनि व्यासजीने उसको वह पुराण संहिता अर्पणकी, लोमहर्षणके सुमति, अग्निवर्चा, मित्रयु, शांशपायन, अकृतव्रण और सावर्णि यह छः शिष्य हुए इनमें कश्यपवंशीय अकृतव्रण, सावर्णि और शांशपायन इन तीन जनोंने रोमहर्षणसे पढीहुई मूलसंहिताके अवलम्बनसे प्रत्येकने अपनी एक २ संहिता की उक्त चार संहिताका सार संग्रह करके यह पुराण संहिता रचीगई है, * ब्राह्मपुराणही सब पुराणोंमें आदि कहागयाहै इन विष्णुपुराण के श्लोकों से कोई यह शंका करतेहैं कि, पहले यही चार संहिताथीं पीछे इनको शिष्य प्रशिष्योंके भेदसे १८ पुराण निर्मित हुए हैं विष्णु और ब्रह्माण्ड पुराणकी रचना अति प्राचीन बोध होतीहै इनमें अठारह

---

* ब्रह्माण्डपुराणमेंभी इन चार संहिताका मूल है पर अष्टादश पुराणका प्रसंग नहीं है विष्णु पुराणके टीकाकार श्रीधरस्वामी कहतेहैं "एतेषां संहितानां चतुष्टयेन सारोद्धाररूपमिदं, विष्णुपुराणं×के चित्तुसहितानां चतुष्टयेन इदमाद्यं ब्राह्ममुच्यते इति वदन्ति" अर्थात् इन चार संहिताओंका सारोद्धाररूप यह विष्णु पुराणहै और कोई कहतेहैं इन चार संहिताओंकी सहायतासे आदि ब्रह्मपुराण हुआहै आगे लिखतेहै स्वयं दृष्टार्थकथनं माहुराख्यानकं बुधाः॥श्रुतस्यार्थस्य कथनमुपाख्यानं प्रचक्षते ॥ गाथास्तु पितृ पृथिवीप्रभृति गीतयः। कल्पशुद्धिः श्राद्धकल्पादिनिर्णयः" अर्थात् स्वयं देखकर जो विषय कहागया हो उसका नाम आख्यान है परस्पर सुनी हुई कथाका नाम उपाख्यानहै पितृविषयक और परलोक विषयक गीत तथा अन्यान्य किसी २ गीतिका नाम गाथाहै और श्राद्धकथादि निर्णयका नाम कल्पशुद्धि है कहीं कल्पशुद्धिके स्थानमें कुलकर्म पाठ है ॥

पुराण का व्यासजीने प्रचार किया ऐसा बोध नहीं होता बरन व्यासजी के शिष्योंद्वारा पुराण विभाग पाया जाताहै, इसमें सन्देह नही कि, जो सम्पूर्ण वेदोंका विभाग करतेहैं उनकी पुराण और इतिहासके संकलनमें इच्छा होसकतीहै जानपडताहै कि, सूत जो सब पुराण कहते व्यासजी उसकोही संकलित और शृंखलाबद्ध करके इनके पठन पाठन में उत्साह प्रदान करतेथे.

इस शंकाके उत्तरमें हम इतनाही कहना बहुत समझते है कि जहां यह लिखाहै कि पहले एक मात्र ऋक्‌था व्यासजीने उसके चार विभाग किये कुछ नये नहीं किये किन्तु उसके मिश्रित भागको पृथक् २ कर दिया साम पृथक् किये यजु पृथक् किये इत्यादि इसी प्रकार पुराणसंहितामें १८ अठारहों भाग विद्यमान थे जैसा लिखाहै कि प्रत्येक द्वापर युगमें व्यासजी पुराणविभाग करतेहैं यदि ऐसा न होता तौ विष्णुपुराण में अठारह पुराणोंका नाम नहीं पाया जाता विष्णुपुराणके क्रमानुसार अठारहपुराणोंके नाम यह हैं ब्राह्म,१ पद्म,२ विष्णु,३ शैव, ४ भागवत,५ नारदीय,६ मार्कण्डेय,७ अग्नि,८ भविष्य,९ ब्रह्मवैवर्त,१० लिङ्ग,११ वाराह, १२ स्कन्द,१३ वामन, १४ कूर्म,१५ मत्स्य, १६ गरुड,१७ ब्रह्माण्ड,१८ इन सब पुराणोंमेंही सर्ग प्रतिसर्ग वंश मन्वन्तर और वंशानुचरित कहे गयेहैं हे मैत्रेय तुमसे जिस पुराणका वर्णन करताहूं यह विष्णु पुराण है इत्यादि व्यासजीकी अठारहपुराण समन्वितही उससंहिताको पुराण संहिता कहना विष्णुपुराणका उद्देश्य है अथवा वह पुराणसंहिता केवल विष्णुतत्त्वसमान्वित बृहत् विष्णुपुराण रूपसे थी जिससे यह विष्णुपुराण प्रचलित हुआहै यह श्रीधरका मत पुष्ट होताहै जो कुछभी हो पर विष्णुपुराणमें ही जब १८ पुराणोंका नाम पाया जाताहै तब व्यासजीने एकही संहिताकी थी यह बात ठीक नही पडती हां जिस समय ब्रह्मासे पुराण संहिता निर्गतहुई थी वह एकही थी और व्यासजीने संक्षेप से अठारह भाग समन्वितकी और पीछे सूत और उनके शिष्यों द्वारा उन

के विभाग और कई प्रकारसे संस्कार हुएहैं, ब्रह्माकी कथन कीहुई और व्यासद्वारा संक्षेप कीहुई उस आदि पुराणसंहितासे जो सब पुराण संकलित हुएहैं प्रत्येक पुराण मनलगाकर पढनेसे उसका स्पष्ट प्रमाण पायाजाताहै, विष्णु, मत्स्य, ब्रह्माण्ड, पद्म, इत्यादि पुराणोंकी सृष्टिप्रक्रिया पढनेसे जानाजाताहै कि, सब पुराणोंमें बहुतसी एकही कथा एकही विषय बरन् श्लोक श्लोकोंमें मिले हुएहैं किसीपुराणमें दोचार श्लोक अधिक और किसीमें दो चार श्लोक कम केवल इतनाही भेद है सब पुराणोंकाही आदर्श एकहै इसका कारण यह है एकही संहिताके विभागसे श्लोक सादृश्य दीखताहै यदि यह पुराण कोई प्रथमहीसे भिन्न होते तो ऐसा श्लोकसादृश्य नही होता आदिसंहितासेही एक २ के पीछे भिन्न २ उपासकोंके निमित्त अष्टादशभेदसे पुराणोंका प्रादुर्भाव हुआहै जैसा विष्णुपुराणका पुराणानुक्रममें कथनहै सब पुराणोंमें ऐसाही क्रम नही है किन्तु भिन्न है जिससे यह जानना कठिन पड़ जाताहै कि किस पुराणके पीछे किसपुराणकी रचना हुईहै, किन्तु विष्णुपुराणके सहित बहुतसे पुराणोंका मेलहै [जिनमें क्रम आगे पीछे है उसका उत्तर यही होसक्ताहै कि इसपुराणमें पहले द्वापरयुगके विभागका क्रम है इस द्वापरका विष्णुआदिका क्रम है] पर पुराणोंका क्रम देखनेसे यह भेद औरही प्रकारसे खुलताहै श्रीमद्भागत और मार्कण्डेय दोनोंमें यही लिखाहै कि यह सब पुराणोंके पीछे निर्मित हुए पर क्रममें पांचवें और सातवें हैं और केवल नामोंकाही उल्लेख नही है एक पुराणमें दूसरे पुराणका विषय उद्धृत देखाजाताहै जैसा वामनपुराणमें लिखाहै.

"शृणुष्वावाहितो भूत्वा कथामेतां पुरातनीम् ॥
प्रोक्तामादिपुराणे च ब्रह्मणाव्यक्तरूपिणा ॥" अ० ३।

आप इस कथाको मन लगाकर सुनो जो अव्यक्त ब्रह्माने आदि पुराणमें कही है वहां वामनपुराणमें आदिपुराणका संग्रह है वाराहपुराणमें इसी प्रकार है.

"रविं पप्रच्छ धर्मात्मा पुराणं सूर्यभाषितम् ॥
भविष्यपुराणमिति ख्यातं कृत्वा पुनर्नवम् ॥" १७७।८९

धर्मात्माने सूर्य भाषित पुराणकी कथा सूर्यसे पूछीथी जो भविष्यपुराणके नामसे विख्यात है मत्स्यमें ५३ अध्यायमें अठारहों पुराणोंका विषय सहित वर्णनहै इससे विदित है कि लोमहर्षणके समयमें तथा उन के पाठमें अठारहों पुराणोंका विषय आजानेसे अठारहपुराण पहलेही अपने विषयोंसहित विद्यमान थे ऐसा बोध होताहै और व्यासजीने अपनी पुराणसंहितामें वह सब विषय यथायोग्य निरूपण किये पीछे शिष्योंने जहां २ सुनाये और उनमें कछ प्रश्नोत्तर बढे और वह भी उन्होंने अपनी संहितामें एकत्रित करलिये, परन्तु व्यासजीने नैमिषारण्यवासी महर्षि और सूतका सम्वाद अपने प्रबन्धमेंही बांधाहै कारण कि वह इसबातको जान्तेथे कि, सूतके द्वारा पुराणोंका प्रचार होगा इससमय यहां पाश्चात्य विद्वानोंकाभी थोडा मत दिखाना उचित है कि वह लोग पुराणादिके विषयमें क्या बोध रखतेहैं और कितने दिनोंके बतातेहैं अध्यापक तथा विष्णु पुराणके टीकाकार विलसनसाबहने अठारह पुराणोंके विषयमें जो लिखा है और उनके टीकेको देख जो उनके अनुयाई दत्त आदिभी वैसाही ठीक समझते हैं, उनके लेखको लिखकर फिर हम इस लेखका खण्डन करेंगे जिससे ऐसे सब आधुनिकमतोंके प्रतिपादक दयानंदियोंका लेख रामादिकभी खण्डन होजायगा:

१ ब्रह्मपुराण—उत्कलका जगन्नाथ माहात्म्य कीर्तन करना इसका उद्देश्यहै पांच लक्षण इसमें नहीं उत्कलके मन्दिरादिका विवरण होनेसे सन् १३०० या १४०० के पहले नही लिखागयाहै ।

२ पद्मपुराण—इसमें बौद्ध जैनियोंका वर्णन वैष्णवोंके चिह्नादिधारणकी कथा होनेसे १२ शताब्दीका बोध होताहै शेष पिछले खण्ड १५ या १६ शताब्दीके रचित हैं ।

३ विष्णुपुराण–बौद्ध जैन प्रसंग होनेसे और भविष्यराज्यवंश कलिके ४२४६ वर्षतक कहनेसे १०४५ सन्का निर्माणकाल विदित होताहै.

४ वायुपुराण–सबपुराणोंमें यही प्राचीन और मूल पुराणोंके सब लक्षणयुक्त है.

५ श्रीमद्भागवत–इसे बोपदेवकृत कोई २ कहतेहैं यह १२ शताब्दीकी रचनाका बोध होताहै.

६ नारदीयपुराण–इसमें पुराणके लक्षण नहीं यह आधुनिक भक्तिग्रंथहै इसमें लिखाहै गोघातक देवनिन्दकके निकट कोई यह पुराण न कहे इससे यह १६ या १७ शताब्दीका संगृहीत है बृहन्नारदीयपुराणभी इसी प्रकार विष्णुकी स्तुति और वैष्णवोंके कर्तव्यसे पूर्णहै और आधुनिक है.

७ मार्कण्डेयपुराण–ब्रह्म पद्म नारदीयकी अपेक्षा अति प्राचीनहै यह ९ या दशमी शताब्दीका संग्रह है पूरा भी नहींहै.

८ अग्निपुराण–इतिहास छन्द व्याकरण तांत्रिक पूजा होनेके पीछे यह बना है आधुनिक होनेसे भी यह ग्रंथ मूल्यवान् है.

९ भविष्यपुराण–इससमय जो भविष्यपुराण पाया जाताहै वह भविष्य नहीं कहाजाता इसमें प्रथम अंशमें संक्षेपसे सृष्टितत्त्व कथनकर शेष समस्तमें व्रत पूजा कहीहै.

१० ब्रह्मवैवर्त–मत्स्यपुराणके कहे लक्षण इसमें न होनेसे यह पुराण नहीं समझाजाता.

११ लिङ्गपुराण–यहभी एक कर्म ग्रंथ समझना चाहिये पौराणिकता की रक्षाके लिये इसमें पुराणकथा जोडी है पुरातन शैवाख्यान होनेपर भी इसका बहुत अंश आधुनिक है.

१२ वाराहपुराण–इसकोभी कर्म ग्रंथ कहसकते हैं १२ शताब्दीके प्रसिद्ध वैष्णव रामानुजका इसमें आभास है.

१३ स्कन्दपुराण—इसके बहुत खण्ड हैं जगन्नाथ माहात्म्य वर्णित होनेसे ब्रह्मपुराणकी समान समय विदित होताहै.

१४ वामनपुराण—यहभी पुराण कहनेयोग्य नहीं तीन चार सौ वर्षकाहै

१५ कूर्मपुराण—इसमें भैरव वाम यामल तन्त्रशास्त्रका उल्लेख होनेसे यह पुराण—तान्त्रिकोंसे पीछेका बहुत आधुनिक है.

१६ मत्स्यपुराण—इसमें पुराणोंके पांचलक्षणहैं उपपुराणोंका वर्णन करनेसे इसकी रचना अधिक पुरातन नहींहै.

१७ गरुडपुराण—मत्स्यपुराणके कहे लक्षण इसमें न होनेसे तथा गरुड का विषय कुछ न होनेसे नाममात्रका गरुडपुराणहै.

१८ ब्रह्माण्डमहापुराण—इस पुराणकी श्लोकश्रेणी अतिप्राचीन और यह साक्षात् व्यासप्रोक्त मानाजाताहै उसमें बहुतसे माहात्म्यभी हैं इसका मिलनाभी इससमय कठिन होरहाहै इसके नामसे वायुपुराणकी पुस्तक मिलतीहै कारण कि, उसका शेष खण्ड ब्रह्माण्ड खण्ड कहाताहै सम्भव है कि, अज्ञात सम्पूर्ण वायुपुराण ब्रह्माण्डसमझ लियाहो; पर ब्रह्माण्डपुराण दाक्षिणात्योंमें पायाजाताहै.

इसप्रकार विलसन साहबके अनुसरणमें इधरके कई एक देशीभी चलेहैं।

अब यहां इस बातका विचार कियाजाताहै कि, क्या इन लोगोंका कथन सत्यहै वास्तवमें क्या पुराण आधुनिक हैं वैदिकग्रंथ और प्राचीन स्मार्त ग्रंथोंमें जो पुराणप्रसंगहै वह सब पुराण क्या लुप्तही होगये हैं इस समय जो पुराण पायेजातेहैं वह क्या सब ऐसेही आधुनिकहैं ब्राह्मण, आरण्यक गृह्य और धर्मशास्त्रके पुराण प्रचलित थे श्राद्धादि धर्मकार्यमें उनका आयोजन होताथा शतपथमें लेख है दशमें दिन किंचित पुराण श्रवण करै, और वेदव्यासजी पुराणोंके विभागकर्ता सब पुराणोंमें इति हासोंमें प्रसिद्ध हैं तब अध्यापक विकसन, दक्ष तथा समाजी आदिकोंका इनको आधुनिक समझना भूलकी बातहै, यदि किसी पुराणमें आधुनिक

अंश प्रक्षिप्तहो तौ क्या पूर्वकालसे भारतमें अठारहपुराण प्रचलित नहींथे ऐसा कहा जासकताहै कभी नहीं इसमें दो एक उदाहरण देनेसेही सन्देह दूर होजायगा । आपस्तम्बधर्मसूत्रमें इस प्रकार पुराणोंके वचन उद्धृत हुएहैं.

अथ पुराणे श्लोकावुदाहरन्ति—

अष्टाशीतिसहस्राणि ये प्रजामीषिरर्षयः ॥
दक्षिणेनार्यम्णः पन्थानं ते श्मशानानि भेजिरे ॥
अष्टाशीतिसहस्राणि ये प्रजेनोषिरर्षयः ॥
उत्तरेणार्यम्णः पन्थानं तेऽमृतत्वं हि कल्पयते ॥"

आपस्तम्बधर्मसूत्र २ ।२३।२५ ।

पुराणोंसे उन्होंने इनही दो श्लोकोंका उदाहरण दियाहै कि ८८००० अट्ठासी हजार ऋषि जो प्रजाकी कामता करतेथे अर्यमाके दक्षिणपथमें जाकर श्मशानको प्राप्त हुये, और जिन अट्ठासी सहस्र ऋषियोंने प्रजाकी कामना नहीं की उन्होंने अर्यमाके उतरमें जाकर अमरत्व लाभ किया.

आपस्तम्बमें जो पुराणवचन उद्धृत हुएहैं पुराणोंमेंभी वैसेही वचन पाये जातेहैं जैसा कि, ब्रह्माण्डपुराणमें लेख है—

"अष्टाशीतिसहस्राणि मुनीनां गृहमेधिनाम् ॥
सवितुर्दक्षिणं मार्गं श्रिता ह्याचन्द्रतारकम् ॥"
क्रियावतां प्रसंख्यैषा ये श्मशानानि भेजिरे ।
लोकसंव्यवहारेण भूतारम्भकृतेन च ॥
इच्छाद्वेषरताच्चैव मैथुनोपगमाच्च वै ।
तथा कामकृतेनेह सेवनाद्विषयस्य च ॥
इत्येतैः कारणैः सिद्धाः श्मशानानीह भेजिरे ।
प्रजैषिणस्ते मुनयो द्वापरेष्विह जज्ञिरे ॥

नागवीथ्युत्तरे यच्च सप्तर्षिभ्यश्च दक्षिणम् ।
उत्तरः सवितुः पन्था देवयानस्तु स स्मृतः ॥
यत्र ते वशिनः सिद्धाः विमला ब्रह्मचारिणः ।
सन्ततिं ये जुगुप्सन्ते तस्मान्मृत्युर्जितस्तु तैः ॥
अष्टाशीतिसहस्राणि तेषामप्यूर्द्ध्वरेतसाम् ।
उदक्पन्थानमर्यम्णः श्रिता ह्याभूतसंप्लवात् ॥
इत्येतैः कारणैः शुद्धैस्तेऽमृतत्वं हि भेजिरे ।
आभूतसंप्लवस्थानममृतत्वं विभाव्यते ॥

ब्रह्माण्ड पुराण अनुषङ्गपाद अ० ५४ श्लो० १५९–१६६

अर्थात् जबतक चन्द्र ताराहैं तबतक अट्ठासी हजार गृहमेधी मुनि गण सूर्यके दक्षिणपथका आश्रय करतेहैं इन्होंने क्रियावान् होनेके कारण श्मशान लाभ कियाहै, लोकव्यवहार तथा भूत आरम्भक क्रिया, इच्छा द्वेषमें प्रीति मैथुनोपयोग काम और विषयसेवा इन सब कारणोंसे उन्हों ने सिद्ध होकर श्मशानलाभ कियाहै उन प्रजाभिलाषी मुनियोंने द्वापर में जन्मग्रहण कियाथा नागवीथीकी उत्तरदिशामें और सप्तर्षिमण्डलकी दक्षिण दिशामें जो पथ है वही देवयान नामक सूर्यका उत्तरपथ कहा गयाहै वहां जितेन्द्रिय निर्मल स्वभाव सिद्ध ब्रह्मचारीगण वास करतेहैं उन्होंने सन्तानकी कामना न करकेभी मृत्युको जीतलियाहै वह अट्ठासी सहस्र ऊर्द्ध्वरेता मुनिगण प्रलयकालपर्यन्त अर्यमाके उत्तरपथमें रहतेहैं उन्होंने ऊर्द्ध्वरेतहोनेसे पवित्र होकर अमरत्व लाभ कियाहै.

विष्णुपुराण अ० २ । ८ और मत्स्यपुराण अध्याय १२४ श्लोक १०२ से ११० तक ठीक इसी प्रकारके श्लोक हैं.

अब आप स्तम्बधर्म सूत्रके द्वारा वह विदित होगया कि इस सूत्ररचना से प्रथमभी पुराण प्रचलित थे ब्रह्माण्ड पुराणके अन्यत्र स्थलमेंभी इसी प्रकारके श्लोक पाये जातेहैं यथा—

अष्टाशीति सहस्राणि प्रोक्तानि गृहमेधिनाम् ।
अर्यम्णो दक्षिणा ये तु पितृयानं समाश्रिताः ॥
गृहमेधिनान्तु संख्येयाः श्मशानान्याश्रयन्ति ये ॥
अष्टाशीतिसहस्राणि निहिता ह्युत्तरायणे ॥
ये श्रूयन्ते दिवं प्राप्ता ऋषय ऊर्द्धरेतसः ६८।१०३–१०४

इनश्लोकोंका धर्मसूत्रके साथमें पूरा मेल पाया जाताहै पद्मपुराणके सृष्टिखण्डमेंभी इसीप्रकारका श्लोकहै–

"अष्टाशीतिसहस्राणां यतीनामूर्ध्वरेतसाम् ॥
स्मृतं येषां तु तत्स्थानं तदेव गुरुवासिनाम् ॥"

यदि कोई कहै पहले एकही पुराण संहिता प्रचलितथी संभवहै उसीसे धर्मसूत्रकारने यह श्लोक लियेहों तब अठारहपुराणोंका उल्लेख तो सिद्ध नहीं हो सकता एकाधपुराण प्रचलित होगा यह बातभी नहीं सूत्रकार ने सूत्रमें स्पष्ट भविष्यपुराणसे प्रमाण लियाहै.

"आभूतसंप्लवास्ते स्वर्गजितः पुनःसर्गे बीजार्था भवन्तीति"
भविष्यत् पुराणे आपस्तम्बधर्मसूत्र २।२४।–५–६

अर्थात् उनपितृगणोंने प्रलयपर्यन्त स्वर्गजय कियाहै अर्थात् स्वर्गमें वास करतेहैं और सृष्टिकालमें बीजार्थ होतेहैं भविष्यत्पुराणमें यह कथाहै–

ब्रह्माण्डपुराणमें इसका विस्तृत प्रसंग देखाजाताहै यथाहि–

"कल्पस्यादौ कृतयुगे प्रथमे सोसृजत्प्रजाः ॥
प्रागुक्ता या मया तुभ्यं पूर्वकालं प्रजास्तु ताः ॥
तस्मिन् संवर्तमाने तु कल्पे दग्धास्तदाग्निना ॥
अप्राप्तायास्तपोलोकं जनलोकं समाश्रिताः ॥
प्रवर्तन्ते पुनः सर्वे बीजार्थं ता भवन्ति हि ॥
बीजार्थेन स्थितास्तत्र पुनः सर्गस्य कारणात् ॥
ततस्ताः सृजमानास्तु सन्तानार्थं भवन्ति हि ॥

अनुष० ८।२–२५।

अर्थात् कल्पके आदि सत्ययुगमें प्रजापातिने प्रथम प्रजा रचनेकी इच्छा की तब पूर्वमें जिस प्रजाकी कथा कहीहै वही सत्य युगकी प्रजा प्रजापतिने रचीहै इसयुगके समय कल्पके वर्तमानमें जो तपोलोकमें गमन न कर सकने से जनलोकमें वास करतेथे वही सम्वर्तक अग्निमें दग्ध होकर बीजके लिये फिर उत्पन्न होतेहैं और संतानादिके द्वारा सृष्टि बढातेहैं।

इस आपस्तम्बधर्मसूत्रसे अब यह बात भलीभांति प्रमाणित होगई कि आपस्तम्बधर्मसूत्रके समय नाम निर्दिष्ट अनेक पुराण विद्यमानथे विष्णु पुराण में भविष्य पुराण नौमा कहागया है तौ जब नौमा पुराण प्रमाण कोटि में धराहै तौ आगेकेभी प्रमाण और प्रचलित होंगे इसमें सन्देह क्या जब कि, इनमें अठारह पुराणोंके नाम विद्यमानहैं भविष्यमें भीहैं तब अष्टादश पुराण धर्म सूत्र कारके समय विद्यमान थे इसमें कुछ संशय नहीं है.

आपस्तम्ब धर्म सूत्रको डाक्टर बुलर Dt. Buhlar साहबने कहा है कि, यह धर्म सूत्र ईसवी सन तीनसे इधर नहीं रचा गयाहै यही क्या पाणिनीय सेभी पहलेका रचित जान पडता है और इसमें बौद्ध जैनका वर्णन होनेसे इसको ५ । ६ शताब्दीके पूर्वमें प्रचलित होना मानसकते हैं जब कि एक अंगरेज विद्वानने ही ऐसा निर्णय कियाहै तब अध्यापक विलसन महोदय और उनके अनुयायियोंकी वह समस्त बातकट जाती हैं जब कि आपस्तम्बसेभी बहुत पहले यही पुराण विद्यमानथे और आपस्तम्वसे यह बातभी जानीजातीहै कि सर्ग और प्रतिसर्ग वर्णन करना पुराण का मुख्य उद्देश्यहै यह पुराण लौकिक और वैदिक भाषामिश्रित रचेगये हैं शंकराचार्यनेभी छान्दोग्य उपनिषद्के भाष्यमें ३ । १ पुराण वचन उद्धृत कियेहै.

"ये प्रजामीषिरे धीरास्ते श्मशानानि भेजिरे ।
ये प्रजां नेषिरे धीरास्तेऽमृतत्वं हि भेजिरे" ॥

इससेही जानाजाताहै कि सब पुराणोंमें आर्ष प्रयोगोंकी छेडाछेडी है भविष्य पुराणसे इतना कोई सन्तुष्ट नहो कि यही क्या एकही पुराणहै

तब हम ऊपर विष्णु और मत्स्यपुराणकेभी प्रमाण देचुके हैं और यहभी विदित होताहै कि, सब पुराणों से अधिकतर प्राचीन शैली सम्पन्न वा आदिसंहिताका सारभूत ब्राह्मण्ड पुराणहै.

पाश्चात्य विद्यासम्पन्न पुरुषोंका मतहै कि पंचम ईसवीमें जब भारतीय हिन्दूगणोंने यवद्वीपमें पदार्पण किया तब वह ब्रह्माण्ड पुराण महाभारत रामायण इत्यादि संस्कृतग्रंथ अपने साथमें लाये थे यव द्वीपसे वालिद्वीपमें यह सब ग्रंथ प्रचलित हुएहैं इस ब्रह्माण्डपुराणका वालिद्वीप-के शैव ब्राह्मणोंमें वेदके समान आदर है और यवद्वीपकी कितनीही भाषाओंमें इसका अनुवादभी होचुकाहै । डाक्टर फ्रेडरिक साहबने ओलन्दाज भाषामें सबसे पहले इस ब्रह्माण्ड पुराणका विस्तृत विवरण प्रकाशित कियाहै और कितनेही श्लोकभी इसके प्रकाशित कियेहैं यथा

"अग्रे ससर्ज भगवान्मानसानात्मनः समान्"॥
यह श्लोक ब्रह्माण्डपुराणमें ६।६७ तथा दूसरे स्थानमें
"ततो देवासुरपितॄन् मनुष्याख्योऽसृजत्प्रभुः॥"
यह श्लोक ब्रह्माण्डपुराणके ९ । २ में है.

फ्रेडरिकसाहबने ब्रह्माण्डपुराणके सृष्टि वर्णन प्रसंग जगतकी उत्पत्ति ब्रह्माकी तपस्यासे सनक सनन्दनादि मानसप्रजाकी सृष्टि माहेश्वर प्रादुर्भाव कल्पवर्णन देवता असुरोंकी उत्पत्ति, मन्वन्तर युगादि निर्णय सप्तद्वीपका विवरण इत्यादि जो कथा लिखीहैं वह सबही इस समय ब्रह्माण्डपुराणमें मिलतीहैं इससे इससमयके ब्रह्माण्डपुराणकी उससमयके ब्रह्माण्डपुराणसे अभिन्नता है अध्यापक विलसन आदिने जो इस ग्रंथको जिसप्रकार आधुनिक कहाथा वह बात ऐतिहासिक निरीक्षण सेभी ठीक नहीं ठहरती दो हजार वर्षसे कुछ अधिक चलता हुआ यह ग्रंथ यवद्वीपमें गयाथा तब इससेभी पहले यह पुराण विद्यमान था इसमें सन्देह नहीं, और विष्णुपुराणादिके मतसे

अठारहवां है तौ जब अठारहवांही कईसहस्रवर्षका ; विदेशीय मतसेभी विदित होताहै तब शेष सत्रहकी आधुनिकता कैसे होसकतीहै.

विलसन और वेवर आदि पण्डितगण स्कन्दपुराणको खण्डात्मक और बहुत आधुनिक कहतेहैं पर यह बातभी ठीक नहींहै महामहोपाध्याय श्रीहरप्रसाद शास्त्रीजीको नेपालसे सन् सातवीं ईसवीकी लिखी स्कन्द पुराणीय नन्दिकेश्वरमाहात्म्यकी पोथी मिली है विश्वकोषकार्यालयमें शाके नोसै तेंतीस ९३३की लिखी स्कन्दपुराणीय काशीखण्डकी पोथी विद्यामान है तब उनका १३ । १४ सौकेमध्यमें कथन सर्वथाही असंभव और भ्रमकारक है.

इसके अतिरिक्त स्वामी शंकराचार्यने मार्कण्डेपुराणसे और सन् सातवीं शताब्दीमें बाणने मारकण्डेय पुराणके देवीमाहात्म्यसे विषम संग्रह, किया है तथा पवनप्रोक्त पुराणका उल्लेख कियाहै, तथा बाणके सामयिक मयूरभट्टद्वारा सौर पुराणसे सूर्यशतकका विषय संग्रह, तथा ब्रह्मगुप्तद्वारा विष्णु धर्मोत्तरपुराणके अवलम्बसे ब्रह्मसिद्धान्त रचना और ख्रष्टीय एकादश शताब्दीमें आलवेरुणी द्वारा आदित्य वायुमत्स्य और विष्णु तथाविष्णु धर्मोत्तर पुराणसे प्रमाण उद्धार ख्रष्टीय१२ शताब्दीमें गौडाधिप बल्लालसेनद्वारा उनके दानसारमें ब्रह्म, मत्स्य,मार्कण्डेय,अग्नि,भविष्य बाराह,कूर्म और विष्णु धर्मोत्तरपुराण और आद्य कालिका नन्दी नारसिंह और शाम्ब उपपुराणोंसे अनेक वचन उद्धृत कियेहैं तथा हेमाद्रिमें समस्त पुराणोंके वचन संगृहीत हुएहैं इन प्रमाणोंसे अवश्यही स्वीकार करना पडेगा कि, विलसन अक्षय-कुमार और नवीन पंथाई दयानन्दी लोगोंका मत ग्राह्य नहीं है जब कि, अष्टादशपुराण शंकराचार्यके समयमें विद्यमान थे जिनको २२०० बाईस सौसे अधिक वर्ष होतेहैं तथा बाणभट्टसेभी पहलेके हैं कारण कि, इन्होंने प्रमाण दियाहै तथा विष्णु पुराणोंमें अठारहपुराणोंका नाम

विद्यमान है, और धर्मसूत्रमें विद्यमान है तब पुराणोंको आधुनिक समझना सर्वथा भ्रमकी बातहै जगन्नाथमाहात्म्य होनेसे क्या थोडे दिनोंका पुराण गिना जायगा कभी नहीं यह मन्दिर चाहे अर्वाचीन हो यह दूसरी बातहै परन्तु क्या वहां भगवत्पूजन आधुनिक है नहीं ऋक् परिशिष्टमें जगन्नाथजीका वर्णन आताहै "यत्र देवो जगन्नाथः परंपारं महोदधेः ॥ बलभद्रः सुभद्रा च तत्र माममृतं कृधि," और 'आर्यावाचो म्लेच्छवाचः मनुः' और अण्ड्र कङ्क यवन आदिका वर्णन होनेसे यह ग्रंथ आधुनिक नहीं कह सकते किन्तु इनमें कलिलक्षण निरूपणमें भविष्यरूपसे और किसीमें प्रत्यक्षरूपसे वर्णन किया गयाहै रहा तंत्र शास्त्रका उल्लेख मारण मोहनादिका मूल अथर्ववेदमें विद्यमान है जैन बौद्धादिका निरूपण जहां कहीं किसीपुराणमें आयाहै वहां इसप्रकारसे नहीं लिखाहै कि, इसके उपरान्त इसप्रकार जैनधर्म चला किन्तु लक्षणपरक जैनधर्म बौद्धधर्म कलिमें प्रवृत्त होगा इसप्रकारका उल्लेख है.

अब यह विचार किया जाताहै कि, जिसप्रकारसे इससमय पुराण मिलतेहैं यह सब आद्योपान्त देखनेसे किसी किसी भविष्य मत्स्यादिपुराणमें गुप्तवंशका वर्णनहै जो छठी शताब्दीके समकालमें हुएथे और यह बात मिलनेसे आधुनिकता होसकतीहै, यह बातभी ठीक नहींहै कारण कि जब होनहार भविष्यवर्णनहै तौ इससे उसके पीछे पुराण कहे जायँ तौ पुराणोंमें आगे होनेवाले सात मन्वन्तरोंका उनके ऋषि देवता सहित वर्णन होनेसे इस हिसाबसे पुराण इसकल्पके पीछेही कहीं होने- चाहियें और कलिका वर्णन करनेसे कलिके पीछे होने चाहियें इस हिसाबसे तौ लाखों वर्ष तक अभी पुराणोंका नामभी न आना चाहिये, भविष्य प्रसंग होनेपर आगे होनेवाला लिखाजाताहै,और एक२पुराण कई बार सुनाया गयाहै कही सूतने उस समयका राजवंश अपनी उक्तिसे कहाहै यथा ब्रह्माण्डपुराणे—

अठारहवां है तो जब अठारहआंही कईसहस्रवर्षका विदेशीय मतसेभी विदित होताहै तब शेष सत्रहकी आधुनिकता कैसे होसकतीहै.

विलसन और वेवर आदि पण्डितगण स्कन्दपुराणको खण्डात्मक और बहुत आधुनिक कहतेहैं पर यह बातभी ठीक नहींहै महामहोपाध्याय श्रीहरप्रसाद शास्त्रीजीको नेपालसे सन् सातवीं ईसवीकी लिखी स्कन्द पुराणीय नन्दिकेश्वरमाहात्म्यकी पोथी मिली है विश्वकोषकार्यालयमें शाके नौसे तेंतीस ९३३की लिखी स्कन्दपुराणीय काशीखण्डकी पोथी विद्यामान है तब उनका १३।१४ सौकेमध्यमें कथन सर्वथाही असंभव और भ्रमकारक है.

इसके अतिरिक्त स्वामी शंकराचार्यने मार्कण्डेपुराणसे और सन् सातवीं शताब्दीमें बाणने मारकण्डेय पुराणके देवीमाहात्म्यसे विषम संग्रह, किया है तथा पवनप्रोक्त पुराणका उल्लेख कियाहै, तथा बाणके सामयिक मयूरभट्टद्वारा सौर पुराणसे सूर्यशतकका विषय संग्रह, तथा ब्रह्मगुप्तद्वारा विष्णु धर्मोत्तरपुराणके अवलम्बसे ब्रह्मसिद्धान्त रचना और ख्रष्टीय एकादश शताब्दीमें आलवेरुणी द्वारा आदित्य वायुमत्स्य और विष्णु तथाविष्णु धर्मोत्तर पुराणसे प्रमाण उद्धार ख्रष्टीय१२ शताब्दीमें गौडाधिप बल्लालसेनद्वारा उनके दानसारमें ब्रह्म, मत्स्य,मार्कण्डेय,अग्नि,भविष्य बाराह,कूर्म और विष्णु धर्मोत्तरपुराण और आद्य कालिका नन्दी नारसिंह और शाम्ब उपपुराणोंसे अनेक वचन उद्धृत कियेहैं तथा हेमाद्रिमें समग्र पुराणोंके वचन संगृहीत हुएहैं इन प्रमाणोंसे अवश्यही स्वीकार करना पडेगा कि, विलसन अक्षयकुमार और नवीन पंथाई दयानन्दी लोगोंका मत ग्राह्य नही है जब कि, अष्टादशपुराण शंकराचार्यके समयमें विद्यमान थे जिनको २२०० बाईस सौसे अधिक वर्ष होतेहैं तथा बाणभट्टसेभी पहलेके हैं कारण कि, इन्होंने प्रमाण दियाहै तथा विष्णु पुराणोंमें अठारहपुराणोंका नाम

विद्यमान है, और धर्मसूत्रमें विद्यमान है तब पुराणोंको आधुनिक समझना सर्वथा भ्रमकी बातहै जगन्नाथमाहात्म्य होनेसे क्या थोडे दिनोंका पुराण गिना जायगा कभी नहीं यह मन्दिर चाहे अर्वाचीन हो यह दूसरी बातहै परन्तु क्या वहां भगवत्पूजन आधुनिक है नहीं ऋक् परिशिष्टमें जगन्नाथजीका वर्णन आताहै "यत्र देवो जगन्नाथः परंपारं महोदधेः॥ बलभद्रः सुभद्रा च तत्र माममृतं कृधि," और 'आर्यावाचो म्लेच्छवाचः मनुः' और अण्ड्र कङ्क यवन आदिका वर्णन होनेसे यह ग्रंथ आधुनिक नहीं कह सकते किन्तु इनमें कलिलक्षण निरूपणमें भविष्यरूपसे और किसीमें प्रत्यक्षरूपसे वर्णन किया गयाहै रहा तंत्र शास्त्रका उल्लेख मारण मोहनादिका मूल अथर्ववेदमें विद्यमान है जैन बौद्धादिका निरूपण जहां कहीं किसीपुराणमें आयाहै वहां इस प्रकारसे नहीं लिखाहै कि, इसके उपरान्त इसप्रकार जैनधर्म चला किन्तु लक्षणपरक जैनधर्म बौद्धधर्म कलिमें प्रवृत्त होगा इसप्रकारका उल्लेख है.

अब यह विचार किया जाताहै कि, जिसप्रकारसे इससमय पुराण मिलतेहैं यह सब आद्योपान्त देखनेसे किसी किसी भविष्य मत्स्यादिपुराणमें गुप्तवंशका वर्णनहै जो छठी शताब्दीके समकालमें हुएथे और यह बात मिलनेसे आधुनिकता होसकतीहै, यह बातभी ठीक नहीहै कारण कि जब होनहार भविष्यवर्णनहै तो इससे उसके पीछे पुराण कहे जायँ तो पुराणोंमें आगे होनेवाले सात मन्वन्तरोंका उनके ऋषि देवता सहित वर्णन होनेसे इस हिसाबसे पुराण इसकल्पके पीछेही कहीं होने-चाहियें और कलिका वर्णन करनेसे कलिके पीछे होने चाहियें इस हिसाबसे तो लाखों बर्ष तक अभी पुराणोंका नामभी न आना चाहिये, भविष्य प्रसंग होनेपर आगे होनेवाला लिखाजाताहै, और एक२पुराण कई बार सुनाया गयाहै कहीं सूतने उस समयका राजवंश अपनी उक्तिसे कहाहै यथा ब्रह्माण्डपुराणे—

"तस्य पुत्रः शतानीको बलवान् सत्यविक्रमः ॥
ततः सुतं शतानीकं विप्रास्तमभ्यषेचयन् ॥
पुत्रोऽश्वमेधदत्तोऽभूत् शतानीकस्य वीर्यवान् ॥
अधिसीमकृष्णो धर्मात्माच्छसाम्प्रतोऽयं महायशाः ॥
यस्मिन्प्रशासति महीं युष्माभिरिदमाहृतम् ॥
दुरापं दीर्घसत्रं वै त्रीणि वर्षाणि पुष्करम् ॥
वर्षद्वयं कुरुक्षेत्रे दृषद्वत्यां द्विजोत्तमाः ॥

[ब्रह्मा०उपसंहारपाद]

जन्मेजयका पुत्र सत्यविक्रमी शतानीक हुआ ब्राह्मणोंने इसके पुत्रको राज्यमें अभिषेक कियाथा इसके अश्वमेधदत्त नाम वीर्यवान पुत्रने जन्मग्रहण कियाथा इनके पुत्र पर पुरंजय नामक धर्मात्मा अधिसीम-कृष्ण हैं यही महायशस्वी इससमय पृथिवीका पालन करतेहैं आपने इनकेही शासनकालमें त्रिवर्ष व्यापी पुस्करमें और दृषद्वतीके तटपर कुरुक्षेत्रमें दीर्घयज्ञका अनुष्ठान कियाहै यह अधिसीम जन्मेजयके प्रपौत्र हैं जिनको इससमय ४८०६ के लगभग वर्ष होतेहैं जबकि यह पुराण इतने समयका निरूपण कररहाहै फिर आधुनिक कैसे होसकतेहैं उस पुराण सुनानेके समय यह सुतका कथनहै तो इससेभी पहले पुराणकी विद्यमानता में क्या सन्देहहै.

संस्कृत आलोचक मुइरसाहब कहतेहैं इतिहास पुराणको प्राचीनतम संस्कृत पुस्तकमें गणना नही कर सकते इनसे पहलेभी अनेक गाथा विद्यमानथी, इतिहासपुराणमें प्रकृत प्राचीन प्रवादमाला और ऐतिहासिक तत्त्व निहित होनेपरभी आधुनिक लेखकोंकी इच्छासे अनेक कथा कल्पित मिश्रित हुई है किन्तु वेदमें ऐसा नही हुआहै अतिप्राचीन काल सेभी वेदमें अबतक कुछ परिवर्तन नहीं हुआहै.

तो क्या विदेशियोंकी बातसे हम जानलें कि, पुराण प्रमाणको-टिमें नही गिने जासकते यथार्थमें क्या पुराण उपदेशकमूल ग्रंथ नहींहैं

प्राचीनतमपुराण क्या धर्म ग्रन्थोंमें परिगणित नही हैं बृहदारण्यक छान्दोग्य इत्यादि उपनिषदोंमें पुराण पंचमवेद गिने गयेहैं मनुमें स्पष्टलिखाहै श्राद्धमें ब्राह्मणोंको पुराण सुनावै, यदि पुराण धर्मवा उपदेशमूलक ग्रंथोंमें नहीं गिने जाते तौ ऐसा प्रसंग क्यों होता पुराण सूतके मुखसे निर्गत होनेपरभी प्रामाणिक और अठारह विद्याके अन्तर्गत हैं भट्टकुमारिलने पुराणोंकी प्रामाणिकता स्वीकारकी है भगवान् शंकरचार्यने इससम्बन्धमें इसप्रकार आलोचना कीहै.

"इतिहासपुराणमपि व्याख्यातेन मार्गेण सम्भवन्मंत्रार्थवादमूलत्वात् प्रभवति देवताविग्रहादि साधयितुम् प्रत्यक्षामूलमपि सम्भवति भवति हि अस्माकमप्रत्यक्षमपि चिरन्तनानां प्रत्यक्षम् तथा च व्यासादयो देवताभिः प्रत्यक्षं व्यवहरन्तीति स्मर्यते यस्तु ब्रूयादिदानीन्तनानामिव पूर्वेषामपि नास्ति देवादिभिर्व्यवहर्तुं सामर्थ्यमिति सजगद्वैचित्र्यं प्रतिषेधेत्। इदानीमिव च नान्यदापि सार्व्वभौम क्षत्रियोऽस्तीति ब्रूयात् ततश्च राजसूयादिचोदना उपरुन्ध्यात् इदानीमिव च कालान्तरेऽप्यव्यस्थितप्रायान् वर्णाश्रमधर्मा प्रतिजानीत ततश्च व्यवस्थाविधायिशास्त्रमनर्थकं स्यात् तस्माद्धर्मो-त्कर्षवशात् चिरन्तनादेवादिभिः प्रत्यक्षं व्यवजह्रुरिति श्लिष्यते, अपि च स्मरन्ति स्वाध्यायादिष्टदेवतासंप्रयोग इत्यादि । योगोप्यणि माद्यैश्वर्यप्राप्तिफलकः स्मर्य्यमाणो न शक्यते साहसमात्रेण प्रत्याख्यातुम् श्रुतिश्च योगमाहात्म्यं प्रत्याख्यापयति पृथिव्यप्तेजोऽनिलखे समुत्थिते पञ्चात्मके योगगुणे प्रवृत्ते न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्नि मयं शरीरमिति ऋषीणामपि मंत्रब्राह्मणदर्शिनां सामर्थ्यं नास्मदीयेन सामर्थ्येनोपमातुं युक्तं तस्मात् समूलमितिहासपुराणमिति" शारीरकभाष्यम् १।३।३३ अर्थात् इतिहासपुराणभी जैसे भावसे व्याख्यात हुए हैं मंत्रभी अर्थवादमूलक होनेसे वैसेही देवताविग्रहादिके प्रपंचनिर्णयमें समर्थ हैं इसकाभी प्रत्यक्ष होना संभवपर है हमारे पक्षमें अप्रत्यक्ष होनेपरभी प्राचीन

पुरुषोंको प्रत्यक्ष हुआथा इसीकारण स्मृतिमें कहाहै व्यास इत्यादिने देवताओंके सहित प्रत्यक्षरूपसे व्यवहार कियाथा जो कहतेहैं कि यहांके लोकोंकी समान प्राचीनपुरुषभी देवताओंके संग व्यवहारमें समर्थ नहींथे वह जगत्के वैचित्र्यका प्रतिषेध करते और कहतेहैं कि, इससमय जिस प्रकार कोई क्षत्रिय सार्वभौम नहीं है इसीप्रकार अन्य समयमेंभी कोई सार्वभौम राजा नहींथा, ऐसा होनेसे राजसूय यज्ञादिका शास्त्र 'कि चक्रवर्ती राजसूय करसकताहै, स्वीकार न होगा, और इससमय जैसे वर्णाश्रमकी अव्यवस्थाहै पहलेभी इसीप्रकार अव्यवस्थाथी ऐसा समझकर वह व्यवस्थाविधायि शास्त्रकोभी अनर्थक जान सकतेहैं, यथार्थमें तो धर्मकी उत्कृष्टताके कारण पूर्वपुरुष देवताओंके संग प्रत्यक्ष व्यवहार करतेथे और इसीकारण स्मृतियोंमें कहा गयाहै कि, स्वाध्या-यादि द्वाराही देवताओंके संग सम्प्रयोग होताहै, इत्यादि इसीप्रकार योगभी जब अणिमादिक ऐश्वर्य्य फलप्राप्तिवाला कहा गयाहै तब यह उक्ति साहस मात्रसे प्रतिषेधके योग नहीहै, कारण कि, श्रुतिभी जीव योगका माहात्म्यनिर्देश करतीहै, पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाशसे प्रादुर्भूत पंचात्मकयोग गुणप्रवृत्तहैं और योग प्राप्त पुरुषका शरीर योगाग्नियुक्त होनेसे रोग जरा और मृत्युवाला नहीं होता, इसीप्रकार अपनी सामर्थ्यसे देखकर मंत्र ब्राह्मण द्रष्टा ऋषियोंकी सामर्थ्यको अपनी सामर्थ्यसे उपमाकरना युक्तिसंगत नहीहै इसीसे ग्रंथ इतिहास पुराण समूलक अर्थात् प्रामाणिकहैं.

अब क्रमप्राप्त संक्षेपसे यह बातभी यहां लिखनी उचित है कि, भाष्यकारका समय क्या है शंकरस्वामीने भाष्यकी समाप्तिमें अपनेको गौडपादाचार्यका पदानुयायी मानाहै. बौद्धमत ईसासे ५५० वर्ष पहले आरंभ हुआ और २०० वर्ष पहले मूरियाखान्दानकी अवनतिके साथ इसकी अवनति होने लगी यों तो यह १२०० शताब्दीतक रहा

परन्तु मसीहसे २०० वर्ष पहलेही इसकी अवनति होने लगी, और फिर ब्राह्मणों तथा दूसरे लोगोंने अपने धर्मकी ओर झुकना आरंभ किया संक्षिप्त इतिहास हिन्द पृ० ३७ इससे अनुमानहै कि, इसी समयके निकटवर्ती भाष्यकारका समय होगा यह बात प्रसिद्धहै कि, बौद्धमतके हानि पहुंचाने वाले सबसे पहले यही हुएहैं.

दूसरे दशोपनिषत् शारीरक और गीताभाष्यमें कहीं यवनोंका किंचित्भी उल्लेख नहीं है सम्वत् ६९३ अर्थात ६३६ सन् से यवनोंका आक्रमण देशमें होनेलगा था उस समय इस प्रकार से कोई हिन्दू धर्म रक्षक स्वतंत्रतासे उपदेश नहीं देसकता था इससे शंकर स्वामीका समय सन् संवत् दोनों से पूर्वकाहै.

पार्सियोंके धर्म पुस्तकोंमें सिकन्दर यूनानीके वृत्तांतमें लिखाहै कि जब सिकन्दर भारतवर्षमें आया तब शंकराचार्यनामी एक साधु धर्मोप देशमें कटिबद्ध थे इनका समय सबको मालूम है कि ३३१ वर्ष पहले इससे यह भारतवर्षमें आये.

शंकराचार्यके एक योग्य शिष्यने इस प्रकार लिखाहै कि—

"ऋषिवीरास्तथा भूमिर्मर्त्याक्षौ व्याममेलनात् ॥
एकत्वेन लभेदङ्कस्ताम्राक्षस्तार्हि वत्सरः ॥
विश्वजिच्च पिता यस्य निर्यातश्च चिदम्बरे ॥
तस्य भार्याम्बिका देवी शंकरं लोकशंकरम् ॥
प्रसूता सर्वलोकस्य तारणाय जगद्गुरुम् ॥"

अर्थात् २१५७ युधिष्ठिरी सम्वत्में विश्वजित् पिता और अम्बिका देवी माताके घर संसारका कल्याण करनेवाले शंकरस्वामी प्रगटहुए और पीछे जगत् गुरु कहलाये अब युधिष्ठिरी सम्वत् ४३३७हैं राजतरंगिणीके अनुसार और दूसरे ग्रंथोंके अनुसार कलियुगके प्रारंभसे युधिष्ठिर का सम्वत् है.

इस प्रमाणसे शंकरस्वामी २२०० सौ वर्ष से अधिकके पाये जाते हैं जब इतना समय शंकरस्वामी को बीता है और इन्होंनेभी पुराणोंका प्रमाण मानाहै तब पुराण इनसे बहुत पहलेके सिद्ध होचुके दूसरे लोग अंग्रेज आदि जो इनका समय आठवीं शताब्दी आदिमें बतातेहैं उनको भ्रम हुआहै कारण कि, शंकरस्वामीकी गद्दीवालेभी शंकराचार्य कहातेहैं जैसा अभी द्वारिकापीठके शंकराचार्यने भ्रमण कियाथा और अबभी चार वर्तमान हैं अन्तिम विख्यात शंकराचार्यने यवनोंके आनेसे १०० वर्ष पहले बौद्धमात्रको भारतवर्ष से निकाल दियाथा, एक शंकराचार्य ईसा से ५७ वर्ष पहले हुए जिनके शिष्य भर्तृहरिहैं तीसरे ४५७ सम्वत्में चौथे सं० ५२५ ऐसेही अनेक होते रहे.

प्रसिद्ध विद्वान् सेणटसाहब लिखतेहैं कि, स्वामी शंकराचार्य गौतम बुद्धकी मृत्युके ६० वर्ष पीछे उत्पन्न हुए.

Shankra chary a appears in India about sixty years after Gotam Budh death

ए बी सेणटसाहबकी ईशूटेडिक हेनरस् पृष्ठ १४९ अनुवाद ऊपर लिखचुकेहैं गौतमबुद्ध इन्हींके हिसाबसे ईसासे ५०० वर्ष पहले हुए हैं तो ५५० में से ६० निकालकर ४९० बचे इसमें सन् १९०४ जोडनेसे २३९४ वर्ष शंकराचार्यको हुए बीततेहैं जब शंकरस्वामी पुराणोंको प्रमाण कहतेहैं तब आधुनिक अंग्रेजविद्वान् तथा उनके अनुयायी दत्तम हाशय दयानन्दी लेखरामादि जो पुराणोंको आधुनिक कहतेहैं यह उनकी बड़ी भूलहै.

पुराणोंमें सम्प्रदायिकता ।

आदिपुराणसंहिता सार्वजनिक ग्रंथ होनेपरभी वर्तमान पुराण पाठकरनेसे सर्वथा वैसा बोध नहीं होता प्रत्येक पुराणही मानो किसी विशेष उद्देश्य साधनके लिये संकलन किया गयाहै नहीं तो जब हम देखतेहैं एक

पुराणका मूल विषय सब पुराणोंमें पाया जाताहै जब प्रत्येक मूलपुराण काही उद्देश्य पंचप्रकार विषय वर्णन करनाहै तब इतने पुराण संकलित होनेका क्या कारण है.

हम इसका उत्तर विश्वासके साथ यह देतेहैं कि पंचलक्षण सब पुराणों-का मुख्य उद्देश्य होनेपरभी एक२पुराणमें एक एक विषय विस्तार सहित वर्णन करनाही प्रथम सब पुराणोंका उद्देश्य है इतनाही नही वरन् विभिन्न पुराणोंमें भिन्न उपास्य सम्प्रदायोंका प्रभावभी लक्षित होताहै, किस २ संप्रदायका उद्देश्य साधन करनेके लिये कौन २ पुराण रचागयाहै बहुधा पुराणके नाम मात्रसेही इसका यथेष्ट प्रमाण मिलजाताहै.

यह पहलेही कहचुकेहैं कि, धर्मसूत्रके पहले तथा वैदिक युगके अव सानमें अष्टादशपुराण संकलित हुएथे ब्राह्म, शैव, भागवत वैष्णव इत्यादि पुराणोंके नाम पढनेसे यह सब पुराण शिवादि उपासना प्रधान सम्प्रदा-यके ग्रंथ समझे जातेहैं अब यह विचारहै कि उससमय क्या यह अनेक सम्प्रदाय प्रधान थीं और क्या इनके मन्तव्यकी घोषणाके निमित्तही पुराणोंकी सृष्टि हुईहै.

यद्यपि धर्मसूत्रकाभी ठीक समय ज्ञात नहीं है तथापि जैन बौद्धसे बहुत पहले यह ग्रंथ विद्यमान थे इसमें सन्देह नहीं है इसीसे ७७० वर्ष पहले जैन धर्मके प्रचारक स्वामी पार्श्वनाथ का निर्याण हुआहै [अंग्रेजीमत] इनकी जीवनीमें ब्रह्मा शिव विष्णु इत्यादि देवताओंकी उपासना करने वालोंके नाम पाये जातेहैं इसी प्रकार बौद्ध धर्मके प्रवर्तक शाक्यबुद्धकी जीवनीमें भी शिव ब्रह्मा नारायण इत्यादिके उपासकोंका प्रसंग है बहुत तीनसौ वर्ष पहलेके निर्मित ललित विस्तर और इसके बहुत पहलेके निर्मित पालि बौद्ध ग्रंथोंमें भी शिव ब्रह्मादि देवताओंका नामोल्लेख है इसी प्रकार जैनियोंके भी प्राचीन ग्रंथोंमें पाया जाताहै इन सब प्रमा-णोंके द्वारा कह सकतेहैं कि जैन और बुद्धधर्मके उत्पत्ति कभी सेकडों

वर्ष पहले शिव ब्रह्मा आदि देवताओंकी उपासना विद्यमानथी यही क्या आनाम और कम्बोडियासे जो प्राचीन हिन्दू शिलालिपि आविस्कृत हुईहैं उनके द्वाराभी स्पष्ट पाया जाताहै कि खृष्टिवर्ष प्रथम शताब्दी के भी बहुत पहले इस देशमें शिव ब्रह्मादिकी उपासना विद्यमानथी और जब ईसवी सनसे आठसै नौ सै वर्ष पूर्व यह उपासना विद्यमानथी तब प्रत्येक देवताकी उपासनाका पोषक एक २ पुराण संकलित हुआहै इसमें कहनाही क्याहै और निश्चयही पुराण इन देवोपासनाकी पुष्टिका मुख्य उद्देश्य लेकर संकलित हुएहैं.

पुराणोंमें अवतार वाद ।

अवतार वाद पुराणोंका एक मुख्य अंगहै प्रायः सब पुराणोंमेंही अव तार प्रसंग हैं शैवमत परिपोषक पुराणोंमें शिवके अनेक अवतार कहे गयेहैं इसी प्रकार वैष्णव पुराणोंमें विष्णुके अनेक अवतार कीर्तित हुएहैं कोई कहतेहैं कि अवतार वाद अधिकतर पुरातन नहींहैं जब बुद्ध भगवान् देव कहाये तबसे अवतार वाद प्रवर्तित हुआहै पर यह बात किसी प्रकारभी ठीक नहीहै कारणकि वैदिक ग्रंथोंमें इसकी सूचना पाई जातीहै.

शतपथ ब्राह्मण मनवे हैव प्रातः +++ मत्स्यः पाणी आपेदे सहास्मै वाचमु वादबिभृहिमापारयिष्यामित्वेति कस्मान्मा-पारयिष्यसीति औघ इमा सर्वाःप्रजा निर्वोढास्ततस्त्वापारयि-तास्मीति कथन्ते भृतिरिति १+८।१२।-१० इत्यादि

अर्थात् एक समय मनुजीने नदीके तटपर अपने जनके लिये जल हाथमें लिया तब एक मछलीका बच्चा हाथमें अकस्मात् आगया तब मनु जी शोचने लगे उसी समय वह मत्स्य बोला हे मनु तू मुझे पोषण कर तौ मैं तुझे पालन करूंगा तब मनुने आश्चर्यमें होकर कहा तुम काहेसे मेरी पालना करोगे मत्स्यने कहा यह सम्पूर्ण प्रजा जो तुम्हारे देखनेमें

आतीहै जलोंमें डूब जायगी उस महाप्रलयके जलमें मैं तेरी पालना करूंगा आगे मत्स्यका नदीमें बढना और सागर तक पहुंचना प्रलय होनेकी कथा दशकण्डिका तक लिखीहै यह मत्स्यावतार है.

कूर्मावतार तैत्तिरीयारण्यक १। २३। ३ अन्तरतः कूर्मभूत-पर्यन्तं तमब्रवीत् मम वैत्वङ्मांसात्समभूत् नेत्यब्रवीत् पूर्वमे-वाहमिहासमिति तत्पुरुषस्य पुरुषत्वम् स सहस्रशीर्षा: पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् भूत्वोदतिष्ठत इत्यादि ॥

अर्थात् प्रजापतिके शरीरसे रस कम्पायमान हुआ उससे जलोंके भीतर कूर्मरूप होकर इधर उधर विचरते हुए देखकर प्रजापतिने कहा हे कूर्म! तुम मेरी त्वचा मांस से उत्पन्न हुए हो कूर्मने कहा नहीं मैं तुमसे पहले यहांथा इसीसे उस कूर्म रूपको (पुरस्तिष्ठतीति पुरुषः) इस व्यु-त्पत्तिसे पुरुषत्वकथन कियाहै वह कूर्मरूपी परमात्मा ऐसा कहकर सहस्र शीर्ष इत्यादि विराट् रूप होकर स्थित हुए यहां सायनाचार्यने भी (सर्व गतनित्यचैतन्यस्वरूपत्वात्। सः कूर्मशरीरवर्ती परमात्मा इत्यादि अपने भाष्यमें प्रयोग दिये हैं.

सयत्कूर्मो नाम एतद्वै रूपं कृत्वा प्रजापतिः प्रजा असृजत शत० ७। ५। १। ९

जो कूर्म नामसे प्रसिद्ध है इसी रूपको करकै प्रजापतिने प्रजा रची है इत्यादि.

वाराह अवतार का प्रसंग।

आपो वा इदमग्रे सलिलमासीत् तस्मिन् प्रजापतिर्वायुर्भूत्वा-चरत्सइमामपश्यत् तं वराहोभूत्वाहरत् तैत्तिरीय संहिता ७। १। ५। १। स बराहोरूपंकृत्वोपन्यमज्जत सपृथिवीमधआ-र्छत तैत्तिरीयब्राह्मण १। १। ३ इतीयतीहवाइयमग्रेपृथि

व्यासप्रादेश मात्रीतामेमूष इति वाराहउज्जघानसोऽस्याःपति रितिश० १४ । १ । २ । ११

अर्थ—पहले जलहीथा प्रजापति वायुरूप होकर उसमें विचरने लगे सो इस पृथिवीको देखा उसको वराह होकर पृथिवीको ऊपरलाये कृष्ण यजुः १ । वह प्रजापति वराह रूप होकर नीचे जाकर देखा इत्यादि । २ प्रथम यह इतनी बडी पृथिवी प्रादेशमात्रथी प्रजापतिने इसको वाराह रूपसे उद्धारकिया ३ ऋग्वेद मं० ९ सू० ९८ में लिखाहै कि "महिव्रतः शुचिबन्धुःपावकःपदावरोहो अभ्येतिरेभन्" ।अर्थात् पृथिवीके उद्धारके नियमवाला परम पवित्र सम्पूर्ण जगत्का बन्धु सम्पूर्ण पापोंका शोधक वाराह उच्चस्वरसे शब्द करते गमन करतेहैं और " वज्र नखाय विद्महे तीक्ष्णदंष्ट्राय धीमहि तन्नो नारसिंहः प्रचोदयात" तैत्तिरीयारण्यक प्र० १० अनु० १ इसमें प्रत्यक्षही नृसिंहावतारका वर्णनहै. आगे यजुः और ऋग्वेदमें वामनावतार देखो "इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम् समूढमस्यपा ७ सुरे ऋ० १।२२।१७वामनो ह विष्णुरासत् श०१।२। ५।१—७ अर्थात् वामनरूप धारी विष्णुने तीन चरणसे जगतमें आक्रमण कर पद धरेहै और इनके पदमें यह भूमि आदि लोक सब अन्तर्हित होगयेथे ऋ० और विष्णुही। वामनरूप हुएथे शतपथके ऊपर लिखे प्रतेमें यह कथा पूर्ण रूपसे विद्यमानहै, परशुरामावतार ऐतरेय ब्राह्मणमें लिखाहै.

प्रोवाचरामो भार्गवेयो विश्वान्तराय ऐत० ७। ५। ३४

भृगुकुलमें प्रगट हुए परशुराम विश्वान्तरको कथन करते हुए । तथा छान्दोग्य उपनिषद्में (कृष्णाय देवकीपुत्राय छान्दो० १।१७) देवकी पुत्र कृष्ण और तैत्तिरीयारण्यक प्र० । १० । अनु० १ । ६

नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि॥तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्॥

इसमें वसुदेवपुत्र कृष्णको नारायण कहा है इत्यादि मंत्र ब्राह्मण आरण्यक ग्रंथोंमें जब अवतार कथा विद्यमानहै तब पुराणोंमें वही कथा

विस्तारके साथ लिखीगईहैं कहीं यही वैदिक ग्रंथोंमें ब्रह्माके और कहीं विष्णुके अवतारहैं इसी प्रकार ब्रह्माण्डादि शैवपुराणोंमें शिवके भी अनेक अवतार कहे गयेहैं अर्थात् भविष्यमें सूर्यके और मार्कण्डेय पुराणमें शक्तिके अनेक अवतार लिखेहैं अर्थात प्रत्येक पुराणमें स्वस्व उपास्य देवताकी महिमा पोषण करनेके निमित्त उनके अवतारोंका चरित्र विस्तारसे वर्णन कियाहै, पुराणोंने वेदके संक्षिप्त अर्थको बडी सजावटके साथ लिखाहै"

कोई २ पाश्चात्य पंडित और इस देशमें उनके अनुयायी कहतेहैं कि वैदिक ब्रह्मोपासना ही सबसे प्राचीन है विष्णु शिवादिकी उपासना वैसी प्राचीन नहीहै इससे वेदोंमें यह उपासना वैसी वर्णित नही हुई वेदमें ब्रह्माही नारायण नामसे कहे गयेहैं पीछे ग्रंथोंमें वही विष्णु कहायेहैं। हम इस शंकाकि दूर करनेके निमित्त वेदोंसे उस प्रसंगको दिखातेहैं इसमें सन्देह नही कि ब्रह्मही आर्यजातिके उपास्य देवहैं परन्तु उसके सगुण रूपमें यह विष्णु आदिकी उपासना विद्यमान है.

वेदमें विष्णुका प्रसंग।

विष्णोर्नुकंवीर्याणि प्रवोचं यः पार्थिवानि विममे रजांसि यो-आस्कभायदुत्तरमधस्थंविचक्रमाणस्त्रेधोरुगायः १ प्रतद्विष्णुः स्तवतेवीर्येण मृगो न भीमः कुचरो गरिष्ठः२अ०१मं.सू०१५४ १५५। १५६ में इसी प्रकार विष्णुकी स्तुतिहै इदं विष्णुर्वि-चक्रमे त्रेधा निदधेपदम्॥ समूढ मस्यपांसुरे ऋ० १।५। २२। १७ विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे इन्द्रस्य युज्यः सखा१९त्रीणि पदाविचक्रमे विष्णुर्गोपाअदाभ्यः अतो-धर्माणिधारयन् १८ तद्विष्णोः परमं पद ठं सदा पश्यन्ति-सूरयः २० इत्यादि॥

इसी प्रकार मं० १ सूक्त ८५ ऋ०७ । तथा १ । ९० । ५ । तथा १ । १६४ । ३६ । और १ । १८६ । १० तथा २ । १ । ३ । तथा २ । २२ । १ । तथा ३ । ५४ । १४ । तथा ४ । २ । ४ । और ४ । ३ । ७ । तथा ४ । १८ । ११ । इत्यादि सैंकडों मंत्रोंमें विष्णुका प्रसंगहै सामवेद यजुर्वेद और अथर्ववेद में भी विष्णुकामाहात्म्य प्रकाश करनेवाले मंत्रोंका अभाव नहीं है केवल चार संहितासेही प्रमाण किया जाताहै कि विष्णु चातुर्वर्ण्यके उपास्य देवता सनातन हैं वेदके आरण्य ब्राह्मण भाग आदिमें यह उपासना और भी विशेपतासे जागरूकहै.

भावा—र्थविष्णुभगवान्के किन २ कर्मोंको मैं कहूं उनकी महिमा असीमहै जिसने पृथ्वी अन्तरिक्ष द्युलोकादिस्थान संम्पूर्ण पार्थिव परमाणुतक निर्माण कियेहैं वा सब परमाणुतक गणित कियेहैं अग्निवायु सूर्य त्रिलोकमें स्थापित कियाहै तीन लोकमें जिसने तीन पदधारण कियेहैं बहुत अर्थोंको वेदद्वारा उपदेश करनेवाला उरुगमन करनेवाला महात्माओंसे स्तुतिको प्राप्त जिसने देवताओंके स्थानरूप द्युलोक को ऊपर स्तम्भित कियाहै उसकी प्रर्थाना करतेहैं वह भीम चराचरको भीत करनेवाला मृग शुद्धकरनेवाला पृथिवीमें अनेक रूपोंसे विचरने वाला गिरि वेदवाणी वा देहमें अन्तर्यामी रूपसे रहनेवाला सिंहकी समान विष्णु अपने पराक्रमसे स्तुतिको प्राप्त होताहै ।२ इदं विष्णुका अर्थ लिखचुकेहैं। विष्णोः कर्माणि विष्णुके सृष्टि पालनादिकर्मोंको देखो जिनसे तुम्हारे लौकिक वैदिक कर्मोंको निर्माण कियाहै यह वृत्रवधमें इन्द्रके अनुरूप सखाहैं । १९ जगत्के रक्षक अविनाशी विष्णुने तीन पदोंको विक्रमण किया इन्हीं पदसे पुण्योंको धारण करते हुये यह अपने तेजसे त्रिलोकीको व्याप्त करके प्राणिगणको निज २ कार्यमें नियुक्त करते विचरते है १८ वेदान्त पारगामी विद्वान् सर्वे

व्यापी विष्णुके उस मोक्षस्वरूप परंपदको सदा देखते हैं जो आकाशमें चक्षुकी समान व्याप्तहै वा आकाशमें चक्षुरूप आदित्य मण्डल जिसने विस्तार कियाहै.

वेदमें महादेवका प्रसंग ।

ऋक् संहितामें महादेव रुद्रनामसे प्रसिद्ध हुएहैं चारों वेदोंमेंही रुद्रकी स्तुति पाई जातीहै इनमें यजुर्वेदका १६ सोल्हवां अध्याय रुद्री विशेष प्रसिद्ध है तैत्तिरीय कृष्णयजुःमें भी रुद्राध्यायहै यदि कोई वैदिक रुद्रसे महादेवकी अभिन्नता स्वीकार करनेमें आना कानी करैं तौ वाजसनेय संहिताके रुद्राध्यायपर उनको दृष्टिकरनी चाहिये उसमें शिव गिरिश पशुपति नीलग्रीव शितिकंठ भव शर्व महादेव इत्याति पाठ दिखाई देतेहैं फिर रुद्रमहादेवमें अभिन्नताहै यहबात निश्चयहै रुद्रीमें.

"नमस्ते रुद्रमन्यव उतोतइषवेनमः बाहुभ्यामुतते नमः" इत्यादि ६६ मंत्रअथर्ववेद ११ काण्ड २ प्रपाठकमें रुद्रस्तुतिहै.

भवाशर्वौ मृडतं माभियातं भूतपती पशुपती नमो वाम्
प्रतिहितामायसाविस्राष्टं मानोहिंसिष्टं द्विपदोमाचतुष्पदः १
नमस्ते रुद्रकृण्मः सहस्राक्षायामर्त्य ३
चतुर्नमो अष्टकृत्वो भवाय दशकृत्वापशुपतेनमस्ते ९

इत्यादि ३१ मंत्र शिवस्तुतिके एकही पाठकमें विद्यमान हैं तथा अथर्व ९ । ७ । ७ में महादेवका नाम आताहै इत्यादि अनेक मंत्रहैं । इनके संक्षेप से यह अर्थ हैं हे रुद्र ! आपके मन्युबाण और भुजाओंको नमस्कारहै १ भव शर्व मृड (सुखकारी भवपति पशुपति आपको प्रणाम है आप हमारे द्विपद चतुष्पदको न मारें १ हे सहस्रलोचन ! हे अमर्त्य ! (अविनाशी) आपको प्रणामहै, ३ चारों ओर से आठों दिशाओंमें भवको और दशों अंगुली जोडकर पशुपतिको प्रणाम करते हैं फिर 'यजुर्वेदमें' त्र्यम्बकं यजामहे, यह मृत्युंजय महादेवका मंत्र प्रसिद्ध ही है तैत्तिरीयारण्यकमें अनु० १८

नमो हिरण्यबाहवे हिरण्यवर्णाय हिरण्यरूपाय हिरण्यपतयेऽम्बिकापतय उमापतये पशुपतये नमोनमः १८

इसमें अम्बिकापति उमापति प्रसिद्धहीहै.

वेदोंमें सूर्यप्रसंग ।

विष्णु और रुद्रकी उपासना जिसप्रकार सनातनीहै सूर्य वा आदित्य की उपासनाभी उसीप्रकार प्राचीनहै चारों संहिताओंमें स्थान स्थानपर आदित्यकी स्तुति दिखाई देती है इससे इसके संबन्धमें विशेष आलोचनाकी आवश्यकता नही यजुर्वेद अ० ४० मं०

योऽसावादित्येपुरुषः सोऽसावहम् । यजु ४०।१७ और हिरण्येनसविता रथेन देवो याति भुवनानि पश्यन्। यजु० ३३।१७ जो यह आदित्यमें पुरुषहै सो मैंहूं और सविता देवता सुवर्णमय रथपर स्थित हुए गमन करतेहैं इत्यादि अनेक मंत्रहैं चित्रं देवानाम्० उदुत्यं जातवेदसमित्यादि मंत्रहैं जो संध्यामें सूर्य उपस्थानमें आतेहै। यजु०७।४१।४२

वेदमें शक्तिका प्रसंग ।

जो शिवा दुर्गा नाम श्रवण करतेही आधुनिक देवता समझे जातेहैं उनको जान्ना चाहिये कि यह दुर्गा वा शक्तिकी उपासनाभी वैदिक है वाजसनेयिसंहिता 'अम्बिका' तवल्कार उपनिषद्में उ।११–१२।४–१–२ ब्रह्मविद्या स्वरूपिणी उमा हैमवती आदि पद आयेहैं तैत्तिरीयारण्यक प्रपाठक १० कात्यायनाय विद्महे कन्यांकुमारीं धीमहि॥ तन्नोदुर्गा प्रचोदयात । यह दुर्गा गायत्री विद्यमानहै अथर्ववेदमें का०४ अ०७ अनु० ६ प्र० ३०

अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चराम्यहमादित्यैरुतविश्वदेवैः
अहं मित्रावरुणोभाबिभर्म्यहमिन्द्राग्नीअहमश्विनोभा १
अहं रुद्राय धनुरातनोमि ब्रह्मद्विषेशरवे हन्तवाउ अहं जनायसमदंकृणोम्यहं द्यावापृथिवीआविवेश २ यं कामयेतन्तमुग्रंकृणोमि तं ब्रह्माणं तंऋषिं सुमेधम् ॥

इत्यादि आठ मंत्रहैं अर्थ यह कि आद्या शक्ति कहतीहै मैंही रुद्र वसु आदित्य मरुत विश्वेदेवा मित्रावरुण इन्द्र अग्नि दोनों अश्विनी-कुमारोंको पोषण करतीहूं १ मैं रुद्रके निमित्त धनुका विस्तार करतीहूं ब्रह्मद्वेषी पर बाणप्रहार करतीहूं मैही जनोंको समदकरती और मैंही द्यावापृथिवीमें प्रविष्टहूं २ जो कामना करताहै मैं उसको उग्र करतीहूं उसको ब्रह्मा बुद्धिमान ऋषि करतीहूं.

इसी प्रकार ऋ० वेदमें लक्ष्मीसूक्त विद्यमान है.

वेदमें गणेशप्रसंग।

यजुर्वेदमें गणानां त्वा गणपतिꣳ हवामहे २३।१९ ऋग्वेद२।६।२९ में गणानां त्वा गणपतिम्। और तैत्तिरीयारण्यक अनु० १०में तत्पुरुषाय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि। तन्नो दन्तिः प्रचोदयात्। यह गणेश गायत्री विद्यमानहै इस प्रकार वेदोंमें पंचदेव उपासना पाई जातीहै पुराणोंमें उपासनाके भेदोंका विस्तार इ ही देवताओंको देखकर कियाहै और इन्ही देवताओंके विग्रह भेदसे एक पुराण इनकी भक्ति प्रगट करनेमें अतिशय यत्नवान्है.

वेद और पुराणमें देवत्त्व।

वैदिक ग्रंथोंमें जिस बातकी सूचना मात्रहै पुराणोंमें उसका विस्तार और परिणति दिखाई देतीहै उपाख्यानोंकी इसप्रकार विस्तृति और परिणति देखकर अनेक जन पुराणोंको आधुनिक कहतेहैं वह ऐसा विश्वास करतेहैं कि वैदिक ग्रंथोंमें देवत्वका जिस प्रकार आभासहै पुराणोंमें उसीने भली भाँति विस्तृतहोकर बहुत स्थान लाभ कियाहै यहाँ तक कि पूर्वतन देवताविशेषोंके अनेकानेक [illegible] रूपान्तरित और परिवर्द्धितकरके पौराणिक [illegible] उद्देश्यसे नियोजित

हुएहैं यह हिन्दूशास्त्रके अनेक ग्रंथोंमें प्रत्यक्ष पाया जाताहै भक्तजनोंने दूसरे शोभायमान अलंकर अपहरणकरके अपने २ इष्टदेवके निमित्त अभीष्ट शय्या बनाईहै इसप्रकारसे पुराणोंमें उन गाथाओंने नवीन रूप धारण कियाहै और विस्तार पायाहै.

हम उनके इसकथनका सर्वथा अनुमोदन नहीं करते कारण कि हम वैदिक ग्रंथोंमें इस परिवर्द्धन और परिवर्तनके अनेक प्रमाण पातेथे उनमें एकहीं प्रमाणसे ठीक होजायगा.

"इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम् समूढमस्यपा ँ सुरे ऋ० १ । २२ । १७ त्रीणिपदा विचक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः । अतो धर्माणि धारयन् १ । २२ । १८

अर्थात् विष्णुने इस जगतमें तीनपद निक्षेप किये संपूर्ण जगत उनके धूरियुक्त पदद्वारा व्याप्त होरहाहै । दुर्धर्ष और समस्तजगतके रक्षाकारी विष्णुने धर्मकी रक्षाके लिये पृथिवी आदिस्थानोंमें तीनपद निक्षेप कियेहैं निरुक्तकारके इन दोनों ऋचाओंकी सूर्यकीर्तिरूप रूपककी व्याख्या करने पर भी शतपथमें इसप्रकार इसका स्पष्ट उपाख्यान वर्णितहै.

देवाश्च वा असुराश्च ! उभये प्राजापत्याः पस्पृधिरे ततो देवा अनुव्यामिवासुरथहासुरा मेनिरे अस्माकमेवेदं खलु भुवनमिति १

तेहोचुः हन्तेमां पृथिवीं विभजामहै तां विभज्योपजीवामेति तामौक्ष्णैश्चर्माभिः पश्चात्प्राञ्चो विभजमाना अभीयुः२

तद्वै देवाः शुश्रुवुः विभजन्ते हवा ऽइमामसुराः पृथिवीं प्रेतनदेष्यामो यत्रेमामसुरा विभजन्ते के ततः श्याम यदस्यैनभजेमहीति ते यज्ञमेव विष्णुं पुरस्कृत्येयुः ३

ते होचुः अनु नो ऽस्यां पृथिव्यामाभजता स्त्वेव नो ऽप्यस्यां भाग इति ते हासुरा असूयन्त इवोचुर्यावदेवैष विष्णु रभिशेते तावद्वो दद्म इति ४

वामनो ह विष्णुरास तद्देमा न जिहीडिरे, महद्वै नोऽदुर्ये नो यज्ञसम्मितमदुरिति ५
ते प्राञ्च विष्णुं निपाद्य छन्दोभिरभितः पर्यगृह्णन् गायत्रेण त्वा छन्दस परिगृह्णामीति दक्षिणतस्त्रैष्टुभेनत्वा छंदसा परि-गृह्णामीति पश्चाज्जागतेनत्वा छन्दसा परिगृह्णामीत्युत्तरतः६
तं छन्दोभिरभितः परिगृह्य आग्न पुरस्तात् समाधाय तेना-र्चन्त अभ्यन्तश्चेरुस्तेनेमा७सर्वां पृथिवी७ समविन्द-न्त० श० १।२।५-७

भाषार्थ—देवता और असुर दोनोंही प्रजापतिकी सन्तानहैं ये दोनों परस्पर विवादकरने लगे उनमें तीक्ष्ण स्वभाववाले असुरोंसे देवता परास्त होकर असुरोंके अधीन हुए जब असुरोंने जाना कि सत्त्वगुणके अंशी-देवता हमसे डरतेहैं तब निर्भयहो उन्होंने यह बात मानली कि यह सब जगत् हमाराहै ॥ १ ॥ तब उन असुरोंने कहा कि हम इस पृथिवीके हिस्से बांटकर उसके द्वारा आजीविका निर्वाह करैं तब उन्होंने वृषच-र्मकी बहुत बारीक तांत बनाय पश्चिमसे पूर्वतक पृथिवीको नाप और विभागकरके अपनी करने लगे ॥ २ ॥ जब देवताओंने यह बात सुनी कि असुर इस पृथ्वीका विभाग करतेहैं तब इंद्रादि देवता बोले जहां असुर विभाग कर रहेहैं वहां चलो यदि हमको उसका अंश नहीं मिलेगा तो हमारा क्या होगा तब देवता यज्ञरूप विष्णुको आगे करके वहां गये और बोले हमारे पीछे इस पृथिवीका विभाग मतकरो कारण कि हमारा भी इसमें भाग होना चाहिये देवताओंके यह वचन सुनकर वे सम्पूर्ण असुर खुनसाकर बोले अभी शीघ्रता न करो कि जबतक विष्णुजी सोवें तबतक हम सम्पूर्ण भूमि तुमको देदेंगे अर्थात् जितने स्थानमें विष्णु व्यापकर रहसकतेहैं उतनी पृथिवी तुमको देंगे ॥ ४ ॥ विष्णुजीही वामनथे देवता-ओंने यह बात स्वीकार नहींकी परस्पर कहने लगे असुरोंने

यज्ञपरिमित स्थान दियाहै सो ठीकही दियाहै ॥ ५ ॥ फिर उन्होंने विष्णुको पूर्वदिशामें स्थापन करके छंदोंसे परिवृतकिया और कहा तुम-को दक्षिण दिशामें गायत्रीछंदसे पश्चिमदिशामें त्रिष्टुपूछन्दसे उत्तरदिशा में जगतीछंदसे परिवृत करतेहैं ॥ ६ ॥ इसप्रकार उनको चारों दिशाओं में छंदोंसे परिवेष्टित करके अग्निको पूर्वदिशामें प्रतिष्ठित किया और पूजा और कामकरते चलने लगे फिर विष्णुके द्वारा समस्तभुवन लाभ किया। ७ श० १।२।५–७

इसबातको प्रायः सब स्वीकार करतेहैं कि पुराणोंमें अधिकांश उपाख्यान रूपकहै ऊपरजो वैदिक प्रसंग उद्धृतहुआहै वामनपुराणमें यही उपाख्यान त्रिविक्रम नामक वामनावतारके प्रसंगमें विस्तृतभावसे वर्णित हुआहै वामनपुराणमें जाना जाताहै कि भगवान् विष्णुने एकसे अधिकवार वामनरूप धारण कियाथा त्रिविक्रम नामक वामनावतारमें उन्होंने धुन्धुनामक महाअसुरको वंचितकर तीनपादसे समस्त भुवनोंपर अधिकार कियाथा विस्तार सहित किसी आख्यायिकाको वर्णन करना वेदका उद्देश्य नहीं है वेदमें जो कथा अत्यन्त संक्षेपसे किसी विशेष उद्देश्यमें वर्णित हुईहै पुराणमें वही विस्तृत आख्यायिकारूपसे वर्णित हुईहै पौराणिक कविवरद्वारा साधारणमनुष्योंको कौतूहलके साथ हरि-भक्ति उत्पन्नकरानेके निमित्त थोडा विषय बृहद्आख्यायिकामें परिणत होना विचित्र नहींहै और उसमें जो अनेक अवान्तर कथा आवेंगी यह भी कुछ असंभव नहींहै वेदव्यासके द्वारा वेदविभाग और पुराणसंक-लित होनेसे पहलेभी अनेक उपाख्यान ऋषियोंमें मौखिक चले आतेथे पुराणोंका भी मूल वेदमें दिखाई देताहै, राजा पृथुका पृथिवीदुहन अथर्ववेदके कां. ८ सू० प्र० ३।४।५ में स्पष्टरूपसे विद्यमानहै वेद उपाख्यान मूलक ग्रंथ नहीहै हां उसके स्थलविशेषमें उदाहरणस्वरूप उपाख्यान वर्णित हुएहै किन्तु पुराणोंमें यह सब उपाख्यान एकत्र समा-वेश हुएहैं इसीसे पुराणोंमें उपाख्यानकी बाहुल्यता और विस्तार दिखाई

देताहै वेदके संक्षिप्तप्रसंगने पुराणोंमें विपुलकाया धारणकरके एकप्रकार स्वतंत्ररूप धारण कियाहै इतना वेद और पुराणमें वैलक्षण्य देखा जाताहै और इसीकारण पुराणोंका प्रमाण कभी त्यागा नहीं जाता केवल इतनाही अंश पुराणोंमें नहींहै उनमें कर्मउपासना और ज्ञानकाण्डभी वेदानुकूल बहुत स्पष्टताके साथ लिखागया है जिसमें चातुर्वण्यका उपकार होताहै और धर्मके सदुपदेश प्राप्त होतेहैं.

जो पाश्चात्यपंडित कहतेहैं कि सौर कीर्ति और यशमहिमा प्रतिपादक वैदिक उपाख्यानसे वैकुण्ठवासी विष्णुका बलिछलना और वामनावतार विषयक अद्भुत उपाख्यानकी सृष्टि हुईहै उनको यह जान्ना चाहिये कि यह आख्यान निरी कल्पना नहीहैं ऐसा हुआ भी है निरे रूपक नहीहै वेदके तीनप्रकारके कार्य नित्यसिद्धहै आधिदैविक आधिभौतिक आध्यात्मिक निरुक्तने आधिभौतिक और शतपथने आधिदैविक उपाख्यान वर्णन किया है इससे कोई नवीनकल्पना नही कही जाती विभिन्न उपासनाके विभिन्न पुराण जबकि यह बात सिद्ध होचुकीहै कि सनातनसे जब अनेक उपासक भिन्न भिन्न देवताओंके भक्तहैं और वह एक ब्रह्मकेही रूपान्तरहैं प्रायः यह देखा जाताहै कि हम जिससे प्राणकी समान हित करतेहैं उसने सबही इसीप्रकार हितकरै यह किसकी इच्छा नहींहै जिस ऋषिने जिस देवताकी आराधनासे अभीष्ट लाभ कियाहै वह जो उसकी भक्ति करेगा प्राणकी समान उसका हितकरेगा यह स्वभावसिद्धहै दूसरेभी उसके इष्टदेवकी श्रद्धाभक्तिकरैं अपनी समान देखैं यह भक्तमात्रकेही हृदयकी अभिलाषाहै, इसप्रकार भक्ति वा प्रेमसे एकऋषि वा उसके अनुवर्ती शिष्य सम्प्रदायसे एक २ देवताकी उपासनाका प्रचार दृढ किया गयाहै वह उस उस देवताकी उपासनाके फलप्रतिपादक उपाख्यान एकही पुराण में संकलित कर रखदिये हैं कर्म और ज्ञानके साथ सबका अभेद रहताहै जैसे शिवमहिमाके शिवपुराणमें विष्णुकी महिमाके विष्णुपुराणमें

देवीकी महिमाके देवीभागवतमें इत्यादिवेद सर्व साधारणकी सम्पत्ति नहींहै ऋत्विक् होता उद्गाता इत्यादिविभिन्न याज्ञिकगणोंकी उपजीव्य सम्पत्तिहै, किन्तु इतिहास और पुराण साधारण नरनारियोंकी सम्पत्तिहैं प्राचीन आख्यान उपाख्यानादि वर्णनके बहानेसे नानाविधि उपदेश देने और परमेश्वरमें प्रीति उत्पन्न करनेके निमित्त पुराणोंकी सृष्टिहै ब्रह्माण्ड पुराण तथा मत्स्यादिमें लिखाहै.

यो विद्याच्चतुरो वेदान् साङ्गोपनिषदो द्विजः
न चेत्पुराणं संविद्यान्नैव स स्याद्विचक्षणः १
इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्
बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामयं प्रहरिष्यति २
यस्मात्पुरा ह्यनक्तीदं पुराणं तेन तत्स्मृतम्
निरुक्तमस्य यो वेद सर्वपापैः प्रमुच्यते ३

ब्रह्माण्ड पुराण प्राक्रियापाद १ आध्याय.

जिस ब्राह्मणने अंग और उपनिषद सहितभी चारवेद अध्ययन करके कभी पुराण अध्ययन नहीं किये वह पंडित नहीं होसकता कारण कि इतिहास और पुराणोंमेंही वेद उपबृंहितहैं अर्थात् इतिहास और पुराणोंमें ही अर्थसहित वेदका विस्तार कियाहै अधिक क्या पुराणदि ज्ञानविहीन अल्पज्ञ पुरुषसेही वेद भयकरताहै कारण कि ऐसाही पुरुष वेदका अपमान करताहै यह अत्यंत प्राचीन और वेदका निरुक्तस्वरूप होनेसे इस का नाम पुराण हुआ है जो इस को जानते हैं वह सब पापों से छूट जातेहैं.

उपासकोंने अपने २ इष्टदेवकी पूजा और माहात्म्य वृद्धिके उद्देश्य से वेदसंबन्धी तथा दूसरे प्राचीन उपाख्यानोंको जो अपने इष्टदेवपर आरोपकरके प्रचार कियाहै इसी कारण प्राचीन आख्यान सब पुराणोंमें एक से नही पाये जाते.

जो जिस देवताके भक्तहैं वह अपने देवताके माहात्म्यप्रकाशक पुराणका विशेष आदर करते हैं वलिद्वीपके ब्राह्मण विशेषकर शैवहैं वह शिवमाहात्म्यप्रकाशक ब्रह्माण्ड पुराण को अति गुह्यशास्त्र जानकर उसकी रक्षा करतेहैं वह ब्राह्मणेतरों को यह पुराण नहीं दिखाते वह दूसरे पुराणकी बातही नही करते इसहीको मुख्य एक पुराणमानते हैं पूर्वकालमें कुछ ऐसा नियमथा कि लोग अपनीही उपासना और संप्रदायके ग्रंथ देखा करतेथे इससे दूसरी उपासनासे उनका कुछ प्रयोजन नथा और इसी कारण वे इसको सर्वोत्कृष्ट समझतेथे भिन्न भिन्न उपासकोंके सम्प्रदायकी जो वस्तुहैं भविष्य पुराणमें उसका कुछ आभास पाया जाताहै. यथा—

जयोपजीवो यो विप्रः स महागुरुरुच्यते
विष्णुधर्मादित्यधर्मा शिवधर्माश्च भारत
कार्ष्ण्यं वेदं पञ्चमन्तु यन्महाभारतं स्मृतम्
सौराश्च धर्मा राजेन्द्र नारदोक्ता महीपते
जयेति नाम एतेषां प्रवदन्ति मनीषिणः॥ भविष्य अ—२

जय जिसकी उपजीविका है वह ब्राह्मण महागुरु कहाजाताहै हे भारत! अष्टादश पुराण रामचरित विष्णु धर्म आदित्य धर्म शिव धर्म वा पंचमवेद स्वरूप महाभारत और नारद कथित और गणोंका धर्म यह भविष्यपुराणमें कीर्तित हुआहै बुद्धिमान इतने ग्रंथोंको जयनामसे निर्देश करतेहैं.

इस प्रसंगसे यह भलीभांति विदित होताहै उपासकोंके भेद से पुराणभी भिन्न २ देवताओंकी भक्तिके पोषकहैं स्कन्दपुराणके केदार खण्डमें स्पष्ट लिखाहै कि,

अष्टादशपुराणेषु दशभिर्गीयते शिवः
चतुर्भिर्भगवान् ब्रह्मा द्वाभ्यां देवी तथा हरिः अ० १

अठारहपुराणोंमें दशमें शिव ४ चारमें भगवान ब्रह्मा दोमें देवी और दोमें हरिके गुण कथन किये गयेहैं.

इससम्बन्धमें स्कन्दपुराणके शिवरहस्य खण्डान्तर्गत सम्भवकाण्डमें लेखहै.

तत्र शैवानि शैवञ्च भविष्यञ्च द्विजोत्तमाः।
मार्कण्डेयं तथा लैङ्गं वाराहं स्कान्दमेव च
मात्स्यमन्यत्तथा कौर्मं वामनञ्च मुनीश्वराः
ब्रह्माण्डञ्च दशेमानि त्रीणि लक्षानि संख्यया।
ग्रन्थानां महिमा सर्वैः शिवस्यैव प्रकाश्यते।
असाधारणया मूर्त्या नाम्ना साधारणो न च।
वदन्ति शिवमेतानि शिवस्तेषु प्रकाश्यते।
विष्णोर्हि वैष्णवं तच्च तथा भागवतं तथा।
नारदीयं पुराणञ्च गारुडं वैष्णवं विदुः।
ब्राह्मं पाद्मं ब्रह्मणो द्वे अग्नेराग्नेयमेककम्।
सवितुर्ब्रह्मवैवर्तमेवमष्टादश स्मृतम्।
चत्वारि वैष्णवानीश विष्णोः साम्यपराणि वै।
ब्रह्मादिभ्योऽधिकं विष्णुं प्रवदन्ति जगत्पतिम्।
ब्रह्मविष्णुमहेशानां साम्यं ब्राह्मे पुराणके।
अन्येषामधिकं देवं ब्रह्माणं जगतां पतिम्।
प्रवदन्ति दिनाधीशं ब्रह्मविष्णुशिवात्मकम्।
सम्भव काण्ड २। ३०–३८

शिव, भविष्य, मार्कण्डेय, लिंग वाराह, स्कन्द, मत्स्य कूर्म, वामन और ब्रह्माण्ड यह दशपुराण शैवहैं इन दशोंकी श्लोकसंख्या तीन लाख है इन सभी ग्रंथों में विष्णुकी महिमा प्रकाशित हुईहै.

विष्णुपुराण, भागवत, नारदपुराण, गरुडपुराण यह चारपुराण वैष्णवहैं इसकारण यहविष्णुकी महिमा कहतेहैं ब्राह्म और पाद्म यह दो पुराण

ब्रह्माकी महिमा कहतेहैं केवल एक अग्निपुराण अग्निकी और ब्रह्मवैव र्तपुराण सविताकी महिमाका प्रकाश करनेवालाहै इसप्रकार यह अठारह पुराणहैं चार वैष्णवपुराणोंमें महादेव और विष्णुकी साम्यता कहीहै,इससे विदितहै कि ब्रह्मादिकी अपेक्षा जगत्पति विष्णु भगवान्को अधिक मानाहै ब्रह्मपुराणमें ब्रह्माविष्णु और शिव इन तीनोंका एकसाथ वर्णन होनेसे सबकी अपेक्षा ब्रह्माजीको श्रेष्ठ कहाहै और सूर्य भगवानको ब्रह्माविष्णुशिवात्मक कहाहै.

भिन्न २ पुराणोंमेंभिन्न २ संप्रदायोंकी सामग्री होनेपरभी वैष्णव शैव शाक्त पुराणोंमें अठारह पुराणोंके पाठश्रवण करनेका फल वर्णन हुआहै यथा.

अष्टादशपुराणानां नामधेयानि यः पठेत् ।
त्रिसंध्यं जपते नित्यं सोऽश्वमेधफलं लभेत् ॥ १ ॥मार्कण्डेय०
ये त्वेतानि समस्तानि पुराणानि च जानते
भारतं च महाबाहो ते सर्वज्ञा मता नृणाम् २ भविष्य०पु०अ०२

अठारह पुराणोंके जो नाम पढतेहैं और तीनों संध्याओंमें जो नित्य जपकरतेहैं वह अश्वमेधके फलको पातेहैं १ हेमहाबाहो ! जो इन सम्पूर्ण पुराण और महाभारतको जानतेहैं वह सर्वज्ञहैं २

जो कुछभी हो एकपुराणमें दूसरेकी प्रशंसा होनेपरभी प्रत्येक पुराणमें जिसकिसी उद्देश्यकी रचना हुईहै उसमें किसी विशेष सांप्रदायिक भावका वर्णन हुआहै इसमें कुछ सन्देह नहीं इसीकारण शिवपुराणमें शिवजीको ब्रह्मा और विष्णुका स्रष्टा,विष्णुपुराणमें विष्णुको ब्रह्मा और शिव का निर्माता देवीभागवतमें भगवतीको ब्रह्मा विष्णु और शिवकी प्रसवकारिणी, और सूर्य पुराणमें सूर्यकोही सबका सविता कहा है । यथा लिंगपुराण १७ अ०श्लो० १—३

अथोवाच महादेवः प्रीतो हं सुरसत्तमौ
पश्यतं मां महादेवं भयं सर्वं विमुञ्चतम्

युवां प्रसूतौ गात्राभ्यां मम पूर्वं महाबलौ
अयं मे दक्षिणे पार्श्वे ब्रह्मा लोकपितामहः ।
वामे पार्श्वे च मे विष्णुर्विश्वात्मा हृदयोद्भवः

तब महादेवजी बोले हे दोनों देवताओ मैं तुमसे प्रसन्न हुआ मैं महादेव हूं तुम निर्भय होकर मेरा दर्शन करो तुम महाबलवान् दोनों मेरे शरीरसे उत्पन्न हुएहो यह पितामह ब्रह्माजी मेरे दक्षिण पार्श्वसे और जगतके आत्मा स्वरूप हृदयोद्भव विष्णु मेरे वामपार्श्वसे प्रगट हुएहैं औरभी—

वत्स वत्स हरे विष्णो पालयेस्तच्चराचरम् लिंगपु० १७। ११

हे वत्स विष्णु ! तुम इस चर अचरकी पालना करो । अब विष्णुकी अधिकाईमें भागवतमें लिखाहै.

सृजामि तन्नियुक्तोऽहं हरो हरति तद्वशः २।६।३०

मै ब्रह्माही विष्णुद्वारा नियुक्त होकर सृष्टि करताहूं और महादेव उनके वशीभूत होकर संहार करतेहैं अब आगे देवी माहात्म्यमें मार्कण्डेय पुराण में लिखाहै.

विष्णुः शरीरग्रहणमहमीशान एव च॥ कारिता स्ते यतो
ऽतस्त्वां कस्तोतुं शक्तिमान्भवेत् ॥ दुर्गाअ०

हेदेवि ! तुम मुझ ब्रह्मा विष्णु और ईशके शरीर प्रगट करनेवाली हो इस कारण तुम्हारी स्तुतिकरने में कौन समर्थहै भविष्य पुराण में लिखाहै.

भूतग्रामस्य सर्वस्य सर्वहेतुर्दिवाकरः ।
अस्येच्छया जगत्सर्वमुत्पन्नं सचराचरम् । भवि० अ० ४७

इस सम्पूर्ण भूतका कारण सूर्यहै इन्हीकी इच्छासे चराचर जगत उत्पन्न हुआहै । इत्यादि वचनोंका आशय यह है कि नाममात्रमें भेदहै केवल भक्तोंकी उपासना दृढकरनेके निमित्तही अपने इष्टदेवको सर्वोत्तम प्रतिपादन कियाहै त्रिगुणोंके परस्पर संपर्कसे १८ भेद होतेहैं उनकी

वैसीही प्रकृति मनुष्योंके अन्तः करणमें प्रभाव डालतीहै तो वह वैसेही देवताके आश्रयकी इच्छा करतेहैं इस लिये अठारह पुराण निर्माण किये गयेहैं.

यदि कहीं पुराणोंमें स्वामी शंकराचार्यके परवर्तीकालकी कथा पाई वा आधुनिक प्रसंग पाये जांय जो पुराण कर्ताके सययमें न हों यदि वह भविष्य रूपसे नहों तो उसके प्रक्षिप्त होनेमें सन्देह नहीं है कारण कि इस समय एक तो पुराण पूर्णस्थितिमें नही मिलते दूसरे किसी २ स्थलमें सम्प्रदायके पक्षपातियोंने अनुचित मेलकर निष्पक्षपात महात्माओंकी बुद्धियोंमें पुराणोंके गौरवमें बडा विघ्न उपस्थित करदिया अस्तु उन प्रक्षिप्त चर्चाओंको छोडकर इतिवृत्त निर्णयमें अब भी पुराण बडे आदरकी सामग्री है.

अष्टादश पुराणोंका मुख्य उद्देश्य।

ब्रह्मा विष्णु शिव इस त्रिमूर्तिकी उपासनाका प्रचार विशेषतः शिव विष्णु और उनकी शक्तियोंकी महिमाका संकीर्तन और उनकी पूजाका प्रचार यह वर्तमान पुराण समूहका प्रधान उद्देश्य है पुराणोंके लक्षण मत्स्य और नारदीय पुराणमें वर्णन किये हैं जो प्रत्येक पुराणकी आलोचनाके प्रसंगमें उस उस पुराणका विशेषत्व, ऐतिहासिकता और संप्रदायिकता निर्णीत होगी कथाके मिससे वेद वेदान्तके कर्म ज्ञान और उपासनाकाण्डको मनुष्योंके हृदयंगमकरके चारों वर्णोंको सुमार्गपर चलाकर मोक्षका भागी बनाना पुराणोंका मुख्य लक्ष्यहै.

पुराणोंमें विरोध।

यह कहाजाताहै कि पुराणोंमें विरोधहै पर वास्तवमें वहविरोध नहीं एकही जगदीश्वरके बहुत विग्रहहैं "नमोस्त्वनंताय सहस्रमूर्तये, और "सहस्राणि सहस्रशो ये रुद्रा अधिभूम्याम्" इत्यादि श्रुति स्मृति प्रसिद्ध एकही परमात्माके अनेक रूपसे चरित्र वर्णितहैं वह वास्तवमें 'एकहीहै एको देवः

सर्वभूतेषु गूढः' [श्वेताश्वतर] तथा इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान् । एकं सद्विप्रबहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः ऋग्वेद मं० १ । २२ सं० १६४ । मं ०४६ उस एक केही अनेक नाम हैं शब्दभेदमात्र है वस्तु भेद नही और—

क्वचित्क्वचित्पुराणेषु विरोधो यदि लभ्यते ।
कल्पभेदादिभिस्तत्र व्यवस्था सद्भिरिष्यते ॥

जहां कहीं कथाका भेदपडे वहां कल्प भेदसे व्यवस्था लगाई जाती है निन्दा,निन्दा करनेको प्रवृत्त नही हुईहै किन्तु स्तुतियोग्यकी स्तुतिकर नेको प्रवृत्त हुई है उपासक भेदसे वही ईश्वर शिव ब्रह्मा विष्णु नाम वाला वैसेही शक्ति और वैसेही लोक वाला निरूपण कियागयाहै कारण कि बहुत ईश्वर नहीं होसकते और न यह बात वेदशास्त्र सम्मत है जो भेदमानतेहैं वह विचारवान नही हैं.

ब्रह्माणं केशवं रुद्रं भेदभावेन मोहिताः ।
पश्यन्त्येकं न जानन्ति पाखण्डोपहता जनाः ॥

भेदभाव से मोहित और पाखण्डसे उपहत हुए मनुष्य ब्रह्मा विष्णु महादेवको पृथक् २ जानतेहैं एक नहीं जानते वास्तवमें एकहीहै सबही पुराणोंका प्रमाण होगा एकका हो एकका नहीं सो नहीं कारण कि इनके संकलन कर्ता भगवान वेदव्यास कहे जाते हैं इस लिये पुराणोंमें पंच देव तथा सभी संप्रदायोंकी उत्कृष्टता दिखाई देतीहै यह बात नहीकि एक ही अपनेको उत्कृष्ट और दूसरेको निकृष्टकहे.

अस्तु अब हम क्रमसे अठारहौं पुराणों का विवरण अध्याय कथा और प्रत्येक अध्यायके विषयका वर्णन करते हैं जिससे पाठकोंको भली प्रकार विदित होजायगा कि प्रत्येक पुराणमें कितने खण्ड और अध्याय हैं और प्रत्येक अध्यायमें क्या २ कथाहै.

भिन्न २ पुराणोंके मतसे १८ पुराणोंका क्रम और श्लोक संख्या.

	विष्णु पुराण मते	शिवपु रेवा-माहा० मते	देवी भा० मते	श्रीमद्भागवतमते	नारदीयमते	मार्कंडेयमते	ब्रह्मवैवर्तमते	लिंग पु० मते	वाराह मते	कौर्म मते	मात्स्य मते	पाद्म मते
१	ब्राह्म	ब्राह्म १००००	मात्स्य १८०००	ब्राह्म १००००	ब्राह्म १००००	ब्राह्म	ब्राह्मपु १००००	ब्राह्म	ब्राह्म	ब्राह्म	ब्राह्म १३०००	ब्राह्म
२	पाद्म	पाद्म ५५००	मार्कं ९०००	पाद्म ५५०००	पाद्म ५५०००	पाद्म	पाद्म ५९०००	पाद्म	पाद्म	पाद्म	पाद्म ५५०००	पाद्म
३	वैष्णव	वैष्णव २३००	भविष्य १८५००	विष्णु २३०००	वैष्णव २३०००	वैष्णव	वैष्णव २३०००	वैष्ण	वैष्णव	वैष्ण	वैष्णव २३०००	वैष्ण.
४	शैव	शैववायू २४००	भाग १८०००	शैव २४०००	वायु २४०००	शैव	शैव २४०००	शैव	शैव	शैव	वायवीय २४०००	शैव
५	भागवत	भविष्य १८५००	ब्रह्म १०७००	भागव १८०००	भागव १८०००	भागव	भागव १८०००	भाग	भाग	भाग	भागव १८०००	भाग.
६	नारदी	मार्कण्डेय ९०००	ब्रह्मा १२१००	नारदी १५०००	नारदी २५०००	नारदी	ना दी २५०००	भवि	नार	भवि	नारदीय २५०००	नार
७	मार्कंडे	अग्नि १६००	ब्रह्मवै १८०००	मार्कं ९०००	मार्कं ९०००	मार्कं	मार्कं ९०००	नार	मार्क.	नार	मार्कं ९०००	मार्कं
८	आग्ने.	नारदी. २५००	वामन १००००	अग्नि १५४००	अग्नि. १५०००	आग्नेय	अग्निपु १५८००	मार्कं	आग्ने	मार्कं	आग्ने १६०००	आग्ने
९	भविष्य	भागव १८००	वायु १०६००	ब्रह्मवै १८०००	भविष्य १४०००	भवि	भविष्य १४५००	आग्ने	भवि	ब्रह्म	भविष्य १८५००	भवि.
१०	ब्रह्मवै	ब्रह्मवै १८००	वैष्णव २३०००	भविष्य १८५००	ब्रह्मवै १८०००	ब्रह्मवै	ब्रह्मवै १८०००	ब्रह्मवै	ब्रह्म	लिंग	ब्रह्मवै १८०००	ब्रह्म.
११	लिंग	लैंग ११००	वाराह २४०००	लिंग ११०००	लिंग ११०००	नृसिंह	लिंग ११०००	लैंग	लैंग	वारा	लैंग ११०००	लैंग
१२	वाराह	वाराह २४००	अग्नि १६०००	वाराह २४०००	वाराह २६०००	वाराह	वाराह २४०००	वारा	वारा	स्कन्द	वाराह २४०००	वारा.
१३	स्कान्द	स्कान्द ८४००	नारदी २५०००	स्कान्द ८११००	स्कान्द ८१०००	स्कन्द	स्कान्द ८१०००	वाम	स्का	वाम	स्कान्द ८११००	स्का.
१४	वामन	वामन १००००	पद्म ५५०००	वामन १००००	वामन १००००	वामन	वामन १००००	कौर्म	वाम	कौर्म	वामन १००००	वाम.
१५	कौर्म	कौर्म १७००	लिंग ११०००	कौर्म १७०००	कूर्म १५०००	कौर्म	कौर्म १७०००	मा	कौर्म	मा	कूर्म १८०००	कौर्म
१६	मात्स्य	मात्स्य १८००	गारुड १९०००	मात्स्य १९०००	मात्स्य १५०००	मात्स्य	मात्स्य १८०००	गारुड	मा	गरुड	मात्स्य १४०००	मा.
१७	गारुड	गारुड १९०००	कूर्म १७०००	गारुड १९०००	गारुड १९०००	गारुड	गारुड १९०००	स्का	गारुड	वायु	गारुड १८०००	गारु.
१८	ब्रह्माण्ड	ब्रह्माण्ड १२२००	स्कान्द ८१०००	ब्रह्माण्ड १२०००	ब्रह्माण्ड १२०००	ब्रह्माण्ड	ब्रह्माण्ड १२०००	ब्रह्मा	ब्रह्मा	ब्रह्मा	ब्रह्माण्ड	ब्रह्मा.

ब्रह्मपुराण १

*१ मंगलाचरण, नैमिषारण्य वर्णन, लोमहर्षणका पुराण कथनोप क्रम सृष्टि कथनारंभ, २ स्वायंभुवमनुके साथ शतरूपाका व्याह, प्रिय-व्रत उत्तानपादकी उत्पत्ति, कामाख्य कन्यामें जन्म, उत्तानपादका वंश, पृथुजन्म, प्रचेता गणकी उत्पत्ति, दक्षका जन्म और दक्षकी सृष्टि, ३ देवादिकी उत्पत्ति, हर्यश्व शवलाश्व जन्म, दक्षद्वारा साठकन्याओंकी सृष्टि उनकी सन्तान और मरुत्‌गणोंकी उत्पत्ति, ४ ब्रह्मा द्वारा देवगणका निज २ देशमें अभिषेक और पृथुचरित्र, ५ मन्वन्तर कथारंभ, महाप्रलय, अल्पप्रलय कथन, ६ सूर्यवंशकथन, छाया और संज्ञाका चारित्र, यमुनादि सूर्यकन्या गणोंका वर्णन, ७ वैवस्वतमनुवंश, कुवलियाश्व चरित्र, धुन्धुमार और उसके वंशके राजोंका वर्णन सत्यव्रत और गालवचारित्र वर्णन, ८ सत्यव्रतका त्रिशंकुनाम होनेका कारण, हरिश्चन्द्र, सगर, और भगीरथका विवरण, गंगाका भागीरथी नामकरण, ९ सोम और बुध चरित्र, १० पुरूरवाका चारित्र और वंश, गाधि चारित्र, जमदग्नि, परशुराम, और विश्वामित्रोत्पत्ति कथन, ११ आयुके पांचपुत्रोंकी, उत्पत्ति, रजेश्वर चरित्र, अनेनाका वंश धन्वन्तरि जन्म, आयुर्वेद विभाग, १२ ययाति वंश, १३ पुरुवंश, कार्तवीर्यार्जुनका विवरण और उसको आपवमुनिका शाप, १४ वसुदेव जन्म और उनकी स्त्रियोंके नाम, १५ ज्यामघ चारित्र, वभ्रु और देवावृधकी महिमा देवकको सतकुमारी लाभ, कंसजन्म कथन, १६ सत्राजित चरित्र, स्यमन्तकोपाख्यान; कृष्णका जाम्बवती और सत्यभामासे विवाह; १७ शतधन्वाका सत्राजितको मारना और अक्रूरके निकट स्यमन्तक मणिरखना, १८ भूगोल और सप्तद्वीप वर्णन, १९ भारतवर्ष वर्णन; २० प्लक्ष, शाल्मलि, कुश, क्रौंच, शाक पुष्करद्वीप तथा लोकालोक वर्णन, २१ पातालादि सप्तलोकवर्णन,

---

*सुबीतेके निमित्त प्रत्येक विषयके पूर्वमें अध्याय न लिखकर केवल अध्याय संख्याके अंक लिख दियेहै।

२२ रौरवादि नरक, स्वर्ग नरक व्याख्या, २३ आकाश और पृथिवीका प्रमाण, सौरादि मण्डल और भूरादि सप्तलोकका प्रमाण, महदादिकी उत्पत्ति, २४शिशुमारचक्र और ध्रुवसंस्थान निरूपण, २५ शरीरतीर्थ कथन, २६ कृष्ण द्वैपायन सम्वाद, २७ भरतखण्ड और उसके अन्तर्गत गिरि नदी देशादिका वर्णन, २८औड्रदेशके रहनेवाले ब्राह्मणोंकी प्रशंसा, कोणादित्य और रामेश्वर लिंगवर्णन, २९ सूर्यपूजामाहात्म्य, ३० सूर्यसे सब जगतकी उत्पत्ति कथन द्वादशादित्य मूर्ति कथन मित्र नामक सूर्य और नारद सम्वाद वर्णन, ३१चैत्रादि क्रमसे द्वादशादित्यके नाम कथन, ३२अदिति सूर्य्याराधना, अदितिका सूर्य्य दर्शन,अदितिके गर्भसे सूर्य्यका जन्म, इत्यादि सूर्य्य चरित्र वर्णन, ३३ब्रह्मादि देवगणका सूर्य्यको वरदान और सूर्य्यके अष्टोत्तरशत नाम, ३४ रुद्र महिमा, दाक्षायणी सम्वाद, पार्वतीका आख्यान, ३५उमा मित्र सम्वाद, शिव पार्वती सम्वाद, ३६ पार्वती स्वयम्बर कथन, स्वयम्बरमें देवादिकोंका आगमन, शिव पार्वती विवाह, ३७ देवकृत महेश्वरस्तव, महेश्वरका अपने स्थानमें वास, ३८ हरनेत्रानलमें मदन दाह, रतिका शिव वरसे इष्ट देशमें गमन, पार्वतीका क्रोध शान्तकरनेके निमित्त महेश्वरका नर्मसे भाषण, ३९ दक्ष यज्ञारम्भमें दधीचि दक्ष सम्वाद, उमा महेश्वर सम्वाद, वीरभद्रोत्पत्ति और उसका दक्ष यज्ञ भङ्ग, क्रुद्ध गणेशके ललाट स्वेदविन्दुसे अग्न्युत्पत्ति उससे यज्ञ विध्वंस, शिवको यज्ञभाग दान और शिवसे दक्षको वरलाभ, दक्षकृत शिवाष्टसहस्रनाम, ४० शिवकृत ज्वर विभाग, ४१ एकाम्र क्षेत्र वर्णन, ४२ विरजा क्षेत्र और तदन्तर्गत दूसरे तीर्थ तथा पुरुषोत्तमादि तीर्थ वर्णन, ४३ अवन्तिमाहात्म्य, ४४ इन्द्रद्युम्नाख्यान, ४५ विष्णुकृत सृष्टि वर्णन, पुरुषोत्तम क्षेत्रस्थ न्यग्रोध और उसके दक्षिण पार्श्वस्थ विष्णु मूर्त्ति वर्णन, ४६ पुरुषोत्तम क्षेत्र, उसकी चित्रोत्पला नदी और दोनों नदियोंके तटके ग्राम और ग्रामवासी जनोंका वर्णन, ४७ इन्द्र

द्युम्नकृत प्रासादारम्भ, यज्ञकार्य्य और प्रासाद निम्माण, ४८ प्रतिमा प्राप्तिकी आशासे इन्द्रद्युम्नका सर्वभोग त्याग, ४९उनके द्वारा विष्णुस्तव ५० चिन्तातुर राजाका स्वप्नमें भगवद्दर्शन और प्रतिमा प्राप्त्युपाय कथन, विश्वकर्म्म द्वारा मूर्त्तित्रयका लाना, ५२ राजाको विष्णुपद लाभ ब्रह्मकर्तृक पुरुषोत्तमान्तर्गत पञ्चतीर्थ वर्णन, ५३ मार्कण्डेयाख्यान और कल्पवट दर्शन, मार्कण्डेयको भगवद्दर्शन और उनके प्रति भगवान्का आश्वास, ५४ भगवान्के उदरमें मार्कण्डेयका प्रवेश और उदरमें स्थित पृथिवी दर्शन, ५५ मार्कण्डेयका बाहर आना और उनके द्वारा बाल मुकुन्द स्तुति,५६ भगवान्का अन्तर्द्धान वर्णन,५७मार्कण्डेय ह्रद प्रशंसा और पञ्चतीर्थ वर्णन, ५८ नरसिंह पूजा विधि, ५९ कपाल गौतम ऋषिका मृत पुत्र बचानेके निमित्त श्वेत नृपकी प्रतिज्ञा, श्वेतमाधव स्थान प्रसङ्ग और श्वेतके प्रति विष्णुका वरदान,६०नारायण कवच और समुद्र स्नान विधि, ६१ काय शुद्धि और पूजा विधि कथन, ६२ समुद्र स्नान माहात्म्य, ६३ पञ्चतीर्थ माहात्म्य, ६४ महाज्यैष्ठी प्रशंसा, ६५ कृष्णकी स्नानविधि और स्नानमाहात्म्य, ६६ गुण्डि यात्रा माहात्म्य, ६७ प्रतियात्रा और द्वादश यात्रा फल निरूपण, ६८ विष्णुलोक वर्णन ६९ पुरुषोत्तम माहात्म्य, ७० चौबीस तीर्थ लक्षण और गौतमी माहात्म्य, ७१ गङ्गोत्पत्ति कथोपक्रम, तारकासुरका प्रसङ्ग, मदन भस्म,७२ हिमवद्वर्णन, शम्भु विवाह, गौरीके रूपदर्शनसे ब्रह्माका वीर्य्यपात, उसवीर्य्यसे बालखिल्यगणकी उत्पत्ति, शिवके निकट ब्रह्माको कमण्डलु प्राप्ति ७३ बलि और वामनावतार प्रसङ्ग और गङ्गाका महेशकी जटामें गमन, ७४ गङ्गाका द्वैरूप्य कथन, गौतमको गोवध पाप और उस पापसे मुक्तिलाभ, गौतमका कैलास गमन, ७५ गौतमकृत उमा महेश्वर स्तव, गौतमकी गङ्गा प्रार्थना, ७६ पञ्चदशाकृतिमें गङ्गाका निर्गमन, और गोदावरी स्नान विधि कथन, ७७गौतमीकी श्रेष्ठता कथन, ७८वसिष्ठको पुत्रप्राप्ति, सगरका अश्वमेध, कपिल कोपसे सगरपुत्र नाश, असमञ्जसका देश

त्याग, भगीरथका जन्म और गङ्गालाना, ७९ वाराह तीर्थ वर्णन, ८० लुब्धक चरित्र, ८१ स्कन्दकी विषयासक्ति और भोगार्थ बुलाई हुई स्त्रियोंके मातृरूप दर्शनसे विषय निवृत्ति, कुमार तीर्थ कथन, ८४ केशरि वानरका दक्षिण समुद्रमें गमन, अञ्जना और अद्रिकाका पुत्र जन्म कथन और पैशाचतीर्थ कथन, ८५ क्षुधा तीर्थ उत्पत्ति कथन, ८६ विश्वधर वैश्य कथा और चक्र तीर्थोत्पत्ति कीर्त्तन, ८७ अहल्या प्राप्तिके निमित्त गौतमकी पृथिवी प्रदक्षिणा, अहल्या और इन्द्र सम्वाद गौतमका अभिशाप, अहल्याको पूर्वरूप प्राप्ति, इन्द्र तीर्थाख्यायिका, ८८ वरुण याज्ञवल्क्य सम्वाद और जन स्थान तीर्थ कीर्त्तन, ऊषा सूर्य्य समागम और दोनोंके वीर्य्यसे गङ्गामें अश्विनी कुमारोत्पत्ति, त्वष्टाके प्रति सूर्य्य सम्भाषण, ८९ शेषपुत्र मणिनाग द्वारा शिवस्तुति, ९० विष्णुद्वारा गरुडका दर्पचूर्ण, गरुडकी विष्णु स्तुति, गङ्गास्नानसे गरुडको वज्र देह प्राप्ति और विष्णु प्राप्ति, ९१ गोवर्द्धन तीर्थाख्यायिका, ९२ धौतपाप तीर्थोत्पत्ति, ९३ विश्वामित्र वा कौशिकतीर्थस्वरूप कथन, ९४ श्वेताख्यान और यमको पुनर्जीवन प्राप्ति कथन, ९५ शुक्रद्वारा शिवस्तुति और शिवके निकट उनको मृतसञ्जीवनी विद्या प्राप्ति, ९६ मालव देशाभिधान हेतु कथन, ९७ वारुणसे कुबेर पराभव और कुबेरकी शिवस्तुति, ९८ अग्नि तीर्थोत्पत्ति कथन, ९९ कक्षीवानके पुत्र गणके प्रति तीनऋण छुडानेके निमित्त दार संग्रहमें उपदेश, उनकी उपेक्षा, उनकेप्रति पितृगणकी गौतमी स्नानमें आदेश १०० बाल्यखिलगणकी काश्यप प्रति पुत्रोत्पादनकथा सुपर्णका जन्म ऋषि सत्रमें कद्रु और सुपर्णका गमन, उसके प्रति 'नदी होजा' कहकर ऋषिगणका अभिशाप, १०१ पुरूरवा उर्वशी सम्वाद, सरस्वतीके प्रति ब्रह्माका अभिशाप और स्त्री स्वभाव वर्णन, १०२ मृग रूपधारी ब्रह्माके प्रति मृगव्याधरूपधारी शिवकी उक्ति सावित्र्यादि पांचनदीका ब्रह्मसमीपमें गमन, १०३ शम्यादि तीर्थ वर्णन, १०४

हरिश्चन्द्राख्यान वरुणप्रसादसे हरिश्चन्द्रको पुत्रप्राप्ति, उसके पुत्र रोहितके लेनेके निमित्त वरुणकी प्रार्थना, रोहितका वनमें जाना, अजीगर्त्तका पुत्र विक्रय, अजीगर्त्तके पुत्र शुनःशेपका विश्वामित्रानुग्रह लाभ और विश्वामित्रके द्वारा शुनः शेपको ज्येष्ठ पुत्रत्व कथन, १०५ गङ्गा सङ्गत नद नदी वर्णन, १०६ देव दानवकी मंत्रणा, समुद्र मन्थन, अमृतोत्पत्ति, विष्णु द्वारा राहुका शिरश्छेद, राहुका अभिषेक, १०७ वृद्धा गौतम सम्वाद, गङ्गाके वरसे वृद्धाको यौवन प्राप्ति और वृद्धा गौतम सहवास, १०८ इलातीर्थ वर्णन और उसके प्रसङ्गमें इला चरित कीर्तन, १०९ चक्रतीर्थ वर्णन और उस प्रसङ्गमें दक्ष यज्ञ कथन, ११० दधीचि लोपामुद्रा और दधीचि पुत्र, पिप्पलाद चरित और पिप्पलेश्वर तीर्थवर्णन, १११ नाग तीर्थकथन और उस प्रसङ्गमें दक्ष सोमवंशीयशूर सेनराजाका आख्यान, ११२ मातृतीर्थवर्णन ११३ ब्रह्मतीर्थवर्णन उस प्रसङ्गमें ब्रह्माके पञ्चमुखविदारण और शिवका ब्रह्म शिरोधारण वृत्तान्त, ११४ अविघ्नतीर्थवर्णन ११५ शेषतीर्थवर्णन ११६ वड़वादि तीर्थवर्णन, ११७ आत्मतीर्थवर्णन और उसके उपलक्षमें दत्ताख्यान, ११८ अश्वत्थादितीर्थकीर्तन और उसके उपलक्षमें अश्वत्थ और पिप्पल नामक राक्षसाख्यान, ११९ सोमतीर्थवर्णन और तदुपलक्षमें गङ्गा द्वारा सोम और औषधि गणका विवाह वृत्तान्त, १२० धान्य तीर्थवर्णन, १२१ भरद्वाज द्वारा रेवतीके साथ कठका विवाह, १२२ पूर्णतीर्थ वर्णन उसमें धन्वन्तरि सम्वाद और बृहस्पति कृत इन्द्राभिषेक १२३ राम तीर्थवर्णन इस विषयमें रामचरित प्रसंग १२४ पुत्र तीर्थवर्णन और उसमें परमेष्टि पुत्राख्यान, १२५ यमतीर्थ और अग्निकृततीर्थ वर्णन, १२६ तपस्तीर्थ वर्णन, १२७ देवतीर्थ वर्णन और तदनुसार आर्ष्टिषेणनृपाख्यान, १२८ तपोवनादि तीर्थ वर्णन और संक्षेपसे कार्तिकेयाख्यान, १२९ गंगाफेना, संगमवर्णन और तदुपलक्ष

में इन्द्रमाहात्म्य प्रसंगमें फेननामक नमुचिवध, हिरण्यदैत्यपुत्र महाशनि वध और इन्द्रवर्णित वृषाकप्यादिका माहात्म्य १३० आपस्तम्ब तीर्थ और उसमें आपस्तम्ब चरित कीर्तन १३१ यमतीर्थ वर्णन और उसमें सरमाख्यान, १३२ यक्षिणी संगम माहात्म्य और तदुपलक्षमें विश्वावसु भार्य्याख्यान और दुर्गातीर्थ वर्णन, १३३ शुक्लतीर्थाख्यायिका और भरद्वाजयज्ञवर्णन, १३४ चक्रतीर्थाख्यान और उसमें वसिष्ठ प्रमुखमुनि गणोंसे यज्ञ विवरण, १३५ वाणी संगमाख्यान और उसमें ज्योतिर्लिङ्ग प्रसंग १३६ विष्णुतीर्थवर्णन, और तदुपलक्षमें मौद्गल्याख्यान, १३७ लक्ष्मीतीर्थादि षट्सहस्रतीर्थाख्यान तदुपलक्षमें लक्ष्मी और दारिकाआख्यान, १३८ भानुतीर्थवर्णन, और उस प्रसंगमें शर्य्याति राजचरित, १३९ खड्गतीर्थवर्णन, और तत प्रसंगमें कवषसुत ऐलुषमुनिचरित, १४० आत्रेयतीर्थ वर्णन, और उस प्रसंगमें आत्रेय ऋषिका आख्यान १४१ कपिला संगमतीर्थवर्णन औरतत्प्रसंगमें कपिल मुनि और पृथुराजाका संक्षेप चरित कथन, १४२ देव स्थान नामक तीर्थ और तत्प्रसंगमें सैंहिकेय राहुपुत्र मेघहास दैत्यका चरित वर्णन, १४३ सिद्धतीर्थ और तत्प्रसंगमें रावणतपःप्रभाव वर्णन १४४ परुष्णी संगमतीर्थ और उस प्रसंगमें अत्रि ऋषि और उसकी कन्या आत्रेयीका चरित-वर्णन, १४५ मार्कण्डेय तीर्थ और उस प्रसंगमें मार्कण्डेय प्रभाव-वर्णन, १४६ कालञ्जर तीर्थ और उस प्रसंगमें ययाति चरित, १४७ अप्सरोयुग सङ्गम तीर्थ और उस प्रसंगमें दो अप्सराओंका विश्वामित्रका तपोभंग और विश्वामित्र शापसे नदीरूप प्राप्ति, १४८ कोटितीर्थ और उस प्रसंगमें कण्वसुत वाह्लीक चरित, १४९ नारसिंह तीर्थ और तत्प्रसङ्गमें नारसिंहसे हिरण्यकशिपुका वधाख्यान १५० पैशाच तीर्थ और उस प्रसंगमें शुनःशेपके जन्मदाता अजीगर्तका आख्यान, १५१ उर्वशीत्यक्त पुरूरवाके प्रति वसिष्ठका उपदेश, १५२ चन्द्रकर्तृक ताराहरण और तारा उद्धार, १५३ भावतीर्थादि सप्ततीर्थ

वर्णन, १५४ सहस्र कुण्डआदि तीर्थप्रसंगमें रावण वधकरके सपरिवार रामका अयोध्यामें गमन सीताका वनवास और रामाश्वमेध लवकुश वृत्तांत १५५ कपिलासंगमादि दशतीर्थ और उस प्रसंगमें अंगिरा को आदित्यका भूमिदान वर्णन, १५६ शंखतीर्थादि अयुत (दशहजार) तीर्थ उस प्रसंगमें ब्रह्मभक्षणको आये हुए राक्षसोंका विष्णुचक्रसे हनन वर्णन, १५७ किष्किन्धा तीर्थ महिमा और उस प्रसंगमें रावण वधोत्तर सीतादिके साथ रामका गौतमी प्रत्यागमन वर्णन १५८ व्यासतीर्थ और तत्प्रसंगमें आङ्गिरसाख्यायिका १५९ वञ्जरासंगम और उस प्रसंगमें गरुडाख्यान वर्णन, १६० देवागम तीर्थ और उस प्रसंगमें देवासुरयुद्धवर्णन, १६१ कुशतर्पण तीर्थ और तत्प्रसंगमें विराडोत्पत्यादि वर्णन, १६२ मन्युपुरुषाख्यान १६३ ब्रह्मरूपधारी परशुनामक राक्षस और शाकल्य मुनिप्रसंग, १६४ पवमान नृप और चिचिकपक्षिसम्वाद, १६५ भद्र तीर्थ और उस प्रसंगमें कन्या विवाह विषयक सूर्य्य विकार और हर्षणका यमालय गमन इत्यादि वर्णन, १६६ पतत्रितीर्थ वर्णन, १६७भानु आदि शततीर्थ १६८ और उसप्रसंगमें अभिष्टुतराजका हयमेधाख्यान १६९ वेदनामक द्विज और शिवपूजकव्याध प्रसंग, १७० चक्षुतीर्थ और उस प्रसंगमें गौतम और कुण्डलक नामक वैश्याख्यान, १७१ उर्वशीतीर्थ और उस प्रसंगमें इंद्र प्रमति वृत्तांत, १७२ सामुद्र तीर्थ और उस प्रसंग में गंगासागर सम्वाद, १७३ भीमेश्वरतीर्थ और उस प्रसंगमें सात प्रकारसे वहनेवाली गंगा और ऋषियज्ञमें देवरिपु विश्वरूप वृत्तांत, १७४ गंगासागर संगम सोमतीर्थ और बार्हस्पत्यादितीर्थ वर्णन, १७५ गौतमी माहात्म्य समाप्ति प्रसंगमें गंगावतारवर्णन, १७६ अनंत वासुदेव माहात्म्य और उस प्रसंगमें देवगणके साथ रावण संग्राम और रामरावण युद्ध वर्णन, १७७ पुरुषोत्तम माहात्म्य कीर्तन, १७८कण्डुमुनिका चरित, १७९बादरायण प्रति श्रीकृष्णावतार प्रश्न, १८०कृष्ण चरितारंभ, १८१ अवतार प्रयोजन और कंसद्वारा देवकीका कारागार प्रसंग, १८२ भग-

वानकी आज्ञासे देवकीका गर्भ आकर्षणपूर्वक रोहिणीके उदरमें मायाका गर्भस्थापन देवकीके उदरमें भगवत्प्रवेश देवकीके प्रति भगवदुक्ति वसुदेवका गोकुलमें आकर पुत्रस्थापन, मायाका स्वरूप धारण पूर्वक स्वर्ग गमन और कंसको भर्त्सना, देवगणसे माया स्तुति, १८३ कंसका बालविनाशमें दैत्योंके प्रति आदेश और वसुदेव देवकीका कारा मोचन, १८४ वसुदेव और नन्दका आलाप, पूतनावध, शकटपातन, गर्ग द्वारा बालकका नाम करण, यमलार्जुन भङ्ग, कृष्णकी बाल्यलीला वर्णन, १८५कालिय दमन, १८६ धेनुक वध, १८७ राम कृष्णकी बहु लीलाकीर्त्तन, प्रलम्बासुर वध, गोवर्द्धनाख्यायिका प्रारंभ, १८८ इन्द्रका गोकुल नाशार्थ मेघप्रेरण, भक्तोंके दुःख नाशार्थ कृष्णका गोवर्द्धन धारण, इन्द्रकी कृष्णस्तुति, इन्द्रके प्रति कृष्णकी भूभार हरणकथा गोवर्द्धन याग समाप्ति, १८९ रास क्रीडा वर्णन और कृष्णसे अरिष्टासुरवध, १९० कंस नारद संवाद अक्रूर प्रेरण केशिवध वर्णन, १९१ नन्द गोकुलमें अक्रूरागमन, १९२कृष्णाक्रूर सम्वाद और मथुरामें रामकृष्णका गमन, १९३ कुब्जाके साथ कृष्णका आलाप, चाणूर मुष्टिक वध, कंसवध, वसुदेवकृत भगवत्स्तुति, १९४ देवकी वसुदेवके निकट कृष्णका आगमन, उग्रसेनका राज्याभिषेक, रामकृष्णको सान्दीपनिके निकट अस्त्रप्राप्ति और सान्दीपनिको पुत्रप्राप्ति, १९५राम कृष्णका जरासन्धके साथ युद्ध और जरासन्धकी पराजय, १९६ कालयवनोत्पत्ति, मुचुकुन्दद्वारा कालयवन वध और मुचुकुन्दकृत भगवद्वर्णन, १९७ मुचुकुन्दको भगवान्‌का वरदान, गोकुलमें बलदेवगमन, १९८ वरुण वारुणी और यमुनाबलदेव सम्वाद मथुरामें बलदेवकागमन, १९९ कृष्णका रुक्मिणी हरण, प्रद्युम्नोत्पत्ति, २०० शम्बरासुर द्वारा प्रद्युम्नहरण, शम्बरासुर वध, प्रद्युम्नका द्वारका आगमन, श्रीकृष्ण नारद सम्वाद, २०१ रुक्मिणी पुत्रगणके नाम और कृष्णकी स्त्रियोंके नाम, बलदेव द्वारा रुक्मिवध, २०२ कृष्णका प्राग्ज्योतिषपुरमें गमन और नरकासुरवध, २०३

कृष्णादितिसम्वाद, पारिजात हरण, २०४ इन्द्रकृष्णसम्वाद उपानिरुद्ध विवाह कथन, चित्रलेखाका चित्रनिर्माण कौशल, २०५ वाणपुरमें अनिरुद्धको लाना, २०६ कृष्णवलदेवका युद्धार्थ आगमन, २०७ पौंड्रक वासुदेव वृत्तांत पौंड्रक और काशिराजवध, कृष्णचक्रसे वाराणसी दाह फिर कृष्णहस्तमें चक्रागमन, २०८ शाम्बद्वारा दुर्योधनकन्या हरण दुर्योधनादि द्वारा शाम्बनिग्रह बलदेवके साथ कौरवोंका युद्ध और बलदेवका हस्तिनापुर अधिकार, कौरवोंकी प्रार्थना, २०९ बलदेव कर्तृक द्विविदवानरवध २१० कृष्णका द्वारकात्याग प्रभासमें यदुवंशध्वंस, २११ कृष्णके प्रसादसे लुब्धकका स्वर्गगमन, २१२ रुक्मिणी आदिका अवसान, आभीरगणके साथ अर्जुनका युद्ध, म्लेच्छोंसे यादव स्त्रीहरण, अर्जुनविषाद और व्यासार्जुनसम्वाद, अष्टावक्रचरित कीर्तनअर्जुनके मुख से समस्तवृत्तांत सुननेके अनन्तर युधिष्ठिरका बान्धव सहित प्रस्थानोपक्रम परीक्षितको राज्य देकर युधिष्ठिरादिका वनगमन, कृष्णचरित समाप्ति, २१३ वराहावतार, नृसिंहावतार, वामनावतार, दत्तात्रेयावतार, जामदग्न्यावतार, दाशरथिरामावतार, श्रीकृष्णावतार और कल्क्यवतार, २१४ नरक और यमलोकवर्णन, २१५ दक्षिणमार्गमें गमनकारी प्राणियोंका क्लेशवर्णन, चित्रगुप्तकृत पापवर्णन पातकानुसार नरकप्राप्ति कथन, २१६ व्यासकथित धर्म्माचरण और सुगति प्राप्ति वर्णन, २१७ नानायोनिमें जन्मप्रसंग, २१८ अन्नदानसे शुभ प्राप्तिकथा, २१९ श्राद्धविधि निरूपण, २२० प्रतिपदादि श्राद्धकल्प और पिण्डदान कथन, २२१ सदाचरण और विप्रके वासकरने योग्य देशसमूहकथन, सूतकविचार, २२२ वर्णधर्म्मकथन, २२३ ब्राह्मणोंको शूद्रत्व प्राप्ति और शूद्रादिको उत्तमगति प्राप्ति कथन, संकर जाति लक्षण, २२४ मानव धर्म्मफल और कर्म्मफलकथन, २२५ देवलोकप्राप्ति और निरयप्राप्तिकारण, २२६ वासुदेवमहिमा, मनुवंश और वासुदेव पूजा कथन, २२७ विष्णुपूजा कथन प्रसंगमें उर्वशी मूर्ख ब्राह्मणसम्वाद

और शकटदान कथन, २२८ कपालमोचनतीर्थ और तत्प्रसंगमें सूर्य्या दिकी आराधना, कामदेव समाख्यान और मायाप्रादुर्भाव, २२९ महा प्रलयवर्णन, और कलिगतभविष्यकथन, २३० द्वापरयुगान्त और भविष्य कथन, २३१ प्राकृतसर्ग कल्पमान और नैमित्तिकलय स्वरूप कथन, २३२ प्राकृतलयस्वरूपकथन, २३३ आत्यन्तिकलय, आध्या त्मिक तीन ताप, आधिभौतिकताप और आधिदैविकतापवर्णन, मुक्ति ज्ञान महिमा, २३४ योगाभ्यासफल, २३५ योग और सांख्यनि- रूपण, २३६ मोक्षप्राप्ति और पञ्चमहाभूतकथन, २३७ सर्व धर्मका विशिष्टधर्म्मनिरूपण, २३८ क्षराक्षर विचारनिरूपण और चौबीस तत्त्व प्रतिपादन, २४० अभिमानियोंके अनेक साधन कथन, २३९ सांख्यज्ञान और क्षेत्रक्षेत्रज्ञलक्षणकथन, २४१ अभेदमें सांख्ययोग कथन, २४२ जनकप्रति वसिष्ठका ब्रह्मासे महाज्ञानप्राप्ति और ज्ञानप्राप्ति परम्पराकथन, २४३ व्यास प्रशंसा, ब्रह्मपुराण श्रवणफल और धर्म्मप्रशंसा.

जोकि विलसनआदि पाश्चात्य पण्डितोंने उक्त ब्रह्मपुराणको ही पांच लक्षणयुक्त पुराण अथवा मत्स्यपुराणवर्णित ब्रह्मपुराण कहकर भी स्वीकार नहीं कियाहै। अब देखना चाहिये कि मत्स्य पुराणमें ब्रह्माका कैसा लक्षण कियाहै—

"ब्रह्मणाभिहितं पूर्वं यावन्मात्रं मरीचये ।
ब्राह्मं त्रिदशसाहस्रं पुराणं परिकीर्त्यते ॥"। ५३ ।१३।

पूर्वकालमें ब्रह्माने मरीचिसे यह पुराण कहाथा,वही यह ब्राह्म नामसे कीर्तितहै। इसकी श्लोकसंख्या १३००० है.

इधर प्रचलित ब्रह्मपुराणके १ म अध्यायमें ही लिखाहै—

"कथयामि यथापूर्वं दक्षाद्यैर्मुनिसत्तमैः ।
पृष्टः प्रोवाच भगवानब्जयोनिः पितामहः ॥"(९१ । ३२

इस वचनके अनुसार विलसन साहबने समझाथा कि, ब्रह्माने दक्षको जब यह पुराण सुनायाथा तब मरीचि श्रुत ब्राह्म और दक्षश्रुत ब्राह्म एक नहीं होसकता, किन्तु अब प्रचलित ब्रह्मपुराणका (२६। ३६) श्लोक पाठकरनेसे फिर कुछ सन्देह नही रहता;—

"मरीच्याद्या १ स्तदा देवं प्रणिपत्य पितामहम् ।
इममर्थमृषिवराः पप्रच्छुः पितरं द्विजाः॥ " (२६ । ३६)

उक्त श्लोकसे जानाजाताहै कि, मरीचि आदिने ब्रह्माके निकट पुराणाख्यान सुना था । आगेका श्लोक देखनेसे फिर कुछ इस विषयमें सन्देह नहीं रहता—"ब्रह्मोवाच.

शृणुध्वं मुनयः सर्वे यद्वो वक्ष्यामि साम्प्रतम् ।
पुराणं वेदसंबद्धं भक्ति मुक्तिप्रदंशुभम् ॥ "

वास्तवमें प्रचलित ब्राह्मपुराणके २७ अध्यायसे शेष पर्य्यन्त ब्रह्मा वक्ता और मरीच्यादि मुनिगण श्रोताहैं । इस कारण मत्स्य बर्णित ब्राह्मके साथ प्रचलित ब्रह्मपुराणकी सम्पूर्ण पृथक्‌ता ज्ञात नहीं होती । नारद-पुराणके पूर्व भागमें ब्रह्म पुराणका जो विषयानुक्रम दियागयाहै, उसके पाठकरनेसे प्राचीन ब्रह्म पुराण और प्रचलित ब्रह्मपुराणका सादृश्य प्राप्त होगा.

ब्राह्मं पुराणं तत्रादौ सर्वलोकहिताय च ।
व्यासेन वेदविदुषा समाख्यातं महात्मना ॥
तद्वै सर्वपुराणाग्र्यं धर्म्मकामार्थमोक्षदम् ।
नानाख्यानेतिहासाढ्यं दशसाहस्रमुच्यते ॥
(तत्पूर्वभागे)
देवानामसुराणञ्च यत्रोत्पत्तिः प्रकीर्त्तिता ।

(१) पूनारो प्रकाशित ब्रह्मपुराणमें भृग्वाद्यास्तं, ऐसा पाठ है, किन्तु हस्त लिखित पोथीमें उक्त पाठ नही देखाजाता ।

प्रजापतीनाञ्च तथा दक्षादीनां मुनीश्वर ।
ततो लोकेश्वरस्यात्र सूर्य्यस्य परमात्मनः ।
वंशानुकीर्तनं ब्रह्मन्महापातकनाशनम् ।
यत्रावतारः कथितः परमानन्दरूपिणः ।
श्रीमतो रामचन्द्रस्य चतुर्व्यूहावतारिणः ॥
ततश्च सोमवंशस्य कीर्त्तनं यत्र वर्णितम् ।
कृष्णस्य जगदीशस्य चरितं कल्मषापहम् ॥
द्वीपानांचैव सिन्धूनां वर्षाणां चाप्यशेषतः ।
वर्णनं यत्र पातालस्वर्गाणाञ्च प्रदृश्यते ॥
नरकानां समाख्यानं सूर्य्यस्तुतिकथानकम् ।
पार्वत्याश्च तथा जन्म विवाहश्च निगद्यते ॥
दक्षाख्यानं ततः प्रोक्तमेकाम्रक्षेत्रवर्णनम् ।
पूर्वभागोऽयमुदितः पुराणस्यास्य मानद ॥
(तदुत्तरभागे)
अस्योत्तर विभागे तु पुरुषोत्तमवर्णनम् ॥
योगानांच समाख्यानं सांख्यानाञ्चापि वर्णनम् ।
ब्रह्मवादसमुद्देशः पुराणस्य च शासनम् ॥
एतद्ब्रह्मपुराणन्तु भागद्वयसमाचितम् ।
वर्णितं सर्वपापघ्नं सर्वसौख्यप्रदायकम् ॥" नारदपु. ४थैरा२अ

महात्मा वेदवित व्यास द्वारा प्रथमतः सर्वलोकके हितके निमित्त (यह) पवित्र पुराण समाख्यात हुआहै; यह सब पुराणोंसे श्रेष्ठ, धर्म्म, अर्थ, काम और मोक्ष अनेक प्रकारके आख्यान और इतिहास युक्त तथा दशसहस्र श्लोक पूर्णहै । हे मुनीश्वर ! आगे जिसमें देवासुर गण प्रजापतिगण और दक्षादिकी उत्पत्ति हुईहै और पश्चात् लोकेश्वर परमात्मा सूर्य्य देवका महापातक नाशन वंशानुकीर्त्तन हुआहै । जिसमें

परमानन्द रूपी चतुर्व्यूहावतार श्रीमान् रामचन्द्रका अवतार कहाहै पश्चात् सोमवंशका कीर्त्तन और जगदीश्वर श्रीकष्णका पापहरचरित्र वर्णित हुआहै, जिसमें सम्पूर्ण प्रकारसे समस्तद्वीप, सिन्धु, वर्ष, पाताल और स्वर्गका वर्णन पायाजाता है, तथा सम्पूर्ण नरकोंके नाम सूर्य्यकी स्तुति पार्वतीका जन्म और विवाह कहागयाहै। पश्चात् दक्षका आख्यान और एकाम्रक्षेत्रवर्णितहै । हे मानद ! इस पुराणका यह पूर्व भाग वर्णित हुआ । इसके उत्तर भागमें विस्तृत रूपसे तीर्थ यात्राविधान क्रममें पुरुषोत्तम वर्णना कहीहै । पश्चात् यमलोक वर्णन, पितृश्राद्धविधि, और वर्णकाम धर्म्म विस्तारसे कहेहैं, और विष्णु धर्म्म, युगाख्यान, प्रलय वर्णन, ब्रह्मवाद समुद्देश और पुराण शासन कथित हुआहै । यह ब्रह्मपुराण दोभागमें विभक्त, सर्वपापहर और सर्व सौख्य दायक है.

नारद पुराणमें ब्रह्मपुराणकी जो सूची दीगईहै, प्रचलित ब्रह्मपुराणमें उसके किसी विषयका भी अभाव नहींहै, ऐसे स्थलमें वर्त्तमान आकारका ब्रह्मपुराण नारदीयपुराण सङ्कलित होनेसे पहिले प्रचलित हुआथा यह सहजमेंही स्वीकार किया जासकताहै.

पाश्चात्य पण्डितलोग कहतेहैं, प्रचलित ब्रह्मपुराणमें पुराणके पाँच लक्षण नहींहैं । वास्तवमें क्या यही बातहै? नहीं, प्रचलित ब्रह्मपुराण मन लगाकर आलोचना करनेसे पाँचलक्षण सम्बन्धमें फिर कोई सन्देह नहीं रहता । प्रथम चार अध्यायमें सर्ग और प्रतिसर्ग वर्णन पंचम अध्यायमें मन्वन्तर कथा उसके आगे सौसे अधिक अध्यायमें वंश और वंशानुचरित कीर्तित हुआहै.

पाश्चात्य अंग्रेज और उनके अनुयायी इस पुराणको १३ शताब्दीका संकलित कहतेहै पर यहबात बहुतही हास्यास्पदहै ११ शताब्दीके रचित दानसागरमें तथा उसीसमयके हलायुध कृत ब्राह्मण सर्वस्वमें और हेमाद्रि परिशेष खण्डमें जो उससे कुछसमय पहलेकाहै ब्रह्मपुराणके श्लोक पायेजातेहै तब उनका यह कथन कैसे प्रमाणहोसक्ताहै कि १३ शताब्दीका

इस पुराणके १७६ अध्यायमें अनन्त वासुदेवका माहात्म्य वर्णितहै उत्कलके प्रसिद्ध भुवनेश्वर क्षेत्रमें अनन्त वासुदेवका मन्दिर विद्यमानहै उसदेशके सामवेदिगणके पद्धतिकार अद्वितीय पंडित भवदेवभट्टने इन पूर्वसे विद्यमान अनन्त वासुदेवका मन्दिर ११शताब्दीमें निर्माण कियाथा ब्रह्मपुराणमें अनन्त वासुदेवकी मूर्तिकी उत्पत्ति और माहात्म्य वर्णित होनेपर मन्दिरका कुछ प्रसंग नहींहै यदि उस मंदिर निर्माण समय माहात्म्य बनता तो मन्दिरका भी प्रसंग होता इस प्रमाणसे पाश्चात्य पंडितोंका मत असंगत प्रतीत होताहै पुरुषोत्तम माहात्म्यमें जो प्रासादका वर्णनहै वह वर्तमान प्रासाद नहीहै वहां गांगेय पदहै वर्तमान पुरुषोत्तम मन्दिर गंगेश्वर चौडद्वारा निर्मित हुआहै चौडगंग १०७७ खृष्टाब्दमें कलिंगदेशके सिंहासनपर आरूढ़थे इसके ३० । ३५ वर्ष पीछे उन्होंने उत्कल आक्रमण किया तो ११०७—से १११२ तक पुरुषोत्तम प्रासाद निर्मित हुआ होगा यह चौडगंग और वल्लालसेन दोनों एकही समयकेहैं वल्लालसेनने दानसागरमें प्रचलित ब्रह्मपुराणसे श्लोक उद्धतकियेहैं अब यह निश्चयही होगयाकि वर्तमान प्रासादसे ब्रह्मपुराण बहुत प्रथमका है सेनराज लक्ष्मणकी शिलालिपिमेंभी पुरुषोत्तम क्षेत्रका उल्लेखहै ईस्वी सप्तम शाताब्दीमें चीनपरिव्राजक हिउइनसियाने आकर चि, लि, ति, लो चित्रोत्पल वर्त्तमान पुरीमें आकर पांच प्रासादका उच्च चूडादर्शन कियाथा यहभी कोई पुरुषोत्तम प्रासाद होगा इसमें सन्देह क्या, यह बात सिद्धहैकि देवमूर्तिक्षेत्र माहात्म्य प्राचीन समयके हैं मंदिर नित नये बन्तेही रहतेहैं. देशीय और विदेशीय प्रायः सब पण्डितही कहतेहैं कि इससमय जो विष्णुपुराण प्रचलितहै वह ब्रह्म आदि सब पुराणोंकी अपेक्षाही प्राचीनहै । प्रमाणको ब्रह्मपुराणका कृष्णचरित और विष्णुपुराणका कृष्णचरित दोनोंका पाठ मिलाकर देखो इसी प्रकार ब्रह्मपुराणका पुरुषोत्तममाहात्म्य

१ हिउएनसियांके भ्रमण वृत्तान्तके अनुवादकने चि, लि, ति, लो, को चरित्र पुरके मानसे लिखाहै ब्रह्मपुराणके ४६ अध्यायमें उसको चित्रोत्पल वा चित्रोत्पुर कहाहै.

और नारदीयमहापुराणका पुरुषोत्तममाहात्म्य मिलाकर देखनेसे ज्ञात होगा कि ब्रह्मपुराणके श्लोकही अविकल परिवर्द्धित आकारमें विष्णु और नारद पुराणमें गृहीत हुएहै (२) वास्तवमें यह पुराण कृष्णजीके गोलोकपधारनेपर व्यास द्वारा निर्मित हुआहै.

---

(२) ब्रह्मपुराणके १८ अध्यायमें—
गोपीपरिवृतोरात्रिं शरच्चन्द्रमनोरमाम् ।
मानयामास गोविन्दो रासारम्भरसोत्सुकः ॥ २१ ॥
गोप्यश्च वृन्दशः कृष्णचेष्टाभ्यायतमूर्त्तयः ।
अन्यदेशं गते कृष्णे चेरुर्वृन्दावनान्तरम् ॥ २२ ॥
(बभ्रमुस्तास्ततो गोप्यो निराशा कृष्णदर्शने ।
कृष्णस्य चरणं रात्रौ दृष्ट्वा वृन्दावने द्विजाः ॥ २३ ॥
एवं नानाप्रकारासु कृष्णचेष्टासु तासु च ।
गोप्यो व्यग्राः समं चेरू रम्यं वृन्दावनं वनम् ॥ "२४ ॥ इत्यादि

a विष्णुपुराणमें (५ । १३ अध्यायमें)
" गोपीपरिवृतो रात्रिं शरच्चन्द्रमनोरमाम् ।
मानयामास गोविन्दो रासारम्भरसोत्सुकः ॥ २२ ॥
गोप्यश्च वृन्दशः कृष्णचेष्टास्वायतमूर्त्तयः ।
अन्यदेशं गते कृष्णे चेरुर्वृन्दावनान्तरम् ॥ २४ ॥
कृष्णे निरुद्धहृदया इदमूचुः परस्परम् ।
कृष्णोऽहमतल्ललितां व्रजाम्यालोक्यतां गतिम् ।
अन्या ब्रवीति कृष्णस्य मम गीतिर्निशम्यताम् ॥ २५ ॥
दुष्टकालिय तिष्ठात्र कृष्णोऽहमिति चापरा ।
बाहुमास्फोट्य कृष्णस्य लीलासर्वस्वमाददे ॥ २६ ॥
अन्या ब्रवीति भो गोपा निःशङ्कैः स्थीयतामिह ।
अलं वृष्टिभयेनात्र धृतो गोवर्द्धनो मया ॥ २७ ॥
धेनुकोऽयं मयाक्षिप्तो विचरन्तु यथेच्छया ।
गोपी ब्रवीति वै चान्या कृष्णलीलानुकारिणी ॥ २८ ॥
एवं नानाप्रकारासु कृष्णचेष्टासु तास्तदा ।
गोप्यो व्यग्राः समश्चेरू रम्यं वृन्दावनं वनम् ॥" ॥ ८२ ॥ इत्यादि ॥

ऐसे स्थलमें ब्रह्म,विष्णु और नारद इन तीन पुराणोंमें ब्रह्मपुराणको ही आदि और सबसे प्राचीन कहकर स्वीकार करसकतेहैं, ब्रह्मपुराण अठारह पुराणोंमेंसे सबसे पहिला है सो विष्णुपुराणमें ही वर्णितहै ब्रह्मपुराण देखकर विष्णुपुराणमें कृष्णचरित्र और नारद पुराणमें पुरुषोत्तम माहात्म्य वर्णित हुआहै यह बात लिखही चुकेहैं.

ब्रह्मपुराणमें (५० । (४८–५६ अध्यायमें–)
श्रुत्वैतद्वचनं तस्य विश्वकर्म्मा सुकर्म्मकृत् ।
तत्क्षणात्कारयामास प्रतिमाः शुभलक्षणाः ॥ ४८ ॥
प्रथमं शुक्लवर्णाभं शारदेन्दुसमप्रभम् ।
आरक्ताक्षं महाकायं जटाविकटमस्तकम् ॥ ४९ ॥
नीलाम्बरधरं चोग्रं बलं बलमदोद्धतम् ।
कुण्डलैकधरं दिव्यं गदामुसलधारिणम् ॥ ५० ॥
द्वितीयं पुण्डरीकाक्षं नीलजीमूतसन्निभम् ।
अतसीपुष्पसङ्काश पद्मपत्रायतेक्षणम् ॥ ५१ ॥
पीतवाससमत्युग्रं शुभं श्रीवृत्सलक्षणम् ।
चक्रपूर्णकरं दिव्यं सर्वपापहरं हरिम् ॥ ५२ ॥
तृतीयां स्वर्णवर्णाभां पद्मपत्रायतेक्षणाम् ।
विचित्रवस्त्रसंछन्नां हारकेयूरभूषिताम् ॥ ५३ ॥
विचित्राभरणोपेतां रत्नहारविलम्बिताम् ।
पीनोन्नतकुचां रम्यां विश्वकर्म्मा विनिर्म्ममे ॥ ५४ ॥
B. नारदपुराणके पूर्वभागमें (५४ अध्यायमें)
श्रुत्वैतद् वचनं तस्य विश्वकर्म्मा सुकर्म्मकृत् ।
तत्क्षणात् कारयामास प्रतिमाः शुभलक्षणाः ॥ ५८ ॥
कुण्डलाभ्यां विचित्राभ्यां कर्णाभ्यां सुविराजिता ।
चक्रलाङ्गलविन्यासहस्ताभ्यां साधुसम्मताः ॥ ५९ ॥
प्रथमं शुक्लवर्णाभं शारदेन्दुसमप्रभम् ।
सुरकाङ्कं महाकायं जटाविकटमस्तकम् ॥ ६० ॥
नीलाम्बरधरं चोग्रं बलं बलमदोद्धतम् ।
कुण्डलैकधरं दिव्यं महामुसलधारिणम् ॥ ६१ ॥
द्वितीयं पुण्डरीकाक्षं नीलजीमूतसन्निभम् ।

केवल इतनाही नही, इस ब्रह्मपुराणके अनेक प्रसंग महाभारतके अनुशान सर्पवमें अविकल उद्धृत हुएहैं । इस ब्रह्मपुराणके, २२३ से, २२५ अध्याय और अनुशासन पर्वके, १४३ से,१४५अध्यायके साथ और ब्राह्मके, २२६ अध्याय तथा अनुशासन पर्वके १४६, अध्यायमें श्लोक २ में अविकल मेलहै । इन उद्धृत श्लोकोंको देखकर कोई २ कहसकतेहैं कि महाभारतसे ही ब्रह्मपुराणमें यह श्लोक सन्निवेशित हुएहैं। किन्तु अनुशासनोक्त—"इदं चैवापरं देवि ब्रह्मण्यं समुदाहृतम् ।" (१४३ । १६) और पितामहमुखोत्सृष्टं प्रमाणमिति मे मतिः।" (१४३।१८) इत्यादि महाभारतीय श्लोक देखनेसे ब्रह्मका वचन महाभारतमें उद्धृत हुआहै, इस विषयमें कुछ सन्देह नहीं रहता । वेदका आशय प्रकट करनाही पुराणका उद्देश्यहै । इस ब्रह्मपुराणमेंभी लिखाहै—

"प्रादुर्भावाः पुराणेषु गीयन्ते ब्रह्मवादिभिः ।
यत्र देवा विमुह्यन्ति प्रादुर्भावानुकीर्तने ॥
पुराणं वर्त्तते यत्र वेदश्रुतिसमाहितम् ।
एतदुद्देशमात्रेण प्रादुर्भावानुकीर्त्तनम् ॥"(२१३ । १६६ १६७)

वास्तविक इस ब्रह्मपुराणमें तीर्थ वर्णना प्रसंगमें सैकडों वैदिक उपाख्यान वा वंशानुचरित कीर्तित हुएहैं । ऋक् संहिता, ऐतरेयब्राह्मण, शांखायनब्राह्मण आदि ब्राह्मण और बृहद्देवतामें जो वैदिक उपाख्यानहैं उनकेही अनेक उपाख्यान इस ब्राह्मणमें वा परिवर्द्धिताकारमें लिपि बद्ध

अतसीपुष्पसंकाशं पद्मपत्रायतेक्षणम् ॥ ६२ ॥
श्रीवत्सवक्षसं भ्राजत्पीतवाससमच्युतम् ।
चक्रपूर्णकरं दिव्य सर्वपापहरं हरिम् ॥ ६३ ॥
तृतीयां स्वर्णवर्णाभां पद्मपत्रायतेक्षणाम् ।
विचित्रवस्त्रसच्छन्नां हारकेयूरभूषिताम् ॥ ६४ ॥
विचित्राभरणोपेतां रत्नमालाविलम्बिताम् ।
पीनोन्नतकुचां रम्यां विश्वकर्म्मा विनिर्म्ममे ॥ ६५ ॥

हुएहैं। उनमें बलि और वामनाख्यान, अहल्या सम्वाद, पुरूरवा उर्वशी सम्वाद, हरिश्चन्द्र और शुनः शेपउपाख्यान, कठोपाख्यान, आर्ष्टिषेण और देवापिउपाख्यान, वृषाकपिका वृत्तान्त, सरमाख्यान, शर्य्याति-राजचरित, कवष ऐलूषचरित, आत्रेय और उनकी कन्या आत्रेयीकी कथा, आजीगर्त्ताख्यान, आंगिरस, शाकल्य, अभिप्लुत आदिके आख्यान पाठ करनेसे ज्ञात होजायगा कि समस्तही वैदिक ग्रन्थोंसे संग्रहीत और पश्चात पुराणोंमें विस्तृत हुएहैं.

ऐतरेय ब्राह्मणमें (७ । ३ अ०) और शांकायन ब्राह्मणमें (१५। १७ जिसप्रकार राजा हरिश्चन्द्र, तत्पुत्र रोहित और शुनःशेपकी कथा वर्णित हुईहै वही विस्तृतभावसे ब्रह्मपुराणमें वर्णित देखी जातीहै । वास्तवमें ऐतरेय ब्राह्मण और ब्रह्मपुराणके विवरणमें जैसी एकताहै, सरे किसी ग्रन्थमें ऐसा मेल नहीं। अधिक क्या ब्रह्मपुराणमें इसी प्रकार उपाख्यान भागमें ऐसी अनेक वैदिक कथाहैं, जिनका अर्थ कर-नेमें साधारण पौराणिक लोग अटक जाते है ❀। जिन्होंने सभाष्य मंत्र ब्राह्मणभागका पाठ नहीं कियाहै वह इन उपाख्यानोंको भलीभांति नही जानसकते.

इन प्रमाणोंसे यह बात भलीभांति स्पष्ट होतीहै कि वेदव्यासने सबसे प्रथम इसी पुराणकी रचना कीहै धर्मसूत्रसे भी इसका समय बहुत प्राचीनहै इसीसे इसमें बहुतसे प्राचीन वैदिक आख्यान और बहुतसे आर्ष प्रयोग प्राचीन संस्कृतके है.

बहुतसे आधुनिक पुरुषोंका यह विचारहै कि समयके उलट फेरसे पुराणोंमें भी बहुत कुछ फेरफार हुआहै बौद्ध धर्मके ह्रास होनेपर बहुतसे तीर्थोंके माहात्म्य प्रचलित हुएहैं बौद्धोंका धर्मभी एक समय हिमालयसे कन्याकुमारीतक विस्तृत होगयाथा सब क्षेत्र नगरोंमें से पुरातन देव-स्थान हटाकर शाक्य बुद्ध और बोधिसत्त्व गणका आविर्भाव प्रसंग

❀ ब्रह्मपुराणके हरिश्चन्द्र वरुण सम्वादमे लिखाहै कि—

उठाकर सबस्थानोंको ही एक प्रकारसे बौद्ध पुण्यक्षेत्र बना लियाथा जब उस धर्मका ह्रास हुआ तब बौद्धक्षेत्र हटाकर अपने तीर्थ ब्राह्मणोंने स्थापन कर उनके माहात्म्य बनाये वह अंश पुराणमें नवीनहै पर यह उनका कथन ठीक नहीं है बात यहहै बौद्ध धर्मके ह्रासहोनेपर *जिन क्षेत्रों और तीर्थोंको बौद्धोंने लुप्त करदियाथा पुराणानुसार माहात्मी ब्राह्मणोंने फिर उनको विख्यात किया और पुराणोंमें लिखे उन क्षेत्र-तीर्थोंके माहात्म्यको सर्वसाधारणके सम्मुख प्रगट किया हां जो नवीनमा-हात्म्य बनायेगये वह अबभी पुराणोंमें नहीं पायेजाते और उनकी रचना-भी पुराणोंसे नहीं मिलती पुराणोंमें कहीं २ कुछ प्रक्षिप्त अंश मिलताहै पर सबमें नहीं कहीं किसीमें ऐसा अंशहै सो स्पष्ट दिखाई देजाताहै सो कहीं हम लिखैंगे.

मत्स्यपुराणके मतसे ब्रह्मपुराण १३००० तेरह सहस्रहै और कि-सी पुराणके मतसे १०००० है जिसकी पहले सूची दीहै वह १३ तेरह सहस्र से कुछ विशेष है एक आदि ब्रह्म पुराणहै वह आठ सहस्रके लगभग है और इस ब्रह्म पुराणसे बहुत मिलताहै और आर्षभी विदित होताहै उस आदि ब्रह्म पुराणकी सूची इस प्रकारहै १ आदि सर्ग वर्णन २ सृष्टिकथन, ३ देवता और असुरोंकी उत्पत्ति, ४ पृथुउपाख्यान, ५ मन्वन्तरोंका कीर्तन, ६ आदित्यकी उत्पत्ति, ७ सूर्यवंश वर्णन, ८ आदित्यवंशकीर्तन, ९ सोमकी उत्पत्ति, १० अमावसवंशवर्णन, ११ सोमवंशके क्षत्रियोंकी उत्पत्ति, १२ ययातिचरित्र, १३ ययातिवंशकीर्तन, १४ कृष्णवंशका चरित्र, १५ वृष्णिवंशकीर्तन, १६ स्यमन्तकका प्रत्यानयन,

---

* निर्दशे पुनरभ्येत्य यजस्वेत्याहतं नृपम् १०४—३६ ऐतरेय ब्राह्मण ७ । ३२ में ऐसाहै 'तं होवाच निर्दशोन्वभूद् यजस्वमानेनेति' सायनाचार्यने अपने भाष्यमें निर्दश शब्दका यह अर्थ कियाहै कि निर्गतानि अशौचदिनानि दशसंख्यकानि यस्मात्पशोः सोयं निर्दशः। बात यहहै कि जिन्होंने ब्राह्मण और भाष्य नहीं देखा वे केवल पुराणकी उक्ति देखकर वैसा अर्थ नहीं करसकते ब्रह्मपुराणके उपाख्यान भागमें ऐसे अनेक प्रयोगहैं-

आज्ञा, ७५ श्रीकृष्णजन्मवर्णन, ७६ कृष्णबालचरित्रवर्णन, ७७ श्रीकृष्णबालक्रीडा, ७८ कालीनागदमन, ७९ गोवर्द्धन गिरि-माहात्म्य, ८० श्रीकृष्णका गोवर्द्धनधारण, ८१ श्रीकृष्णका बालच-रित्र, ८२ केशीवध, ८३ अक्रूरका मथुरागमन, ८४ श्रीकृष्णका धोबीको मारकर मालीको वरदेना, ८५ श्रीकृष्णका कुबडीको सँभा-रना धनुष तोडना, कुवलियापीड़हाथी चाणूर मुष्टिकादिका वधकरके कंसको मारना, ८६ श्रीकृष्णका कंसकी रानियोंको समुझाना पीछे मातापिताके बंधन छुडाय उग्रसेनको राज्यदे गुरुके पास पढने जाना गुरुपुत्रको लाना तथा जरासंध युद्ध वर्णन, ८७ बलदेवजी का गोपियोंके संग विहार, ८८ बलरामका यमुनाका आकर्षण, ८९ रुक्मिणी हरण प्रद्युम्न उत्पत्ति, ९० बलदेवद्वारा रुक्मीवध, ९१ श्रीकृ-ष्णका नरकासुरको मारना, ९२ श्रीकृष्णका इन्द्रलोकसे कल्पवृक्ष लाना, ९३ उषाका स्वप्नमें अनिरुद्धको देखना और चित्ररेखासे बुल-वाना, ९४ उषा और अनिरुद्धका विवाह, ९५ श्रीकृष्णद्वारा पौंड्रक वासुदेववध, ९६ बलदेव माहात्म्य, ९७बलदेवजीका द्विविदको मारना, ९८ श्रीकृष्णका स्वर्लोकगमन, ९९ श्रीकृष्णकी रानियोंका देह त्याग और आभीरोंसे अर्जुनका परास्त होना, १०० यमलोकके स्वरूपका वर्णन, १०१ पापियोंको यमराजद्वारा दण्डविधान, १०२ धार्मिक पुरुषोंकी सुगति वर्णन, १०३ संसारचक्रवर्णन, १०४ संसार चक्र कथा, १०५।१०६ श्राद्धविधान, १०७गृहस्थाश्रममें सदाचार, १०८व्याससम्वादमें वर्णाश्रम वर्णन,१०९ उमामहेश्वर सम्वाद,११०, १११उमामहेश्वर सम्वाद, ११२ शिवजीका मुनियोंको श्रीकृष्ण पूजन कथन, ११३ विष्णुभक्तोंकी गति, ११४ विष्णुके जागरणमें गीताकी प्रशंसा,११५विष्णुके धर्मोंका वर्णन,११६कलियुगके नियम,११७कलि युगके होनेवाले धर्मोंका वर्णन,११८ब्राह्मी नैमित्तिक वर्णन,११९भगवानके

प्राकृतलयका वर्णन, १२० आत्यन्तिकलयका वर्णन, १२१ योगाख्या-
यका वर्णन, १२२ सांख्ययोगका वर्णन, १२३ आत्मविद्या और कर्मोंका
वर्णन, १२४ सांख्यसम्वाद वर्णन, १२५ पुराणप्रशंसा यह ग्रंथ आठसह
स्रसे अधिकहै संभवहै कि १०००० दशसहस्रवाला यहग्रंथ हो और दश
सहस्र संख्या कहनेवाले पुराणोंके समय उस द्वापर युगका यहहो:।
पूनाके छपे ब्रह्मपुराणमें १३७८३ श्लोक पाये जातेहैं जिससे विदित
होताहै कि यह मत्स्यपुराण प्रतिपादित ब्रह्मपुराणहै तब ७८३ श्लोकों-
का इसमें फेरफारहै वे लेखकप्रमादसे या माहात्म्यरूपसे बढे सो जानना
कठिनहै.

इसके २१ वें अध्यायमें रामकृष्ण आदि अवतारोंके साथ कल्कि
अवतारकी गणना कीहै पर बौद्ध अवतारका इसमें प्रसंग नहींहै किन्हीं
का मतहै ८०० ईसवीके समय बुद्ध देव अवतार गिने गये यह पुराण
उससे पहलेका है पर यह भी ठीक नहीं जब कि भविष्य कल्कि अव-
तारतकका वर्णनहै तब बुद्धकी क्या बातहै इसमें केवल साधारण अवतार
समझ करही बुद्धका नाम छोडदिया गयाहै.

किन्हींका मतहै कि पहली शताब्दीमें दाक्षिणात्यमें सातवाहन
वंशिय राजा राज्यकरतेथे महाराष्ट्रसे मदरासतक इनका राज्यथा इस
वंशके पूर्ववर्ती राजा अधिकांश बौद्ध धर्मावलम्बीथे किन्तु सातवाहन
वंशके समय दक्षिण देशमें बौद्ध प्रभाव ह्रास न होने परभी इन्होंने जैसा
ब्राह्मणसेवा धर्ममें प्रेम प्रकाश किया वह कहा नही जाता सैकडों ब्रह्मणोंको
वृत्ति दीगई सैकडों देवालय बनाये गये.

उससमय पुडमायी, अवदातु गौतमीपुत्र, शातकर्ण आदि बहुतसे
राजा ब्राह्मणोंके कुटुम्ब बढानेवाले ब्रह्मण्य आदि विशेषणोंसे विशेषित
हुएथे, इन्होंने ब्राह्मणोंको सहस्रों गोदान सैकडों ग्राम और मंदिर दान-

करके बडी कीर्ति पाईथी; यद्यपि यह बौद्ध सन्यासियोंको भी भली भांति मानतेथे तथापि देव ब्राह्मणोंपर उनका बडा अनुराग. और दृढ भक्ति थी अधिक क्या राजा उषवदानने प्रभासक्षेत्रमें ब्राह्मणोंको आठ कन्या दान कीथीं इसीसमयसे वैदिक धर्मका पुनरुत्थान माना गयाहै उस समय रामतीर्थादि किसी २ तीर्थकी ख्याति होचुकीथी जिसका प्रमाण शिलालेखसे स्पष्ट पायाजाताहै, अनुमानहै उससमय बहुतसे तीर्थोंका माहात्म्य लिखा गयाहै सातवाहन वंशकी एक प्रधान रानी गौतमी थी इस वंशके कईराजा गौरवके कारण गौतमीपुत्र कहातेथे सम्भवहै उससमय गोदावरीमाहात्म्य गौतमी माहात्म्यसे परिचित किया हो और आगे पीछे चतुर्थ शताब्दीतक इसमें माहात्म्य प्रविष्ट हुएहों.

परन्तु बुद्धिमान सर्वथा इसबातको स्वीकार नहीं करेंगे कारण कि तीर्थमाहात्म्य अतिपुरातन वेद प्रतिपादितहै और तीर्थादि माहात्म्यके सहस्रों श्लोकहैं तब यह ग्रंथ ऐसा होनेसे बीस सहस्र होजाता सो यह वैसा न होकर अपने लक्षणोंसे सम्पन्न होनेसे सर्वथा मान्य और प्रमाणी भूत है स्कन्दपुराणसे यह ब्रह्म माहात्म्य सूचक पुराणहै पर इसके मतसे "पुराणं वैष्णवं त्वेतत्सर्वकिल्पिषनाशनम्" २४५ । २० यह वैष्णव पुराणहै.

ऋषिपंचमी व्रत, कर्मविपाक संहिता, कलहस्ती माहात्म्य, चम्पाषष्ठी व्रत, नासिकेतो पाख्यान, प्रयागमाहात्म्य, क्षेत्रखण्ड मल्लारिमाहात्म्य, मार्तण्डमाहात्म्य, मायापुरीमाहात्म्य, ललिताखण्ड, वेंकटगिरिमाहात्म्य-श्रीरंगमाहात्म्य,श्वेतगिरिमाहात्म्य हस्तगिरिमाहात्म्य इत्यादि ब्रह्मपुराणके अनन्तर लिखेगये हैं परन्तु मूल ब्रह्मपुराणमें इन्होंने स्थान नहीं पाया-एकादि ब्रह्मपुराण लखीमपुर और लखनऊमें छपाहै इसमें १२५ अध्यायहैं उसमें ब्रह्मपुराणकी बहुतसी कथाहैं उसकी सूची भी पीछे दे चुकेहैं.

द्वितीय पद्मपुराण २

प्रचलित पद्मपुराण सृष्टि आदि पांच खण्डोंमें विभक्तहै उसकी सूची यहहै प्रथम सृष्टिखण्डमें १ सूतके प्रति ऋषियोंकी, पुराण कथनाज्ञा, २ नैमिषारण्य व्याख्यान, ३ सूतशौनक सम्वाद सूतव्यासादिकी उत्पत्ति ४ इन्द्रके प्रति दुर्वासाका शाप समुद्रमथन, भृगुसे शापपाये विष्णुके साथ ब्रह्माका कथोपकथन नारदका ब्रह्मस्तोत्र और वरप्राप्ति, ५ दक्षयज्ञविनाश दक्षकी शिवस्तुति और वरलाभ, ६ देव दानवगन्धर्व राक्षस उरग आदिकी सृष्टि, प्रचेता दक्षसम्वादमें पूर्व सृष्टिका हेतु पूछना देवता वसु रुद्र वाराह आदित्य इन्द्र और हिरण्यकशिपु आदिकी उत्पत्ति कथा बाणासुर चरित्र विनताके गर्भसे गरुडकी उत्पत्ति, सम्पाति और जटायुकी उत्पत्ति, मुनि अप्सरा किन्नर गन्धर्वादि की उत्पत्ति, ७ ज्येष्ठ पूर्णिमाव्रत, इन्द्रका दितिका गर्भ छेदन, मरुतकी उत्पत्ति, प्रतिसर्गकथन, मन्वन्तरकथन, ८ पृथूपाख्यान, आदित्यवंश, सावर्णिमनुकी उत्पत्ति, छायाका उपाख्यान, सूर्यतेज हरण, अश्विनीकुमारकी उत्पत्ति, शनिका ग्रहहोना, इलाका उपाख्यान इलाका स्त्रीहोकर बुधके आश्रममें गमन, ऐलकी उत्पत्ति, इक्ष्वाकु, भगीरथ, दिलीप वंश कथन, ९ पितृवंश कथा, अग्निकरण वर्णन, श्राद्धप्रशंसा निषिद्ध वस्तु वर्णन, श्राद्धकाल निर्णय, विषुव अयन दिनमें साधारण श्राद्धविधि, १० एकोद्दिष्ट विधि, सपिण्ड विधान, अशौचादि निर्णय कृतश्राद्धका फलाफल कथन, ११ श्राद्धप्रशस्त देशकालकथा नैमिष, गया और तीर्थ क्षेत्रादिमें श्राद्धप्राशस्त्य, विष्णुदेहसे कुश तिलादिकी उत्पतिकथा, १२ सोमोपाख्यान बुधकी जन्मकथा इलाकेगर्भसे पुरूरवाका जन्म और चरिताख्यान, उसका वंशकथन कार्तवीर्य्योपाख्यान और उसका कीर्तन, १३ क्रोष्टुवंशकथा, स्यमन्तोपाख्यान, और कुन्त्याख्यान, त्रिपुरुषसे अर्जुनकी उत्पत्ति माद्रवतीके गर्भसे नकुल सहदेवकी उत्पत्ति, रामकृष्णका उपाख्यान, कृष्णकी जन्मकथा, वसुदेव देवकी नंद

और यशोदाका पूर्व जन्म वृत्तांत, कृष्णवंशचारित, दशावतार रूपधारण का कारण निर्देश. शुक्रकृत तपश्चर्य्या देवपराजित दैत्योंका काव्यमाताके निकट गमन, शुक्रमातासे देवताओंका भागना विष्णुद्वारा शुक्रमाताका वधवर्णन, भृगुदत्त विष्णुशाप वर्णन, भृगुद्वारा मातृसञ्जीवन वर्णन, शुक्रकी तपश्चर्य्याभंगके निमित्त इंद्रका जयन्ती कन्याको भेजना शुक्रको शिव-वर लाभ जयन्ती के साथ शुक्रको शतवर्षरति वर्णन शुक्रवेशमें बृहस्प-तिका दानवोंके निकट गमन, नास्तिक मत प्रचार और दीक्षादान, दानवोंके प्रति शुक्रका अभिशाप, १४ शिवद्वारा शिरश्छेदसे रुष्ट हुए ब्रह्माके स्वेदसे पुरुषकी उत्पत्ति स्वेदभयसे भीत शंकरका विष्णुसमीप में गमन, और विष्णुका दक्षिणभुज त्रिशूलद्वारा छेदन भुजोत्पन्नरक्तसे दूसरे पुरुषकी उत्पत्ति दोनोंका युद्ध स्वेदका पराभव, दोनोंका अनुक्रमसे सुग्रीव और वालिरूपमें जन्म, उक्तदोनों पुरुषोंका कर्णार्जुनरूपसे पुनर्जन्म वृत्तांत, शिवकृतब्रह्मशिरश्छेद कारण वर्णन, शंकरकृत ब्रह्मस्तोत्र ब्रह्महत्याक्षालनके निमित्त शंकरके प्रति विष्णुका उपदेश, रुद्रकृत सकल तीर्थ गमन, पुष्करमें रुद्रकृत कापालिक व्रतकथा और ब्रह्मवरप्राप्ति, क-पालमोचन तीर्थोत्पत्ति वाराणसी माहात्म्य वर्णन और ब्रह्माकी आज्ञासे शिवका काशीधाममें गमन, १५ मेरु शिखरस्थित कान्तिमती सभामें ब्रह्माकी चिन्ता वर्णन, ब्रह्माका वनगमन, पुष्करोत्पत्ति कथन, उसस्थान में देवता सम्मिलन पुष्कर तीर्थ वासियोंका धर्म्माचार, चान्द्रायण और मृत्युफल कथन ब्राह्मण लक्षण वर्णन और भिक्षुधर्म्म कथन, १६ ब्रह्म-कृत यज्ञानुष्ठान और तत्कृत गोपकन्या का पाणिग्रहण, १७ ब्रह्मयज्ञमें रुद्रका भिक्षार्थ आगमन ब्रह्मरुद्र संवाद, गोपकन्याके साथ यज्ञमें प्रवृत्त ब्रह्माके प्रति सावित्रीका शापदान, विष्णुकृत सावित्रीस्तोत्र, विष्णुको सावित्री वरलाभ, कार्तिक पौर्णमासीमे गायत्रीके उपदेशसे ब्रह्माका व्रत रुद्रकृत गायत्रस्तिव और वरलाभ, १८ ब्रह्मयज्ञ कथा, दानवोंके साथ विष्णुका कलह, पुष्करस्नानसे मुख विरूप ऋषिको सुरूपता प्राप्ति

प्राचीन सरस्वती चरित्र मंकणक ब्राह्मणका उपाख्यान,सरस्वतीमाहात्म्य कथन, प्रसंग क्रमसे उतंकाश्रममें आगमन गंगा सम्वाद, समुद्रगमन और बड़वानल ग्रहणवर्णन, सरस्वतीको नंदानाम प्राप्ति, प्रभञ्जनराजाका उपाख्यान और नन्दाका प्रसंग,१९तीर्थ विभाग वर्णन वृत्रासुरोपाख्यान, दधीचिका आख्यान वृत्रवध वर्णन कालकेयगणकी समुद्रस्थिति अगस्त्याख्यान विन्ध्य पर्वतकी मस्तक नति, अगस्त्यकृत समुद्रप्राशन, कालेयवधवृत्तान्त, पुष्कर माहात्म्य ज्ञापक आख्यायिकारम्भ अन्नदानादि प्रशंसा,मध्य पुष्कर प्रशंसा,२०दान प्रशंसा प्रसंगमें पुष्पवाहन राजाकादि आख्यान, २१ धर्म्म मूर्त्ति नामक राजाख्यान, सौर धर्म्म कथन विशोकादि सप्तमीव्रत कथा, २२ अगस्त्य चरित गौरीव्रत और सारस्वतव्रत विधि,२३ भीमद्वादशीव्रतकथनमें कृष्णपत्नियोंके साथ दाल्भ्यसम्वाद दाल्भ्यद्वारा वैश्यधर्म्म कथन,२४ अशून्यशयनव्रतविधि उस प्रसंगमें वीरभद्रोत्पत्ति कथन आदित्यरोहिणी ललिता और सौभाग्यशयनव्रत विधि,२५ वामनावतार कथन,२६ नाग तीर्थोत्पत्ति तत्प्रसंगमें शिवदूतका आख्यान, २७ प्रेतपञ्चकका आख्यान सुधावटतीर्थ वर्णन, २८ मार्कण्डेयोत्पत्ति कथन रामका रेवागमनादिवर्णन, २९ ब्रह्मव्रतयज्ञकाल वर्णन ऋत्विक परिमाण कथन पुष्कर माहात्म्य, ३० क्षेमंकरीका उपाख्यान क्षेमंकरी स्तोत्र ब्रह्मविष्णुरुद्रशक्तिसमूहके बहुभेद कथन,३१वैष्णवी और चामुण्डा रूपीशक्तिका दैत्यवध वर्णन महिषासुरवध नवग्रहव्रत और ब्रह्माण्डदानविधि,३२ रामकृत शूद्रकवधाख्यान,३३ रामअगस्त्यसम्वादमें क्षत्रियका प्रतिग्रहाधिकार और श्वेतनामक राजाका उपाख्यान, ३४ गृध्रोलूकाख्यान, ३५ कान्यकुब्ज रामद्वारा वामनप्रतिष्ठादि कथा, ३६ विष्णुकी नाभिसे हिरण्मय पद्मोत्पत्ति कथा, ३७ मधुकैटभवध, प्राजापत्य सृष्टि, तारकामय संग्राम, ३८ विष्णुद्वारा इन्द्रादिको अधिकार प्रदान, ३९ तारकासुरकथा, ४० हिमालयमें पार्वत्युत्पत्ति कथा पार्वतीका विवाह वर्णन, ४१ कार्तिकेयोत्पत्ति और तारकासुरवधकथा, ४२

हिरण्यकशिपु वधाख्यान,४३ अन्धकासुरका आख्यान गायत्रीजपविधि ४४ अधम ब्राह्मण लक्षण उसप्रसंगमें गरुडोत्पत्ति कथन, ४५ अग्निद गरदादि ब्राह्मणवधमें पापाभाव कथन सत्य और गोमाहात्म्य ४६ सदाचार कथा, ४७ पितृसेवाप्रशंसाकथनमें मूक पातिव्रता तुलाधार और मद्रोहक उपाख्यान श्राद्धप्रशंसा, ४८ पतिव्रताकथनमें माण्डव्यचरित, ४९ सहगमन विधि और स्त्रीधर्म्म, ५० तुलाधार चरित अलोभ प्रशंसा में शूद्राका आख्यान, ५१ अहल्याधर्षण, ५२ परमहंसाख्यान और लौहित्यमाहात्म्य, ५३ पद्माख्यान, ५४ जलदान प्रशंसा,५५अश्वत्था- दिदान विधि, ५६ सेतुवन्धकथा श्रोत्रियग्रहकरणफल, ५७ रुद्राक्षमा- हात्म्य और उसकी अख्यायिका, ५८ धात्रीफल और तुलसीमाहात्म्य ५९ तुलसीस्तव, ६० गंगामाहात्म्य, ६१ गणेशकी प्रथमपूजाकथा ६२ गणेशस्तोत्र, ६३ नान्दी मुखादि गणेशपूजाकरनेसे फल और देवासुरसंग्राममें चित्ररथद्वारा कालकेयवधवृत्तान्त,६४ कालेय वध कथा ६५ बलनमुनिवध, ६६ नमुचिवध,(१)६७ कार्तिक हस्तसे तारेयवध ६८ दुर्मुखवध, ६९ द्वितीयनमुचिवध, ७० मधुदैत्यवध, ७१ वृत्रासुर वध, ७२ गणेशकर्तृक त्रैपुरीवध, ७३ वराहरूपधारी विष्णुका हिरण्या क्षवध, ७४ दैत्यस्वभाववर्णन, प्रह्लादादिको सुरत्व प्राप्ति, भीष्मकर्णद्रो णादिको देवत्वकथन, ७५ सूर्य्यचरित, ७६ बहुविध सूर्य्यव्रतकथा ७७ सूर्य्यमाहात्म्यमें भद्रेश्वरराजाख्यान, ७८ भौम (मंगल) की उत्प त्ति और पूजाकथन, ८० चण्डिका माहात्म्य, ८१दुर्गापूजा विधि,८ बुध गुरुशुक्रादिकी पूजाविधि नवग्रह मंत्र, पद्मपुराणपठन फल, सृष्टिख ण्डका श्रवण, श्रवण पठनफल.

द्वितीयभूमिखण्डमें—१ प्रह्लादका जन्मान्तर, २शिवशर्म्म पुत्र विष्ण शर्म्मादिका आख्यान ४ धर्म्म धर्म्मशर्म्मसम्वाद,५ मनका और विष्ण शर्म्मसम्वाद, ६ सोमशर्म्मादिकी पितृभक्ति और शिव शर्म्माको गोलो

प्राप्ति,७इन्द्रको इन्द्रत्त्वलाभप्रसङ्ग,८कश्यपभार्यादिति और दनुकी कथ
९दितिके प्रति कश्यपका आत्मज्ञानकथन, १० कश्यप और हिरण्यकशि
पुसम्वाद,११सुव्रतोपाख्यान,१२ऋण सम्बंधी पुत्र और पुण्यधर्म्मादिव
थन,१३ब्रह्मचर्य्यलक्षण,१४धर्म्माख्यान,१५ पापियोंका मरण,वृत्तान्
१६वशिष्टके निकट सोमशर्म्माका विभिन्नपुत्रलक्षणश्रवणफल,१७विप्र
प्राप्तिकाकारण,१८सोमशर्म्माको विष्णुदर्शन,१९सोमशर्म्मा और सुमन
संवाद सोमशर्म्माको सुपुत्रलाभ,२०सुव्रतचारित,२१सुव्रतका पूर्वजन्
रुक्मभूषणाख्यान, २२ सृष्टि तत्त्वकथन, २३ वृत्राख्यान, २४ इन्
त्वलाभ,सुरापानसे वृत्रका पतन और उसअवसरमें वज्रप्रहारसे इन्द्रद्वा
वृत्र संहार, २५ दितिका शाप और मरुत उत्पत्ति,२६ पृथु चरितारम्
२७पृथुका जन्मादिकथन, २८ पृथुधरित्रीसम्वाद, २९ वेणचरित ३
अत्रिपुत्र अंगसम्वाद, ३१ अंगका वासुदेवदर्शन, ३२ सुशंखगन्धर्वे अं
सुनीथाचरित, ३३ सुशंखके प्रति शापवर्णन, ३४ इन्द्रसम्पद देख
उसके सदृश पुत्रलाभके निमित्त अंगकी तपस्या, ३५ अंगका सुनीथा
पाणिग्रहण, ३६ वेणका पापप्रसंग और उसके साथजैनधर्म्मकथन, ३
ऋषियोंद्वारापृथुका दक्षिणहस्तमन्थन और पृथुका जन्म, ३८ वेण
स्वर्गप्राप्ति कथन,३९दानकाल कथन,४०नैमित्तिकदान कथन, ४१पृ
भार्य्यादिरूपतीर्थप्रसंगमें कृकलनामक वैश्योपाख्यान,४२सदाचार प्रसं
उसकी स्त्री सुदेवाकी कथा, ४३-४५ शूकरोपाख्यान, ४
शूकरके जीवनलाभप्रसंगमें गीत विद्याधर कथा, ४७ श्रीपुर
वसुदत्त द्विजकथा,४८-४९उग्रसेनाख्यान, ५०पद्मावती गोभिलसम्व
५१ पद्मावतीका गर्भ और कंसजन्मकथन, ५२ शिवधर्म्म द्विजसम्वा
५३-५६सुकला विष्णु सम्वाद,५७सुकला काम सम्वाद५८सुकला
निजगृहमें आगमन और पतिलाभ ५९ धर्म्मद्वारा पतिका कर्त्त
कर्त्तव्यनिर्णय, ६० धर्म्मादेशसे कृकलनामक वैश्यका स्वगृ
आगमन और भार्य्यातीर्थलाभ,६१ पितृतीर्थप्रसङ्गमें कुण्डल

सुकर्म्मा और कश्यप कुलोद्भव पिप्पलकी कथा, ६२ सुकर्म्माके बालकके निकट पिप्पलको ज्ञान लाभ, ६३ सुकर्म्माद्वारा पितृमातृ सेवामें अशेषपुण्यकथन, ६४ नहुष और ययातिका आख्यान, ६५–६६ ययाति और मातलिसम्वाद, मातलिद्वारा गर्भवासादि काय दुःख कथन; ६७ मातलिद्वारा कर्म्मविपाकवर्णन, ६८ दानफल, ६९ शिवधर्म्मकथन, ७० यमपीड़ाकथन, ७१ शिव, विष्णु, और ब्रह्म इन-तीनका अभेदकथन, ७२ ययातिका शरीर त्यागपूर्वक इन्द्रपुरमें जाना अस्वीकार, ७३ नामामृत कथन, ७४ हरिनाम प्रचार, ७५ विष्णुनाम कथन, ७६ ययातिचारितमें ययातिकी वैष्णवधर्म्मप्रचारकथा, ७७ विशाला ययाति सम्वाद वृत्तांत, ७८ पुत्रगणके प्रति ययातिका जराग्रहणमें आदेश, पुरुका पितृजरा गृहण, ७९ कामकन्याके साथ ययातिका विवाह और विहार, ८० ययातिद्वारा यदुके प्रति मातृ-शिरश्छेदन आदेश, ८१ ययातिकी कृष्णभक्ति, ८२ पुरुके निकटसे यया-तिका फिर जराग्रहण और पुरुका राज्याभिषेक, ८३ ययातिका स्वर्गा-रोहण, ८४ गुरुतीर्थप्रसङ्गमें च्यवनचारितमें कुञ्जलनामक शुकाख्यान और प्लक्षद्वीपराजकन्या दिव्यादेवीकीकथा, ८५ दिव्यादेवीका पूर्वज-न्माख्यान, ८६ जयादि व्रतभेद कथन, ८७ उज्ज्वलपक्षी और दिव्यादेवी सम्वाद, दिव्यादेवीको विष्णुदर्शन, समुज्ज्वलपक्षीद्वारा हिमालयका, हंसाख्यान, ९० इन्द्रनारदसम्वादमें तीर्थप्रशंसा, ९१ पाञ्चालदेशवासी विदुर नामक क्षत्रियकथा, ९२ वाराणस्यादि तीर्थस्नान माहात्म्य, ९३ विज्वलपक्षीद्वारा आनन्दकाननमें स्थितदम्पतीवर्णन, ९४ कुञ्जल-पक्षीसे कर्म्मफल और जैमिनिद्वारा अन्नदानफल कथन, ९५ स्वर्गगुण-वर्णन, ९६ कर्म्मफलसे सुगति और दुर्गति कथन, ९७ धर्म्माधर्म्म गति वर्णन, ९८ वासुदेव स्तोत्र, ९९ स्तोत्रपाठफल, १०० कुञ्जला-ख्यानसमाप्त १०१ कपिञ्जलपक्षी कर्त्तृक रत्नेश्वरप्रसङ्ग, १०२ शिव-

पार्वतीसंवादमें अशोकसुंदरीकथा, १०३ अशोकसुंदरीका उपाख्यान, १०४ इन्दुमतीदत्तात्रेयसम्वाद, १०५ इन्दुमतीके गर्भसे नहुषजन्म और नहुषकी अस्त्रशिक्षादिकथन, १०६ इन्दुमती और आयुका शोक-सम्वाद, १०७ आयुके प्रति नारदका आश्वासन, १०८ वशिष्ठनहुष-सम्वाद, १०९ नहुषकी मृगया, ११० हुण्डदानवनिधनार्थ नहुषकी-यात्रा, १११ नहुषका नन्दनगमन, ११२ नहुषके निमित्त अशोकसुं-दरीका विवाह, ११३ नहुषके, निकट अशोक सुंदरीका गमन, ११४ नहुषके साथ दानवोंका युद्ध, ११५ नहुषद्वारा हुण्डदानववध, ११६ इन्दुमतीको नहुषपुत्रलाभ, ११७ अशोकसुंदरीके साथ नहुषका विवाह, ११८ हुण्डपुत्रविहुण्डाख्यान, ११९ कामोदोत्पत्तिकथन, १२०कामो दाख्यपुर वर्णन, १२१ विहुण्डवध, १२२ कुञ्जलपक्षी च्यवग सम्वाद, १२३ वेणाख्यानमें वेणको ज्ञानप्राप्ति,१२४ पृथुके प्रति वेणका आदेश, १२५ वेणको स्वर्गलाभ और भूमिखण्डपाठफल.

३ यस्वर्गखण्ड—१ स्वर्गखण्ड विषयानुक्रम, शेषवात्स्यायन सम्वाद में दुष्यन्तचरित, शकुन्तलाका उपाख्यान, २ कण्व शकुन्तला सम्वाद, शकुन्तलाका दुष्मन्तपुरमें आगमन, ३ दुष्यन्तका शकुन्तलाके ग्रहणमें अस्वीकार, शकुन्तलाका दुष्मन्तपुरत्याग, मेनका शकुन्तला सम्वाद, ४ मेनका सहित शकुन्तलाका स्वर्गगमन, ५ धीवरके निकटसे दुष्मन्तको अँगुरीप्राप्ति, अँगुरीदर्शनसे दुष्मन्तको पूर्वकथा स्मरण, और शकुन्त-लाके निमित्त दारुणमनस्ताप, भरत दुष्यन्त सम्वाद, शकुन्तला समागम, ६ सपरिवार दुष्मन्तका निजस्थानमें गमन, भरतका अभिषेक, भरता ख्यान, चन्द्र सूर्य्यादिका मण्डल परिमाण और दूरत्वादि कथन, भूलोकादिका परिमाण, ७ भूत पिशाच गन्धर्वादि लोक वर्णन, अप्सरा लोक वर्णनमें उर्वशी पुरूरवाका आख्यान, ८ सूर्य्य लोक वर्णन, परमेष्ठि ब्रह्माका शम्भु पुत्ररूपमें प्रादुर्भावाख्यान, ९ रुद्रसर्गवर्णन संयमनीपुरी

वरुणोपाख्यान १० गन्धवती पुरी और वायुका आख्यान, कुवेर और रावणोत्पत्ति वर्णन, ११ नक्षत्रतारा और ग्रहलोकादि वर्णन, १२ ध्रुवलोकवर्णनमें ध्रुवचरित्रोल्लेख १३ ध्रुवचरित्र १४ स्वर्लोक और महर्लोक वर्णन, १५ वैकुण्ठलोक वर्णन सगराख्यान कपिल शापसे सगरपुत्र नाशवृत्तान्त, अंशुमान्की उत्पत्ति असमञ्जसका अभिषेक, १६ भगीरथजन्म और गंगालाना, १७ धुन्धुमार चरित, १८ शिवि और उशीनराख्यान, १९ मरुत चरित, २० मरुत सम्वर्त्त सम्वाद मरुत-राजका यज्ञारम्भ, २१–२२ मरुतके यज्ञमें देवगणका आगमन और मरुतको स्वर्गप्राप्ति, २३ दिवोदास चरित, २४ हरिश्चन्द्र चरित, २५ मान्धाताका उपाख्यान, २६ नारदमान्धातृसम्वादमें ब्राह्मणादिकी वर्णो-त्पत्ति और वर्णधर्म्मकथन, २७ आश्रमधर्म्म निरूपण और योग कथन, २८ चातुर्वर्ण्यकी धर्मप्रशंसा, २९ चातुर्वर्ण्यका आह्निककृत्य वर्णन, शालग्रामशिला माहात्म्य, ३० परलोक साधन सदाचार, ३१ ब्राह्मणोंका भक्ष्याभक्ष्यसदाचार निर्णय, ३२ ब्रह्मकेतुका उपाख्यान, ३३ दक्षयज्ञ सतीका देहत्याग, दक्षशाप वर्णन, ३४ परलोक वर्णन, ३५ श्राद्धपात्र निर्णय, ३६ राजाका कर्तव्य, ३७ राजधर्म्म निरूपण, ३८ राजसाधा-रण धर्म्मकथन, ३९ प्रलय लक्षण सौभरिप्रोक्त विवाह मान्धाताका स्वर्गगमन स्वर्गखण्डका अनुक्रम वर्णन.

४ र्थे पातालखण्डमें—१ सूत शौनक सम्वाद, शेषके प्रति वात्स्या-यनका रामचरित प्रश्न, २ रावणवधके अनन्तर रामका अयोध्यामें आग-मन, सीताके साथ रामका अयोध्यामें आगमन ३ रामका मातृदर्शन और पौरांगना सम्वाद, ४ रामका राज्याभिषेक, रामद्वारा सीता-निर्वासन और रामके निकटअगस्त्यका आगमन, ५–६ अगस्त्य रावण कुम्भकर्ण विभीषणादिका जन्मकथन, रावणकी मातृसमीपमें प्रतिज्ञा, ८ रावणादिका उग्रतप, ब्रह्माका वरदान, रावणाक्रान्त देवगणका ब्रह्मलो-कमें गमन, देवगणके साथ ब्रह्मा और शिवका वैकुंठ गमन विष्णुकी

स्तुति, विष्णुका रामरूपमें अवतार, ८ रावणवधजनित ब्रह्महत्यासे निष्कृति पानेके निमित्त रामका अश्वमेधयज्ञ, ९ अश्वमेधयाग, १० रामकी यज्ञदीक्षा; सुवर्णसीतासहित रामका कुण्डमण्डपादि करण, अश्वरक्षार्थ शत्रुघ्नकागमन, ११ पुष्कलागमन और अश्वनिर्गम, १२ अहिच्छत्रामें अश्वागमन, कामाक्षा चरित उस प्रसंगमें सुमदराजचरित, १३ सुमदका कामाक्षादर्शन, सुमद शत्रुघ्न समागम, शत्रुघ्नका अहिच्छत्रापुरीप्रवेश, १४ अश्वके साथ शत्रुघ्नका च्यवनाश्रममें गमन च्यवन सुकन्या चरित, १५ सुकन्याके साथ च्यवनकातपोभोगवर्णन, १६ शर्य्याति सुकन्याचरित, च्यवनका रामयज्ञ दर्शनमें गमन, १७ अश्वका वाजीपुरमें गमन, वाजीपुराधिप विमलराजका शत्रुघ्नको सर्वस्वप्रदान, नीलगिरि माहात्म्य और उस प्रसंगमें रत्नग्रीवराजचरित, १८ नीलगिरि वासपुण्यसे चतुर्भुजत्वप्राप्तिकथन, १९ नीलगिरि यात्राविधि, २० गण्डकीमाहात्म्यमें शालग्राम शिलामाहात्म्य, और पुल्कसनामकशवर चरित्र २१ रत्नग्रीवकृत पुरुषोत्तम स्तोत्र, २२ रत्नग्रीवको चतुर्भुजप्राप्ति, नीलपर्वतके निकट अश्वागमन, २३ पीछे सुबाहुराजाका चक्रांकनगर गमन, सुबाहुपुत्रदमन द्वारा प्रतापाग्रवध, २४ पुष्कलविजय, २५ सुबाहुसेनापतिका क्रौञ्चव्यूह निर्माण, २६ लक्ष्मीनिधिके साथ सुकेतुका युद्ध, सुकेतुवध २७ पुष्कलके साथ चित्रांगका युद्ध चित्रांगवध २८ सुबाहुके साथ हनुमानका युद्ध सुबाहुकी मूर्च्छा और स्वप्नमें रामदर्शन, २९ शत्रुघ्नविजय, ३० अश्व सहित शत्रुघ्नका तेजपुरमें आगमन, ऋतम्भरनामक नृपका आख्यान, जनकोपाख्यान, ३१ जनकका नरकदर्शन कारण, ऋतम्भर ऋतुपर्ण समागम, ३२ सत्यवानका आख्यान, शत्रुघ्न सत्यवान् सम्वाद, ३३ रावण सुहृद विद्युन्मालीका अश्व हरण, ३४ विद्युन्मालीवध, ३५ अश्वका अरण्यक ऋषिके आश्रममें गमन, आरण्यक ऋषिका आख्यान ३६ लोभसे आरण्यकप्रति रामचरित्र निरूपण, ३७ आरण्यक मुनिको सायुज्यप्राप्ति, ३८ नर्म्मदासरोवरमें अश्वनिमज्जन, यमुनासरोवरमें शत्रुघ्नको मोहनास्त्रप्राप्ति, ३९

अश्वका देवपुरनामक वीरमणिनगरमें प्रत्यागमन, वीरमणिपुत्रद्वारा अश्वग्रहण, शिववीरमणि सम्वाद, ४० सुमतिके निकट, शत्रुघ्नका वीरमणिचारितश्रवण, उभयपक्षमें युद्धोपक्रम, ४१ रुक्मांगद और पुष्कलका युद्ध, ४२ पुष्कलविजय, ४३ वीरभद्रके साथ पुष्कलका युद्ध पुष्कलवध, वीरभद्र शत्रुघ्न युद्ध शत्रुघ्नपराजय, ४४ हनूमानके साथ शिवका युद्ध हनूमानके प्रति शिवका वरदान,हनूमानका द्रोणाचल लाना मृतसञ्जीवनी औषधके प्रभावसे सबको जीवनलाभ, शिवके निकट शत्रुघ्न की पराजय, युद्धमें श्रीरामका आगमन,४५–४६ श्रीराम शिवसमागम रामदर्शनसे सबकोआनन्द, हयप्रस्थान, ४७ घोड़ेका हेमकूटमें गमन और गात्रस्तम्भ, शौनककर्तृक हयस्तम्भका रणनिवेदन, ४८ शौनक द्वारा विविध कर्म्म विपाक कथन घोड़ेकी स्तम्भनसे मुक्ति,४९ सुरथके कुण्डलनामक घोड़ेका गमन, सुरथ चरित्र, ५० सुरथ अंगसम्वाद, ५१ चम्पकके साथ पुष्कलका युद्ध, पुष्कलबन्धन चम्पकपराजय, पुष्कल मोचन, ५२ सुरथ हनुमत् सम्वाद, सुरथके युद्धमें शत्रुघ्नकी पराजय, ५३ सुग्रीवके साथ सुरथका तुमुलयुद्ध, रामास्त्रसे सुरथका राम पक्षीय सबको बांधकर निजपुरमें लाना, सुरथरामसमागम, सबकी मुक्ति कल्की आश्रममें अश्वागमन ५४, लवकर्तृक अश्वबन्धन, ५५ वात्स्यायन द्वारा सीता त्यागाख्यानकथनमें रामकीर्ति श्रवणार्थ नगरमें दूतोंका गमन,५६ रामके निकट दूतोंद्वारा रजकदुरुक्ति निवेदन राम भरत संवाद, ५७ रजकका पूर्वजन्म चरित, ५८ सीता त्यागार्थ शत्रुघ्नके प्रति रामाज्ञा, शत्रुघ्न रामसम्वाद, लक्ष्मणके प्रति सीता त्यागार्थ आदेश, सीताका वनगमन, वनमें गंगादर्शन, ५९ वाल्मीकिआश्रममें सीताका गमन, वाल्मीकिकर्तृक सीतासान्त्वन, कुश लवकी जन्मकथा, ६० शत्रुघ्न सेनापतिकालजितके साथ लवका युद्ध, कालजितका मरण, ६१ हनूमानके साथ लवकायुद्ध संग्राममें हनूमानकी मूर्च्छा, ६२ शत्रुघ्नके साथ लवका तुमुल युद्ध, लवकी मूर्छा, ६३ लवके गिरने

से शोक, कुशका आगमन, कुशके साथ युद्धमें शत्रुघ्नको मूर्छा, ६४ हनूमान और सुग्रीवके साथ लवका युद्ध दोनोंको बांधना कुशलवका सीताके निकट युद्ध वृत्तांत कथन और बद्धकपि प्रदर्शन, सीताकर्तृक रामसैन्यसञ्जीवन, कुशलवका शत्रुघ्नके निकट अश्वत्याग, ६५ शत्रुघ्नादि का अश्वसहित अयोध्यामें आगमन और सुमतिका रामके निकट संपूर्ण वृत्तांत कथन, ६६ राम वाल्मीकि संवाद, सीतालानेके निमित्त लक्ष्मण का गमन, सीताकी आज्ञासे लक्ष्मणके साथ कुशलवका अयोध्यामें गमन वाल्मीकिकी आज्ञासे कुशलवका रामचरित गान, रामद्वारा दोनों पुत्रोंको अंकमें आरोप, रामायण रचना कारण और वाल्मीकिका पूर्वचरित वर्णन ६७ सीतालानेके निमित्त वनमें लक्ष्मणका पुनर्गमन, राम सीता समागम यज्ञारम्भ, रामाश्वमेध यज्ञ वर्णन, ६८ रामाश्वमेध समाप्ति और रामाश्वमेध श्रवणफल, ६९ श्रीकृष्ण चरितारंभ, वृन्दावनादि कृष्णक्रीडा स्थल वर्णन वृन्दावन माहात्म्य, ७० श्रीकृष्णपार्षदगण, निरूपण राधामाहात्म्य, गोपिका मध्यस्थ परब्रह्म कृष्ण स्वरूप वर्णन, ७१ वृन्दावन मथुरादिक्षेत्र महिमा, गोपियोंकी उत्पत्ति, ७२ प्रधानकृष्णवल्लभोंका वर्णन, ७३ मथुरावृन्दावन महिमा, ७४ अर्जुनका राधालोक दर्शन, स्त्रीत्वप्राप्ति, ७५ नारदका राधालोकदर्शन, स्त्रीत्वप्राप्ति, ७६ संक्षेपसे कृष्णचारित्रकीर्त्तन, ७७ कृष्णतीर्थ और कृष्णरूपगुण वर्णन, ७८ शालग्राम निर्णय, ७९ शालग्राम महिमा वैष्णवोंकी तिलक विधि और वैष्णवोंके विविध नियमनिरूपण, ८० कलिसन्तारक हरिनाम महिमा और हरि पूजा विधि, ८१ कृष्णमंत्र दीक्षा विधान और मंत्र शब्दार्थ निरूपण, ८२ मंत्र दीक्षा विधि, ८३ कृष्णको वृन्दावनमें दैनन्दिनचर्य्यानिरूपण उस प्रसंगमें राधाविलासादि वर्णन, वृन्दावनमाहात्म्य समाप्ति, ८४ वैशाखमाहात्म्यप्रारंभ, वैष्णव धर्म्म कथन, ८५ अम्बरीष नारद सम्वादमें भक्तिलक्षण और माधव मास महिमा, ८६—८७ माधवमासव्रतविधि, वैशाखस्नान माहात्म्य

८८ पाप प्रशमनार्थस्तोत्र उस प्रसंगमें मुनिशर्म्म चरित, ८९ वैशाख मासमें विविध व्रतनिमय कथन, ९० विष्णु पूजा विधि, ९१ माधव मासमें माधव पूजा जनितपुण्य महिमा उस प्रसंगमें ब्राह्मण यमसम्वाद, ९२–९३ नारकियोंका पाप और स्वर्गियोंका पुण्य निरूपण, वैष्णवोंके विविध नियम निर्णय, ९४ माधव मास स्नान प्रसंगमें धनधर्म्म विप्रचरित, ९५–९६ महीरथराजचरित, वैशाख स्नान पुण्यादि वर्णन ९७ विविध पाप पुण्यकथन, ९८ महीधर दत्त पुण्यफलसे नारकीयोंकी मुक्ति, ९९ विष्णु ध्यान निरूपण वैशाख माहात्म्य समाप्ति १०० रामचरित निरूपणमें शिवका राममन्दिरागमन, रामका विभीषण बन्धन वार्त्ता श्रवण अष्टादश पुराण निवेदन पुराण श्रवण विधि, विभीषणमोचन विप्रावज्ञाजनित पापज दुःख कथन १०१ श्रीरामका पुष्पकारोहणमें श्रीरंगनगर गमन, रामका वैकुण्ठ गमन रामलक्ष्मी सम्वाद आद्धकाल निर्णय शिवलिंग स्थापन पूजन विधि भस्ममहिमा भस्ममाहात्म्य प्रसंगमें धनञ्जयनामक विप्रचरित भस्मस्नान, १०२ भस्म महिमामें कुक्कुरकी मुक्ति सहगामिनीस्त्रीमाहात्म्य वर्णन प्रसंगमें अठ्ययाचरित, १०३ त्र्यायुष मंत्राख्यान, १०४ भस्मोत्पत्ति, भस्मादान धारण पुण्यकथन, १०५ शिवलिंगार्चननियम, १०६ अग्निमुखनामक शिवगण कथन प्रसंगमें काराङ्किका नामक वेश्या चरित, १०७हरनाम माहात्म्य प्रसंगमें विधृतराजचरित १०८ शिवनामप्रसंगमें देवरात सुताकलाका चरित्र १०९ पुराण श्रवण महिमा और पौराणिक पूजा विधि ११०–१११ शिवपूजा वर्णन, पुराण श्रवण पठन क्रममें भारत श्रवण विधि, महापुराण और उपपुराणकी संख्या कथन, ११२ राम जामवन्त सम्वादमें पुराकल्पीय रामायण कथन, ११३ देवपूजादि धर्म्म पुण्यप्रसंगमें मंकण पुत्र अकथका चरित, रामकृत कौशल्याकी श्राद्ध विधि, रूपक राक्षसचरित उपहत द्रव्य पूजाकथनमें चेकितानि ब्राह्मण और मन्द

चरित पातालखण्ड श्रवणफल, पुराणवक्ताका सत्कार कथन, बम्बईके छपे पातालखण्डमें ११७ अध्यायहैं कथायहीहैं.

५ म—उत्तर खण्डमें—१ नारद माहेश्वर सम्वाद, उत्तर खण्डोक्त विषयानुक्रम, २ बदरिकाश्रम वर्णन, ३ जालन्धर उपाख्यान, जालन्धरको ब्रह्मके निकट वर प्राप्ति, जालन्धरका विवाहादि वर्णन, ४ इन्द्रके निकट जालन्धरका दूतप्रेरण, ६ जालन्धर पक्षीयदैत्योंके साथ देवगणका युद्ध ७ बलसे हीरकादि नाना धातुकी उत्पत्ति, ८ जालन्धरके निकट इन्द्रका पराभव विष्णुकी मूर्च्छा और विष्णुका जालन्धर गृह वास वर्णन, ९ जालन्धरका राज्य वर्णन, १० शंकरकृत सकल तेजो मय चक्रविधान निर्म्माण, ११ कीर्तिमुखोत्पत्ति वर्णन, १२ जालन्धर सैन्य पराभव १३ शंकर युद्धमें दैत्योंकी पराजय, १४ माया शंकर और पार्वतीसम्वाद, १५ जालन्धरपत्नी वृन्दाका स्वम वर्णन, वृन्दाका राक्षस हस्तमें पतन १६ तापस वेशधारी विष्णुद्वारा वृन्दाका मोचन, मायाजालन्धररूपमें विष्णुका वृन्दाके साथ संगम, वृन्दाका देहत्याग और वृन्दावन नाम कथन, १७ भार्य्याके पातिव्रत्यभंग-श्रवणान्तमें जालन्धरका युद्धमें गमन, १८ जालन्धरके साथ शंकरका युद्ध शुक्रकर्त्तृक मृतदैत्योंको पुनर्जीवन प्राप्ति, १९ जालन्धरको शिव, सायुज्य प्राप्ति और तुलसी माहात्म्य वर्णन, २० श्रीशैल माहात्म्य, २१—२२ हरिद्वार माहात्म्य, २३ गंगा माहात्म्य और गया माहात्म्य-२४ तुलसी माहात्म्य, २५ प्रयाग माहात्म्य, २६ तुलसी त्रिरात्रव्रत, २७ अन्नदान माहात्म्य, २८ इतिहास पुराणादिकी पठन विधि, २९ इतिहास और पुराण पठनमें महाफल प्राप्ति, ३० गोपीचन्दन माहात्म्य, ३१ दीप व्रत विधान, ३२ जन्माष्टमी व्रत, ३३ दान प्रशंसा, ३४ दशरथकृत शनिस्तोत्र, ३५ त्रिस्पृशैकादशी व्रत, ३६ ग्राह्यैकादशी और त्याज्यैकादशी, ३७ उन्मीलन्येकादशी व्रत, ३८ पक्षवर्धिन्ये-

कादशी व्रत, ३९ एकादशी माहात्म्य, ४० जया विजया और जयन्त्येकादशी, ४१ अग्रहायणमासकी शुक्ल पक्षीय मोक्षी नामक एकादशी माहात्म्य, ४२ पौषकृष्ण सफलानामक एकादशी माहात्म्य, ४३-४४ माघकृष्णाषट्तिला एकादशी माहात्म्य, ४५ माघशुक्ल जया एकादशी माहात्म्य, ४६ फाल्गुण कृष्ण विजया एकादशी माहात्म्य, ४७ फाल्गुण शुक्ल आमलकी एकादशी माहात्म्य, ४८ चैत्रकृष्ण पापमो चनी एकादशी माहात्म्य, ४९ चैत्र शुक्ल कामदा एकादशी माहात्म्य वैशाख कृष्णा वरूथनी एकादशी माहात्म्य, ५०-५१ वैशाख शुक्ला मोहिनी एकादशी माहात्म्य, ५२ ज्येष्ठकृष्णा परा एकादशी माहात्म्य, ५४ आषाढ कृष्णा योगिनी एकादशी माहात्म्य; ५५ आषाढ शुक्ला शयनी एकादशी माहात्म्य, ५६ श्रावण शुक्ला पुत्रदा एकादशी माहात्म्य, ५८ भाद्रपद कृष्णा अजा एकादशी माहात्म्य ५९ भाद्रपद शुक्ला पद्मनाभ एकादशी माहात्म्य ६१ आश्विन शुक्ला पापांकुशा एकादशी माहात्म्य, ६२ कार्त्तिक कृष्णा रमा एकादशी माहात्म्य, ६३ कार्त्तिक शुक्ला प्रबोधिनी एकादशी माहात्म्य, ६४ पुरुषोत्तम मासकी कृष्ण कमला एकादशी माहात्म्य और एकादशी माहात्म्य समाप्ति, ६६ चातुर्मास्य व्रत विधि, ६७ चातुर्मास्य व्रतोद्यापन विधि, ६८ मुद्गल मुनिका आख्यान, वैतरणी व्रतविधि और गोपीचन्दन माहात्म्य, ६९ वैष्णवलक्षण और प्रशंसा, ७० श्रवण द्वादशी व्रत विधि, और उसकी प्रशंसा बोधक आख्यायिका, ७१ नदी त्रिरात्रव्रत विधान, ७२ भगवानका नाम माहात्म्य कथन, पार्वती और महेश्वर संवादमें विष्णुका सहस्रनाम स्तोत्र कथन, और राम सहस्र नामके साथ तुल्यता, ७३ विष्णु सहस्रनामकी प्रशंसा, ७४ पार्वती महेश्वर संवादमें रामरक्षा स्तोत्र कथन, ७५ धर्म्म प्रशंसा और अधर्म्म हेतु अधोगति वर्णन ७६ गल्लिका नदी माहात्म्य और वसु स्नान प्रशंसा, ७७ आभ्युद-

दूतरूपसे प्रेरण, कीर्तिमुखोत्पत्ति, उसकी पूजाको न करनेसे शिवपूजाको निष्फलत्व, राहुका वर्वरदेशोत्पत्ति वर्णन, १०२ समस्त देवगणके तेजसे शंकरद्वारा सुदर्शन निर्माण और दैत्योंके साथ शिवसेनाका युद्ध १०३ नन्दी आदिका कालनेमि असुरोंके साथ द्वन्द्वयुद्ध, १०४ शिवकृत दैत्यपराजय, शिव और जलन्धरका युद्ध, गान्धर्व मायामें शिवको मुग्धकरके शिवरूपमें जन्धरका पार्वतीके निकट गमन, पार्वतीका अन्तर्द्धान और स्मरणमात्रसे विष्णुका पार्वतीके निकट, आना, इसवृत्तान्तके श्रवणसे वृन्दाका सतीत्व नष्ट करनेके निमित्त विष्णुका संकल्प, ६०५ विष्णु कर्तृक जलन्धर रूपमें वृन्दाका सतीत्व नाश, रतिके अन्तमें विष्णु रूपदर्शनसे क्रुद्धवृन्दाद्वारा विष्णुके प्रतिराक्षसकृत भार्य्याहरण रूप अभिशाप और वृन्दाका अग्निप्रवेश, चिताभस्म लगाकर विष्णुका चितामें वास, १०६ शंकरद्वारा जलन्धरवध, शंकरकी आज्ञासे विष्णुका मोह दूरकरनेके निमित्त देवकृत आदिमाया स्तोत्र, १०७ स्त्रीरूपधारी धात्री आदि दर्शनसे विष्णुको भ्रम, मालतीको वर्वरी आख्या प्राप्ति निर्देश धात्री और तुलसी माहात्म्य, जलन्धराख्यान समाप्ति, १०८ कार्त्तिक प्रशंसा बोधककलहोपाख्यानारंभ, १०९ धर्म्मदत्त द्वारा द्वादशाक्षर मंत्र पाठन अनन्तर तुलसीयुक्त जलाभिषेचनमें राक्षसीको दिव्यदेह प्राप्ति, ११० विष्णुदास ब्राह्मण और चोलराजाका आख्यान १११ विष्णुदास और चोल राजाका वैकुंठ गमन, और मुद्गल गोत्रियोंको शिखाशून्यत्वका कारण कथन, ११२ कार्त्तिक प्रशंसा बोधक जय और विजयका पूर्वजन्म वृत्तान्त, कलहार वैकुंठ प्राप्ति, ११३ कृष्णवेण्यादि नदीकी उत्पत्ति कथनमें ब्रह्माद्वारा यज्ञाख्यान वर्णन, अपूज्यपूजनमें दुर्भिक्ष, मरण और भय इसकी दूसरेको प्राप्ति, और कृष्णवेण्यादि माहात्म्य, ११४ श्रीकृष्ण सत्यभामा सम्वाद, ११५ महापातकी धनेश्वर विप्राख्यान, ११६ धनेश्वरका नरक दर्शन और कार्त्तिक

व्रतफलमें यक्षलोकमें गमन, ११७ कार्त्तिकव्रतकी विधि, अश्वत्थ और वट व्रतविधि और उनकी विष्णवादि तुल्यत्व आख्यायिका, ११८ शनिवार भिन्न अन्यवारमें अश्वत्थ वृक्ष स्पर्श न करनेका कारण निर्देश, ११९कार्त्तिक स्नान विधि और वायव्यादि चार प्रकारका स्नान कथन, १२२कार्त्तिकमें धेनु आदि देनेका महाफल, कार्त्तिक व्रतियोंको परान्न त्यागादि नियम और कार्त्तिकमें पूजादि विधि कथन, १२१माघ स्नान और शूकरक्षेत्र माहात्म्य तथा मासावधि उपवासमें व्रतका विधान, १२२ शालग्राम शिलार्चन विधि और शालग्राममें वासुदेवादि मूर्त्तिका लक्षण, १२३ धात्री छायामें पिण्डदान प्रशंसा कार्तिकमें केतक्यादि-द्वारा पूजाविधि दीपदान विधि और तदाख्यायिका, १२४ त्रयो-दश्यादि द्वितीयापर्य्यन्त दीपावली दान विधि राजकर्तव्य और यम द्वियीया कथन, १२५ प्रबोधिनी माहात्म्य और उसके व्रतकी विधि, भीष्मपञ्चक व्रतविधि और कार्त्तिक माहात्म्य श्रवण फल, १२६ विष्णु भक्तिका माहात्म्य और लक्षण और उससे हीनकी निन्दा, १२७ शाल-ग्रामशिला पूजाका फल, १२८ अनन्त वासुदेवका माहात्म्य और विष्णुके स्मरणका प्रकार, १२९ जम्बू तीर्थस्थ सम्पूर्ण तीर्थ और उनका माहात्म्यका कथन, १३० वेत्रवती माहात्म्य १३१ साभ्रमती और तत्तीरस्थ नीलकण्ठादि वृक्षोंका माहात्म्य, १३२ नन्दि और कपालमोचन तीर्थका माहात्म्य, १३३ विकर्ण तीर्थ श्वेततीर्थादिका माहात्म्य १३४ अग्नितीर्थ माहात्म्य और उस प्रसङ्गमें कुकर्द्दम राजा का आख्यान १३५ हिरण्यासङ्गमतीर्थ और धर्म्मावती साभ्रमती सङ्गम उस प्रसङ्गमें माण्डव्याख्यान, १३६ कम्बु आदि तीर्थ माहात्म्य मंकितीर्थ माहात्म्यमें मंकि नामक, ऋषि आख्यान, १३७ ब्रह्मवल्ली और खण्डतीर्थ माहात्म्य, १३८ सङ्गमेश्वरतीर्थ माहात्म्य, १४१ चित्राङ्गवदन तीर्थ माहात्म्य, १४२ चन्दनेश्वर माहात्म्य, १४३ जम्बु

तीर्थ माहात्म्य उस प्रसङ्गमें किराताख्यायिका, १४५ कण्व मुनिकन्या और वृद्ध महिमाख्यान, १४६ दुर्द्धर्षेश्वर माहात्म्य उस प्रसंगमें पाशुपत अस्त्रसे इन्द्र द्वारा वृत्र वधाख्यान, १४७ खड्गधार तीर्थ माहात्म्य उस प्रसंगमें चण्ड किराताख्यान, १४८ दुग्धेश्वरतर्थि माहात्म्य १५१ पिचुमर्द्दार्कतीर्थ माहात्म्य, १५२ सिद्धक्षेत्र माहात्म्यमें कोटराक्षी स्तोत्र! १५३ तीर्थराज तीर्थ माहात्म्य, १५४ सोमतीर्थ, १५५ कपोत तीर्थ, १५६ गोतीर्थ माहात्म्य, १५७ काश्यप तीर्थ माहात्म्य, १५८ भूताlय तीर्थ माहात्म्य, १५९ घटेश्वर माहात्म्य १६० वैद्यनाथ माहात्म्य, १६१ देव तीर्थ माहात्म्य, १६२ चण्डेश तीर्थ माहात्म्य, १६३ गाणपत्य तीर्थ, १६४ साभ्रम तीर्थ माहात्म्य, १६५ वराह तीर्थ, १६६ संगम तीर्थ, १६७ आदित्य तीर्थ, १६८ नीलकण्ठ तीर्थ १६९ साभ्रमती सागर संगम माहात्म्य, १७० नृसिंह तीर्थ माहात्म्य, १७१ गीता माहात्म्य, १७२ गीताके द्वीतीयाध्याय माहात्म्यमें वेद शर्म्माख्यान, १७३ तृतीयाध्याय माहात्म्यमें जड़ाख्यान, १७४ चतुर्थाध्याय माहात्म्यमें बदरीमोचन, १७५ पञ्चमाध्याय माहात्म्यमें कन्याख्यान, १७६ षष्ठाध्याय माहात्म्यमें जान श्रुति नृपाख्यान, १७७ सप्तमाध्याय माहात्म्यमें तंत्राख्यान, १७८ अष्टाध्याय माहात्म्यमें भावशर्म्माख्यान, १७९ नवमाध्याय माहात्म्य- १८० दशमाध्याय माहात्म्य, १८१ विश्वरूप नामक गीतैकादशाध्याय माहात्म्य और तदाख्यायिका, १८२ द्वादशाध्याय माहात्म्य, १८३ त्रयोदशाध्याय माहात्म्यमें दुराचाराख्यान, हरिदीक्षित पत्नीका व्यभिचार प्रसङ्ग, १८४।१८८ चौदहसे अठारह अध्यायतक का माहात्म्य; १९० नारदकर्तृक भक्ति माहात्म्य कथन, १९१ भक्तिकी हरिदास चित्त में स्थिति वर्णन १९२ गोकर्णाख्यान १९३ भागवत सप्ताहमें गोकर्ण मुक्ति वर्णन, १९४ भागवत प्रशंसा, १९५ कालिन्दी माहात्म्य १९६ विष्णुशर्म्माको पूर्व जन्मस्मृति, भिल्लसिंहकी मुक्तिकथन १९७ निगमोद्धो

धतीर्थ प्रसंगमें शरभनामक वैश्याख्यान, १९८ देवलकृत दिलीपाख्यान १९९ रघुद्वितीयसर्ग प्रसिद्ध दिलीपका गोप्रासाद वर्णन २०० शरभका इंद्रप्रस्थ गमन और वैकुण्ठ प्राप्ति, २०१ इंद्रप्रस्थ माहात्म्य, शिवशर्म्मा विष्णुशर्म्माकी वैकुण्ठ प्राप्ति कथन २०२ द्वारका माहात्म्य और उस प्रसंगमें पुष्पेषुद्विजका आख्यान, २०३ विमलाख्यान, और मित्रलक्षण २०४ मरुदेशस्थ राक्षसियोंके प्रसङ्गमें उत्तमलोक प्राप्ति वर्णन, २०५ २०६ इंद्र प्रस्थगत कोशलामाहात्म्यमें मुकुंदाख्यान; २०७ चण्डक नामक नाईको ब्राह्मण वधके कारण सर्पयोनि प्राप्ति और कोशलाप्रभाव से उसकी मुक्ति २०८ कोशला प्राप्त दाक्षिणात्य ब्राह्मणकृत विष्णुस्तोत्र और दाक्षिणात्योंका वैकुंठ गमन २०९ कालिन्दी तीरस्थ मधुवन गत विश्रान्ति तीर्थ माहात्म्य और उस प्रसंगमें व्यभिचारिणी कुशल पत्नी का आख्यान और उसको गोधा योनि प्राप्ति २१० उक्त गोधा दर्शन से किसी मुनि पुत्रको मातृत्व ज्ञान और गोधाको उत्तमगति प्राप्ति- २११ स्वैरिणी होनेके कारण कथन प्रसङ्गमें चन्द्रकृत गुरुभार्य्या हरण प्रसङ्ग २१२ इंद्रप्रस्थ गत बदरी माहात्म्यमें देवदास नाम ब्राह्मणाख्यान २१३ हरिद्वार माहात्म्यमें कालिंग चण्डालाख्यान २१४ पुष्कर माहात्म्यमें पुण्डरीकाख्यान, २१५ भरतकृत पूर्वपुण्यकथन और पुण्डरीक की सायुज्य प्राप्ति २१६ प्रयाग माहात्म्यमें मोहिनी वेश्याका आख्यान २१७ वीरवर्म्माकी रानीका आख्यान २१८ काशी, गोकर्ण शिवकाञ्ची द्वारका और भीमकुण्डादिका माहात्म्य, चैत्रकृष्णा चतुर्दशीमें इंद्रप्रस्थ प्रदक्षिण फल २१९ माघ माहात्म्यमें देवलादि मुनि सहित सूत संवाद २२० माघमाहात्म्यमें दिलीप मृगया और माघ स्नान माहात्म्य २२१ माघ स्नानमें विद्याधरकी सुमुखत्व प्राप्ति २२२ कुत्समुनिपुत्र वत्साख्यान, २२३ उद्वाहयोग्य कन्यालक्षण, और अयोग्य कन्या विवाह में महापातक, २२४ उतथ्य मुनिकन्याका सखीसहित माघस्नान, मृगश्रृङ्ग संवाद, मृगश्रृंगका मृत्युस्तोत्र, गजमुक्ति, २२५ मृगश्रृंगकृत

यमस्तोत्र और उतथ्य कंयाको पुनर्जीवन प्राप्ति, २२६ यम पुरी वृत्तांत २२७ पापियोंको नरकभोग, और कीटयोनि प्राप्ति कथन, २२८ शालग्राम पूजा का एकादश्यादि व्रतकरणरूम साधन कथन, २२९ कृत त्रेतादि क्रमसे चतुर्युग वर्णन, यमलोकसे फिर मृत्युलोकमें प्राप्त हुए पुष्कर नामक विप्रका आख्यान, २३०-२३१ रामद्वारा वृद्ध ब्राह्मण सान्दीपनी पुत्रका पुनर्जीवन और कृष्ण समागम, २३२ उतथ्यकन्या सुवृत्ता और उसकी तीन सखीके साथ मृगशृंगका विवाह ब्राह्मादि आठ प्रकारके विवाहका लक्षण और उसप्रसङ्गमें सौभरि द्वारा पचास राजकन्या का पाणि ग्रहणाख्यान, २३३ गृहस्थाश्रम धर्म्म, २३४ पतिव्रता धर्म्म, २३५ मृग शृङ्गके चार पुत्रोंकी उत्पत्ति, श्वेत वराह कल्पमें ऋभुका अवतार, मृगशृंग पुत्र मृकण्डुका मातागण सहित काशीगमन और काशी प्रशंसा, २३६ मृकण्डुका आख्यान, मार्कण्डे-योत्पत्ति, मार्णण्डेय कर्तृक मृत्युञ्जय स्तोत्र, माघस्नानादि पुण्य कथन, २३७ प्रधान २ तीर्थमें माघस्नानविधि, माघमें विष्णुपूजा विधि, २३८ उत्तम गति प्राप्तिका उपाय और पाप कर्म्म निरूपण, २३९ भीमैकादशी व्रतकथा, २४० शिवरात्र व्रत विधि, २४२ तिलोत्त-माख्यानमें सुन्द और उपसुन्द वधाख्यान, २४३ कुण्डल और विकुण्डलका आख्यान २४४ विकुण्डल यमसंवादमें यमलोक गमनाभाव करण तुलसी प्रशंसा, और नरक प्राप्तिकर धर्म्म निरूपण, २४५ विकुण्डल यम संवादमें गंगा प्रशंसा, स्वर्ग प्राप्तिका कारण शालग्राम शिला मूल्य देकर खरीदनेमें महा पातक, एकादशी व्रत निबन्धन दुर्गति नाश विकुण्डल कर्तृक नरक पतित अपने बन्धुओंका उद्धार श्रीकुण्डल और विकुण्डलका स्वर्ग गमन कथन, २४६ माघस्नान माहात्म्य प्रसंगमें काञ्चन मालिनी कृत माघ स्नान पुण्यसे राक्षसकी मुक्ति कथन, २४७ माघस्नान प्रशंसा, और गन्धर्व कन्या ख्यान, २४८ गन्धर्व कन्या द्वारा कामुक ऋषि पुत्रको पिशाच

योनि गमनरूपशाप, लोमशका माघस्नानोपाय कथन और ऋषि पुत्रकी शापमुक्ति, २४९ प्रयाग स्नान माहात्यमें भद्रकनामक ब्राह्मणाख्यान, देवद्युति कृत योगसार स्तोत्र, २५० वेदनिधि लोमश सम्वाद, वेदनिधि द्वारा गन्धर्व कन्याका पाणिग्रहण, माघ माहात्म्य समाप्ति, २५१ विष्णु-मंत्र प्रशंसा प्रतप्त शंखचक्रांकन विधि ब्रह्म शरीरमें विष्णुद्वारा चक्रांकन कथन द्वैत और तदधिकारियोंका परम धर्म्म कथन, २५२ विष्णुभक्ति निरूपण शंखचक्रांक विहीन की निन्दा, २५३ ऊर्ध्व पुण्ड्र धारण विधि २५४ उपदिष्ट अवैष्णवको पुनर्वैष्णव मंत्र ग्रहण विधि, द्वैताभ्यासका महत्व कथन, अष्टाक्षर मंत्र, २५५ विष्णु स्वरूप कथन, त्रिपाद्विभूति स्वरूप कथन, २५६ महामायाकी प्रार्थनासे विष्णु द्वारा सृष्टि वचन, २५७ सविस्तार सृष्टि कथन, योग निद्राभिभूति विष्णुके नाभिकमलसे ब्रह्माके कपालके स्वेदसे रुद्र, नेत्रसे चन्द्र सूर्य्यादि, मुखादिसे ब्राह्मणों की उत्पत्ति, दशावतार, वैकुण्ठ लोक और अष्टाक्षर जपसे वैकुंठ प्राप्ति कथन, २५८ मत्स्यावतार चरित, २५९ कूर्मावतार चरित, २६० समुद्र मन्थनाख्यान, २६१ विष्णु कर्तृक एकादशी और द्वादशी प्रशंसा तथा देवगणकी कूर्मावतार स्तुति २६२ एकादशी व्रत विधि, २६३ पाषण्डि लक्षण और तामस दर्शन स्मृति और पुराणादिका त्याज्यत्व कथन, २६४ वाराहावतार चरित, कश्यपके पुत्ररूपमें विष्णुका प्रादुर्भाव संकल्प, २६७ अदिति गर्भमें वामनरूपसे विष्णुका प्रादुर्भाव और बलि छलना, २६८ परशुराम चरित, २६९ रामचरित, २७०–७१ लंकासे लौटे हुए रामका राज्याभिषेक, शिवकृत रामसीता स्तुति, रामका परलोक गमन, २७२ श्रीकृष्ण चरित, २७३ रामकृष्णके उपनयन संस्कारसे मुचुकुन्द कृष्ण संवाद पर्य्यन्त, २७४ रामकृष्णके साथ जराजन्धका युद्ध, और रुक्मिणीहरण प्रसङ्ग २७५ स्यमन्तक और पारिजात हरण उपाख्यान, २७६ उषाऽनिरुद्धाख्यान, २७७ कृष्ण द्वारा पौंड्रक वासुदेव और

उसके सुतका वध, २७८ जरासन्ध वध, शिशुपाल वध, दन्तवक्र वध, सुदामा चरित, मुसलोत्पत्ति, यदुवंस ध्वंश, कृष्णका देहत्याग, अर्जुनका द्वारकामें आगमन, अर्जुन सहगामिनी कृष्णपत्नियोंका हरण, कृष्ण मंत्रमहिमा इत्यादि कथन, २८० वैष्णवाचार कथन, २८१पार्वतीकृत विष्णुकी पूजा, रामचन्द्रके अष्टोत्तर शतनाम,२८२विष्णुको सर्वोत्तमत्व कथन, विष्णुपूजनके अन्तमें दिलीपका हरिपद गमन.

ऊपर पद्मपुराणका जो विषय दियागयाहै उसके पाताल खण्ड और उत्तर खण्डके किसी २ अंशमें लोगोंको शंकाहै कि उसके अनेक अंश पुराणश्रेणीके नही हैं आदि पद्मपुराणमें यह विषय वर्णित न होंगे इसपर हम कहतेहैं अब देखना चाहिये कि मूल पद्मपुराणका लक्षण क्याहै. और उसमें क्या २ विधि वर्णितहै.

मत्स्यपुराणमें (५३ । १४) लिखाहै—

"एतदेव यदा पद्म ह्यभूद्धैरण्मयं जगत् ।
तद्वृत्तान्ता अयं तद्वत् पाद्ममित्युच्यते बुधैः ॥
पाद्मं तत्पञ्चपञ्चाशत् सहस्राणीह पठ्यते"

इस पद्मकी श्लोकसंख्या ५५००० है, इसमें हिरण्मय पद्ममें जगदुत्पत्ति वृत्तान्त वर्णितहै, इसकारण इसपुराणको पण्डितलोग "पाद्म" कहतेहैं.

मत्स्यपुराण पद्मपुराणका जो लक्षण निर्देश करताहै, इस समयके प्रचलित पद्मपुराणके सृष्टि खण्डमें उसका अभाव नहीं है । सृष्टि खण्डके ३६ अध्यायमें यह हिरण्मयपद्म और उसमें जगदुत्पत्तिकी कथा विस्तृत भावसे वर्णित हुईहै (१)

---

(१) पद्मरूप मभूदेतत् कथं पद्ममयं जगत् ।
कथञ्च वैष्णवी सृष्टिः पद्ममध्येऽभवत् पुरा ॥
कथं पाद्मे महाकल्पेऽभवत् पद्ममयं जगत् ।
जलार्णवगतस्येह नाभौ जातं जलोद्भवम् ॥" इत्यादि (३६।२–३)

इस पद्मपुराणके अन्तर्गत सृष्टिखण्डमें लिखाहै—

"एतदेवच वै ब्रह्मा पाद्मं लोके जगाद वै ।
सर्वभूताश्रयं तच्च पाद्ममित्युच्यते बुधैः ॥
पाद्मं तत् पञ्चपञ्चाशत् सहस्राणीह पठ्यते ।
पञ्चभिः पर्वभिः प्रोक्तं संक्षेपाद् व्यासकारणात् ॥
पौष्करं प्रथमं पर्व यत्रोत्पन्नः स्वयं विराट् ।
द्वितीयं तीर्थपर्व स्यात् सर्वग्रहगणाश्रयम् ॥
तृतीयपर्वग्रहणे * राजान्ता भूरिदक्षिणाः ।
वंशानुचरितञ्चैव चतुर्थे परिकीर्तितम् ॥
पञ्चमे मोक्षतत्त्वं च सर्वज्ञत्वं निगद्यते ।
पौष्करे नवधा सृष्टिः सर्वेषां ब्रह्मकारिका ॥
देवतानां मुनीनाञ्च पितृवर्गस्तथाऽपरः ।
द्वितीये पर्वतानाञ्च द्वीपाः सप्त च सागराः ॥
तृतीयेरुद्रसर्गस्तु दक्षशापस्तथैव च ।
चतुर्थे सम्भवो राज्ञां सर्ववंशानुकीर्तनम् ॥
अपवर्गस्य संस्थानं मोक्षशास्त्रानुकीर्तनम् ।
सर्वमेतत्पुराणेस्मिन् कथयिष्यामि वो द्विजाः ॥

(सृष्टिखण्ड १ । ५४ । ६०)

इस पुराणमें ब्रह्माने सर्व भूताश्रय पद्म सम्बंधीय कथा लोकमें प्रकाश कीहै,इस कारण इसका नाम पाद्महै । इस पद्मपुराणमें ५५००० श्लोकहैं । व्यासके निमित्त संक्षेपसे यह पाँच पर्वमें विभक्तहै । प्रथम पौष्करपर्वहै, इसपर्वमें विराट पुरुषकी उत्पत्ति कही गईहै । दूसरा तीर्थ पर्वहै, इसमें सब ग्रहोंकी कथा वर्णित हुईहै । तीसरे पर्वमें बडे दानी राज गणका विवरणहै, चौथे पर्वमें वंशानुचरित, पाँचवें पर्वमें मोक्षतत्त्व और सर्वज्ञत्व निरूपित हुआहै । पौष्कर वा प्रथम पर्वमें ब्रह्मकृत नौ प्रकारकी सृष्टि वर्णना, देवता, मुनि और पितरोंकी कथा, दूसरे पर्वमें

पर्वत समूह, द्वीप और सात समुद्रका विवरणहै; तीसरे पर्वमें, द्वीप रुद्रसर्ग और दक्षशाप, चौथे पर्वमें राजगणकी उत्पत्ति और सर्व वंशानुकीर्त्तन तथा पञ्चम पर्वमें मोक्ष साधन, मोक्ष शास्त्रका परिचय इस पुराणमें यह सब कहा गयाहै ।

सृष्टिखण्डमें ऐसे पञ्च पर्वात्मक पद्मपुराणका उल्लेख होनेपर भी अब हम पद्मपुराणका कोई पर्व नहीं देखते । सृष्टिखण्डमें ऐसा वर्णित होनेपर भी उत्तरखण्डमें अन्य प्रकारके खण्ड विभागका परिचय पायाजाताहै । यथा—

दाक्षिणात्यमें प्रचारित पद्मपुराणीय उत्तर खण्डमें (१)

प्रथमं सृष्टिखण्डञ्च द्वितीयं भूमिखण्डकम् ।
पातालञ्च तृतीयं स्याच्चतुर्थं पुष्करं तथा ॥
उत्तरं पञ्चमं प्रोक्तं खण्डान्यनुक्रमेण वै ।
एतत् पद्मपुराणन्तु व्यासेन च महात्मना ॥
कृतं लोकहितार्थाय ब्राह्मणश्रेयसे तथा । " (१ । ६६–६८)

१ म सृष्टि खण्ड, २ य भूमि खण्ड, ३ य पाताल खण्ड, ४र्थ पुष्कर खण्ड और पञ्चम उत्तर खण्ड, लोक हित और ब्राह्मणके श्रेयकारण महात्मा व्यासद्वारा खण्डानुक्रमसे पद्मपुराण रचित हुआहै.

ऊपर जो पञ्चमखण्डका उल्लेख किया गया है प्रचलित पद्मपुराणमें पुष्कर खण्डका संपूर्ण अभावहै । प्रचलित पद्मपुराणके कई अध्यायोंमें पुष्कर माहात्म्य वर्णित हुआहै.

फिर गौड़ीय उत्तर खण्डमें लिखाहै.

"एतदादिपुराणं वः कथितं बहुविस्तरम् ।
पद्माख्यं सर्वपापघ्नं पञ्चपर्वात्मकं द्विजाः ॥

---

१ गौडीय किसी २ पोथीमें "तृतीय पर्व स्वर्गश्च" अर्थात् तीसरा स्वर्ग पर्व है ऐसा लिखाहै, किन्तु दाक्षिणात्यकी किसी पोथीमें ऐसा पाठ नहीं है ।

प्रथमं सृष्टिखण्डन्तु द्वितीयं भूमिखण्डकम् ।
तृतीयं स्वर्गखण्डञ्च तुर्य्यं पातालखण्डकम् ॥
पञ्चमन्तूत्तरं खण्डं प्रत्येकं मोक्षदायकम् ।
परिशिष्टं क्रियायोगसारं वक्ष्यामि वः पुनः ॥"

यह आदि पुराण बहु विस्तृतहै इसका नाम पद्महै, यह पञ्चपर्वात्मक और सर्वपापनाशक है । इसका प्रथम सृष्टि खण्ड, दूसरा भूमि खण्ड, तीसरा स्वर्ग खण्ड, चौथा पाताल खण्ड और पाँचवाँ उत्तर खण्ड है । प्रत्येक खण्डही मोक्ष दायक है । इसका परिशिष्ट क्रिया योग सारहै ।

वास्तवमें गौडीय पाद्मोत्तर खण्डमें जैसे खण्ड विभाग वर्णित हुएहैं, नारद पुराणमेंभी ठीक ऐसे पञ्चखण्डात्मक पद्मपुराणका विषयानुक्रम दिया गयाहै, सो नीचे उद्धृत करते हैं—

शृणु पुत्र प्रवक्ष्यामि पुराणं पद्मसंज्ञकम् ।
महत्पुण्यप्रदं नृणां शृण्वतां पठतां मुदा ॥
यथा पञ्चेन्द्रियः सर्वं शरीरीति निगद्यते ।
तथेदं पञ्चभिः खण्डैरुदितं पापनाशनम् ॥

(१ सृष्टि खण्डमें—)

पुलस्त्येन तु भीष्माय सृष्ट्यादिक्रमतो द्विज ।
नानाख्यानेतिहासाद्यैर्यत्रोक्तो धर्म्मविस्तरः ॥
पुष्करस्य तु माहात्म्यं विस्तरेण प्रकीर्तितम् ।
ब्रह्मयज्ञविधानञ्च वेदपाठादिलक्षणम् ॥
दानानां कीर्तनं यत्र व्रतानाञ्च पृथक् पृथक् ।
विवाहः शैलजायाश्च तारकाख्यानकं महत् ।
माहात्म्यञ्च गवादीनां कीर्तितं सर्वपुण्यदम् ।
कालकेयादिदैत्यानां वधो यत्र पृथक् पृथक् ॥
ग्रहाणामर्च्चनं दानं यत्र प्रोक्तं द्विजोत्तम ।
तत्सृष्टिखण्डमुद्दिष्टं व्यासेन सुमहात्मना ॥

(२ य भूमि खण्डमें—)

पितृमात्रादिपूज्यत्वे शिवशर्म्मकथा पुरा ।
सुव्रतस्य कथा पश्चात् वृत्रस्य च वधस्तथा ॥
पृथोर्वैणस्य चाख्यानं धर्म्माख्यानं ततः परम् ।
पितृशुश्रूषणाख्यानं नहुषस्य कथा ततः ॥
ययातिचरितञ्चैव गुरुतीर्थनिरूपणम् ।
राज्ञा जैमिनिसम्वादो बह्वाश्चर्य्यकथा ततः ॥
कथा ह्यशोकसौन्दर्य्या हुण्डदैत्यवधान्विता ।
कामोदाख्यानकं तत्र विहुण्डवधसंयुतम् ॥
कुण्डलस्य च संवादश्च्यवनेन महात्मना ।
सिद्धाख्यानं ततः प्रोक्तं खण्डस्यास्य फलोदयम् ॥
सूतशौनकसम्वादं भूमिखण्डमिदं स्मृतम् ।

(३ य स्वर्ग खण्डमें—)

ब्रह्माण्डोत्पत्तिरुदिता यत्रार्षिभिश्च सौतिना ।
सभूमिलोकसंस्थानं तीर्थाख्यानं ततः परम् ॥
नर्म्मदोत्पत्तिकथनं तत्तीर्थानां कथाः पृथक् ।
कुरुक्षेत्रादितीर्थानां कथाः पुण्याः प्रकीर्त्तिताः ॥
कालिन्दीपुण्यकथनं काशीमाहात्म्यवर्णनम् ॥
गयायाश्चैव माहात्म्यं प्रयागस्य च पुण्यकम् ।
वर्णाश्रमानुरोधेन कर्म्मयोगनिरूपणम् ।
व्यासजैमिनिसम्वादः पुण्यकर्म्मकथान्वितः ।
समुद्रमथनाख्यानं व्रताख्यानं ततः परम् ॥
ऊर्ज्जपञ्चाहमाहात्म्यं स्तोत्रं सर्वापराधनुत् ।
एतत् सर्वाभिधं विप्र सर्वपातकनाशनम् ॥

(४ र्थ पाताल खण्डमें—)

रामाश्वमेधे प्रथमं रामराज्याभिषेचनम् ।
अगस्त्याद्यागमश्चैव पौलस्त्याय च कीर्त्तनम् ॥
अश्वमेधोपदेशश्च हयचर्य्या ततः परम् ।
नानाराजकथाः पुण्या जगन्नाथानुवर्णनम् ॥
वृन्दावनस्य माहात्म्यं सर्वपापप्रणाशनम् ।
नित्यलीलानुकथनं यत्र कृष्णावतारिणः ॥
माधवस्नानमाहात्म्ये स्नानदानार्चने फलम् ।
धरावराहसम्वादो यमब्राह्मणयोः कथा ॥
सम्वादो राजदूतानां कृष्णस्तोत्रनिरूपणम् ।
शिवशम्भुसमायोगो दधीच्याख्यानकन्ततः ॥
भस्ममाहात्म्यमतुलं शिवमाहात्म्यमुत्तमम् ।
देवरातसुताख्यानं पुराणज्ञप्रशंसनम् ॥
गौतमाख्यानकञ्चैव शिवगीता ततः स्मृता ।
कल्पान्तरी रामकथा भरद्वाजाश्रमस्थितौ ॥
पातालखण्डमेतद्धि शृण्वतां ज्ञानिनां सदा ।
सर्वपापप्रशमनं सर्वाभीष्टफलप्रदम् ॥

(५ म उत्तर खण्डमें—)

पर्वताख्यानकं पूर्वं गौर्य्यै प्रोक्तं शिवेन वै ।
जालन्धरकथा पश्चाच्छ्रीशैलाद्यनुकीर्त्तनम् ॥
सगरस्य कथा पुण्या ततःपरमुदीरितम् ।
गङ्गाप्रयागकाशीनां गयायाश्चापि पुण्यकम् ।.
आम्रादिदानमाहात्म्यं तन्महाद्वादशीव्रतम् ।
चतुर्विंशैकादशीनां माहात्म्यं पृथगीरितम् ॥
विष्णुधर्म्मसमाख्यानं विष्णुनामसहस्रकम् ।
कार्तिकव्रतमाहात्म्यं माघस्नानफलं ततः ॥

जम्बूद्वीपस्य तीर्थानां माहात्म्यं पापनाशनम् ।
साभ्रमत्याश्च माहात्म्यं नृसिंहोत्पत्तिवर्णनम् ॥
देवशर्मादिकाख्यानं गीतामाहात्म्यवर्णने ।
भक्ताख्यानञ्च माहात्म्यं श्रीमद्भागवतस्य ह ॥
इन्द्रप्रस्थस्य माहात्म्यं बहुतीर्थकथा चितम् ।
मंत्ररत्नाभिधानञ्च त्रिपाद्भूत्यनुवर्णनम् ॥
अवतारकथा पुण्या मत्स्यादीनामतः परम् ।
रामनामशतं दिव्यं तन्माहात्म्यञ्च वाडव ॥
परीक्षणञ्च भृगुणा श्रीविष्णोर्वैभवस्य च ।
इत्येतदुत्तरं खण्डं पञ्चमं सर्वपुण्यदम् ॥

ब्रह्माजी बोले कि, हेपुत्र ! मनुष्योंको अधिक पुण्य दायक पद्मपुराण नामक पुराण कहताहूं, श्रवण करो.

जैसे पञ्चेन्द्रिय युक्त सब कोई शरीरी कहे जातेहैं, उसी प्रकार पाप नाशकारी यह पद्मपुराण पांच खण्डमें वर्णित हुआहै, प्रथम सृष्टि खण्डमें पुलस्त्यकर्तृक भीष्मके सृष्ट्यादि क्रममें नानाख्यान और इतिहासके साथ विस्तृत धर्म्म कथन, पुष्कर माहात्म्य, ब्रह्म यज्ञ विधान वेदपाठादिके लक्षण दान और पृथक् २ व्रत, पार्वतीका विवाह और तारकाख्यान कीर्ति और पुण्य दायक गवादिका माहात्म्य और कालकेयादि दैत्यका वध ग्रहोंकी अर्चना और दान इत्यादि पृथक् २ रूपसे इस सृष्टि खण्डमें निर्दिष्ट हुएहैं.

द्वितीय भूमिखण्डमें पिता मातादिकी पूजा, शिव शर्म्मकथा, सुव्रतकी कथा,वृत्र वध कथा,पृथु और वेणराजोपाख्यान और धर्म्माख्यान,पितृ शुश्रूषा,नहुष वृत्तान्त, ययाति, गुरु और तीर्थ निरूपण, राजा और जैमिनि सम्वाद, अत्याश्चर्य्य हुण्डदैत्य चरित, अशोक सुन्दरकी कथा, विहुण्ड वध संयुक्त कामोदाख्यान, महात्मा च्यवन कुण्डल सम्वाद, अनन्तर सिद्धाख्यान,सूत शौनक सम्वादमें इस भूमि खण्डका विषय विवृत हुआहै.

तीसरे स्वर्ग खण्डमें सौति ऋषि सम्वाद, ब्रह्माण्डकी उत्पत्ति, भूमिके साथ लोक संस्थान, तीर्थाख्यान, नर्मदाकी उत्पत्ति कथन उसतीर्थकी पृथक कथा, कुरुक्षेत्रादि तीर्थोंकी पवित्र कथा, कालिन्दीकी पुण्य कथा,काशी माहात्म्य,पवित्र गयामाहात्म्य, प्रयागमाहात्म्य, वर्णाश्रमके अनुरोधमें कर्म्म योग निरूपण, पुण्य रूप कथा युक्त व्यास और जैमिनि सम्वाद, समुद्रमथनाख्यान, व्रताख्यान, ऊर्ज्ज और पञ्चाह माहात्म्य, सर्वापराध भञ्जन स्तोत्र आदि सर्वपातक नाशन कार्य्योंका उल्लेखहै.

चौथे पाताल खण्डमें—रामाश्वमेध, रामका राज्याभिषेक, अगस्त्यका आगमन, पौलस्त्य चरित, अश्वमेधोपदेश, हयचर्य्या, अनेक राज कथा, जगन्नाथाख्यान, वृन्दावन माहात्म्य, कृष्णावतारमें नित्य लीलाकथन, माघ स्नान, दान और पूजा फल, धरणी वराह सम्वाद, यम और ब्राह्मणकी कथा, राज दूतोंका सम्वाद, कृष्णस्तोत्र, शिव शम्भु समायोग, ददीचिका आख्यान, भस्म माहात्म्य, शिव माहात्म्य, देवरात सुताख्यान, पुराणज्ञ प्रशंसा गौतमाख्यान, शिवगीता, भरद्वाजाश्रमस्थकल्पान्तरी रामकथा, सर्वपापनाशक और सर्वाभीष्ट फलप्रद पातालखण्डमें यह सब वृत्तान्त है.

पञ्चम उत्तर खण्डमें—प्रथम गौरीके प्रति शिव प्रोक्त पर्वताख्यान, जालन्धर कथा, श्रीशैल माहात्म्य, सगरकी कथा, गङ्गा-प्रयाग-काशी और गयाकी पुण्य कथा, २४ प्रकार एकादशी कथा, एकादशी माहात्म्य विष्णु धर्म्म, विष्णुके सहस्र नाम, कार्तिक व्रत माहात्म्य, माघ स्नान फल, जम्बूद्वीपके अन्तर्गत पापनाशक तीर्थ समूहका माहात्म्य, साभ्रमती माहात्म्य, नृसिंहोत्पत्ति, देवशर्म्मादिकी कथा, गीतामाहात्म्य, भक्ताख्यान श्रीमद्भागवतका माहात्म्य, बहुतीर्थ कथा, मंत्ररत्न, त्रिपाद विभूति वर्णन मत्स्यादि क्रमसे पुण्यमयी अवतार कथा, रामशतनाम और उनका माहात्म्य, भृगुकी परीक्षा और श्रीविष्णुका वैभव, यह सब पुण्य रूप पांचवें उत्तर खण्डमें वर्णित हुआहै.

ऊपर जितने प्रमाण उद्धृत हुएहैं, प्रचलित पद्मपुराणके साथ मिला कर देखनेसे हम ऐसा जानसक्तेहैं कि, आदि पद्मपुराणके लक्षण और विषयादिका प्रचलित पद्म पुराणमें संपूर्ण अभाव नहीं है। मत्स्य और नारद पुराणमें जैसे लक्षण निर्दिष्ट हुएहैं वे सबही प्रचलित पद्मपुराणमें पाये जातेहैं। किन्तु पहिले पद्मपुराणका जैसा खण्ड विभागथा उसका संपूर्ण परिवर्त्तन हुआहै.

प्रचलित पद्मपुराण देखतेही हम पद्मपुराणके तीन संस्कार का परिचय पाते हैं—१ म संस्करणमें पुष्करादि करके पाँच पर्वोंमें पद्मपुराण विभक्त था पाँचखण्डमें विभक्त नहीं था। सृष्टि खण्डसे हम इस पञ्चपर्वात्मक पाद्मका सन्धान पातेहैं। विष्णु पुराणमें तत्पूर्ववर्ती पद्मपुराण का जो उल्लेखहै संभवतः वही पञ्चपर्वात्मकथा। १ म संस्करणमें पौष्कर प्रथमपर्व गिना जाने पर भी दूसरे संस्करणमें पौष्कर दूसरे खण्डमें बदल गया और सृष्टि खण्डमें प्रथम पर्वका स्थान अधिकार किया। दाक्षिणात्यमें प्रचलित पद्मोत्तर खण्डसे उसका प्रमाण पायाजाताहै तीसरे संस्करणमें पौष्कर खण्डका लोप हुआ संभवतःसृष्टि खण्डके पुष्कर माहात्म्य के अन्तर्गत हुआ, स्वर्ग खण्डने उसका स्थान अधिकार किया गौडीय पद्मपुराण और नारद पुराणसे इस तीसरे संस्करणके लक्षणादि पाये। किन्तु इसके पीछे भी चौथा संस्करण हुआ दाक्षिणात्य लोगोंने स्वर्ग खण्ड ग्रहण नहीं किया, उन्होंने स्वर्ग खण्डके स्थानमें ब्रह्मखण्ड ग्रहण किया और यथा क्रमसे आदि खण्ड, भूमिखण्ड, ब्रह्मखण्ड, पातालखण्ड सृष्टिखण्ड और उत्तर खण्ड इन छः खण्डोंमें पद्मपुराण विभक्त कर लिया (१)

---

(१) पूनाके आनन्दआश्रमसे जो पद्मपुराण प्रकाशित हुआहै। इसके आदि खण्ड और ब्रह्मखण्डको गौडीय पौराणिक लोग कोईभी 'पाद्म' कहकर स्वीकार नहीं करता। इसदेशकी बहुत सृष्टि खण्डकी पोथी आदि वा ब्रह्म कहकर उक्तहुई हैं। पुराणलक्षणके अनुसार सृष्टि खण्डही पहिलाहै।उक्त आदि और ब्रह्मखण्ड देखनेसे ही वेदूसरे ग्रन्थ ज्ञात—

पद्मपुराणके कई संस्कार हुएहैं एक प्रथम संस्कार वेद व्यासजी का दूसरा संस्कार बौद्धधर्मके ह्रास और सनातन धर्मके पुनः अभ्युदय समयमें हुआ और एक संस्करण नारदपुराणके अनुसार रहा इस प्रकार यह संस्कार हुए यह संस्करण युग भेद के कारणसे रहे परन्तु पश्चात् ग्यारहवीं बारहवीं शताब्दीमें जब कि श्रीस्वामी रामानुजाचार्य और माधवाचार्यका मत इस देशमें अधिक प्रचलित हुआ तब सम्प्रदायके कारण इसमें बहुतसी प्रक्षिप्त श्लोकावली मिलाई गई वही मानो एकप्रकारका चतुर्थ संस्कारहै उदाहरणके लिये पाखण्डियोंके लक्षण माया वाद निन्दा, 'तामस' पुराणवर्णना, ऊर्द्ध्व पुण्ड्र आदि वैष्णवचिह्न धारणकी कथा भी द्वैतवादकी सुख्याति इत्यादि तृतीय संस्करणमें नहीं थी किन्तु इस चौथे संस्करणके समय यह सब आधुनिककथा प्रविष्टहुईहैं । इस चौथे संस्करणके उत्तरखण्डमें(२६३। ६६-८९) लिखाहै.

—होतेहैं अथवा यों मान लियाजाय कि किसी कल्पके द्वापरयुगमें इसप्रकारका विभाग हुआथा नीचे इन दोनों खण्डोंकी सूची दीजातीहै ।

आदि खण्डमें—१पद्मपुराणका खण्ड विभाग, निर्णय और पाठफल,२ प्राकृतसगर्वर्णन ३ जनपद नदी और पर्वतादि वर्णन,४ उत्तरकुरुआदि वर्णन, ५ रमणकादिवर्ष निर्णय, ६ भारतवर्ष वर्णन, ७ भारतके चार युगवर्णन, ८ शाकद्वीपादि वर्णन, ९ शाल्मलि और क्रौञ्चद्वीप वर्णन, १० दिलीपाख्यान ११ पुष्करतीर्थ माहात्म्य, १२ जम्बू मार्गादि तीर्थ कथन,१३–१५ नर्मदा माहात्म्य १६ कावेरी सङ्गम माहात्म्य,१७–१८नर्मदा कूलस्थतीर्थ समूहवर्णन, १९ शुक्लतीर्थ वर्णन, २० भृगुतीर्थ माहात्म्य, २१ नर्मदास्थ अश्वतीर्थादि बहुतीर्थ वर्णन २२ नर्म्मदातीर्थ माहात्म्य, २३ नर्म्मदा स्नान माहात्म्य, २४ चर्म्मण्वतीआदि नदी तीरस्थ तीर्थ वर्णन, २५ वितस्तामाहात्म्य, २६ कुरुक्षेत्र माहात्म्य, २७ स्यमन्तपञ्चक माहात्म्य, २८ धर्म्मतीर्थ नागतीर्थादि माहात्म्य, २९ कालिन्दी तीर्थ माहात्म्य, ३०–३१ विकुण्डलाख्यान, ३२ सरस्वती, गोमतीआदि तीरस्थतीर्थ प्रसंग, ३३ वाराणसी माहात्म्य, ३४ ओङ्कारमाहात्म्य, ३५ कपाल मोचनमाहात्म्य, ३६ मध्यमेश्वर माहात्म्य, ३७ वाराणसीस्थ तीर्थ माहात्म्य, ३८–३९ गयाआदि बहुतसे तीर्थ कथन, ४० तीर्थसेवादिफल, ४१–४२ प्रयाग माहात्म्य,४३–

रुद्र बोले, हे देवि ! तामस शास्त्रकी कथा सुनो, इस शास्त्रके श्रवणमात्रसे ही ज्ञानियोंको पातित्य उत्पन्न होताहै।मैंने पहिले पहिले शैव पाशुपतादि शास्त्र कहे थे, तदनन्तर मेरी शक्तिमें आसक्त ब्राह्मणोंने जो तामस शास्त्र कहे थे उनको सुनो, कणाद वैशेषिक शास्त्र, गौतम न्याय, कपिल सांख्य, धिषण अतिगर्हित चार्वाकमत और दैत्योंके

--प्रयागयात्रा विधि ४४ प्रयागयात्राफल, ४५ अनाशक फलवर्णन, ४६–४९ प्रयाग माहात्म्य, ५० तीर्थकृत कर्म्मभोग कथन, ५१ कर्म्मयोग, ५२ नरकृत्य निर्णय, ५३ साध्वाचार, ५४ द्विजकर्म्म कथन, ५५ वैष्णवाचार, ५६ द्विजका अभक्ष्य निर्णय ५७ दान धर्म्म, ५८ वानप्रस्थाश्रम वर्णन, ५९ सन्यास वर्णन ६० भिक्षाचर्य्या, ६१ विष्णुरहस्य, ६२पुराणावयवकथनमें पद्मकी श्रेष्ठताकथन ।

ब्रह्मखण्डमें–१ सूतशौनक सम्वादमे हरिभक्तिवर्णन और वैष्णवलक्षण निरूपण, २ हरि मन्दिर लेपनमहिमा, दण्डकनामकचौर चरित, ३ व्यासजैमिनि सम्वादमें कार्तिक माहात्म्यारम्भ, दीपदान माहात्म्य, ४ ब्रह्मनारद सम्वादमें जयन्ती व्रतमाहिमा, ५ पुत्र-जन्मोपाय श्रीधरनामक द्विज चरित ६ वारनारी चरित, ७ राधाजन्माष्टमी राधाजन्मा-ष्टमी प्रभावसे कलावती नामक वारांगना उद्धार, ८ समुद्र मथन कथारम्भ इन्द्रके प्रति दुर्वासाका शाप, विष्णुकी आज्ञासे समुद्रमथनोपक्रम, ९ कूर्म्म रूपमें हरिका पर्वत धारण, हरका विषपान और अलक्ष्मीकी उत्पत्ति, १० ऐरावत, महालक्ष्मी और अमृतकी उत्पत्ति, विष्णुका मोहिनी रूपधारण राहुका शिरच्छेद, समुद्रमथन कथा समाप्त, ११ गुरुवार व्रत और तत्प्रसंगमें भद्रश्रवराज कन्या श्यामबालाका चरित १२ दीननाथ राजका चरित गालवकर्तृक नरमेध यज्ञनिरूपण, १३ कृष्णजन्माष्टमी व्रत माहात्म्य और तत् प्रसंगमें चित्रसेन राजचरित,

१४ ब्राह्मणमहिमा और तत्प्रसङ्गमें भीमनामक शूद्रचरित, १५ एकादशी माहात्म्य और तत्प्रसङ्गमें बल्लभवैश्य और उसकी स्त्री महारूपाका चरित्र, १६ पूर्णिमामें विष्णुपूजाव्रत और तत्प्रसङ्गमे कालद्विज चरित, १७ हरि चरणोदक वर्णन, तत्प्रसङ्गमें सुदर्शनविप्रचरित, १८ अगम्यागमन प्रायश्चित्त, १९ अभक्ष्यभक्षणप्रायश्चित, २०कार्त्तिकमहिमा, कार्त्ति-कमे राधा दामोदरपूजा, तत्प्रसङ्गमें शङ्कर और उसकी स्त्री कलिप्रियाका चरित्र२१कार्त्तिक मास व्रतविधि, २२ तुलसी और धात्रीमहिमा, २३ विष्णुपञ्चकविधि और उसके प्रभा-वसे दण्डकचौरोद्धार, कार्त्तिकमाहात्म्य समाप्ति, २४अनेकप्रकारके दान और उनका फल, २६ प्रतिज्ञाखण्डनदोष वर्णनमें सुन्दरचारित्र ब्रह्मखण्डका श्रवण फल । बम्बईके छपेपद्म पुराणमें भी यह ब्रह्मखण्डही चतुर्थखण्ड मानाहै और उस पद्मपुराणमें संयुक्तहै ।

निधनार्थ बुद्धरूपी विष्णुने नग्ननीलाम्बरोंके असत् शास्त्र कहे थे, माया वाद रूप असत शास्त्र प्रछन्न बौद्ध गिने जाते हैं। कलिकालमें ब्राह्मण रुपमें मैंने ही यह मायावाद प्रचार कियाहै। इसमें लोक निन्दित श्रुति समूहका कदर्थ कर्म्मरूप परित्याग, सर्वकर्म्म परिभ्रष्ट विधर्म्मियोंकी कथा, परमात्माके साथ जीवका ऐक्य, ब्रह्मका निर्गुणरूप इत्यादि प्रतिपादित हुआ है। कलिकालमें मनुष्योंके मुग्ध करनेके निमित्तही जगतमें इन सब शास्त्रोंका प्रचार हुआ है, मैं जगतके नाशके निमित्त यह सब अवैदिक महाशास्त्र वेदार्थवत रक्षा करताहूं, पूर्वकालमें जैमिनि ब्राह्मणने भी निरीश्वरवाद प्रचारकरनेके निमित्त वेदकी कदर्थयुक्त पूर्व-मीमांसा रची थी, मैं तामस पुराणोंको कहताहूं प्रमाण—

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि तामसानि यथाक्रमम्।
तेषां स्मरणमात्रेण मोहः स्याज्ज्ञानिनामपि ॥
प्रथमं हि मयैवोक्तं शैवं पाशुपतादिकम्।
मच्छक्त्यावेशितैर्विप्रैः प्रोक्तानि च ततः शृणु ॥
कणादेन तु संप्रोक्तं शास्त्रं वैशेषिकं महत्।
गौतमेन तथा न्यायं सांख्यं तु कपिलेन वै ॥
धिषणेन च तथा प्रोक्तं चार्वाकमतिगर्हितम्।
दैत्यानां नाशनार्थाय विष्णुना बुद्धरूपिणा ॥
बौद्धशास्त्रमसत्प्रोक्तं नग्ननीलपटादिकम्।
मायावादमसच्छास्त्रं प्रच्छन्नं बौद्ध उच्यते ॥
मयैव कथितं देवि कलौ ब्राह्मणरूपिणा।
अपार्थश्रुतिवाक्यानां दर्शयँल्लोकगर्हितम् ॥
स्वकर्मरूपं त्याज्यत्वमत्रैव प्रतिपाद्यते।
सर्वकर्मपरिभ्रष्टैर्वैधर्मत्वं तदुच्यते ॥
परेशजीवयोरैक्यं मया तु प्रतिपाद्यते।

ब्रह्मणोस्य स्वयं रूपं निर्गुणं वक्ष्यते मया ॥
सर्वस्य जगतोप्यत्र मोहनार्थं कलौ युगे ।
वेदार्थवन्महाशास्त्रं मायया यदवैदिकम् ॥
मयैव कल्पितं देवि जगतां नाशकारणात् ।
मदाज्ञया जैमिनिना पूर्वं वेदमपार्थकम् ॥
निरीश्वरेण वादेन कृतं शास्त्रमहत्तरम् ।
शास्त्राणि चैव गिरिजे तामसानि निबोध मे अ०२३५।२–१३
मात्स्यं कौर्मं तथा लैङ्गं शैवं स्कान्दं तथैव च ।
आग्नेयं च षडेतानि तामसानि निबोध मे ॥ १८ ॥
गौतमं बार्हस्पत्यं च साम्वर्तं च यमं स्मृतम् ।
सांख्यंचोशनसंचेति तामसा निरयप्रदाः ॥ २६ ॥

इसी प्रकार मत्स्य कूर्म लिंग शिव स्कन्द पुराण को तामसी कहा है तथा गौतम बृहस्पति सम्वर्त यम सांख्य और उशना स्मृतिको तामस और नरक देनेवाली कहाहै इसी प्रकार २३५ अध्याय मुद्रित पद्मपुराण के ५ श्लोकमें शंखचक्रोर्ध्वपुंड्रादिचिह्नैः प्रियतमैर्हरेः । रहिता ये द्विजा देवि ते वै पाषंडिनः स्मृताः । जो शंख चक्रसे रहित ब्राह्मणको पाखण्डी कहाहै तथा भस्मधारीको पाषंडी कहाहै मेरी समझमें जहां कही पुराणोंमें इस प्रकारके संप्रदाय द्वेष सूचक श्लोक पाये जांय वे निश्चयही आधुनिक और प्रक्षिप्तहैं इसमें कोई सन्देह नहीं और बुद्धिमान उनको व्यासजीके निर्मित श्लोक नहीं मान्ते यही श्लोक इस बातकी साक्षी देते है कि एक समय संप्रदाय द्वेषभी इतना बढ गयाथा कि पुराणों में प्रक्षिप्त श्लोक मिला कर महानुभावोंने अपने चित्तका गुबार मिटाया.

लिखित पद्मपुराण के उत्तरखण्डमें २८२ अध्यायहैं और श्रीवेंकटेश्वर यंत्रालयके मुद्रित पद्मपुराणके उत्तर खण्डमें २५५ अध्यायहैं कही कहीं२दो अध्यायोंका एक एक अध्याय होगयाहै कथा भागमें कोई भेद

नहींहै और उसमें यह उत्तर खण्ड छठाहै इस कारण थोडासा विवरण उसका यहां लिखतेहैं.

प्रथम सृष्टि खण्ड इसमें सूचीके अनुसार ८२ अध्यायहैं दूसरा भूमि खण्ड इसमें सूचीके अनुसार १२५ अध्यायहैं तीसरा स्वर्ग खण्ड यह पीछे लिखी सूची के अनुसार नहीं है इस कारण इस के अध्याय क्रम लिखते हैं.

तृतीय स्वर्ग खण्डमें १ स्वर्ग खण्ड कथारंभ, २ ब्रह्माण्डोत्पत्ति, ३ सुदर्शन द्वीप उप द्वीप विभाग कथन, ४ मेरु पर्वतके उत्तर देश कथन, ५ मेरु पर्वतके दक्षिण देश कथन, ६ भारत वर्ष वर्णन, ७ लोकस्थिति वर्णन, ८ जम्बू दीप शाक द्वीप पारिमाण, ९ घृतोद समुद्र युक्त द्वीप विभाग वर्णन, १० दिलीपका वशिष्ठसे समागम ११ वशिष्ठका दिलीप को पुष्कर माहात्म्य कहना १२महाकालकोटि तीर्थ भद्रतीर्थादिमाहात्म्य कथन, १३ नर्मदा तीर्थ क्षेत्रपाल जलेश्वर दिन नर्मदाके दक्षिण तीर्थ वर्णन, १४ जलेश्वरतीर्थोत्पत्ति, महादेवजीका नारदजीको त्रिपुरके पास भेजना, १५ अग्निका त्रिपुर जलाना जलेश्वरोत्पत्ति और माहात्म्य १६ कावेरी नर्मदा संगम माहात्म्य,१७नर्मदाके उत्तरतीर पत्रेश्वर माहात्म्य, १८ शूल भेद तीर्थ सोमेश्वर नागेश्वरादि अनेक तीर्थ माहात्म्य१९ भार्गवेश्वरतीर्थ, २० नरक तीर्थ स्थितविलयतीर्थ गोतीर्थ आदि वर्णन, २१ विहगेश्वर नर्मदेश्वरादि तीर्थ वर्णन, २२ प्रमोहिन्या गन्धर्व कन्या इति हास वर्णन, २३ लोमशका और पिशाचपनेको प्राप्त हुए द्विज पुत्रका संवाद, २४ जयन्ती तीर्थ माहात्य वर्णन दक्षिण सिंधु चर्मण्वती अर्बुदा चल सरस्वती सागर संगमादि तीर्थ वर्णन, २५ काश्मीरके तक्षक नाग भवन वितस्तातीर्थ मलदरुद्रास्पद तीर्थादि वर्णन, २६ कुरुक्षेत्र मत्तर्णकादि अनेक तीर्थ वर्णन,२७ कन्या तीर्थ सोम तीर्थ आदि अनेक तीर्थ और कुरुक्षेत्र सीमावर्णन, २८ धर्मतीर्थ कलाप वन सौगन्धिक

... अनेक तीर्थ वर्णन, २९ यमुना तीर्थ स्नान माहात्म्य, ३० हेम कुण्डलका ... ३१ देव दूत द्वारा विकुण्डलका पूर्व जन्म ... वर्णन, ३२ सुगंध तीर्थ रुद्र तीर्थादि गोमती गंगा संग माहात्म्य ... ३३ ...में काशी माहात्म्य वर्णन, ३४ विमलोंकार पंचायतन ... ३५ वाराणसीमें स्थित कपर्दीश पिशाच मोचन माहात्म्य ... ३६ ...माहात्म्य, ३७ वाराणसीमें स्थित प्रयाग तीर्थ ... तीर्थ आदि शुक्लेश्वर तीर्थ माहात्म्य वर्णन, ३८ गया तीर्थ ... में स्थित ब्रह्म सरोवरादि अनेक तीर्थ वर्णन, ३९ ... शिला तीर्थ आदि अनेक तीर्थ वर्णन युधिष्ठिरकी तीर्थ यात्रा ४० प्रयाग माहात्म्यमें धर्म मार्कण्डेय सम्वाद, ४१ प्रयागक्षेत्र सीमादि-माहात्म्य, ४२ प्रयागतीर्थमें दानादिमहिमा, ४३ तीर्थयात्रा विधिमें ...तीर्थकथन, ४४ प्रयागमें स्थित मानसंतीर्थ ऋणमोचनतीर्थ माहात्म्य, ४५ प्रयागमें गंगा यमुनाका माहात्म्य, ४६ प्रयागको पूज्यत्व कथन ४७ सबतीर्थोंमें प्रयागकी अधिकता, ४८ प्रयागको प्रजापति तीर्थ-का कथन, ४९ युधिष्ठिरका मार्कण्डेयको महादान देना ५० विष्णु भक्ति प्रशंसा, ५१ कर्मयोग वर्णनमें वर्णाश्रमसामान्य धर्म, ५२ कर्तव्यनिषिद्ध कर्म कथन, ५३ ब्रह्मचारीधर्म कथन, ५४ गृहस्थ धर्म कथन, गृहस्थाचारनीति कथन, ५६ भक्ष्याभक्ष्य निर्णय, ५७ दानधर्म वर्णन, ५८ वाणप्रस्थाश्रमाचारधर्म, ५९ यति ...धर्म कथन, ६० यति नियमविधान कथन, ६१ सब धर्मों से विष्णु धर्म कथन, ... ६२ पद्मपुराण माहात्म्यवर्णन स्वर्ग खण्ड ...का आधिक्यवर्णन, ६२ पद्मपुराण माहात्म्यवर्णन स्वर्ग खण्ड की समाप्ति । यह खण्ड आदि खण्डसे विशेष मिलताहै । अ० २६ चौथा ब्रह्मखण्डहै इसकी सूचीभी पीछे नोटमें लिखे ब्रह्मखण्डके समान है पांचवां पातालखण्डहै यह भी प्रायः सूचीसे मिलता है इसमें, ११७ अध्यायहैं छठा उत्तर खण्डहै इसमें २५५ अध्यायहैं सूचीवाले और इस ... आगे क्रियायोग सारखण्डहै इसमें २६ अध्याय हैं ।

जैमिनिव्याससम्वाद, २ भगवद्भक्ति वर्णनमें सृष्टिवर्णन ३ गंगाद्वारमाहात्म्य वर्णन, ४ प्रयागमाहात्म्यमें प्रणिधिवैश्य वृत्तान्त, ५ विक्रमराजपुत्र माधव वृत्तांत वर्णन, ६ वीरवरका भीमनादनामक गण्डकको नाशकरना वीरवरका इतिहास, ७ धर्मस्व ब्राह्मणका वृत्तांत वर्णन, ८ गंगामाहात्म्य में पद्म गंधाका वृत्तान्त, ९ गंगामाहात्म्यमें यात्राविधि, १० विष्णुपूजा माहात्म्य वर्णन सुवर्णभूपचरित्र वर्णन, ११ विष्णुपूजाविधि वर्णन, १२ फाल्गुन वैशाख आदि महीनोंमें श्रीकृष्ण पूजाविधि वर्णन, १३ ज्येष्ठ से आरंभकर कार्तिकादि महीनों में विष्णुपूजा विधि, १४ मार्गशीर्षसे माघ मासपर्यन्त विष्णुपूजा विधि, १५ भगवन्नाममाहात्म्य, १६ हरिभक्ति माहात्म्य वर्णनमें चक्रिकनामक शवरवृत्तान्त, १७ भगवद्भक्तिमाहात्म्य में भद्रतनुब्राह्मण का वृत्तान्त वर्णन, १८ जगन्नाथक्षेत्र माहात्म्यवर्णन, १९ भगवतके निमित्त वस्तु समर्पण माहात्म्यवर्णन में वीशुब्राह्मणकथा, २० दानमाहात्म्यवर्णनमें हरिशर्म ब्राह्मणवृत्तान्तवर्णन, २१ ब्रह्माद्वारा हरिशर्मके निमित्त विविधदानपात्रता वर्णन, २२ एकादशीमाहात्म्यवर्णन २३ एकादशी व्रतमाहात्म्य वर्णनमें क्रोचरशनामक वृत्तान्तवर्णन, २४ तुलसीवृक्ष धात्रीवृक्ष वृत्तांतवर्णन, २५ तुलसीमाहात्म्य वर्णनमें पवित्र ब्राह्मण और अनपत्यब्राह्मणका चरित्रवर्णन, २६ कलिमें वर्तमानजनों की अवस्था वर्णन पद्मपुराणमाहात्म्यवर्णन, क्रियाखण्डविषयकी समाप्ति इसप्रकार बम्बई वेंकटेश्वर यंत्रालयके छपे पद्मपुराणकी सूची है, सब ग्रंथोंसे मिलाकर पद्मपुराण के विषयमें विचार किया है यह बडे आदरकी वस्तुहै.

विष्णुपुराण ३.

प्रचलित विष्णु पुराणकी सूची प्रथम अंश।

१ पराशरके प्रति मैत्रेयका प्रश्न और उनका उत्तर, २ विष्णुस्तुति और सृष्टिप्रक्रिया, ३ सृष्टिकारिणी ब्रह्मशक्तिका विवरण और आयुकथन, ४

कल्पान्तमें सृष्टिविवरण, ५ देवादिसृष्टि कथन, ६ चातुर्वर्णसृष्टि और चतुर्वर्णस्थान निरूपण, ७ मानसपूजासृष्टि रुद्रादिसृष्टि और चतुर्विध प्रलय वर्णन, ८ भृगुकी उत्पत्तिकथन, ९ इन्द्रके प्रति दुर्वासाका शाप ब्रह्माके निकट देवगणका गमन समुद्रमथन और इन्द्रका लक्ष्मीकी स्तुति करना. १० भृगुसर्गादि पुनःसृष्टिकथन, ११ ध्रुवोपाख्यान, १२ ध्रुवका-वरलाभ, १३ वेनराजा और पृथुका आख्यान, १४ प्रचेतस प्रभृतिकी तपस्या, १५ कण्डुमुनिचरित और दक्षके किये मैथुनधर्मसे प्रजासृष्टि, १६ मैत्रेयका प्रह्लादचरित्र विषयक प्रश्न, १७ प्रह्लादचारित्र १८ प्रह्लाद वधमें हिरण्यकश्यपका वियोग, १९ प्रह्लादके प्रति हिरण्यकशिपुकी उक्ति और प्रह्लादका विष्णुस्तव, २० भगवानका अति भार्त्र और हिरण्यकशिपुवध २१ प्रह्लादवंश वर्णन, २२ विष्णुकी चारप्रकारकी विभूति वर्णन.

द्वितीय अंश ।

१ प्रियव्रतपुत्र विवरण और भरत वंश कथन, २ जम्बूद्वीप वर्णन, ३ भारतवर्षवर्णन, ४ षट्द्वीप वर्णन और लोकालोक पर्वत कथन, ५ सप्त-पाताल विवरण और अनन्तगुण विवरण ६ नरकवर्णन और हरिस्मरणमें सर्वप्रायश्चित्त कथन, ७ सूर्यादिग्रह और सप्तलोकोंका संस्थान, ८ सूर्य-रथसंख्यानादि कालगणना और गंगाकी उत्पत्ति, ९ वृष्टिका कारण कथन, १० सूर्यरथाधिष्ठातृ विवरण, ११ सूर्यके रथ और त्रयीमयी विष्णु शक्तिका वर्णन, १२ चन्द्रादिग्रहके रथादि प्रवहवायु और विष्णु माहात्म्य कथन, १३ जडभरतोपाख्यान और सौवीर-राजके प्रति भरतका तत्त्वोपदेश, १४ सौवीरराजका प्रश्न और भरतका उत्तर, १५ ऋभुनिदाघ सम्वाद, १६ ऋभुके निकट निदाघकी पुत्रप्रा-र्थना और आत्मतत्त्वोपदेश.

तृतीय अंश।

१ मन्वन्तर कथन, २ सावर्ण्यादि मन्वन्तरकथन और कल्प-परिमाण, ३ वेदव्यासके अट्ठाईस नाम, ४ वेदव्यास माहात्म्य और वेदविभाग कथन, ५ यजुर्वेदशाखा विभाग और याज्ञवल्क्यकृत सूर्यस्तव ६ साम और अथर्ववेदकी शाखाओंका विभाग पुराण नाम और पुराण लक्षणादि, ७ यमगीता, ८ विष्णु पूजाकी फलश्रुति और चातुर्वर्ण्यधर्म, ९ चारों आश्रमोंके धर्म वर्णन, १० जातकर्मादि-क्रिया और कन्या लक्षण, ११ गृहस्थ सदाचार और मूत्रपुरीषोत्सर्गादि विधि, १२ गृहस्थाचार विधि कथन १३ दाह आशौच और एकोद्दिष्ट तथा सपिण्डी करण व्यवस्था, १४ श्राद्धफल श्रुति विशेष श्राद्धफल और पितृगीता, १५ श्राद्धभोजी विप्र लक्षणादि और योगी प्रसंसा १६ श्राद्धमें मधुमांसादि दानफल और क्लीबादि द्वारा श्राद्ध दर्शन निषेध, १७ नग्नलक्षण भीष्मवशिष्ठ सम्वाद विष्णुकी स्तुति और मायामोहकी उत्पत्ति, १८ असुरगणोंके प्रति मायामोहका उपदेश बौद्ध धर्मोत्पत्ति नग्न सम्पर्क दोष और शतधनुराजाका उपाख्यान.

चतुर्थ अंश।

१ वंश विस्तार कथनमें ब्रह्मा और दक्षादिकी उत्पत्ति पुरूरवाका जन्म और रेवतीके सहित बलरामका विवाह, २ इक्ष्वाकु जन्म ककुत्स्थ वंश तथा युवनाश्व और सौभरिका उपाख्यान, ३ सर्पविनाशमंत्र अनरण्यवंश और सगरोत्पत्ति, ४ सगरका अश्वमेध भगीरथका गंगालाना और श्रीरामचन्द्रादिकी उत्पत्ति, ५ विश्वामित्र यज्ञ विवरण सीताकी उत्पत्ति और कुश ध्वजवंश, ६ चन्द्रवंश कथन ताराहरण और अग्नित्रयोत्पत्ति, ७ पुरूरवा और चन्द्रवंश कथन, ८ आयुका वंश धन्वन्तरिकी उत्पत्ति और उसका वंश, ९ रात्रि और दैत्यगणका युद्ध और क्षत्रवृद्धिकी वंशावलि, १० नहुषवंश और ययातिका उपाख्यान, ११

यदुवंश और कार्त्तवीर्यार्जुन जन्म वर्णन, १२ क्रोष्टुवंश कथन, १३ स्यमन्तकोपाख्यान जाम्बवती और सत्यभामाका विवाह और गान्दिनी उपाख्यान, १४ शिनि अम्बक और श्रुतश्रवाका वंश वर्णन, १५ शिशुपालकी मुक्तिका कारण श्रीकृष्णजन्मकथा और यदुवंशीय संख्या निरूपण, १६ तुर्वसुवंश कथन, १७ द्रुह्युका वंश कथन, १८ अनुवंश और कर्णकी आधिरथपुत्रता, १९ जन्मेजयवंश और भरतादिकी उत्पत्ति, २० जह्नु और पाण्डुका वंश कथन, २१ भविष्य राजवंश और परीक्षितवंश कथन, २२ इक्ष्वाकुवंशीय भविष्यराज वंश कथन, २३ बृहद्वंशीय भाविराज गण वर्णन, २४ प्रद्योतवंशीय भविष्य राजगण नन्दराज्य कलिप्रादुर्भाव और राजचारित वर्णन.

पंचम अंश ।

१ वसुदेव देवकीका विवाह,ब्रह्माके निकट पृथिवीका गमन विष्णुस्तोत्र कंसवधके निमित्त विष्णुका अवतारस्वीकार, २ योगमायाका यशोदा-गर्भमें, और भगवानका देवकीके गर्भमें प्रवेश और देवताओंका कृष्ण तथा देवकीकी स्तुतिकरना, ३ श्रीकृष्णजन्म, वसुदेवका गोकुलमें गमन और कंसके प्रति महामायाकी बात,४ कंसका आत्मरक्षाका उपायकरना और वसुदेवदेवकीको बन्धनसे मुक्तकरना, ५ पूतनाको मारना,६शकट-भंजन तथा कृष्णबलदेवका नामकरण,७ कालियदमन, ८ धेनुकवध, ९ प्रलम्बवध, १० इन्द्रोत्सववर्णन गोवर्द्धनपूजा, ११ गोवर्द्धनधारण, १२ श्रीकृष्णके निकट इन्द्रका आगमन, १३ राम और गोपी संगीत, १४ आरिष्टकासुर वध, १५ कंसके समीप नारदका आगमन, १६ केशिवध १७ अक्रूरका वृन्दावनमें आना,१८ श्रीकृष्णकी मथुरायात्रा, १९ श्रीकृष्णका रजकको मारकर मालीके घरजाना,२०कुब्जापर अनु-ग्रह करना, धनुष शालामें प्रवेश और कंसवध, २१ उग्रसेनका अभिषेक करके मथुरामें सुधर्मासभाको लाना, २२ जरासंध पराजय, २३ काल-

यवनोत्पत्ति और काल यवनवध, २४ बलदेवकी वृंदावनयात्रा, २५बलरामका वारुणी लाभ और यमुनाकर्षण, २६ रुक्मिणीहरण, २७प्रद्युम्नहरण मायावतीका प्रद्युम्नलाभ और प्रद्युम्नद्वारा शम्बरवध, २८बलरामद्वारा रुक्मिवध, २९ श्रीकृष्णका षोडश सहस्रपत्नीलाभ, ३० पारिजातहरण और इन्द्रादिका युद्ध, ३१ इन्द्रकी क्षमा प्रार्थना और द्वारका गमन, ३२ बाणयुद्धविवरणमें उषाका स्वप्न वृत्तान्त, ३३ अनिरुद्धहरण, शिवयुद्ध और कृष्णद्वारा बाणकी बाहुछेदन, ३४ पौंड्रक काशिराजवध और वाराणसीदाहन, ३५ लक्ष्मणा हरण और साम्बका बन्धनमोचन, ३६द्विविदवध, ३७मूसलोत्पत्ति यदुंवशध्वंस, और श्रीकृष्णका स्वर्लोकगमन, ३८ कलियुगारंभ, अर्जुनके प्रति व्यासका उपदेश तथा परीक्षित अभिषेक,

षष्ठ अंश।

१ कलिस्वरूप कलिधर्म कथन, २ अल्पधर्ममें अधिकफल लाभ, ३ कल्पकथन ब्रह्माका दिननिरूपण, ४ प्रलयमें ब्रह्माका अवस्थान और प्राकृतिकप्रलय, ५ त्रिविध दुःख नरक यंत्रणा और ब्रह्म अद्वय निरूपण, ६ योग कथन, केशिध्वजोपाख्यान धर्मधेनुवध और खाण्डिक्यकी मंत्रणा, ७ आत्मज्ञान, देहात्मवादनिन्दा, योगप्रश्न त्रिविध भावना, ब्रह्मज्ञानसाकार निराकार धारणा खाण्डिक्य तथा केशिध्वजकी मुक्ति, ८ विष्णुपुराणका श्रेष्ठत्व विष्णुनामस्मरण माहात्म्यफलश्रुति विष्णुमाहात्म्यकथन.

अब देखना चाहिये कि, विष्णुपुराणका लक्षण दूसरे पुराणोंमें किस प्रकार निर्दिष्ट हुआहै? मत्स्यपुराणके मतसे वराहकल्प वृत्तान्त आरम्भ करके पराशरने जिसमें सम्पूर्ण धर्मकथा प्रकाश की है, वही वैष्णवहै, पण्डितलोग इसकी श्लोकसंख्या २३००० कहकर जानतेहैं (१) नारद पुराणमें ऐसा अनुक्रमहै.

(१) "वराहकल्पवृत्तान्तमधिकृत्य पराशरः। यत्प्राह धर्म्मानखिलांस्तदुक्तं वैष्णवं विदुः॥ त्रयोविंशतिसाहस्रं तत्प्रमाणं विदुर्बुधाः" (मत्स्य)

"शृणु वत्स प्रवक्ष्यामि पुराणं वैष्णवं महत् ।
त्रयोविंशतिसाहस्रं सर्वपातकनाशनम् ॥
यत्रादिभागे निर्द्दिष्टाः षडंशाः शक्तिजेन ह ।
मैत्रेयायादिमे तत्र पुराणस्यावतारिकाः ॥
प्रथमांशे—आदिकारणसर्गश्च देवादीनाञ्च सम्भवः ।
समुद्रमथनाख्यानं दक्षादीनां ततोऽन्वयाः ॥
ध्रुवस्य चरितं चैव पृथोश्चरितमेव च ।
प्रचेतसं तथाख्यानं प्रह्लादस्य कथानकम् ॥
पृथग् राज्याधिकाराख्या प्रथमोंश इतीरितः ॥
द्वितीयांशे—प्रियव्रताचयाख्यानं द्वीपवर्षनिरूपणम् ।
पातालनरकाख्यानं सप्तस्वर्गनिरूपणम् ॥
सूर्य्यादिचारकथनं पृथग् लक्षणसंयुतम् ।
चरितं भरतस्याथ मुक्तिमार्गनिदर्शनम् ॥
निदाघऋतुसम्वादो द्वितीयोंऽश उदाहृतः ॥
तृतीयांशे—मन्वन्तरसमाख्यानं वेदव्यासावतारकम् ।
नरकोद्धारकं कर्म्म गदितञ्च ततः परम् ॥
सगरस्यौर्वसम्वादे सर्वधर्म्मनिरूपणम् ।
श्राद्धकल्पं तथोद्दिष्टं वर्णाश्रमनिबन्धने ॥
सदाचारश्च कथितो मायामोहकथा ततः ।
तृतीयोंशोऽयमुदितः सर्वपापप्रणाशनः ॥
चतुर्थांशे—सूर्य्यवंशकथा पुण्या सोमवंशानुकीर्तनम् ।
शतुर्थांशे मुनिश्रेष्ठ नानाराजकथोचितम् ॥
पञ्चमांशे—कृष्णावतारसंप्रश्नो गोकुलीयकथा ततः
पूतनादिवधो बाल्ये कौमारे ऽघादिहिंसनम् ॥
कैशोरे कंसहननं माथुरं चरितं तथा ।

ततस्तु यौवने प्रोक्ता लीला द्वारावती भवा ॥
सर्वदैत्यवधो यत्र विवाहाश्च पृथग्विधाः ।
यत्र स्थित्वा जगन्नाथः कृष्णो योगेश्वरेश्वरः ॥
भूभारहरणं चक्रे परस्वहननादिभिः ॥
अष्टावक्रीयमाख्यानं पञ्चमोंश इतीरितः ॥
षष्ठांशे—कलिजं चरितं प्रोक्तं चातुर्विध्यं लयस्य च ।
ब्रह्मज्ञानसमुद्देशः खण्डिक्यस्य निरूपितः ॥
केशिध्वजेन चेत्येष षष्ठेऽशे परिकीर्त्तितः ॥
उत्तरभागे—अतः परस्तु सूतेन शौनकादिभिरादरात् ।
पृष्टेन चोदिताः शश्वद्विष्णुधर्म्मोत्तराह्वयाः ॥
नानाधर्म्मकथाः पुण्या व्रतानि नियमा यमाः ।
धर्म्मशास्त्रं चार्थशास्त्रं वेदान्तं ज्योतिषं तथा ॥
वंशाख्यानप्रकरणात् स्तोत्राणि मलयस्तथा ।
नानाविद्याश्रयाः प्रोक्ताः सर्वलोकोपकारकाः ॥
एतद्विष्णुपुराणं वै सर्वशास्त्रार्थसंग्रहम् ॥

हे वत्स ! श्रवणकरो, मैं तुम्हारे निकट यह सर्वपापहरतेईस सहस्र श्लोकपूर्ण वैष्णव महापुराण कीर्तन करताहूं, जिसके आदिभागमें शक्ति-नन्दनने मैत्रेयके निकट पूर्वकालमें पुराण की अवतारिका छः अंशों-में से निर्दिष्टकी थी.

आदि कारण, सृष्टि, देवादिकी उत्पत्ति, समुद्र मथन और दक्षादि का वृत्तान्त, ध्रुव और पृथुचरित, प्रचेताका आख्यान, प्रह्लादकथा और पृथक् २ राज्याधिकार वृत्तान्त यह सम्पूर्ण विषय प्रथमांशमें कहा गयाहै.

प्रियव्रताख्यान, द्वीप और वर्ष निरूपण, पाताल नरकाख्यान. सात स्वर्ग निरूपण, पृथक् २लक्षण युक्त सूर्य्यादिका चार कथन; भरतचरि

मुक्तिमार्ग निदर्शन और ग्रीष्मऋतुका सम्वाद, दूसरे अंशमें यह सम्पूर्ण विषय उद्धृत हुआहै.

मन्वन्तराख्यान, वेदव्यासका अवतार, नरकोद्धारक कर्म्म, इसके पीछे सगर और और्व संवादमें सर्वधर्म्मका निरूपण, वर्णाश्रम निबन्धनमें श्राद्धकल्प निर्देश, सदाचार और मायामोह कथा, यह सम्पूर्ण वृत्तान्त तीसरे अंशमें कहागयाहै, यह सर्व पाप नाशकहै, हे मुनिश्रेष्ठ, सूर्य्यवंशकी पवित्रकथा और सोमवंशका अनुकीर्तन अनेक प्रकारके राजगणका वृत्तान्त भी इस चतुर्थांशमें वर्णित हुआहै,

प्रथम कृष्णावतार विषयक प्रश्न, फिर गोकुलीय कथा, बाल्य कालमें पूतना आदिका वध, कौमारमें अघासुर आदिकी हत्या, कैशोरमें कंसविनाश और माथुर चरित; इसके पीछे यौवनमें द्वारका पुरीकृत लीला, सर्व दैत्य वध, पृथक २ प्रकार विवाह, द्वारका पुरीमें रहकर कृष्णकर्तृक शत्रु हननादि द्वारा भूभार हरण कारण और अष्टावक्रीय आख्यान आदि पञ्चम अंशमें विवृतहुआहै.

कलिजात चरित लयकी चार प्रकारकी अवस्था और केशिध्वजके साथ खाण्डिक्यका समुद्देश इत्यादि छठे अंशमें कहागयाहै.

इसके पीछे सूतशौनकादि कर्त्तृक यत्नपूर्वक जिज्ञासित होकर विष्णु धर्म्मोत्तर नामक परम पवित्र अनेक प्रकारकी धर्म्म कथा, व्रत, नियम, यम धर्म्म शास्त्र, अर्थ शास्त्र, वेदान्त, ज्योतिष, वंशाख्यान, स्तोत्र, मंत्र; और सर्वलोकोपकारकारक, अनेक प्रकारकी विद्या, यह सम्पूर्ण विषय कहा गयाहै, इस विष्णुपुराणमें सर्वशास्त्रका संग्रहहै.

मत्स्यमें विष्णु पुराणका जो लक्षण निर्दिष्ट हुआहै प्रचलित विष्णु पुराणमें उसका अभाव नहींहै, वाराह कल्प प्रसंगके पीछेही (१ । ३, २५) प्रकृत प्रस्तावमें यह पुराण आरंभ हुआहै (१)

---

(१) " द्वितीयस्य परार्द्धस्य वर्त्तमानस्य वै द्विज ।
वाराह इति कल्पोऽयं प्रथमः परिकीर्त्तितः ॥"
(१ । ३ । २५)

तदनन्तर नारद पुराणमें जो विषयानुक्रम दियागयाहै वह भी यथा योग्य वर्णित देखाजाताहै, किन्तु प्रधान झगडा श्लोक संख्यापर हैं, २३०००में से अध्यापक विलसन साहबने७०००श्लोक पायेहैं, उन्होंने विष्णुधर्म्मोत्तरको विष्णुपुराणका उत्तरभाग नहीं गिनाहै, इससे ही ज्ञातहै कि इतने न्यूनश्लोक पायेहैं; किन्तु उद्धृत नारद पुराणीय वचन, इसके अतिरिक्त अलवेरुणीकी उक्ति पाठकरनेसे विष्णुधर्म्मोत्तरको विष्णु-पुराणका उत्तर भाग कहकर ग्रहणकरनेमें कोई दोष नहीं आता, प्रच-लित विष्णुपुराण और विष्णुधर्म्मोत्तर एकत्र करनेसे १६००० से अधिक श्लोक नहीं पायेजाते, इसमें भी न्यूनाधिक सात सहस्र ७००० कम पड़तेहैं, इतने श्लोक कहाँ गए? उसका निर्णय करना हमारी क्षुद्र वुद्धिके अगम्यहै, तथापि प्रचलित धर्म्मोत्तर पूरा ग्रन्थ नहीं ज्ञात होता नारद पुराणमें जो लक्षण लिखेहैं, वह सब लक्षणभी प्रचलित विष्णु-धर्म्ममें नहीं पाएजाते, जिस विष्णु धर्म्म का ज्योतिषांश लेकर ब्रह्मगुप्तने ब्रह्मसिद्धान्त रचनाकी, नारद पुराणमें उसका परिचय होनेपर भी प्रचलित धर्म्मोत्तरमें उसके अधिकांशका अभावहै. (१)

पुराणोमें बौद्ध जैन और भविष्य राजवंश वर्णन होनेसे उनकी परवर्ती समयकी रचना पुराणग्रंथहै ऐसा न जानना चाहिये किन्तु व्यासजी त्रिकालज्ञ थे समाधिमें स्थित होकर यदि कहीं २ भविष्य राजवंशोंका संकेत और विधर्मी जनोंका निरूपण तथा अन्य जैन बौद्धोंका निरूप भूतकालके शब्दोंमें अपनी योग शक्तिसे किया हो तो इसमें आश्चर्य नहीं मानना.

कन्याकृष्णमाहात्म्य, कलिस्वरूपाख्यान, कृष्णजन्माष्टमी व्रत कथा, जडभरताख्यान, देवीस्तुति महादेवस्तोत्र, लक्ष्मी स्तोत्र, विष्णु पूजन, विष्णु शतनाम स्तोत्र, सिद्धलक्ष्मी स्तोत्र, सुमनः शोधन, सूर्य स्तोत्र इत्यादि छोटी २ पोथी विष्णुपुराणके अन्तर्गत कहकर प्रचलित देखी

---

(१) काश्मीरसे प्राप्त विष्णुधर्म्मोत्तरमें इसका अधिक परिचय पायाजाताहै ।

जातीहैं, किन्तु इन सबके देखनेसे ही उन पोथियोंकी विष्णुपुराणके पीछेकी रचना ज्ञात होतीहै.

हेमाद्रि और स्मृतिरत्नावली कारने बृहद्विष्णु पुराणसे श्लोक उद्धृत कियेहैं, किन्तु यह पुराण इस समय नही पायाजाता सुनाहै कि काठिया-वाडमें किन्हींके घर पूरा २३००० का विष्णुपुराणहै मिलनेपर उसका उल्लेख कियाजायगा.

विष्णुपुराणकी बहुतसी टीका देखनेमें आतीहैं, उनमें चितसुखमुनि, जगन्नाथ पाठक, नृसिंहभट्ट, रत्नगर्भ, विष्णुचित्त, श्रीधरस्वामी और सूर्य्यंकर मिश्रकी टीका उल्लेख योग्यहै.

४ र्थ शैव वा वायु ।

कोई कहताहै, शैव और वायु पुराण एकहैं, और कोई कहताहै कि शैव और वायु भिन्नहैं । विष्णु, पद्म, मार्कण्डेय, कौर्म्म, वराह, लिङ्ग, ब्रह्मवैवर्त्त, भागवत और स्कन्दपुराणमें "शिव" तथा मत्स्य, नारद, और देवीभागवतमें शैवके स्थान "वायवीयका" और मुद्गलपुराणमें शिव और वायु दोनोंका उल्लेखहै। वायुपुराणीय रेवामाहात्म्यमें लिखाहै"

"पुराणं यन्मयोक्तं हि चतुर्थं वायुसंज्ञितम् ।
चतुर्विंशतिसाहस्रं शिवमाहात्म्यसंयुतम् ॥
महिमानं शिवस्याह पूर्वे पाराशरः पुरा ।
अपरार्द्धे तु रेवाया माहात्म्यमतुलं मुने ॥
पुराणेषूत्तमं प्राहुः पुराणं वायुनोदितम् ।
यस्य श्रवणमात्रेण शिवलोकमवाप्नुयात् ॥
यथा शिवस्तथा शैवं पुराणं वायुनोदितम् ।
शिवभक्तिसमायोगान्नामद्वयविभूषितम् ॥

मैंने जिस पुराणकी बातकही, उसका नाम वायुहै, यह २४००० श्लोक और शिव माहात्म्य युक्तहै । पराशरसुत कृष्णद्वैपायनने इसके

पूर्वभागमें शिवकी महिमा और अपरार्द्धमें वा उत्तरभागमें अतुलनीय रेवा का माहात्म्य प्रकाश कियाहै.

पुराणोंमें यह वायु प्रोक्त पुराण श्रेष्ठ गिना जाताहै, इसकी कथा सुननेसे ही शिवलोक प्राप्त होताहै। शिव और वायु प्रोक्त शिव पुराण एकही है, शिवभक्ति समायोगके कारण दो नाम विभूषित हुए हैं इस रेवा माहात्म्यके प्रथममें भी यह बात लिखीहै.

"चतुर्थं वायुना प्रोक्तं वायवीयमिति स्मृतम्।
शिवभक्तिसमायोगात् शैवं तच्चापराख्यया ॥
चतुर्विंशति संख्यातं सहस्राणि तु शौनक।
चतुर्भिः पर्वभिः प्रोक्तं"

रेवाखण्डके उक्त वचनसे बोध होताहै कि वायु और शिवपुराण एकही है, यह पूर्व और उत्तरभाग तथा चार पर्वोंमें विभक्तहै। नारदपुराणमें वायु पुराणका इस प्रकार विषयानुक्रम दियागयाहै.

"शृणु विप्र प्रवक्ष्यामि पुराणं वायवीयकम्।
यस्मिन् श्रुते लभेद्धाम रुद्रस्य परमात्मनः ॥
चतुर्विंशतिसाहस्रं तत् पुराणं प्रकीर्तितम्।
श्वेतकल्पप्रसंगेन धर्म्माण्यत्राह मारुतः ॥
तद्वायवीयमुदितं भागद्वयसमाचितम्।
पूर्वभागे—स्वर्गादिलक्षणं यत्र प्रोक्तं विप्र सविस्तरात् ॥
मन्वन्तरेषु वंशाश्च राज्ञां ये यत्र कीर्तिताः।
गयासुरस्य हननं विस्तराद् यत्र कीर्तितम् ॥
मासानाञ्चैव माहात्म्यं माघस्योक्तं फलाधिकम्।
दानधर्म्मा राजधर्म्मा विस्तरेणोदितास्तथा ॥
भूमिपातालकव्योमचारिणां यत्र निर्णयः।
व्रतादीनाञ्च पूर्वोऽयं विभागः समुदाहृतः ॥

तदुत्तरभागे—उत्तरे तस्य भागे तु नर्म्मदातीर्थवर्णनम् ।
शिवस्य संहिताख्या वै विस्तरेण मुनीश्वर ॥
यो देवः सर्वदेवानां दुर्विज्ञेयः सनातनः ।
स तु सर्वात्मना यस्यास्तीरे तिष्ठति सन्ततम् ॥
इदं ब्रह्मा हरिरिदं साक्षाच्चेदं परो हरः ।
इदं ब्रह्म निराकारं कैवल्यं नर्म्मदा जलम् ॥
ध्रुवं लोकहितार्थाय शिवेन स्वशरीरतः ।
शक्तिः कापि सरिद्रूपा रेवेयमवतारिता ॥
ये वसन्त्युत्तरे कूले रुद्रस्यानुचरा हि ते ।
वसान्ति याम्यतीरे ये लोकन्ते यान्ति वैष्णवम् ॥
ओङ्कारेश्वरमारभ्य यावत् पश्चिमसागरम् ।
सङ्गमाः पञ्च च त्रिंशन्नदीनां पापनाशनाः ॥
दशैकमुत्तरे तीरे त्रयोविंशाति दक्षिणे ।
पञ्चत्रिंशत्तमः प्रोक्तो रेवासागरसङ्गमः ॥
सङ्गमे सहितान्येवं रेवातीरद्वयेपि च ।
चतुःशतानि तीर्थानि प्रसिद्धानि च सन्ति हि ॥
षष्टि तीर्थसहस्राणि षष्टिकोट्यो मुनीश्वर ।
सन्ति चान्यानि रेवायास्तीरयुग्मे पदे पदे ॥
संहितेयं महापुण्या शिवस्य परमात्मनः ।
नर्म्मदाचरितं यत्र वायुना परिकीर्त्तितम् ॥

हे विप्र मैं तुम्हारे निकट वायवीय पुराण कहताहूं तुम सुनो जिसके सुननेसे परमात्मा रुद्रका लोक प्राप्त होताहै इस पुराणमें चौबीस सहस्र श्लोक कहेगयेहैं, श्वेतकल्प प्रसंगमें वायुने यह पुराण कहाहै.

वायु पुराण दो भागमें विभक्तहै इसके पूर्वभागमें सर्गादि लक्षण और राजोंका वंश समुदाय विस्तारसे कहागयाहै । पश्चात् गयासुर विनाश

मास समुदायका माहात्म्य, माघमासका फलाधिक्य, दान धर्म्म, राज-धर्म्म और भूमि, पाताल, दिशा, तथा आकाश चारियोंका निर्णय और व्रतादिके नियम कहेहैं.

हेमुनीश्वर ! इसके उत्तर भागमें नर्म्मदा तीर्थवर्णन, शिवसंहिता-ख्यान और जो देव सर्वदेवको दुर्विज्ञेय और सनातनहैं वह सबप्रकार से जिसके तटपर सदा विराजमान और वह नर्म्मदाजल साक्षात ब्रह्मा॰ विष्णु, शिव और मोक्षरूपहै । निश्चयही लोकहितके निमित्त भगवान्, शिवने अपने शरीरसे सरित् रूपमें कोई एक शक्तिस्वरूप इस रेवा-को अवतारित कियाहै, जो इसके उत्तरकूलमें वासकरतेहैं, वह रुद्रके अनुचर और जो उसके दक्षिणतीरमें वासकरतेहैं वह विष्णुलोकको प्राप्त होतेहैं ओरङ्कारेश्वरसे आरंभ करके पश्चिम सागर पर्य्यन्त नदी समुदायके पैंतीस पापनाशन सङ्गमहैं । उत्तर तटपर ग्यारह और दक्षिणमें तेईस संगमहैं उनमें यह रेवा सङ्गमही पैंतीसवां कहा जाताहै । रेवाके दोनों तटपर संगमसहित प्रसिद्ध चार सौ तीर्थहैं। माहात्मा शिवकी यह महापुण्य संहिता है, जिसमें वायुकर्तृक नर्मदा चरित कीर्तित हुआहै.

नारदीय पुराणमें जिस प्रकार वायुपुराणकी अनुक्रमणिकाहै, इसके साथ रेवाखण्डवर्णित वायु वा शैवका विशेष पार्थक्य नहीं है, तथापि रेवामें गया माहात्म्यका प्रसङ्ग नही यही भेदहै । फिर नारद पुराण कहताहै कि पूर्व भागमेंही गयामाहात्म्यहै किन्तु दुर्भाग्य क्रमसे स्वतंत्र आकारमें ही हमने वायु पुराणीय गयामाहात्म्य और रेवा नर्म्मदा माहात्म्य पायाहै, किन्तु एकत्र रेवामाहात्म्य वर्णित चार पर्व युक्त वायु पुराण का सन्धानही नही पाया जाता.

कलकत्तेकी एसियाटिक सोसाइटीसे एक वायुपुराण नामक पुस्तक बाहर हुईहै (१) । किन्तु इसमें चार पर्व अथवा पूर्वभागमें गया-माहात्म्य नहींहै । सम्पादकने अपनी इच्छासे इसके अन्तमे गया-

(१) ब्रह्माण्ड पुराणके विचार प्रसङ्गमें इसकी विस्तृत समालोचना देखो ।

माहात्म्य लगादियाहै। इसको छोड शिव संहिता वा रेवामाहात्म्य कोई बातही नहीं। बम्बई और कलकत्तेमें शिवपुराण छपाहै। क्रमसे उसमें भी हमने ऐसे पूर्वोत्तर भाग और चार पर्व नहीं देखे। इस शिवपुराणकी वायुसंहितामें लिखाहै—

"तत्र शैवं तुरीयं यच्छार्वं सर्वार्थसाधकम्।
ग्रन्थलक्षप्रमाणं तद्व्यस्तं द्वादशसंहितम्॥ ४१॥
निर्म्मितं तच्छिवेनैव तत्र धर्म्मः प्रतिष्ठितः।
तदुक्तेनैव धर्म्मेण शैवास्त्रैवर्णिका नराः॥
एकजन्मनि मुच्यन्ते प्रसादात् परमेष्ठिनः।
तस्माद्विमुक्तिमन्विच्छन् शिवमेव समाश्रयेत्॥
तमाश्रित्यैव देवानामपि मुक्तिर्न चान्यथा।
यदिदं शैवमाख्यातं पुराणं वेदसम्मितम्॥
तस्य भेदान् समासेन ब्रुवतो मे निबोधत।
विद्येश्वरं तथा रौद्रं वैनायकमनुत्तमम्॥
औमं मातृपुराणञ्च रुद्रैकादशकं तथा।
कैलासं शतरुद्रञ्च कोटिरुद्राख्यमेव च॥
सहस्रकोटिरुद्राख्यं वायवीयं ततः परम्।
धर्म्मसंज्ञं पुराणञ्चेत्येवं द्वादश संहिताः॥ ४७॥
विद्येशं दशसाहस्रमुदितं ग्रन्थसंख्यया।
रौद्रं विनायकञ्चौमं मातृकाख्यं ततः परम्॥
प्रत्येकमष्टसाहस्रं त्रयोदशसहस्रकम्।
रुद्रैकादशकाख्यं यत् कैलासं षट्सहस्रकम्॥
शतरुद्रं दश प्रोक्तं कोटिरुद्रं तथैव च।
सहस्रकोटिरुद्राख्यं दशसाहस्रकं तथा॥
यदेतद्वायुना प्रोक्तं चतुःसाहस्रमीरितम्।

तथा पञ्चसहस्रन्तु यदेतद्धर्मनामकम् ।
तदेवं लक्षमुद्दिष्टं शैवं शाखाविभेदतः ।"

५२ (वायुसंहिता १ अ०)

पुराणोंमें शैव चौथाहै, यह शार्व वा शिव महिमा सूचक और सर्वार्थ साधकहै, इसकी ग्रन्थ संख्या लक्षहै और यह बारह संहिताओंमें विभक्तहै। शैव धर्म्म प्रकाशनार्थ शिवद्वारा रचागयाहै, तदुक्त धर्म्म प्रभावसे परमेष्ठि के प्रसादसे त्रैवर्णिक शैवगण एक जन्ममें ही मुक्ति प्राप्त करसकते हैं। वेद सम्मित शैव नामक आख्यात जो पुराणहै, उसका संहिताभेद कहताहूं— विद्येश्वर, रौद्र, विनायक, औम, मातृ, एकादशरुद्र, कैलाश, शतरुद्र, कोटीरुद्र, सहस्र कोटीरुद्र, वायवीय और धर्म्म इन बारह संहिताओंमें विभक्तहै । इनमें—

विद्येश्वर संहिता	ग्रंथ संख्या	... १००००
रौद्र संहिता	"	... ८०००
विनायक संहिता	"	... ८०००
औम संहिता	"	... ८०००
मातृ संहिता	"	... ८०००
रुद्रैकादश संहिता	"	... १३०००
कैलास संहिता	"	... ६०००
शतरुद्र संहिता	"	... १००००
कोटीरुद्र संहिता	"	... १००००
सहस्रकोटीरुद्र संहिता	"	... १००००
वायु प्रोक्त संहिता	"	... ४०००
धर्म्म संहिता	"	... ५०००
	कुलग्रंथ संख्या	... १०००००

ऊपर जो बारह संहिता कहीगईहैं, उक्त द्वादशसंहितायुक्त शिवपु-राण इस समय प्रचलित नहींहै। रौद्र संहिता, विनायकसंहिता

हिता और चार प्रकारकी रुद्रसंहिता यह कई संहिता मुद्रित शिवपुराणमें नहीं हैं। बंबईमें जो शिवपुराण छपाहै उसमें विद्येश्वर औम वा ज्ञान, कैलास, वायवीय और धम्म यह कई संहिता, और सनत्कुमार नामक एक अतिरिक्त संहिताहै। नारदपुराणमें उक्त रुद्रसंहिता समूहही ज्ञात होताहै कि शिवसंहिता नामसे आख्यातहै। और नर्मदा माहात्म्य उक्त किसी संहिताके अन्तर्गतहै। माघमाहात्म्य और दूसरे मासमाहात्म्य स्वतंत्र पायेजातेहैं, किन्तु किसी शिवपुराणमें नहीं पायेजाते.

नीचे प्रचलित शिवपुराणका विषयानुक्रम दियाजाताहै—

ज्ञान संहिता।

१ सूतके प्रति ऋषियोंका प्रश्न, २ ब्रह्मनारद सम्वादमें ज्योतिर्लिङ्ग प्रादुर्भाव कथन, ३ ओङ्कार प्रादुर्भाव, शिवका शब्दमयत्व, ब्रह्मा और विष्णुके साथ शिवकी उक्ति प्रत्युक्ति, ४ शिव प्रसाद, विष्णुकृत शिवका स्तव ब्रह्मा और विष्णुके प्रति शिवका वरदान, ५ ब्रह्मा और विष्णुका हंसवराहरूप धारणका कारण निर्देश, ब्रह्माण्डकी उत्पत्ति, सृष्टि निरूपणके निमित्त ऋषिगणकी सृष्टि, ७ संक्षेपसे दाक्षायणीका देह त्याग कथन, शिवपूजा विधि, ८ पावमान मंत्रादिद्वारा शिवपूजा विधि, ९ तारक उपाख्यानमें ब्रह्माके निकट देवगणका गमन, १० ब्रह्मा और देवगणका सम्वाद, शिवका तपवर्णन, ११ मदनभस्म और पार्वतीका प्रत्यावर्त्तन, १२ पार्वती तपस्या, १३ पार्वतीकी कठोर तपस्यासे उत्तप्तदेवता और ऋषियोंका शिवके निकट जाना और शिवका ब्रह्मचारी वेशमें पार्वतीके पास आना और शिवकी उक्ति, १४ हर पार्वती सम्वाद, १५ शिवविवाहका उद्योग, १६ विवाहव्यापारमें वर और तदनु, यात्रियोंका हिमालय नगरमें गमन, १७ शिवको विरूप देखकर मेनकाका खेद और पार्वतीके प्रति ज्ञान उपदेश, १८ पार्वतीका विवाह, कार्त्तिकका जन्म और उनका देवसेनापतित्व, तारकवध, २० त्रिपुरनाशके निमित्त

विष्णुका उपाय निर्द्धारण, २१ विष्णुसृष्ट मुण्डिनदैत्यको मोह उत्पादन, २२विष्णु आदि देवकृत शिव स्तव,२३विश्वकर्म्माके बनाये देवमय रथमें चढकर शिवका त्रिपुर नाश,२४देवगणकृत शिवस्तव और वरप्राप्ति,२५ शिवकर्तृक लिङ्गार्चन विधिकथन,२६ देवगणके प्रति ब्रह्माका शिवपूजा विधि कथन, २७ आह्निक कर्त्तव्य शिवपूजा विधि, २८ षोड़शोपचारसे शंकर पूजाकथन, २९ धन्यादि द्वारा शिवपूजाका फल विशेष कथन, ३० जानकीके शापसे शिवपूजामें केतकी पुष्प व्यवहार निषेध और रामचरित्रवर्णन, ३१ब्राह्मण और चम्पकपुष्पके प्रति नारदका शाप, ३२गणेशचरित्र, ३३गणेशकर्त्तृक शिवगणका पराजय और शिवकर्त्तृक गणेशका शिरश्छेदन, ३४ गणेशके शिरश्छेदनकी वार्ता सुनकर देवीका क्रोध, शिव द्वारा गणेशको जीवनदान और गाणपत्य प्रदान, ३५ मैं पहिले विवाह करूंगा कहकर गणेश और कार्त्तिकका विवाद और गणेशकी जय, ३६ गणेशका विवाह सुनकर क्रोधयुक्त कार्त्तिकका क्रौञ्च पर्वतमें गमन, ३७ रुद्राक्षधारण माहात्म्य वर्णन, ३८ प्रधान २ ज्योतिर्लिङ्ग और उपलिङ्गके नाम और स्थानका माहात्म्य कीर्त्तन, ३९ नन्दिकेशतीर्थ माहात्म्य प्रसंगमें गोवत्स सम्वाद, ४० नन्दिकेशतीर्थ माहात्म्य, ४१ उत्तम लिङ्गकथा प्रस्तावमें अत्रीश्वर माहात्म्य वर्णन, ४२ ज्योतिर्लिङ्गभिन्न अन्यान्यलिङ्गोंका इतिहास वर्णन और शिवलिङ्गका माहात्म्य वर्णन, ४३ अन्धकेश्वर वर्णना प्रसङ्गमें अन्धक मर्दनादि कथन, ४४ शिवरात्रिव्रत नष्ट होनेमें दधीचि पुत्रको दोष कथन, ४५ सोमेश्वर कथा और ज्योतिर्लिङ्गकी उत्पत्ति, ४६ महाकाल और ओंकारेश्वरका प्रादुर्भाव, ४७ केदारेश्वराख्यान, ४८ भीमशंकर प्रादुर्भाव कथा, ४९ विश्वेश्वर माहात्म्य पञ्चक्रोश्यादिकथा, ५० गौरीके प्रति शिवका काशीक्षेत्र माहात्म्य वर्णन, ५१ काशीमें मरण मात्रसे मोक्ष प्राप्तिका विवरण, ५२ गौतम तपस्या, गौतमक्षेत्र माहात्म्य कथन, ५३ गौतम पीड़नार्थ ब्राह्मणोंकी गणेशपूजा, गौतम चरित, ५४

गौतम प्रशंसा, गङ्गास्थिति, कुशावर्त्त सम्भव, त्र्यम्बक माहात्म्य, ५५ रावणतपस्या, वैद्यनाथकी उत्पत्ति, ५६ नागेश माहात्म्य, ५७ रामेश्वर माहात्म्य, ५८ धुश्मेश्वर शिव माहात्म्य, ५९ वराहरूपमें विष्णुका हिरण्याक्षवध और प्रह्लादचरित्र, ६० प्रह्लादचरित्रमें प्रह्लाद और हिरण्य कशिपु सम्वाद, ६१ हिरण्यकशिपु वध, नृसिंह चरित, ६२ नलजन्मान्तरकथा, ६३ पाण्डव गण द्वारा दुर्वासाका सन्तोष विधान, ६४ व्यासाज्ञासे अर्जुनकी इन्द्रकील पर्वतमें तपश्चर्य्या और इन्द्रसमागम, ६५ शिवार्जुन द्वारा शूकररूपी मूक दैत्य वध, ६६ बाण शिक्षार्थ अर्जुनके साथ स्वभृत्यका विवाद सुनकर शिवका भिल्लरूपमें वहां जाना ६७ भिल्लरूपी शिवके साथ अर्जुनका संग्राम, अर्जुनके प्रति शिवका वरदान, ६८ पार्थिव शिवपूजन विधि, ६९ बिल्वेश्वर माहात्म्य, ७० शिवद्वारा विष्णुको सुदर्शनचक्र दान, ७१ शिवके सहस्रनाम, ७२ विष्णुके प्रति शिवका शिवरात्रिव्रत कथन, ७३ शिवरात्रिव्रत उद्यापन विधि, ७४ व्याध द्वारा शिवरात्रिव्रतकी प्रशंसा ७५ शिवरात्रिव्रतफल श्रवणसे महापापी वेद निधि विप्रकी मुक्ति, ७६ चार प्रकारकी मुक्ति और ब्रह्म लक्षण कथन, ७७ शिवकर्तृक विष्णु आदि देवगणकी उत्पत्ति कथन, ७८ शिवभक्त तत्त्वका अनुसन्धान करनेवाले साधकोंको साथ नैकलभ्यत्व कथन, ज्ञानसंहिता समाप्ति.

विद्येश्वर संहिता * ।

१ साध्य साधन निरूपण, २ मननादि स्वरूप कथन, ३ श्रवणादि अशक्त पक्षमें लिङ्ग पूजनरूप साधन कथन, ४ ब्रह्मा और विष्णुको युद्ध में प्रवृत्त देखकर देवगणका शिवके निकट जाना, ५ तेजोमय शिवलिंगका प्रादुर्भाव, उसके दर्शनसे ब्रह्मा और विष्णुकी विवाद-शान्ति, ६ शिवसृष्ट भैरव कर्तृक ब्रह्माका शिरश्छेद, ब्रह्माके प्रति शिवका अनुग्रह, ७ ब्रह्मा और विष्णुकी शिवपूजा, उनके प्रति शिवका लिंग

* 'विघ्नेश, 'विघ्नेश्वर' ऐसे नामान्तर पाये जातेहैं ।

पूजा प्रकरण कथन, ८ ब्रह्मा और विष्णुके प्रति शिवका सृष्ट्यादि स्वीय कृत्यपञ्चक प्रणवादि स्वरूप कथन, ९ लिंगनिर्म्माण तत्प्रतिष्ठा-विधि और मूर्त्तिपूजाप्रकरणकथन, १० शिवक्षेत्रसेवनादिमाहात्म्य, ११ ब्राह्मणोंका सदाचार और नित्यकर्तव्य विषयकथन, १२ पञ्च महायज्ञ कथन, दिन विशेषमें देव पूजाकी कर्त्तव्यता विधान, १३ देश विशेषमें पूजाफल वर्णन, १४ पार्थिव प्रतिमा पूजाविधि, १५ प्रणव षड्लिङ्ग माहात्म्य और शिवभक्तकी पूजा कथन, बन्धन और मोक्षका स्वरूप कथन लिङ्गक्रमकथन, विद्येश्वर संहिता समाप्ति, बम्बईमें छपे हमारे टीके किये शिवपुराणमें यह क्रम अठारह अध्यायतकहै आगे १९ पार्थिवेश्वर महिमा, २० वैदिक पार्थिवपूजाविधान कामना भेदके अनुसार पार्थिव लिंगपूजन २१ शिवनैवेद्य बिल्वमाहात्म्य वर्णन, २३ भस्म नाम और रुद्राक्ष माहात्म्य वर्णन, २४ दोप्रकार भस्म धारण विधि, २५ रुद्राक्ष माहात्म्य वर्णन विद्येश्वर संहिता समाप्ति.

कैलास संहिता ।

१ वाराणसीमें मुनियोंके प्रति सूतका प्रणवार्थ कथनारंभ, २ कैला-समें शिवके प्रति देवीका प्रणवार्थादिपूंछना, ३ प्रणवोद्धार और मंत्र दीक्षादि कथन. ४ प्रणवार्थप्रकाशक यंत्र लिखन पारिपाटी, ५ प्रणवो-द्धार विविधपूजन और न्यासान्तरादि विधि, ६ शंखपूजा और गुर्वादि पूजा, अनन्तर गणसहित शिवपूजाविधि, ७ गुहके प्रति वामदेवका प्रणवार्थ पूंछना, ८ वामदेव मुनिके प्रति गुहका प्रणवोपासनादि कीर्तन, ९ गुरुके उपदिष्ट मार्गमें प्रणवोपासना और सप्त न्यासादि विधि, १० षड् विधार्थ परिज्ञान और विस्तृत प्रणवार्थ कलातत्त्वादि विवृति, ११ योगपट्टादि कथन, १२ यतियोंकी अन्त्येष्टि कर्म्मगति कथन, कैलास संहिता समाप्ति.

सनत्कुमार संहिता ।

१ नैमिषारण्यमें सनत्कुमारका आगमन, व्यासादि मुनियोंका समागम, ऋषियोंका शिवपूजाविषयक प्रश्न, २ पृथिव्यादिका संस्थान क्रमादि कथन, ३ प्रकृतिसे महदादि क्रमद्वारा जगत सृष्टि सप्तद्वीप वर्णन, ४ अधोलोक वर्णन, नरकादि विवृति, ५ ऊर्ध्वलोक योग माहात्म्य वर्णन, ६ रुद्रमाहात्म्य, विस्तृतरूपसे पञ्चमूर्त्ति वर्णन, ७ रुद्रकीर्तन फल, रुद्रका स्तव, ८ सनत्कुमार चारिताख्यानमें उनको परम सिद्धि प्राप्तित्व कथन, ९ सनत्कुमारका शिव सर्वज्ञादि कथन, १० ब्रह्मलोक, विष्णुलोक और रुद्रलोक निरूपण, ११ रुद्रस्थान सप्तक कथन, १२ सर्वश्रेष्ठ रुद्रस्थान कथन, १३ विभीषण महेश्वर सम्वाद, १४ लिंगपूजा और शिव नाम-कीर्त्तन फल कथन, १५ स्थान माहात्म्य कथन, १६ तीर्थादि कथन-१७ पूर्वाध्यायमें कथिततीर्थ माहात्म्य, १८ व्यासके प्रश्नसे ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वरमें कौन प्रधानहै इस विषयमें सनत्कुमारका उत्तर कथन, शिवलिंगका माहात्म्यादि कथन, १९ लिंगस्थापनका फल, २० शिव सन्तोषकर पूजाविधि, २१ शिवदेय पुष्पादि निरूपण, २२ विस्तारसे सविस्तर अनशन विधि कथन, २३ संक्षेपसे शिवप्रीतिकर धर्म्मका उपदेश, २४ लक्षणाष्टमी व्रत, २५ अन्नदान माहात्म्य, दानान्तर प्रशंसा, २६ विविध धर्म्म कार्य्य का उपदेश, २७ विस्तृतरूपसे नियमफल कीर्तन २८ पार्वतीके प्रश्नानुसार शिवका चन्द्रमण्डल धारण और विषभोजन कारण कथन, २९ भस्म प्रशंसा और भस्म धारण फल, ३० निजपूजा फलकथन, शिवकर्त्तृक निजश्मशान वास हेतु निर्देश, ३१ शिवविभूति कथन, शिवज्ञान फलकीर्त्तन, ३२ प्रणवोपासनाका फल और देव कीर्त्तन, ३३ सप्तपञ्चध्यानादि क्रमकथन, ३४ दुर्वासाके प्रति शिवका ज्ञानयोग उपदेश करना, ३५ फिर ध्यानवर्णन, अशक्त पक्षमें काशी वास विधि, ३६ वायुनाडिकादि निरूपण, ३७ ध्यानविधि प्रशंसा,

३८ प्राणायामलक्षण और प्रणव उपासना कथन, ३९ शरीरको सर्व देवमयत्वकथन, ४० सनत्कुमार द्वारा नाड़ी विस्तार कथन, ४१ हर-पार्वती सम्वादमें काशीमाहात्म्य; ४२ शिवानुग्रहसे हारिकेश गुह्यकका दण्डपाणित्व कीर्त्तन, ४३मण्डूक्याख्यान,पुत्रसहित प्रताप मुकुट राजाका ओंकारेश्वर दर्शनको काशीपुरमें आगमन और ओंकारस्तव, ४४ सवि-स्तर ओंकारेश्वरवर्णन, ४५ ओंकारेश स्थानवासी पुष्पवाहनका इति-हासकीर्त्तन, ४६ नन्दिकी दुष्कर तपस्या, ४७ नन्दिके प्रति शिवका वरदान, ४८ महादेवके स्मरणमात्रसे देवगणका उनके निकट आना, ४९ शिवाज्ञासे देवगणकर्तृक नन्दिको गाणपत्यमें अभिषेक, स्तवकथन, ५० नन्दिका विवाह ५१ नीलकण्ठमाहात्म्य कीर्त्तन, ५२ त्रिपुरवृत्त देवगणकी स्तुतिसे महेश्वरकी तुष्टि,५३त्रिपुर नाशोद्योग,नारद मंत्रणासे मयादिका युद्धोद्योग, ५४ त्रिपुर दाह,५५पार्वतीके प्रश्नानुसार शिवका विप्रमाहात्म्य वर्णन, ५६ सनत्कुमारका पाशुपतयोग कथन, ५७ देह स्थित नाडी विवरण, ५८ विमल ज्ञान ईशपद प्राप्ति प्रकार, ५९ शिव-स्थिति लोक कथन सनत्कुमार संहिता समाप्ति.

वायवीय संहिता।

पूर्वभागमें—१ महादेव प्रसादसे कृष्णको पुत्रलाभ, देवादिकी व्यवस्था पुराणादिकी प्रशंसा, २ ऋषियोंका ब्रह्माके निकट शैवतत्त्वसुनकर ब्रह्मो-क्त यज्ञ करणार्थ नैमिषारण्यमें गमन, ३ नैमिषारण्यमें जाकर वायुके प्रति कुशल प्रश्न पूंछना, ४ पाशुपत तत्त्व, माया स्वरूप वर्णन, ५ वायु कर्तृक सविस्तर शम्भुका कालरूपत्वप्रकटन, ६ कालमान कथन, ७ संक्षेपसे ईशकर्तृक शक्तयादि सृष्टि कथन, पुरुषाधिष्ठित प्रकृतिसे सृष्टि कथन. ९ ब्रह्माका वराह रूपमें प्रादुर्भाव, और जगत् का व्यवस्थापन, १० शिवानुग्रहसे ब्रह्माकी जगत् सृष्टि, ११ ब्रह्मा, विष्णु और शिवमें परस्पर वशवर्त्तित्व, ब्रह्मकी रुद्रोत्पत्ति, १२ रुद्रसृष्टिके पीछे ब्रह्माके प्रति

सनत्कुमार संहिता ।

१ नैमिषारण्यमें सनत्कुमारका आगमन, व्यासादि मुनियोंका समागम, ऋषियोंका शिवपूजाविषयक प्रश्न, २ पृथिव्यादिका संस्थान क्रमादि कथन, ३ प्रकृतिसे महदादि क्रमद्वारा जगत सृष्टि सप्तद्वीप वर्णन, ४ अधोलोक वर्णन, नरकादि विवृति, ५ ऊर्ध्वलोक योग माहात्म्य वर्णन, ६ रुद्रमाहात्म्य, विस्तृतरूपसे पञ्चमूर्त्ति वर्णन, ७ रुद्रकीर्तन फल, रुद्रका स्तव, ८ सनत्कुमार चरिताख्यानमें उनको परम सिद्धि प्राप्तित्व कथन, ९ सनत्कुमारका शिव सर्वज्ञादि कथन, १० ब्रह्मलोक, विष्णुलोक और रुद्रलोक निरूपण, ११ रुद्रस्थान सप्तक कथन, १२ सर्वश्रेष्ठ रुद्रस्थान कथन, १३ विभीषण महेश्वर सम्वाद, १४ लिंगपूजा और शिव नाम-कीर्त्तन फल कथन, १५ स्थान माहात्म्य कथन, १६ तीर्थादि कथन- १७ पूर्वाध्यायमें कथिततीर्थ माहात्म्य, १८ व्यासके प्रश्नसे ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वरमें कौन प्रधानहै इस विषयमें सनत्कुमारका उत्तर कथन, शिवलिंगका माहात्म्यादि कथन, १९ लिंगस्थापनका फल, २० शिव सन्तोषकर पूजाविधि, २१ शिवदेय पुष्पादि निरूपण, २२ विस्तारसे सविस्तर अनशन विधि कथन, २३ संक्षेपसे शिवप्रीतिकर धर्म्मका उप-देश, २४ लक्षणाष्टमी व्रत, २५ अन्नदान माहात्म्य, दानान्तर प्रशंसा, २६ विविध धर्म्म कार्य्य का उपदेश, २७ विस्तृतरूपसे नियमफल कीर्तन २८ पार्वतीके प्रश्नानुसार शिवका चन्द्रमण्डल धारण और विषभोजन कारण कथन, २९ भस्म प्रशंसा और भस्म धारण फल, ३० निजपूजा फलकथन, शिवकर्त्तृक निजश्मशान वास हेतु निर्देश, ३१ शिवविभूति कथन, शिवज्ञान फलकीर्त्तन, ३२ प्रणवोपासनाका फल और देव कीर्त्तन, ३३ सप्तपञ्चध्यानादि क्रमकथन, ३४ दुर्वासाके प्रति शिवका ज्ञानयोग उपदेश करना, ३५ फिर ध्यानवर्णन, अशक्त पक्षमें काशी वास विधि, ३६ वायुनाडिकादि निरूपण, ३७ ध्यानविधि प्रशंसा,

राजाका वनगमन, सुद्युम्नराजाका स्त्रीत्वलाभ, सुद्युम्नराजाको इलानाम प्राप्ति इलाके साथ बुधका मिलन, पुरूरवाकी उत्पत्ति, इलाकर्तृक भगवतीका स्तव, सुद्युम्नकी मुक्ति, १३ पुरूरवा समीपमें उर्वशीका नियम, उर्वशी लानेके निमित्त गंधर्वोका आगमन, उर्वशीका अन्तर्द्धान, कुरुक्षेत्र में पुरूरवाको उर्वशी दर्शन, १४ घृताचीका शुकी रूप धारण, शुकोत्पत्ति, शुकके गृहस्थाश्रम अवलम्बन करनेमें व्यासका अनुरोध, शुकदेवकी विवाहमें अस्वीकारता, १५ शुकदेवका वैराग्य, व्यासके प्रति शुकदेवकी उक्ति, शुकदेवको भागवत पढनेके लिये व्यासका अनुरोध, वटपत्रशायी भगवान्का श्लोकार्द्ध श्रवण, विष्णु समीपमें भगवतीका प्रादुर्भाव, १६ विष्णुको विस्मित देखकर भगवतीकी उक्ति, विष्णु कर्तृक श्लोकार्द्ध विषयमें प्रश्न, श्लोकार्द्धका माहात्म्य वर्णन, ब्रह्माके निकट भगवती कर्तृक माहात्म्य कीर्तन भागवतका लक्षण शुकदेवको चिंतित देखकर जीवन मुक्तजनकके निकट गमनार्थ व्यासका उपदेश, शुककी मिथिला गमनेच्छा; १७ शुकका मिथिला गमन, शुकके साथ द्वारपालका कथोपकथन, शुकदेवका जनक गृहमें विश्राम, १८ शुकका आना सुनकर राजा जनकका सत्कार करनेके लिये उनके पास आना, शुकका आगमन कारण वर्णन; शुकके प्रति जनकका उपदेश, जनकके साथ शुकका विचार, १९ शुकदेवका सन्देह निराकरण, शुकदेवका विवाह, शुककी तपस्या और अन्तर्द्धान, व्यासदेवका "पुत्र पुत्र" कहकर पुकारनेमें पर्वतादिका प्रत्युत्तर दान, व्यास समीपमें महादेवागमन, व्यास द्वारा शुककी छाया दर्शन, २० पुत्र विरहातुर व्यासदेवका स्वजन्म स्थान द्वीपमें आगमन और दाशराजके साथ मिलन, सरस्वती तटपर व्यासका वास शान्तनु राजाकी मृत्यु वर्णन, चित्राङ्गदको राज्य प्राप्ति, चित्राङ्गदके साथ गन्धर्व चित्राङ्गदका युद्ध, चित्राङ्गदकी मृत्यु और विचित्रवीर्य्यको राज्य प्राप्ति, स्वयम्वरमें भीष्मद्वारा परित्यक्त काशी-

राजकी ज्येष्ठ कन्याका शाल्व समीपमें गमन, भीष्म और शाल्वकर्तृक निराकृत काशीराज कन्याका तपस्यार्थ वनगमन, विचित्र वीर्य्यकी मृत्यु, धृतराष्ट्र प्रभृतिकी उत्पत्ति.

द्वितीय स्कन्धमें—१ ऋषियोंका सत्यवती विषयक प्रश्न, उपरिचर नृपति वृत्तांत, मत्स्यराज और मत्स्यगंधाकी उत्पत्ति, २ पराशरमुनिका आगमन, कामार्त्त पराशरके प्रति मत्स्यगंधाकी उक्ति, मत्स्यगंधाके योजनगंधा नामप्राप्ति, व्यासदेवकी उत्पत्ति, ३ महाभिष नृपतिका ब्रह्मसदनमें गमन; महाभिष और गंगाके प्रति ब्रह्माका अभिशाप, अष्टवसुका वशिष्ठाश्रममें गमन, द्यौनामक वसु कर्त्तृक वशिष्ठका गोहरण वसुगणोंके प्रति वशिष्ठका शाप, गंगा और वसुगणोंका मिलन, शन्तनुराजाकी उत्पत्ति, ४ शन्तनुराज कर्त्तृक मानव रूप धारिणी गंगाका विवाह, सप्तवसुओंकी क्रमशः गंगा गर्भसे उत्पत्ति और तत्कर्तृक जलमें निक्षेप, भीष्मकी उत्पत्ति, भीष्मको ग्रहण करके गंगाका अन्तर्द्धान, शन्तनु राजाको गंगासमीपसे फिर भीष्म प्राप्ति, ५ शन्तनुराजाको सत्यवती दर्शन, दास निकटमें सत्यवती प्रार्थना, दासवाक्यमें शन्तनुकी चिन्ता और गृहमें प्रत्यागमन, शन्तनुके प्रति भीष्मकी उक्ति भीष्मका दासगृहमें गमन, भीष्मकी प्रतिज्ञा और सत्यवती आनयन, ६ कर्णोत्पत्ति विवरण, दुर्वासा ऋषिका कुन्तिभोजगृहमें आगमन, कुन्तीको दुर्वासाका मंत्रदान, कुन्तीकर्तृक सूर्य्यका आह्वान, कर्णकी उत्पत्ति, मंजूषाद्वारा कर्णका गंगाजलमें परित्याग, पाण्डुके साथ कुन्तीका विवाह, पाण्डुके प्रति मृगरूपी मुनिका शाप, युधिष्ठिर आदिकी उत्पत्ति पाण्डुकी मृत्यु, पुत्रोंके साथ कुंतीका हस्तिनापुर गमन. ७।८ परीक्षितकी उत्पत्ति, धृतराष्ट्रका वन गमन, विदुरकी मृत्यु, देवीके प्रसादसे युधिष्ठिर आदिका मृत दुर्य्योधनादिका दर्शन, धृतराष्ट्रकी मृत्यु, यादवगणों और रामकृष्णकी मृत्यु, अर्जुनका द्वारका गमन और दस्युद्वारा

कृष्ण पत्नी हरण, परीक्षितको राज्यप्राप्ति, परीक्षितका शमीकमुनिके गलेमें सर्प डालना, परीक्षितके प्रति ब्रह्मशाप, रुरुवृत्तान्त वर्णन, ९ रुरुका विवाहोद्योग, रुरुपत्नीकी सर्प दंशनसे मृत्यु, रुरुद्वारा पत्नीको जीवन दानका उद्योग, रुरुपत्नीका जीवनलाभ, परीक्षितका तक्षक भय निवारणकी चेष्टा करना, १०।११ तक्षकका आगमन और मार्गमें कश्यप ब्राह्मणका दर्शन, तक्षकका न्यग्रोध वृक्ष दर्शन, कश्यपकर्त्तृक वृक्षके जीवन दान, कश्यपका गृहमें प्रत्यागमन, परीक्षितको मंत्रादि द्वारा• वेष्ठित देखकर तक्षककी चिन्ता, अनुचरसर्पोंका ब्राह्मण वेशमें परीक्षितके निकट गमन, ब्राह्मणरूपधारी सर्पके निकटसे राजाका फल ग्रहण करना राजाकी तक्षक दर्शनसे मृत्यु, जनमेजयको राज्यप्राप्ति, जनमेजयका विवाह, उत्तङ्कमुनिका हस्तिनापुरमें आगमन, उत्तंगमुनिके साथ जनमेजयका कथोपकथन, रुरुकी सर्पहननमें प्रतिज्ञा, डुण्डुभ सर्पके साथ रुरुका कथोपकथन, सर्प यज्ञारंभ, आस्तीक कर्त्तृक सर्पयज्ञ निवारण, १२ जरतकारु मुनिद्वारा गर्त्तमें लम्बमान पितृगणोंका दर्शन आदित्य अश्व दर्शनमें विनता और कद्रुका कथोपकथन, सर्पगणोंके प्रति कद्रुका शाप, गरुड़का इन्द्रलोकसे अमृत आहरण,वासुकि आदि सर्पोंका ब्रह्माके समीपमें गमन, जरतकारु मुनिका दारपरिग्रह, आस्तीककी उत्पत्ति जनमेजयके प्रति भागवत श्रवणमें व्यासका आदेश.

३ य स्कन्धमें—१ ब्रह्मा विष्णु और महेश्वर आदिके कथनसे व्यासके निकट जनमेजयका प्रश्न, २ ब्रह्माके निकट नारदका आराध्य निर्णय प्रश्न, ब्रह्माका स्वकारण अन्वेषणार्थ पद्मसे नीचे आगमन, ब्रह्माको शेष शायि जनार्दन दर्शन, ब्रह्मा और विष्णु-समीपमें रुद्रका आगमन, ब्रह्मा विष्णु और रुद्रके प्रति देवीकी उक्ति, देवीके दिये हुए विमानमें ब्रह्मादिका आरोहण, ३ विमानमें चढकर ब्रह्मादिका अनेक प्रकारकी वस्तुओंका दर्शन, अन्य ब्रह्मा दर्शन, अन्य शिवदर्शन, अन्य विष्णुदर्शन, ब्रह्मादिको देवी दर्शन, ४

भगवती समीपमें गमनोद्यत ब्रह्मादिको स्त्रीत्वकी प्राप्ति, देवीके चरणकम लोंमें विश्व ब्रह्माण्ड दर्शन, विष्णु द्वारा भगवतीकी स्तुति, ५ शिवकृत भगवतीस्तव, ब्रह्माकर्तृक भगवती स्तव, ६ ब्रह्मादिके प्रति भगवतीका उपदेश, ब्रह्माको महासरस्वती प्रदान, महादेवको महाकाली प्रदान, ब्रह्माको पुनर्वार पुरुषत्व प्राप्ति, ७ निर्गुणतत्त्व कथन, गुण प्रभेद द्वारा तत्त्वस्वरूप वर्णन, ८ गुणसमूहका रूप संस्थान वर्णन, ९ गुणनिकरका लक्षण, जनमेजयके निकट व्यास द्वारा आराध्य निर्णय, १० मुनि समाजमें आराध्य निर्णयमें संदिहान जमदग्निका प्रश्न, लोमशद्वारा पूर्व प्रश्नकी मीमांसा, सत्यव्रत ऋषिका उपाख्यान, विप्रदेव दत्तका पुत्रकी इच्छासे यज्ञारंभ, देवदत्त प्रति गोभिलका शाप, देवदत्तके पुत्रोत्पत्ति, उतथ्यका वैराग्यलाभसे वनगमन, ११ उतथ्यको सत्यव्रत नामप्राप्ति, सत्यव्रतका सरस्वती बीजको उच्चारण करना, बीज माहात्म्यसे सर्वज्ञत्व प्राप्ति, देवीमाहात्म्य, १२।१३ अन्वायज्ञ विधि वर्णन, जनमेजयके प्रति अन्वायज्ञ करनेमें वेद व्यासका उपदेश, विष्णु प्रति देव वाणी, १४ ध्रुव संधिराज्यका वृत्तान्त, ध्रुव संधिकी मृत्यु, राजपुत्र सुदर्शनको राज्यप्रदानकी मंत्रणा, युधाजितका आगमन, वीरसेनका आगमन, १५ युधाजित् और वीरसेनका युद्ध, वीरसेनकी मृत्यु, सुदर्शनको लेकर लीलावतीका प्रस्थान, सुदर्शनका भरद्वाज आश्रममें वास, १६ सुदर्शन विनाशकी इच्छासे युधाजितका भरद्वाजके आश्रममें जाना, जयद्रथका द्रौपदी हरण वृत्तान्त, १७ विश्वामित्रकथा, युधाजितका अपने नगरमें लौटना, सुदर्शनको कामराजबीज प्राप्ति, काशीराजकन्या शशिकलाका सुदर्शनके प्रति अनुराग, १८ शशिकलाका स्वयंवरोद्योग, १९ सुदर्शनके प्रति शशिकलाका गाढानुराग वर्णन, सुदर्शन और अन्योन्य राजाओंका काशीमें आगमन, २० सुदर्शन और नृपगणोंका कथोपकथन, शशिकलाकी स्वयम्वर सभामें आनेमें अनिच्छा, २१ काशीपतिके मुखसे उस कन्याकी अन्य नृपतिको वरण करनेकी अनिच्छा सुनकर युधाजि-

त्का तिरस्कार, युद्धकी आशंकासे काशीपतिकी कन्याके प्रति उक्ति, २२ सुदर्शनका विवाह, काशीपतिका राजाओंको विदा करना २३ काशीसे सुदर्शनकी विदामें, युद्धकी इच्छासे दूसरे राजालोगोंका आना, सुदर्शनके साथ राजगणोंका युद्ध और देवीका आविर्भाव युधाजितकी मृत्यु, काशीपतिकर्तृक देवीका स्तव, २४ दुर्गाका काशीमें वास सुदर्शनका अयोध्यामें आगमन, २५ सुदर्शनका अयोध्यामें देवीस्थापन, २६ नवरात्र व्रत विधि, कुमारी विधि वर्णन, वर्ज्जनीय कुमारी वर्णन, सुशीलवणिकका उपाख्यान, २८ रामलक्ष्मण भरत और शत्रुघ्नकी उत्पत्ति, रामका दण्डकारण्यमें गमन, मायामृग वध, भिक्षुकवेशमें रावणका आगमन, सीतासमीपमें रावणका परिचय दान, २९ सीताहरण, रामका जानकी अन्वेषणमें उद्योग ,जटायुदर्शन, सुग्रीवके साथ रामचन्द्रकी मित्रता, शोकान्वितरामके प्रति लक्ष्मणकी उक्ति, ३० राम और लक्ष्मण समीपमें नारदका आगमन, नवरात्र व्रत करनेका उपदेश; रामचन्द्रका व्रत विधान, रामके प्रति भगवतीका वाक्य, रावण वध.

४र्थ स्कन्धमें—१ वेदव्यास समीपमें जनमजय कर्तृक कृष्णावतारादि विषयका प्रश्न, २ कर्म्म फलका प्राधान्य निर्णय, ३ कश्यपद्वारा वरुणका धेनु हरण, कश्यप प्रति वरुणका अभिशाप, कश्यपके प्रति ब्रह्माका शाप, पुत्रनिमित्त दितिका व्रत करण अदितिको दितिका शाप, दितिकी सेवार्थ तत्समीपमें इन्द्रका गमन, इन्द्रद्वारा दितिका गर्भच्छेदन, ४।५ कश्यपका चौर वृत्तान्त सुनकर जनमेजयको संशय, मायाका प्राधान्य कीर्तन, नर नारायण वृत्तान्त, दोनों ऋषियोंका तप देखकर इन्द्रकी चिन्ता, तप भंग करनेके लिये इन्द्रका अप्सरा गणको भेजना, ६ नर नारायणके आश्रममें सहसा वसन्तऋतुका अविर्भाव, अकालमें वसन्त देखकर नारायणकी चिन्ता, ऋषियोंके सम्मुख अप्सराओंका आगमन, उर्वशीकी उत्पत्ति, ७ समस्त ब्रह्माण्डकी अहंकार आवृतता वर्णन, ८

प्रह्लादको राज्यलाभ, प्रह्लादसमीपमें यवनकी तीर्थ विषयक उक्ति, प्रह्लादका नैमिषारण्यमें आगमन, ९ प्रह्लादको नरनारायण दर्शन, प्रह्लाद के साथ नरनारायण ऋषिका युद्ध, प्रह्लाद समीपमें विष्णुका आगमन, प्रह्लादके प्रति विष्णुकी उक्ति, १० प्रह्लादका इन्द्रके साथ युद्ध और पराजय तथा तपस्यामें जाना, पराजित दैत्यगणोंका शुक्रसमीपमें गमन ११ शुक्राचार्य्यका पुत्रप्राप्ति के लिये महादेव समीपमें गमन, शुक्रकी तपस्या, देवपीड़ित दैत्योंका शुक्र जननी समीपमें गमन, शुक्रजननीके साथ देवगणोंका युद्ध, शुक्रजननी वध, १२ विष्णुके प्रति भृगुका शाप शुक्र माताको जीवन लाभ, इन्द्र द्वारा शुक्र समीपमें स्वकन्या जयन्ती का प्रेरण, जयन्ती द्वारा शुक्रकी परिचर्य्या, शुक्राचार्य्यको वरलाभ, शुक्रका जयन्तीको पत्नीत्वमें वरण, दैत्योंके समीपमें शुक्ररूपमें बृहस्पति का आगमन, १३ बहस्पतिका शुक्ररूपमें दैत्योंको ठगना शुक्राचार्य्य का दैत्योंके निकट गमन और स्वरूपधारी बृहस्पति दर्शन, १४ दैत्योंके प्रति शुक्राचार्य्यकी उक्ति, दैत्यगण द्वारा शुक्राचार्य्यका प्रत्याख्यान, दैत्योंके प्रति शुक्राचार्य्यकाशाप प्रह्लाद आदि दैत्योंका शुक्रसमीपमें गमन, शुक्राचार्य्य का पुनर्वार दैत्यपक्ष अवलम्बन करना, १५ देव दानव युद्ध देवगणोंकी पराजय, और इन्द्रद्वारा भगवतीका स्तुतिपाठ, भगवतीका आविर्भाव प्रह्लाद द्वारा भगवतीका स्तव, दैत्यगणोंका पाताल प्रवेश, १६ विष्णुके नानावतार कथन, १७ अप्सरागणोंके प्रति नारायणकी उक्ति, उर्वशीको लेकर अप्सराओंका स्वर्ग गमन, कृष्णावतार विषयमें जनमेजयका प्रश्न, १८ भाराक्रान्त पृथिवीका स्वर्गलोकमे गमन, देवगणोंके साथ ब्रह्माका विष्णुसदनमें गमन, विष्णुका निज पराधीनत्व कथन, १९ विष्णुआदि देवगणोंका भगवतीकी स्तुति करना, देवगणोंके प्रति भगवतीकी उक्ति, २० देवी माहात्म्य, वसुदेवके साथ देवकीका विवाह और कंसप्रति देववाणी, कंसका देवकी हननमें उद्योग कंसके प्रति, वसु-

देवकी उक्ति, कंसके हाथसे देवकीकी मुक्ति, २१ देवकीके पुत्रोत्पत्ति, कंसको पुत्र देनेके लिये वसुदेव और देवकीका कथोपकथन, वसुदेवका कंसको पुत्रदान, कंससमीपमें नारदका आगमन, कंसद्वारा वसुदेवके सब-पुत्रोंकी हत्या, २२ षट्गर्भ वृत्तान्त, मरीचि पुत्रगणोंके प्रति ब्राह्मणका शाप और उनका दैत्ययोनिमें जन्म ग्रहण, हिरण्यकशिपु पुत्रगणोंकी ब्रह्माके निकटसे वरप्राप्ति, पुत्रगणोंके प्रति हिरण्यकशिपुका शाप, छःगर्भोंकी देवकी गर्भसे उत्पत्ति, देवगणोंका अंशावतारकथन, असुरगणोंका अंशावतार कथन, २३ देवकीके आठवें गर्भका आविर्भाव, देवकीकी कारागारमें रक्षा, श्रीकृष्णका प्रादुर्भाव, वसुदेवका गोकुलमें ले जाकर अपने पुत्रकी रक्षा, गोकुलसे यशोदाकन्याका आनयन, कंसद्वारा कन्या विनाशका उद्योग और कंसके प्रति भगवतीकी उक्ति, पूतना धेनुक आदि दैत्योंका गोकुलमें गमन, २४ कृष्णका पूतनादि वध, कृष्ण बलरामका मथुरामें आगमन और कंसवध कृष्णआदिका द्वारावती गमन, रुक्मिणी हरण प्रद्युम्नहरण और कृष्णकर्तृक भगवतीकी स्तुति, २५ कृष्णका शोक मो-हादिदेखकर जनमेजयका प्रश्न, व्यासका उत्तर प्रदान, कृष्णकी शिवा राधना, कृष्णके प्रति महादेवका वरदान, कृष्णके प्रति देवीकी उक्ति, महामाया भगवतीका सर्वेश्वर रत्न संस्थापन.

५ म स्कन्धमें—१ सूतसमीपमें शौनकादि ऋषियोंका कृष्णविषयक प्रश्न, व्याससमीपमें जनमेजयका शिवोपासना विषयक प्रश्न, विष्णुकी अपेक्षा, रुद्रका प्राधान्य वर्णन, ब्रह्मादि स्तम्ब पर्य्यन्त समस्त पदार्थोंका मायाधीनत्व वर्णन, २ व्याससमीपमें जनमेजयकी देवी माहात्म्य श्रवणेच्छा महिषासुरकी तपश्चर्य्या, महिषासुरको वरप्राप्ति, रम्भ और करम्भकी तपस्या और करम्भ वध, रंभको महिष लाभ, रंभासुरकी मृत्यु, महिषासुर और रक्तबीजकी उत्पत्ति, ३ महिषासुरका इन्द्रसमीपमें दूत प्रेरण इन्द्रका दूत समीपमें महिषासुरकी निन्दाकरना, महिषासुरके निकट दूतका ९

मन दूतवाक्य श्रवणसे महिषासुरका युद्धोद्योग, ४ देवगणोंके साथ इन्द्रकी मंत्रणा (सलाह) इन्द्रको बृहस्पतिका उपदेशकरना, ५ ब्रह्माके निकट इन्द्रका गमन, इन्द्रके साथ ब्रह्माका कैलास और वैकुंठमें जाना, दानवोंके साथ देवगणोंका युद्ध, विड़ालाख्यका युद्ध ताम्रासुरका युद्ध ६ दिक्पालोंके साथ महिषासुरका युद्ध, ७ देव और दानव सेनाका तुमुल युद्ध, महिषासुरका विभिन्नरूप लेकर तुमुलयुद्ध, देवगणोंका रणभङ्ग, महिषासुरका इंद्रपदग्रहण; देवगणोंका ब्रह्माकीस्तुतिकरना, देवगणोंका ब्रह्मा और शङ्कर के साथ वैकुंठगमन, ८ विजयका विष्णुके निकट देवगणोंके आनेका समाचार कहना, विष्णुके साथ देवगणोंका महिषासुरवधकी मंत्रणा करना, प्रत्येकदेवके शरीरसे तेजकी उत्पत्ति, उस तेजसे भगवतीकी उत्पत्ति, किसदेवतासे भगवतीके किसअङ्गकी उत्पत्ति हुई उसविषयका वर्णन, ९ देवगणोंके प्रति भगवतीका ऊंचे स्वरसे हसना, शब्दानुकरणके निमित्त महिषासुरका दूतप्रेरण महिषासुरके निकट दूतका समस्तवृतान्त कथन, देवीके निकट महिषासुरका दूत प्रेरण, १० देवगणोंको राज्य सौंपकर महिषासुरके पाताल जानेके निमित्त दूतके निकट भगवतीका कथन, ११ मंत्रियोंके साथ महिषासुरकी मंत्रणा, ताम्रासुरका युद्धमें गमन, १२ ताम्रके निकट देवीकी उक्ति, महिषासुरकी फिर मंत्रियोंके साथ मंत्रणा, विडालाख्यकी उक्ति, दुर्मुखकी उक्ति, बाष्कलकी उक्ति, दुर्द्धरकी उक्ति १३ बाष्कल और दुर्मुखका युद्धमें गमन, बाष्कलका युद्ध, बाष्कलकी मृत्यु दुर्मुखका युद्ध, दुर्मुखकी मृत्यु, १४ चिक्षुराख्य और ताम्रका युद्धमें गमन चिक्षुराख्य और ताम्रका युद्ध चिक्षुराख्य और ताम्रकी मृत्यु, १५ असिलोमाऔर विड़ालाख्यका युद्धमें गमन, असिलोमा और विड़ालाख्यकी मंत्रणा, विड़ालाख्यका युद्ध और मरण, असिलोमाका युद्ध, असिलोमाकी मृत्यु, दानवसेनाका रणभङ्ग, १६ महिषासुरका मनुष्य

रूप धारणकरके युद्धमें जाना, देवीके प्रति महिषासुरकी उक्ति, १७ देवीके निकट महिषासुरका मन्दोदरी उपाख्यान कथन, मन्दोदरीका विवाहोद्योग, मन्दोदरीकी विवाहमें इच्छा, वीरसेनराजाको मन्दोदरी दर्शन, वीरसेनकी विवाहेच्छा और मन्दोदरी द्वारा उसका प्रत्याख्यान, १८ मन्दोदरीकी वहन इन्दुमतीका स्वयंवर, उक्तस्वयम्वरमें मन्दोदरी का विवाह, मन्दोदरीका अनुताप, महिषासुरके प्रति देवीका तिरस्कार महिषासुरका अनेकरूप धारण करके देवीके साथ युद्ध, देवीद्वारा महिषासुरका वध, १९ देवगण द्वारा भगवती स्तुति, देवगणोंके प्रति भगवतीकी उक्ति, २० जनमेजयद्वारा देवीलीलाका माहात्म्य कीर्त्तन, अयोध्याके स्वामी शत्रुघ्नको महिषराज्य प्राप्ति, महिषासुर वधके निमित्त जगन्मंगल वर्णन, २१ शुम्भ निशुंभ कथारंभ और शुंभ निशुंभकी तपस्या, शुंभ, और निशुंभको वरप्राप्ति, शुम्भका स्वर्गविजय, २२ वृहस्पतिके साथ देवगणोंकी मंत्रणा, देवगणोंके निकट बृहस्पतिका भगवतीकी आराधनाका उपदेश, देगवणद्वारा भगवतीकी स्तुति, देवगणके निकट भगवतीका आविर्भाव, २३ कौशिकी और कालिका उत्पत्ति, चण्ड और मुण्डका अंविकादर्शनकेअनंतर शुम्भके निकट, जाकर देवीको घरमें लानेका उपदेश देना, अम्विकाके निकट सुग्रीवकी उक्ति, सुग्रीवके प्रति देवीकी उक्ति, २४ सुग्रीवके निकट देवीकी प्रतिज्ञा कथन, दूतका वचन सुनकर शुंभ और निशुंभका परामर्श, धूम्रलोचनका युद्धमें गमन, २५ धूम्रलोचनके प्रति देवीकीउक्ति धूम्रलोचनका युद्ध, धूम्रलोचनका वध सुनकर शुंभ और निशुम्भका परामर्श, २६ चण्ड और मुंडका युद्धमें गमन और देवीके प्रति उक्ति चण्ड और मुंडके प्रति देवीका तिरस्कार, चण्ड और मुण्डका देवीके संग युद्ध, कालीकी उत्पत्ति, चण्ड मुण्डवध, देवीका चामुण्डा नामकरण, २७शुम्भके निकट रणभङ्ग सेनाकी उक्ति, भग्नसेनाके प्रति शुंभका तिरस्कार, रक्तवीजका युद्धमें गमन,

देवीके प्रति रक्तबीजकी उक्ति,२८शुम्भसेनाका उद्योग देखकर ब्रह्माणी आदि देवशक्तियोंका आगमन, शिवदूतीका विवरण, दानवोंके समीपमें शिवका दौत्यकार्य्य,देवशक्तियोंका युद्ध,२९रक्तबीजका युद्धमें आगमन, वहुतसे रक्तबीजोंकी उत्पत्ति और देवगणोंका त्रास, देवगणोंको डराहुआ देखकर कालीके प्रति अम्बिकाकी उक्ति, रक्तबीजवध,भयातुर दानवोंके प्रति शुम्भकी उक्ति, निशुम्भका समर गमनोद्योग, ३० निशुम्भ और शुम्भका युद्धमें आगमन, निशुम्भके साथ देवीका घोरयुद्ध, निशुम्भकी मृत्यु, शुम्भके निकट रणभंगसेनाकी उक्ति ३१ भग्नसेनाके प्रति शुम्भका तिरस्कार शुंभका युद्धमें आगमन,देवीके साथ शुंभका युद्ध,शुम्भवध,३२ व्याससमीपमें जनमेजयका भगवती माहात्म्य विषयक प्रश्न, सुरथ और समाधिका वृत्तान्तारम्भ,सुरथराजका वनगमन और सुमेधऋषिके आश्रम में स्थिति, सुरथराजाके साथ समाधि वैश्यका मिलन, सुरथके साथ समाधिका कथोप कथन,३३ ऋषिके निकट सुरथका महामाया विषयक प्रश्न,सुरथ और समाधिके निकट महामाया माहात्म्य कथन, ब्रह्मा और विष्णुका वाक्ययुद्ध, ब्रह्मा और विष्णुको लिंगमूर्त्तिदर्शन, लिङ्गका आदि अन्त जाननेके निमित्त विष्णुका पातालमें और ब्रह्माका आकाशमें जाना ब्रह्माका केतकीकी दलग्रहण और विष्णुके निकट मिथ्या कथन, केतकीका मिथ्या साक्षीदेना, केतकीको महादेवका शापदेना,३४ भगवतीकी पूजा विधि नवरात्रविधिकथन,सुरथ और समाधिके प्रति देवीकी आराधना विषयक उपदेश,३५ सुरथ और समाधिका देवीकी उपासना करना,देवीका प्रत्यक्ष आगमन, सुरथ और समाधिको वर प्राप्ति.

६ ष्ठ स्कन्ध—१ ऋषियोंके निकट सूतका वृत्रासुरवृत्तान्त कथन, विश्वरूपकी उत्पत्ति, विश्वरूपकी तपस्या, २ विश्वरूपका वध करनेके निमित्त इन्द्रका गमन, विश्वरूपकी मृत्यु. विश्वरूपके छेदनार्थ इन्द्र और त्वष्टाका कथोपकथन, वृत्रासुरकी उत्पत्ति,३ इन्द्रको जीतनेके निमित्त

वृत्रासुरका स्वर्गमें गमन, बृहस्पतिके साथ इन्द्रकी मंत्रणा, इन्द्रका युद्धमें गमन, देवगणोंका भागना, वृत्रासुरका तपस्या करनेको जाना, ४ वृत्रासुरके प्रति ब्रह्माका वरदान, वृत्रासुरके साथ देवगणोंका पुनर्वार युद्ध, जम्भिकाकी उत्पत्ति, देवगणोंका पलायन और वृत्रासुरका स्वर्गराज्यलाभ, वृत्रासुरके वधके निमित्त सब देवगणोंका वैकुण्ठमें गमन, ५ देवगणोंके प्रति विष्णुकी उक्ति, देवीकी आराधनाके निमित्त विष्णुका उपदेश देवगणद्वारा भगवतीकी स्तुति, देवगणोंको देवीका वरदान देना ६ इन्द्रके साथ वृत्रकी बन्धुता स्थापनार्थ ऋषियोंका गमन इन्द्रके साथ वृत्रका कपट बंधुत्व स्थापन समुद्र समीपमें इंद्रद्वारा वृत्रासुरका वध, ७ इंद्रके प्रति त्वष्टाका शापदान, देवगण द्वारा इन्द्रकी निंदा इंद्रका घरछोड़कर मानससरोवरमें जाना नहुषको इंद्रत्व प्राप्ति, ८ नहुषको इंद्राणीके प्राप्तकरनेकी इच्छा, नहुषके साथ शचीका नियम करण, शचीकी भगवती पूजा, शचीके प्रति भगवतीका वरदान, ९ इन्द्रके साथ शचीका मिलन नहुषका सप्तर्षियानमें आरोहण, नहुषके प्रति अगस्त्यमुनिका शाप इन्द्रको पुनः स्वर्गराज्य प्राप्ति, १० कर्म्मफलाफलकथन, ११ कलियुगका महात्म्य कीर्तन १२ तीर्थनामकथन जनमेजयका आडीवकयुद्धका कारण पूंछना संक्षेपसे हरिश्चन्द्रका उपाख्यान, वरुणके प्रति हरिश्चंद्रकी छलना, हरिश्चंद्रके प्रति वरुणका अभिशाप, १३ हरिश्चन्द्रके प्रति वशिष्ठको कृतपुत्रद्वारा यज्ञकरणका उपदेश, यज्ञपशुके निमित्त शुनः शेपको लाना शुनः शेपके रोनेनें विश्वामित्रकी करुणा, वशिष्ठ और विश्वामित्रका परस्पर शाप प्रदान, आडीवकका युद्ध, वशिष्ठ और विश्वामित्रकी शापमुक्ति, १४ वशिष्ठका मैत्रावरुणी नामका हेतुकथन निमिके यज्ञकरनेकी इच्छा, निमिके प्रति वशिष्ठका शाप, वशिष्ठके प्रति निमिका शाप, अगस्त्य और वशिष्ठकी उत्पत्ति, १५ सब प्राणियोंके नेत्रमें निमिका वास, जनककी उत्पत्ति, कामक्रोधादिका दुर्जयत्व कथन, १६

हैहयगणद्वारा भृगुवंशीयगणके निकट धन प्रार्थना, हैहयगणद्वारा भृगु-वंशीय गणका विनाश, लोभ निन्दा कथन, १७ हैहयपत्नियोंकी गौरी-पूजा और्व ऋषिकी उत्पत्ति, हैहयगणोंकी शांति, लक्ष्मीका रेवंत दर्शन लक्ष्मीके प्रति नारायणका शाप, १८ लक्ष्मीका वड़वारूप धारण करके शंकरकी आराधना करना,लक्ष्मीद्वारा हरि और हरका ऐक्यभाव कथन, लक्ष्मीके प्रति शंकरका वरदान, हरद्वारा विष्णुसमीपमें चित्ररूपका प्रेरण, विष्णु समीपमें दूतकी उक्ति, विष्णुका अश्वरूप धारण करके लक्ष्मीके निकट जाना, हैहयकी उत्पत्ति, लक्ष्मीका नवजातपुत्रको छोड-कर वैकुण्ठ गमन,१९।२०चम्पाख्य विद्याधरको शिशुप्राप्ति, विद्याधरका शिशुलेकर इंद्रके निकट जाना, इंद्रवाक्यसे विद्याधरद्वारा शिशुकी अपने स्थानमें रक्षा, तुर्वसुके निकट नारायणका गमन, तुर्वसुको पुत्रलाभ, २१ हैहयको राज्यमें स्थापनानंतर तुर्वसुका वन गमन, २२ कालकेतु द्वारा एकावलीका हरण एकावलीका हैहयवरणकी इच्छा कथन, है-हयका कालकेतुके भवनमें जाना कालकेतुके साथ हैहयका युद्ध और कालकेतुकी मृत्यु, एकावलीके साथ हैहयका विवाह, २४ जनमेजय द्वारा विष्णुकी अश्वयोनिका कारण पूंछना, नारदसमीपमें व्यासका संसार विषयक प्रश्न व्यासके साथ सत्यवतीका कथोपकथन, २५ का-शिराज सुताके पुत्रोत्पत्ति नारदसमीपमें व्यासका मोहकारण पूंछना,२६ संसारमें सबही मोहके अधीनहैं, इस वत्तांतका कहना संजयके घर पर्वत नारदकी स्थिति, नारदके प्रति दमयंतीका अनुराग, पर्वत शापसे नारद को वानर मुखप्राप्ति, नारदके साथ दमयंतीका विवाह पर्वतके वरसे नारदको सुंदर मुखकी प्राप्ति महामायाका वलकथन,२७।२८नारदका श्वेतद्वीपमें विष्णुके समीप गमन, विष्णु द्वारा नारदसमीपमें मायाका अजेयत्व कथन, नारदको माया दर्शनकी इच्छा नारदको स्त्रीरूप प्राप्ति नारदको तालध्वज राजाका दर्शन, २९ नारदके साथ तालध्वज राजा

वृत्रासुरका स्वर्गमें गमन, बृहस्पतिके साथ इन्द्रकी मंत्रणा, इन्द्रका युद्धमें गमन, देवगणोंका भागना, वृत्रासुरका तपस्या करनेको जाना, ४ वृत्रासुरके प्रति ब्रह्माका वरदान, वृत्रासुरके साथ देवगणोंका पुनर्वार युद्ध, जम्भिकाकी उत्पत्ति, देवगणोंका पलायन और वृत्रासुरका स्वर्गराज्यलाभ, वृत्रासुरके वधके निमित्त सब देवगणोंका वैकुण्ठमें गमन, ५ देवगणोंके प्रति विष्णुकी उक्ति, देवीकी आराधनाके निमित्त विष्णुका उपदेश देवगणद्वारा भगवतीकी स्तुति, देवगणोंको देवीका वरदान देना ६ इन्द्रके साथ वृत्रकी बन्धुता स्थापनार्थ ऋषियोंका गमन इन्द्रके साथ वृत्रका कपट बंधुत्व स्थापन समुद्र समीपमें इंद्रद्वारा वृत्रासुरका वध, ७ इंद्रके प्रति त्वष्टाका शापदान, देवगण द्वारा इन्द्रकी निंदा इंद्रका घरछोड़कर मानससरोवरमें जाना नहुषको इंद्रत्व प्राप्ति, ८ नहुषको इंद्राणीके प्राप्तकरनेकी इच्छा, नहुषके साथ शचीका नियम करण, शचीकी भगवती पूजा, शचीके प्रति भगवतीका वरदान, ९ इन्द्रके साथ शचीका मिलन नहुषका सप्तर्षियानमें आरोहण, नहुषके प्रति अगस्त्यमुनिका शाप इन्द्रको पुनः स्वर्गराज्य प्राप्ति, १० कर्म्मफलाफलकथन, ११ कलियुगका महात्म्य कीर्तन १२ तीर्थनामकथन जनमेजयका आडीवकयुद्धका कारण पूंछना संक्षेपसे हरिश्चन्द्रका उपाख्यान, वरुणके प्रति हरिश्चंद्रकी छलना, हरिश्चंद्रके प्रति वरुणका अभिशाप, १३ हरिश्चन्द्रके प्रति वशिष्ठको कृतपुत्रद्वारा यज्ञकरणका उपदेश, यज्ञपशुके निमित्त शुनः शेपको लाना शुनः शेपके रोनेमें विश्वामित्रकी करुणा, वशिष्ठ और विश्वामित्रका परस्पर शाप प्रदान, आडीवकका युद्ध, वशिष्ठ और विश्वामित्रकी शापमुक्ति, १४ वशिष्ठका मैत्रावरुणी नामका हेतुकथन निमिके यज्ञकरनेकी इच्छा, निमिके प्रति वशिष्ठका शाप, वशिष्ठके प्रति निमिका शाप, अगस्त्य और वशिष्ठकी उत्पत्ति, १५ सब प्राणियोंके नेत्रमें निमिका वास, जनककी उत्पत्ति, कामक्रोधादिका दुर्जयत्व कथन, १६

का विवाह नारदके पुत्रोत्पत्ति नारदकी मायामग्नता वर्णन, नारदका पुत्र मृत्यु श्रवणसे विलाप, और नारायणका ब्राह्मण वेषमें वहां आना, नारदको पुनर्वार पुरुषरूप प्राप्ति, ३० तालध्वज राजाका पत्नीके विरहमें विलाप, तालध्वजके प्रति भगवान्का उपदेश महामायाकी महिमा वर्णन, ३१ नारदको दुःखी देखकर ब्रह्माका पूंछना ब्रह्माके निकट नारदका निज वृत्तांत कथन, व्यास द्वारा गुणमहात्म्यकीर्त्तन.

७ म स्कन्धमें— १ इन्द्र और सूर्य्यवंशकी कथारम्भ, दक्षप्रजापति द्वारा प्रजासृष्टि, नारदद्वारा दक्षपुत्रोंका दूरीकरण, नारदके प्रति दक्षका शाप प्रदान, सूर्य्यवंश वर्णन, च्यवनमुनिका उपाख्यान, शर्य्याति कन्या-द्वारा च्यवनके नेत्र विद्ध करण, च्यवनके निकट शर्य्यातिकी विनय, च्यवनद्वारा शर्य्यातिकी कन्या प्रार्थना, कन्यादानके विषयमें मंत्रियोंके साथ राजाकी मंत्रणा, शर्य्यातिका च्यवन ऋषिको कन्यादान, २।३।४ शर्य्याति कन्याकी पतिसेवा, अश्विनीकुमारका च्यवनपत्नीदर्शन, अश्विनीकुमारकी च्यवनपत्नीके प्रति उक्ति, ५ च्यवनको यौवनप्राप्ति, च्यवन और अश्विनीकुमार दोनोंकी समानाकृति देखकर सुकन्याद्वारा भगवतीकी स्तुति, भगवतीके प्रसादसे सुकन्याका च्यवनलाभ, ६ शर्य्यातिका च्यवनाश्रममें गमन, शर्य्यातिके प्रति यज्ञकरणके निमित्त च्यवनकी उक्ति, शर्य्याति यज्ञमें दोनों अश्विनीकुमारोंका सोमपान, ७ शर्य्यातियज्ञमें इन्द्रके साथ च्यवनका विवाद, च्यवनविनाशके निमित्त इंद्रका वज्रत्याग, इंद्रविनाशके निमित्त च्यवनद्वारा महासुरका उत्पादन, च्यवनके निकट इंद्रकी क्षमाप्रार्थना, रेवत राजाकी उत्पत्ति रेवतका निजकन्या रेवतीको ग्रहणकरके ब्रह्मलोकमें गमन, ब्रह्माके निकट रेवतका अपनीकन्याका वरपूंछना बलदेवको रेवतीवर निर्देश, रेवत राजाको बलदेवको कन्यादान इक्ष्वाकुका जन्मक... ९
पुत्र विकुक्षिको शशादनाम प्राप्ति ककुत्स्थको रा...

स्थराजाका वाहनत्व, ककुत्स्थका वंशकीर्त्तन; यौवनाश्वका पुत्रके निमित्त ऋषियोंके समीपमें गमन यौवनाश्वसे मान्धाताकी उत्पत्ति, १० मान्धाताका वंशवर्णन, सत्यव्रतकी उत्पत्ति, सत्यव्रतका राज्यत्याग, विश्वामित्रपुत्र गालवका वृत्तांत, सत्यव्रतद्वारा वशिष्ठकी धेनुहत्या, वशिष्ठशापसे सत्यव्रतको त्रिशंकुनाम प्राप्ति, ११ सत्यव्रतका मनस्तापसे मृत्यूद्योग सत्यव्रतके प्रति भगवतीका प्रसन्नता, राजाद्वारा सत्यव्रतको अयोध्यामें लाना, सत्यव्रतके प्रति राजाका उपदेश, १२ त्रिशंकुको राज्यप्राप्ति, त्रिशंकुकी शरीरसहित स्वर्गजानेके निमित्त वशिष्ठके प्रति उक्ति वशिष्ठके शापसे त्रिशंकुको चाण्डालत्व प्राप्ति, त्रिशंकुका राजत्याग, हरिश्चंद्रको राज्यलाभ, १३ विश्वामित्रकी चाण्डालघरमें कुक्कुर मांसभक्षणेच्छा, आपदकालमें देहरक्षा विधि कथन, विश्वामित्रके निकट उनकी स्त्रीका दुर्भिक्ष विवरण, त्रिशंकुकृत उपकारवर्णन, त्रिशंकुके प्रत्युपकारार्थ विश्वामित्रका उनके समीपजाना, १४ त्रिशंकुका स्वर्गगमन, त्रिशंकुकी स्वर्गच्युति, विश्वामित्रके प्रभावसे त्रिशंकुका इन्द्रलोकमें गमन, हरिश्चंद्रकी पुत्रके निमित्त वरुणकी तपस्या करना, हरिश्चंद्रके प्रति वरुणका वरदान; हरिश्चंद्रकी पुत्रोत्पत्ति, हरिश्चंद्रकी पुत्रद्वारा यज्ञकरनेकी प्रतिज्ञा, १५ हरिश्चंद्रके घरमें वरुणका आगमन, हरिश्चन्द्रके पुत्र रोहितका नामकरण, हरिश्चन्द्रके घरमें फिर वरुणका आगमन रोहितका पलायन, वरुणशापसे हरिश्चन्द्रको जलोदर रोगकी प्राप्ति, हरिश्चन्द्रके घरमें फिर वरुणका आगमन, १६ रोहितके साथ इन्द्रका कथोपकथन हरिश्चन्द्रके प्रति वशिष्ठका क्रीत पुत्र द्वारा यज्ञकरनेका उपदेश, अजीगर्त्तका पुत्र विक्रय, शुनः शेफका रुदन शुनः शेफको त्यागकरनेमें विश्वामित्रका उपदेश, शुनः शेफके त्यागकर नेमें हरिश्चन्द्रका अस्वीकार, १७ शुनः शेफको विश्वामित्रका वरुणमंत्र देना, वरुण शुनः शेफकी मुक्ति और राजाको नीरोग करना, विश्वामित्र

का पुत्रहोकर शुनः शेफका उनके साथमें जाना, रोहितके साथ हरिश्च-न्द्रका मिलन,हरिश्चन्द्रको लेकर वशिष्ठ और विश्वामित्रका विवाद, १८ हरिश्चन्द्रका वनमें रोती हुई स्त्रीको देखना, विश्वामित्रको लोक पीडा कारी तपस्या करनेसे हरिश्चन्दका निषेध, विश्वामित्र द्वारा हरिश्चन्द्र भवनमें मायासूकर प्रेरण, सूकर द्वारा राजाका उपवनभङ्ग सूकरके अनु-सरण क्रमसे राजाका गहनवनमें प्रवेश, हरिश्चन्द्र समीपमें वृद्धब्राह्मण वेशसे विश्वामित्रका आना, पुत्र विवाहके निमित्त ब्राह्मण वेशधारी वि-श्वामित्रकी धन प्रार्थना,विश्वामित्रको हरिश्चन्द्रका राज्यदान, हरिश्चन्द्रके निकट विश्वामित्रकी दक्षिणा प्रार्थना हरिश्चन्द्र का पुत्र और स्त्रीसहित रा-ज्य त्याग,१९।२०दक्षिणाके निमित्त विश्वामित्रका उत्पीडन,हरिश्चन्द्रका वाराणसीमें गमन, पत्नीविक्रय कथा श्रवणसे राजाका मोह, २१ हरि-श्चन्द्रके निकट विश्वामित्रका फिर दक्षिणा मांगना, हरिश्चन्द्रकी स्त्रीका किसी ब्राह्मणके समीप धन मांगनेसे निषेध करना, क्षत्रियको भिक्षानि-षेधत्व कथन, २२ हरिश्चन्द्रका पत्नी विक्रयार्थ राजमार्गमें गमन, ब्राह्मण वेशमें विश्वामित्रका राजपत्नी विक्रय, माताके विरहमें रोहितका रोना ब्राह्मणका राजपुत्र खरीदना हरिश्चन्द्रका विलाप, विश्वामित्रको हरिश्चन्द्रका दक्षिणादेना, थोडा धन देखकर विश्वामित्रका क्रोध, २३ स्वयं बिकनेके अर्थ हरिश्चन्द्रका गमन, हरिश्चन्द्रको लेनेके अर्थ चण्डालका आना, चाण्डालके आत्मसमर्पणमें असम्मत देखकर विश्वामित्रकी कटूक्ति; विश्वामित्रका दक्षिणा लेकर प्रस्थान, २४ हरिश्चन्द्रका काशीस्थ श्मशान रक्षा, हरिश्चन्द्रका अनताप २५ रोहितको सर्पका काटना, रानीको रोतीहुई देखकर ब्राह्मणका राजपत्नीका विलाप, नगर पालद्वारा राजपत्नीका तिरस्कार, चण्डालद्वारा हरिश्चन्द्रको राजपत्नी वधकरनेकी आज्ञा, हरिश्चन्द्रका स्त्रीवध करनेका निषेध, २६ चण्डाल वाक्यसे स्त्रीवधकरनेमें हरिश्च-न्द्रका उद्योग, हरिश्चन्द्रका नाम उच्चारण करके राजपत्नीका विलाप।

राजा और रानीका परस्पर प्रत्यभिज्ञान, राजाका विलाप २७ चितामें पुत्रको रखकर राजाका भगवतीकी स्तुतिकरना हरिश्चन्द्रके निकट देवगणोंका आगमन, राजपुत्रका जीवनलाभ, हरिश्चन्द्रके साथ इन्द्रादिका कथोपकथन, हरिश्चन्द्रके प्रभावसे प्रजाका स्वर्गगमन, रोहितका राज्याभिषेक, २८ शताक्षी माहात्म्यकथन, दुर्गम नामक दानवका यज्ञादि नाशकरण, शतवर्षव्यापी अनावृष्टि, ऋषियों द्वारा भगवतीकी पूजा भगवतीको शाकम्भरी नामकी प्राप्ति, दुर्गमासुरका युद्धमें आगमन, देवी शरीरसे शक्तियोंका आविर्भाव, दुर्गमासुर वध, भगवतीको दुर्गानाम कीप्राप्ति, २९ भुवनेश्वरी रूपकथन, हरि और हरकी शक्ति शून्यता ब्रह्मा द्वारा सनकादिके प्रति महाशक्तिके प्रति आराधना करनेकी आज्ञा, ३० सनकादिका तपस्यामें गमन, सनकादिके निकट देवीकी उक्ति,हरि और हरका प्रकृतिस्थहोना, दक्षके घर सतीकी उत्पत्ति,दक्षके शिव विद्वेषका कारण निर्णय, विष्णु, कर्तृक सतीका देहच्छेद, पीठस्थान माहात्म्य ३१ तारकासुरका विवरण, देवगणोंकी देवी पूजा, देवताओंके निकट देवीकाआविर्भाव देवगणों की देवीस्तुति, हिमालयके घरमें देवीका जन्म ग्रहण कथन, ३२ देवताओंके निकट देवीका आत्मतत्त्व प्रकाश सृष्टि प्रक्रिया कथन, पञ्चीकरण ३३ तत्त्वदृष्टिमें मायाका अभावत्व कथन, देवगणोंको देवीका विराट् मूर्तिदिखाना, देवीके प्रति देवगणों की स्तुति, ३४ जन्मग्रहणका कर्मजन्मत्व कथन, ज्ञानका श्रेष्ठत्व कथन, वेदान्त दर्शनका सार निरूपण, ह्रींकारबीजका स्वरूप कथन ३५ योगस्वरूप वर्णन, योगासन कथन, प्राणायाम कथन, प्रत्याहारादि कथन, मंत्रयोग कथन, षट्चक्रादिका स्थान निर्णय, ३६ ब्रह्मतत्त्व निरूपण, ब्रह्म ज्ञानोपदेशका पात्रनिर्देश, ब्रह्मज्ञान दाताका गुरुत्व कथन,३७भक्तिस्वरूपादि कीर्तन,ज्ञानका मुक्तिकारत्व कथन,३८ शक्तिमूर्तिके साथ देवीका स्थानकीर्तन देवीनाम पाठका फलकीर्तन,३९

देवी पूजा निरूपण, देवीका ध्यान ४० देवीका बाह्यपूजा क्रम कीर्तन,

८म स्कन्धमें—१ नारद नारायण सम्वाद,नारदके प्रति नारायणका देवी स्वरूप वर्णन, स्वायम्भुव मनुकी देवीस्तुति, मनुके प्रति देवीका वरदान, २ ब्रह्माकी नासिकासे वराहकी उत्पत्ति, वराहद्वारा पृथिवीका उद्धार ब्रह्माका वराह मूर्तिकी स्तुति, हिरण्याक्ष वध, ३ स्वायम्भुव मनुको पृथिवीप्राप्ति स्वायम्भुवका प्रजासर्ग, ४ प्रियव्रत वंशकीर्त्तन, सप्तद्वीपका सामान्य विवरण, ५ जम्बूद्वीपका विवरण, इलावृतादि वर्षका वृत्तान्त ६ जाम्बूनद सुवर्णकी उत्पत्ति, नदनदी और देवीमूर्त्तिका वृत्तान्त ७ सुमेरु गिरिका विवरण, ध्रुवनक्षत्र वृत्तान्त, गंगाधारा वृत्तान्त ८ इला वृत्त वर्षकावृत्तान्त, भद्राश्व वर्षका विवरण, ९ हरि वर्ष वृत्तान्त, केतु माल वर्षका विवरण, रम्यक वर्षका वृत्तान्त, १० हिरण्मय वर्ष विव- रण, उत्तरकुरुका विवरण किम्पुरुष वर्ष कथन, ११ भारतवर्षवृत्तान्त पर्वत और नदीका वृत्तान्त भारतवर्षका प्राधान्यकथन, १२प्लक्षद्वीपवृत्तान्त शाल्मलि द्वीप वृत्तान्त, कुशद्वीप विवरण, १३ क्रौञ्चद्वीप विवरण शाक- द्वीप वृत्तान्त, पुष्कर द्वीप विवरण, १४ लोकालोक गिरिवर्णन, उत्तरा- यणादि कथन, १५ सूर्य्यगति वर्णन, सूर्य्यरथ वर्णन, १६ मासादिका विषय वर्णन,चन्द्रस्थिति वर्णनचन्द्रगति कथन शुक्रादि ग्रहोंकी गति वर्णन १७ ध्रुवसंस्थान कीर्त्तन, ज्योतिश्चक्र वर्णन, १८ राहुकी स्थिति कीर्त्तन, पृथिवी और अतलादिका परिमाण निर्णय १९ अतलका विवरण, वितलका विवरण, सुतलवृत्तान्त; २० तलातल और महातलका वृत्तान्त, रसातल और पातालका विवरण, अनन्तमूर्तिका माहात्म्य कथन, २१ सनातन कृत अनन्तस्तुति, नरकनाम कथन २२ विशेष पापके कारण विशेष विशेष नरकप्राप्ति २३ अवीचि प्रमुखनरक वर्णन २४तिथिविशेषमें देवीपूजा विधि,वार और नक्षत्र विशेषमें देवी पूजा विधि, योग करण और मासविशेषमें देवी पूजा विधि, देवीस्तुति.

९ म स्कन्ध १ परम ब्रह्मरूपिणी प्रकृति, सृष्टि विषयमें गणेशजननी दुर्गा, राधा लक्ष्मी, सरस्वती और सावित्री आदि पांच प्रकारके रूपधारण विषयक वर्णन, प्रकृतिके अंशरूपिणी गंगा तुलसी, मनसा षष्ठी मंगल चण्डिका काली और वसुन्धरादि वर्णन प्रकृतिकी कलारूपिणी वह्नि-पत्नी स्वाहा यज्ञपत्नी दक्षिणा, दीक्षा, स्वधा, स्वस्ति, पुष्टि, तुष्टि, सम्पत्ति वृत्ति, सती, दया, प्रतिष्ठा, कीर्त्ति, क्रिया, मिथ्या शान्ति लज्जा, बुद्धि, मेधा, धृति, मूर्ति, शोभा रूपा कक्ष्मी और निद्रादिका वर्णन, दुर्गा, सावित्री और लक्ष्मी आदिकी प्रथम पूजाविधि, ग्राम्यदेवियोंकी पूजा कथन २ मूलप्रकृतिका विषय और भगवतीका पञ्चप्रकृति रूप धारण विषयक वर्णन, गोलोक स्थित प्रकृति पुरुष वर्णन प्रकृतिमें श्रीकृष्णका वीर्य्याधान कमला और राधिकाकी उत्पत्ति दुर्गाका आविर्भाव, श्रीकृष्णका गोपिका पति और महादेवमूर्ति धारण, ३ मूलशक्ति प्रसन्न डिम्बका विवरण, महा विराट्की उत्पत्ति, विष्णु और महादेवकी उत्पत्ति, ४ नारदका दुर्गादि पञ्चप्रकृति और कला प्रकृति विषयक प्रश्न, सरस्वती पूजा, स्तोत्र और कवचादि वर्णन, विश्वजय नामक सरस्वती कवच धारणका फल ५ याज्ञवल्क्यकृत सरस्वती महास्तोत्र, ६ गङ्गा शापसे सरस्वतीका नदीरूपसे पृथिवीमें अवतरण और उस नदीका माहात्म्य वर्णन, विस्तारित रूपसे सरस्वतीका अवतरण वर्णन, पद्माके प्रति रानीका अभिशाप, लक्ष्मी, गङ्गा और सरस्वतीका भूलोकमें सरिदादि रूपमें अवतरण, ६।७ शापो-द्धारार्थ नारायणके निकट सरस्वती, गंगा और कमलाका निवेदन, सर-स्वती, गङ्गा और लक्ष्मीका शापमोचन, भक्तलक्षण कथन, ८ सरस्वती आदिका भारतमें गमन, कलिका विवरण, कल्किअवतार वर्णन, पुनः सत्ययुग प्रवृत्ति वर्णन, प्राकृत प्रलय वर्णन, ९ सच्चिदानन्द परमात्मासे ब्रह्मादि समस्त शक्तियोंकी उत्पत्ति, वसुन्धराका उत्पत्ति विवरण, वराह

द्वारा पृथिवीका उद्धार कथन पृथिवीकी पूजा विवरण, पृथिवीका ध्यान, स्तव और मंत्रादि कथन, १० पृथिवीके प्रति अपराध करनेसे नरकादि फलप्राप्ति, भूमि और पृथिवी आदि शब्दोंकी व्युत्पत्ति, ११ गङ्गाकी उत्पत्ति और माहात्म्य वर्णन, भगीरथकी गङ्गापूजा, १२ कण्व शाखोक्त गङ्गाका ध्यान, विष्णुपदी नामसे गंगास्तोत्र गोलोकसे गंगाकी प्रथमोत्पत्ति वर्णन, १३ गंगादेवी किसप्रकार विष्णुपादपद्मसे उत्पन्न हुई, किस प्रकार ब्रह्माके कमण्डलुमें स्थिति की और किस प्रकारसे शिवकी प्यारी हुई, इसविषयमें नारदका प्रश्न,गंगाजी किस प्रकारसे नारायणकी प्यारी हुई तद्विषयका वृत्तान्त वर्णन, कृष्णके प्रति राधाका तिरस्कार, राधिकाके भयसे गंगाका कृष्णचरणमें प्रवेश,ब्रह्मा विष्णु और शिवादिका गोलोकमें गमन, ब्रह्मा और महेश्वरके प्रति कृष्णकी उक्ति, कृष्णचरण कमलसे गंगाका बहिर्गमन, गंगाजलका कुछ अंश ब्रह्मद्वारा अपने कमडलुमें और कुछ अंश शिवद्वारा अपने मस्तकमें धारण, १४ जाह्नवीके नारायण पत्नीत्वका कारण निर्देश, १५ तुलसीका उपाख्यान, उस विषयमें नारदका प्रश्न वृषध्वजका उपाख्यान,१६ कुशध्वज पत्नी मालावतीके गर्भमें लक्ष्मीका देववतीरूपसे जन्मग्रहणकथा, देववतीकी तपस्या, रावणके प्रति देववतीका अभिशाप, देववतीका सीतारूपसे जन्मग्रहण और रामका वनगमन, मायासीताकी उत्पत्ति, रावणका मायासीता हरण सीताका द्रौपदीरूपसे जन्म ग्रहण,द्रौपदीके पांचपतिहोनेका कारण १७ धर्म्मध्वजका निजपत्नी माधवीके साथ विहार, धर्म्मध्वजके ओरसे तुलसीकी उत्पत्ति और उसकी नामनिरुपक्ति तुलसीकी तपस्या, तुलसीका वृक्ष रूपत्व वर्णन, १८ तुलसीकी मदानवस्था वर्णन, शंखचूड़का तुलसी साक्षातमें कथोपकथन,तुलसीके ग्रहणार्थ शंखचूडके प्रति ब्रह्माका उपदेश,१९शंखचूडके साथ तुलसीका विवाह देवगणोंके प्रतिशंखचूडका उपद्रव देवगणोंका वैकुंठमें गमन शंखचूडका वृत्तान्त

कथन, २० महादेव कर्तृक चित्ररथको दूत रूपसे शंखचूडके निकट प्रेरण महादेवके साथ स्कन्द, वीरभद्रादि इंद्र यमादि और शक्तियोंका सम्मिलन तुलसीके साथ शंखचूडका कथोपकथन, २१ शंखचूडका युद्धोद्योग शंखचूड़का महादेवके निकट गमन शंखचूड़के प्रति महादेवकी उक्ति, महादेवके प्रति शंखचूड़की प्रत्युक्ति शिवका पुनः कथन, २२ देवगणोंके साथ असुरोंका परस्पर युद्धारंभ, स्कंदके साथ असुरों का युद्ध कालीके साथ शंखचूडका युद्ध, महादेवके निकट कालीका संग्राम सम्वाद प्रदान, २३ शिवके साथ शंखचूडका संग्राम, हरिका वृद्ध ब्राह्मण वेशमें शंखचूडका कवचहरण और तुलसीके निकट गमन, शंखचूडवध, २४ नारायणका शंखचूड़रूप और तुलसीके निकट गमन तुलसीके साथ नारायणका सहवास, नारायणके प्रति तुलसीका अभिशाप, तुलसीका माहात्म्यवर्णन, गडाकीजात शालग्रामशिलासमूहका विवर्ण और उनका महात्म्यवर्णन, २५ महामंत्रसहित तुलसीपूजा, २६ सावित्रिउपाख्यान सुननेके निमित्त नारायणके निकट नारदका प्रश्न, अश्वपति वृत्तान्तकथन, गायत्रीजपका फल और जपका प्रकार निर्देश, सावित्रीव्रतकथन, सावित्रीका ध्यान; सावित्रीस्तव, २७ अश्वपति कन्यारूपसे सावित्रीका जन्मग्रहण, यम सावित्रीसम्वाद, २८ यमके निकट सावित्रीका धर्म्मकर्म्मादि विषयमें प्रश्न, धर्म्मकर्म्मादि विषयमें यमका प्रत्युत्तर प्रदान, कौन २ कर्म्म करनेसे जीवोंको किसप्रकार गति प्राप्त होतीहै इस विषयमें धर्म्मके प्रति सावित्रीका प्रश्न, २९ सावित्रीके प्रति धर्म्मका वरदानाभिप्रायप्रकाश; धर्म्मके निकट सावित्रीको सत्यवानके औरससे शतपुत्रादि प्राप्ति और जीवके कर्म्मविपाक श्रवणकी प्रार्थना, सावित्रीके प्रति धर्म्मका वरदान, जीवका कर्म्मविपाक और दानधर्म्मादिका फलकथन, ३० किस २ कर्म्मसे स्वर्ग लाभ और अन्यान्य किस २ कर्म्मसे मनुष्योंको पुण्यलाभ होताहै उस विषयमें धर्म्मके प्रति सावित्रीका प्रश्न और यमका तद्विषयक उत्तरमें

दानादिका फलकथन, जन्माष्टमी और शिवरात्रि आदि व्रतफलकथन, हरिपूजा और शिवपूजादिका फलकथन, ३१ यमका सावित्रीको शक्ति-मंत्र देना, ३२ पापियोंके पापके फलभोगार्थ नरककुण्ड कथन, ३३ भिन्न २ पातकियोंका भिन्न २ कुण्डपात वर्णन, ३४ विविध पापफल-कथन, विविध नरककुण्डवर्णन, ३५ पापियोंके निमित्त अवशिष्ट कुण्ड-वर्णन, ३६ कुण्ड कैसेहैं ? पापी लोग उनमें किस प्रकार स्थिति करते-हैं ? उस विषयमें यमके प्रति सावित्रीका प्रश्न, किसप्रकार कर्म्मबन्धन नष्ट होताहै और यमपुरीका भय नहीं रहता धर्म्मका उस विषयमें कीर्तन जीवका भोग देह कथन, ३७ छियासी कुण्ड संख्या और उन सबका लक्षण निर्देश, ३८ यमके निकट सावित्रीकी देवीभक्ति प्रार्थना यमका सावित्रीको शक्ति भक्तिका वरदान देवीके गुणकीर्त्तन और देवीका उत्कर्ष वर्णन, ३९ महालक्ष्मीका उपाख्यान ४० नारायणके निकट लक्ष्मीकी समुद्रकन्या होनेके विषयमें नारदका प्रश्न और नारायणका उत्तर इन्द्रके प्रति दुर्वासाका अभिशाप वर्णन इन्द्रका स्वर्गराज्यभ्रंश, इन्द्रके प्रति बृहस्पतिका उपदेश राज्यभ्रंशविनोदार्थ इंद्रका ब्रह्माके निकट गमन, ४१ सम्पूर्ण देवगणोंके साथ ब्रह्माका विष्णुके निकट गमन लक्ष्मीका परित्याज्य स्थानसमूह कथन समुद्रमें जन्म ग्रहणार्थ लक्ष्मीके प्रति विष्णुका आदेश सागरमंथन और लक्ष्मीकी उत्पत्ति,४२ महालक्ष्मीका अर्चनाक्रम महालक्ष्मीका ध्यान, महालक्ष्मीका स्तोत्र, ४३ स्वाहाका उपाख्यान, राधाके भयसे कृष्णका पलायन दक्षिणाके प्रति राधाका अभिशाप कृष्णविरहमें राधाकी खेदोक्ति लक्ष्मीके अंगसे दक्षिणाकी उत्पत्ति दक्षिणाका स्तव, दक्षिणाका ध्यान और पूजाविधि, ४४।४५।४६ नारायणके निकट नारदका षष्ठी, मंगलचण्डी और मनसाका विवरण पूंछना, प्रियव्रतके साथ षष्ठीदेवीका साक्षात षष्ठी देवी-द्वारा प्रिय व्रतके मृतपुत्रको जीवनदान षष्ठीपूजाविधि,षष्ठीस्तोत्र,४७मंगल

चण्डीकी पूजा और कथा मनसाका उपाख्यान, ४८ मनसाका ध्यान और पूजाविधि, जरत्कारु और मनसाका विवरण, आस्तीकका जन्म, मनसामाहात्म्य और पूजादि, ४९ सुरभीका उपाख्यान, सुरभि पूजा, सुरभिस्तोत्र, ५० राधा और दुर्गामाहात्म्य वर्णन राधाका बीज मंत्रादि, राधास्तोत्र दुर्गा, देवीका माहात्म्य और पूजा विवरण.

१० मस्कन्धमें—१ स्वायम्भुव मनुके वृत्तांत कथनमें देवीमाहात्म्य कथन, स्वायम्भुवमनुकी उत्पत्ति और उनकी देवी आराधना,२स्वायम्भुव मनुके प्रति देवीका वरदान, देवीका विंध्यपर्वतमें गमन, विंध्याचलका वृत्तांत कथन, ३ विंध्याचलका सूर्य्यगति निरोध, ४ देवगणोंका शिव के निकट गमन और सूर्य्यगति निरोध कथन, ५ देवगणोंका विष्णुके निकट गमन और विष्णुस्तुति, देवगणोंके प्रति विष्णुका अभयदान, ६ देवगणोंका विष्णुसमीपमें विंध्यका सूर्य्यगति निरोध कथन अगस्त्य के निकट गमनार्थ देवगणोंके प्रति विष्णुका उपदेश, देवगणोंका वाराण सीगमन, कार्य्यसिद्धिकरणार्थ अगस्त्यका अंगीकार, ७ अगस्त्यद्वारा विंध्याचलकी उन्नति निवारण,८ स्वारोचिष मनुकी उत्पत्ति और वृत्तांत कथन, ९ चाक्षुष मनुकी उत्पत्ति और वृत्तांत कथन, चाक्षुषमनुको देवीका राज्यप्रदान, १० वैवस्वतमनु और सावर्णि मनुका वृत्तांत कथन सुरथराजाका उपाख्यान, ११ महाकालीका चरित्र कथन; मधुकैटभ वधार्थ ब्रह्माका महामायास्तव, मधुकैटभवध, १२ सावर्णि मनुके वृत्तांत कथनमें महिषासुरवध, शुम्भ और निशुम्भ वधवर्णन, १३ शेष छः मनुके वृत्तांत कथनमें करुष, पृषध्र, नाभाग, दिष्ट, शर्य्याति और त्रिशंकु इन छः राजाओंका भ्रामरीशक्तिका आराधन करना,उक्त छे राजाओंको मन्वंतराधिपत्य प्राप्तिका वरदेकर भ्रामरीशक्तिका अंतर्धान भ्रामरी देवीका वृत्तांत कथन, भ्रामरीवृत्तांत श्रवणकी फलश्रुति.

११ शस्कन्धमें—१ सदाचार कथनमें प्रातःकृत्य वर्णन, प्राणायाम विवरण, २ शौचादिविधि, ३ स्नानविधि, रुद्राक्षमाहात्म्य और रुद्राक्ष धारणविधि, ४।५।एकमुख, दोमुख,तीनमुख, चारमुख और पांचमुखादि चौदह मुख पर्य्यन्त रुद्राक्षधारणका फल, शरीरके किस २ स्थानमें कितने २रुद्राक्षधारण करने होतेहैं उनका विवरण, जपमालाका विधान. रुद्राक्षमाहात्म्यवर्णन, ६ रुद्राक्षका आत्यन्तिक माहात्म्य वर्णन, ७ एक मुखरुद्राक्षधारणकामाहात्म्य ८ भूतशुद्धिका विवर्ण, ९ शिरोव्रत विधानवर्णन,१०।११। गौणभस्मका विवरण, १२भस्मधारण माहात्म्य वर्णन १३ भस्ममाहात्म्य वर्णन, १४विभूतिधारण माहात्म्य १५ त्रिपुण्ड्रधारण माहात्म्य,दुर्वासाके मस्तककी भस्म गिरनेके कारण कुम्भीपाक नरकस्थ प्राणियोंके सुख और आनन्द प्राप्ति, कुम्भीपाकका पुण्यतीर्थ कथन, पुनर्वार अन्य कुम्भीपाक निर्माण,ऊर्द्ध्वपुण्ड्र धारण माहात्म्य,१६ संध्या विधि, गायत्रीकी उपासना, आचमन विधि, रेचक पूरक और कुम्भक कालमें जिन २ देवताओंका ध्यान किया जाताहै उनका विवरण, सन्ध्योपासना द्वारा सूर्य्य भक्षक मन्देह नामक तीसकरोड राक्षसोंका दाहन विवरण, सिद्धासन वर्णन, न्यास विधि, गायत्रीकी चौवीस मुद्रा प्रकरण, १७ तीनप्रकारके गायत्रीका विवरण, गायत्रीकी आराधना, पुष्पोंका देवदेवी विषयमें प्रियत्व कथन,१८ देवीपूजाका विशेष विधान, देवी पूजाकालमें देय पुष्पादिकी संख्या निर्देश और फललाभ, देवीपूजा माहात्म्य, १९माध्याह्न सन्ध्या कथन२० ब्रह्म यज्ञादि कीर्त्तन, सायाह्न संध्या वर्णन, २१गायत्रीका पुरश्चरण, २२वैश्वदेवादिपञ्चयज्ञका विवरण, प्राणाग्निहोत्र,२३ भोजनान्तमें पात्रान्नप्रदान, प्राजापत्य, कृच्छ्र, सान्तपनादि पराक और चान्द्रायणादिका लक्षण निरूपण,२४गायत्रीकीशान्ति कथन, दोष और रोगादिकी शान्ति,होम और जपादि द्वारा जप और वृष्टयादि लाभ,गायत्रीजपद्वारा अणिमादि ऐश्वर्य्य, इन्द्र और ब्रह्मत्वादि प्राप्ति, गायत्रीजपद्वारा पञ्चमहापातकसे मुक्तिलाभ.

१२स्कन्धमें—१ नारायणके निकट नारदका सुख साध्य पुण्यकर्म्म
मूहका प्रश्न, गायत्रीमें अधिक पुण्यप्रद मुख्यतम क्याहै ? तथा,
ायत्रीके ऋषि और छन्दआदि विषयमें प्रश्न, गायत्रीके जपका सर्वश्रेष्ठत्व
र्णन, गायत्रीके छन्द और देवतादि कथन, २ गायत्रीके प्रत्येक
र्णकी शक्ति कथन, गायत्रीके वर्णोंका तत्त्वकथन गायत्री वर्णकी
ा, ३ गायत्री कवच, ४ अथर्व वेदोक्त गायत्री हृदय, ५ गायत्री
ोत्र, ६ गायत्रीका सहस्र नाम स्तोत्र, ७ दीक्षा विषयमें नारदका
न, दीक्षाशब्दकी व्युत्पत्ति और दीक्षाविधि कथन उस प्रसंगमें भूत
ृत्यादि कथन, मण्डललिखन, सर्वतोभद्रमण्डलकुण्डल संस्कार, स्रुक्
ादि और आज्यसंस्कार, होम विधि, पूर्णाहुति मंत्रग्रहण, ८ शक्ति
त्र द्विजगणोंके निमित्त उपासकतत्त्वका कारण,जगदम्बिकाका यक्षरूपमें
विर्भाव, यक्षके निकट इन्द्रद्वारा अग्निका प्रेरण, यक्षके निकट वह्निका
चालनमें असामर्थ्य कथन; इन्द्राज्ञासे यक्षके निकट वायुका गमन
के निकट तृणचालनमें असामर्थ्य कथन, यक्षके निकट इन्द्रका गमन
का अन्तर्द्धान, इन्द्रके प्रति मायाबीज जपके निमित्त आकाश वाणी
को उमामूर्ति दर्शन, इन्द्रके निकट भगवतीका मायाधिष्ठित ब्रह्ममू-
ा सर्व विषयक कारणत्व वर्णन, शक्त्युपासनाका नित्यत्ववर्णन, ९
ा शापसे ब्राह्मणोंकी अन्य देवोपासनामें श्रद्धा, दुर्भिक्षके कारण
णोंका गोतमके निकट गमन, गौतमस्तवसे सन्तुष्टा गायत्रीका गौतम
र्णपात्र प्रदान, पूर्णपात्र द्वारा गौतमका समस्त लोगोंको अन्न दान,
का गौतम सभामें आगमन, ब्राह्मणके प्रति गौतमका गायत्री
रहितार्थ अभिशाप, ब्राह्मणोंको वेद और गायत्र्यादि विस्मरण
ाणिद्वीप वर्णन, ११ पद्मरागादि प्राकार और उसमें सेना तथा
आदिका सन्निवेश वर्णन, १२ चिन्तामणिगृहादि वर्णन, देवीका
चिन्तामणिगृहका परिमाणादि,१३ जनमेजयकृत देवी मुखवर्णन

१४ देवीभागवत पुराण पाठका फल वर्णन, मुनियोंके निकटसे व्यासकी पूजा प्राप्ति, नैमिषारण्यसे सूतका निर्गमन, ऊपर दोनोंभागवतकी सूची उद्धृतहुई बड़ेही आश्चर्य्योक विषयहै की दोनों भागवतकी श्लोक संख्या १८००० है और दोनों हीं बारहस्कन्धोंमें विभक्तहैं, ऐसे स्थलमें किसको महापुराण और किसको उपपुराण कहकर ग्रहण किया जाय, बड़ी ही विषम समस्या है मत्स्य पुराणके मतसे.

"यत्राधिकृत्य गायत्रीं वर्ण्यते धर्म्मविस्तरः ।
वृत्रासुरवधोपेतं तद्भागवतमुच्यते ॥
सारस्वतस्य कल्पस्य मध्ये ये स्युर्नरामराः ।
तद्वृत्तान्तोद्भवं लोके तद्भागवतमुच्यते ॥
अष्टादशसहस्राणि पुराणं तत्प्रकीर्त्तितम्

जिस ग्रन्थमें गायत्रीका अवलम्बन पूर्वक विस्तारसे धर्म्मतत्त्व वर्णित हुआहै, और जो वृत्रासुर वध वृत्तान्त पूर्णहै वही भागवत नामसे प्रसिद्धहै । सारस्वत कल्पमें जिन समस्त मनुष्य देवताओंकी कथाहै, उस वृत्तान्तसे युक्त ग्रन्थही मनुष्य समाजमें भागवत नामसे विख्यातहै । इसकी श्लोक संख्या १८००० है पद्मपुराणमें लिखाहै.

"पुराणेषु च सर्वेषु श्रीमद्भागवतं परम् ।
यत्र प्रतिपदं कृष्णो गीयते वहुदर्शिभिः ॥ ३ ॥
श्रीमद्भागवतं शास्त्रं कलौ कृष्णेन भाषितम् ।
परीक्षिते कथां वक्तुं सभायां संस्थिते शुके ॥ १९ ॥

(उत्तरखण्ड १८९ अ०)

सब पुराणोंमें श्रीमद्भागवतही श्रेष्ठहै, जिसग्रन्थके प्रतिपदमें ऋषियों द्वारा अनेक प्रकारसे कृष्ण माहात्म्य कीर्तित हुआहै । कलिकालमें कृष्णद्वैपायन भाषित यह भागवतशास्त्र है । यहशास्त्र शुकदेवने परीक्षतको कहाहै.

फिर नारद पुराणमें अतिसंक्षेपसे भागवतकी इस प्रकार विषयानुक्रमणिका दी गईहै—

"मरीचे शृणु वक्ष्यामि वेदव्यासेनयत्कृतम् ।
श्रीमद्भागवतं नाम पुराणं ब्रह्मसम्मितम् ॥
तदष्टादशसाहस्रं कीर्त्तितं पापनाशनम् ।
सुरपादपरूपोयं स्कन्धैर्द्वादशभिर्युतः ॥
भगवानेव विप्रेन्द्र विश्वरूपीक्षमीरितः ।
तत्र तु प्रथमे स्कन्धे सूतर्षीणां समागमः ॥
व्यासस्य चरितं पुण्यं पाण्डवानां तथैव च ।
पारिक्षितमुपाख्यानमितीदं समुदाहृतम् ॥
परीक्षिच्छुकसम्वादे सृतिद्वयनिरूपणम् ।
ब्रह्मनारदसम्वादेऽवतारचरितामृतम् ॥
पुराणलक्षणश्चैव सृष्टिकारणसम्भवः ।
द्वितीयोऽयं समुदितः स्कन्धो व्यासेन धीमता ॥
चरितं विदुरस्याथ मैत्रेयेणास्य सङ्गमः ।
सृष्टिप्रकरणं पश्चाद्ब्राह्मणः परमात्मनः ॥
कापिलं सांख्यमप्यत्र तृतीयोऽयमुदाहृतः ।
सत्याश्चरितमादौ तु ध्रुवस्य चरितं ततः ॥
पृथोः पुण्यसमाख्यानं ततः प्राचीनबर्हिषः ।
इत्येष तुर्य्यो गदितो विसर्गे स्कन्ध उत्तम ॥
प्रियव्रतस्य चरितं तद्वंश्यानाञ्च पुण्यदम् ।
ब्रह्माण्डान्तर्गतानाञ्च लोकानां वर्णनन्ततः ॥
नरकस्थितिरित्येष संस्थाने पञ्चमो मतः ।
अजामिलस्य चरितं दक्षसृष्टिनिरूपणम् ॥
वृत्राख्यानं ततः पश्चान्मरुतां जन्म पुण्यदम् ।

षष्ठोऽयमुदितः स्कन्धो व्यासेन परिपोषणे ॥
प्रह्लादचरितं पुण्यं वर्णाश्रमनिरूपणम् ।
सप्तमो गदितो वत्स वासनाकर्म्मकीर्त्तने ॥
गजेन्द्रमोक्षणाख्यानं मन्वन्तरनिरूपणम् ।
समुद्रमथनञ्चैव बलिवैभवबन्धनम् ॥
मत्स्यावतारचरितं अष्टमोऽयं प्रकीर्त्तितः ।
सूर्य्यवंशसमाख्यानं सोमवंशनिरूपणम् ॥
वंशानुचरिते प्रोक्तो नवमोऽयं महामते ।
कृष्णस्य बालचरितं कौमारञ्च व्रजस्थितिः ॥
कैशोरं मथुरास्थानं यौवनं द्वारकास्थितिः ।
भूभारहरणञ्चात्र निरोधे दशमः स्मृतः ॥
नारदेन तु सम्वादो वसुदेवस्य कीर्तितः ।
यदोश्च दत्तात्रेयण श्रीकृष्णेनोद्धवस्य च ।
यादवानां मिथोऽन्तश्च मुक्तावेकादशः स्मृतः ।
भविष्यकलिनिर्द्देशो मोक्षो राज्ञः परीक्षितः ।
वेदशाखाप्रणयनं मार्कण्डेयतपः स्मृतम् ।
सौरी विभूतिरुदिता सात्त्वती च ततः परम् ॥
पुराणसंख्याकथनमाश्रये द्वादशो ह्ययम् ।
इत्येवं कथितं वत्स श्रीमद्भागवतं तव ॥"

हे मरीचे! सुनो! मैं तुम्हारे निकट वेदव्यासप्रणीत श्रीमद्भागवत नामक ब्रह्मसम्मित पुराण कहताहूं यह अठारह सहस्रश्लोकमें पूर्ण और पाप नाशक है! यह बारह स्कन्धयुक्त और कल्पवृक्षस्वरूप है। हे विप्रेन्द्र! इस पुराणमें विश्वरूपी भगवान्‌काही कीर्तन किया गयाहै।

उसके प्रथमस्कन्धमें सूत और ऋषियोंका समागम। पुण्यजनक व्यास और पाण्डवोंका चरित तथा परीक्षित्‌का उपाख्यान। परीक्षित

और शुकसम्वाद, सूतिद्वयनिरूपण ब्रह्म और नारद सम्वादमें अवतार चरित, पुराण लक्षण और सृष्टिकारण सम्भव यह सम्पूर्ण व्यासद्वारा दूसरे स्कन्धमें कहे हैं । विदुरचरित और विदुरका मैत्रेयके साथ समागम तत्पश्चात् परमात्मा ब्रह्मका सृष्टि प्रकरण और कपिलका सांख्ययोगकीर्तित हुआ है । प्रथम सतीचरित पश्चात् ध्रुवचरित और पृथुका तथा प्राचीनबर्हिका पुण्याख्यान, चौथेस्कन्धमें यह चार बातें कही गईहैं । प्रियव्रत और तद्वंशोत्पन्न दूसरोंका पुण्यप्रद चरित ब्रह्माण्डान्तर्गत लोकोंका वर्णन और नरकस्थिति आदि पांचवेंमें वर्णित हुयेहैं । अजामिल चरित, दक्ष सृष्टि निरूपण, वृत्राख्यान और पुण्यप्रद मरुद्गणोंका जन्म, छठे स्कंधमें कीर्तित हुआहै । स्वप्त मस्कंधमें पुण्यमय प्रह्लाद चरित और वर्णाश्रम निरूपित हुएहैं, गजेंद्रका मोक्षणाख्यान, मन्वन्तर निरूपण समुद्र मंथन, बलिबंधन, मत्स्यावतार चरित आदि सम्पूर्ण कथा अष्टममें कहीहैं । नवमस्कन्धमें सूर्यवंशाख्यान और सोमवंशनिरूपण और वंशानुचरित आदि कहे गए हैं।कृष्णका बाल्य और कौमार चरित, व्रजमें स्थिति, कैशोरमें मथुरावास, यौवनमें द्वारका वास और भूभार हरण यह सब विषय दशममें वर्णित हुएहैं । वसुदेव नारद सम्वाद, दत्तात्रेयके साथ यदुका और उद्धवके साथ श्रीकृष्णका सम्वाद, तथा यदुगणोंका परस्पर विनाश एकादशमें कीर्त्तित हुएहैं । भविष्यकलिनिर्देश, राजापरीक्षितकी मोक्ष, वेदशाखा प्रणयन, मार्कण्डेयकी तपस्या, गौरी और सात्वती विभूति तथा पुराणसंख्या कथन, बारहवें स्कन्धमें कहे गएहैं । हे वत्स यह द्वादश स्कन्धात्मक श्रीमद्भागवत तुम्हारे निकट कही.

मत्स्य, नारद और पद्मपुराणमें भागवतके जितने लक्षण निर्दिष्ट हुएहैं,श्रीमद्भागवतमें वे सबहैं।नारदीयके वचनानुसार कहाजा सकता है कि प्रचलित श्रीमद्भागवतही यथार्थ महापुराणमें गिना जासकताहै, क्योंकि नारदीयकी उक्तिमें श्रीमद्भागवतका लक्षणही निर्दिष्ट हुआहै, देवीभा

गवतका नहीं । किन्तु मत्स्यवर्णित विस्तृतभावमें सारस्वत कल्प प्रसङ्ग श्रीमद्भागवतमें नहींहै श्रीमद्भागवतमें 'पाद्मं कल्पमथोशृणु' इसप्र कार पाद्म कल्पका प्रसङ्गही विवृत हुआहै ऐसेस्थलमें श्रीमद्भाग वतको सारस्वत कल्पाश्रित महापुराण कहकर ग्रहणकरनेमें भी आपत्ति उत्पन्न होतीहै ।

फिर शिवपुराणके उत्तरखण्डमें लिखाहै ।

भगवत्याश्च दुर्गायाश्चरितं यत्र विद्यते ।
तत्तु भागवतं प्रोक्तं न तु देवीपुर णकम् ॥

जिस ग्रंथमें भगवती दुर्गाका चरित वर्णितहै, वही देवीभागवत नामसे प्रसिद्धहै, परन्तु देवीपुराण नही.

शैव नीलकण्ठधृत कालिका पुराणके हेमाद्रि प्रस्तावमें—

"यदिदं कालिकाख्यं तन्मूलं भागवतं स्मृतम् ।"

कालिकानामक जो उपपुराणहै उसका मूल भागवतहै, देवीयामलमें ऐसा पायाजाताहै.

श्रीमद्भागवतं नामपुराणं वेदसम्मितम् ।
पारीक्षितायोपदिष्टं सत्यवत्यङ्गजन्मना ॥
यत्र देव्यवताराश्च बहवः प्रतिपादिताः।
इदं रहस्यञ्चरितं राधोपासनमुत्तमम् ॥
व्यासाय मम भक्ताय प्रोक्तं पूर्वं मयाद्रिजे ।
मत्तो रहस्यं ज्ञात्वैव राधोपासनमुत्तमम् ॥
एतस्य विस्तरं चक्रे श्रीमद्भागवते तथा ।
नारदे ब्रह्मवैवर्त्ते लोकानां हितकाम्यया ॥"

श्रीमद्भागवत पुराण वेदसम्मित, सत्यवतीसुत व्यासने परीक्षित्पुत्र जनमेजयको यह पुराणउपदेश कियाहै । इसग्रन्थमें देवीके नानावतार, देवीके रहस्य और चारित तथा राधाकी उपासना वर्णितहै, हे अद्रिजे मैंने पूर्वकालमें अपने भक्त व्यासको इसराधाकी उपासना प्रकाश

कीथी। इस रहस्यमें मत्तहोकर व्यासने मनुष्योंकी हितकामनासे श्रीमद्भागवतमें तथा नारद और ब्रह्मवैवर्त्तपुराणमें इस राधाकी कथा विस्तारसे वर्णन कीहै.

चित्सुखके भागवत कथा संग्रहमें उद्धृतहै—

"ग्रन्थोऽष्टादशसाहस्रो द्वादशस्कन्धसम्मितः।
हयग्रीवब्रह्मविद्या यत्र वृत्रवधस्तथा॥
गायत्र्या च समारम्भस्तद्वै भागवतं विदुः।"

यह ग्रन्थ १८००० और १२ स्कन्ध युक्तहै, जिसमें हयग्रीवको ब्रह्मविद्या लाभकी कथा और वत्रवध कथा वर्णितहै, और गायत्रीका अवलम्बन करके जो पुराण आरंभ हुआहै, वही भागवतहै.

ऊपर जितने प्रमाण उद्धृत हुएहैं, उनसे देवीभागवतकोही महापुराण कहा जाताहै.

देवीभागवतके प्रथममेंही त्रिपदा गायत्रीहै, किन्तु विष्णभागवतमें गायत्रीका "धीमहि" यहअंश मात्रहै। दोनों पुराणोंमेही वृत्रासुर वधकी कथा होनेपरभी विष्णुभागवतमें हयग्रीवका नाममात्र (५।१८।१) तो लिखाहै, किन्तु हयग्रीवको ब्रह्मविद्यालाभकी कथा आदिमें नहीं। देवीभागवतमें (१।५ अ०) हयग्रीवनामक दैत्यको ब्रह्मविद्यास्वरूपिणी महामायाकी तपस्या और हयग्रीव रूपधारी विष्णुका माहात्म्यआदि विशेषरूपसे वर्णित हुआहै। पहिलेही कहदियाहै कि, मात्स्योक्त सारस्वत कल्पका प्रसङ्ग विष्णुभागवतमें नही। स्कन्दपुराणीय नागर खण्डमें लिखाहै, "सारस्वतस्तु द्वादश्यां शुक्लायां फाल्गुनस्य च।" अर्थात् फाल्गुनकी शुक्ल द्वादशी तिथिमें सारस्वत कल्पका आविर्भाव हुआ है.

शिवपुराणीय औम संहितामें लिखाहै—

"ब्रह्मणा संस्तुता सेयं मधुकैटभनाशने।
महाविद्या जगद्धात्री सर्वविद्याधिदेवता॥
द्वादश्यां फाल्गुनस्यैव शुक्लायां समभून्नृप।"

हेराजन्!यही उनसम्पूर्ण विद्याओंकी अधिष्ठात्री महाविद्याहैं,जगद्धात्री यह मधुकैटभवधके निमित्त ब्रह्माद्वारा स्तुतहोकर फाल्गुनकी शुक्लद्वादशीमें आविर्भूत हुईथी । औम संहिताके उक्तवचनानुसार देवीभागवतके १ मस्कन्धके ७ मअध्यायमें ब्रह्मस्तुति और मधुकैटभ नाशाथ देवीका प्रादुर्भाव पाठकरनेपर इस देवीभागवतकोही सारस्वतकल्पाश्रित पुराण कहा जासकताहै जो कुछभीहो, इस समय दोमतपायेजातेहै, नारद और पाद्ममतसे विष्णुभागवतही महापुराणोंमें गण्यहैं, किन्तु मत्स्यादि मतसे देवीभागवतही महापुराणमें गिनीजातीहै । इसप्रकार मतभेदहोनेका कारणक्या ? उपपुराणकी तालिकासे जानाजाताहै कि "भागवत" नामक एकउपपुराणभीहै, यथा.

,'आद्यं सनत्कुमारोक्तं नारसिंहमतः परम् ।
पराशरोक्तं प्रवरं तथा भागवताह्वयम् ॥"

नीलकण्ठकृत गरुड़पुराणमें तत्त्वरहस्यके द्वितीयांशमें धर्म्म काण्डमें लिखाहै.

"पुराणं भागवतं दौर्गं नन्दिप्रोक्तं तथैवच ।"

अर्थात् दुर्गा माहात्म्य सम्बलित भागवत और नन्दिकेश्वर प्रोक्त पुराणादि उपपुराणोंमें गिनेजातेहै.

रामाश्रमकी दुर्जनमुखचपेटिकामेंभी पद्मपुराणकी दुहाई देकर यह श्लोक उद्धृत हुआहै.

"शैवं भागवतं दौर्गं भविष्योत्तरमेव च ।"

इस प्रकार मधुसूदन सरस्वतीके सर्वशास्त्रार्थ संग्रहमें, नागोजी भट्टके निबन्धमें, दुर्जनमुख पद्मपादुकामें और पुरुषोत्तमके "भागवतस्वरूप विषयशंका,निराश त्रयोदश आदि ग्रन्थोंमें देवीभागवतकी उपपुराणत्व और विष्णु भागवतको महापुराणत्व स्थापनकी चेष्टा हुईहै.

इधर मिताक्षरा टीकाकार प्रसिद्ध बालंभट्ट श्रीमद्भागवतको एक-साथही पुराण नही गिनते.

इस देशके अनेक लोगोंका विश्वासहै कि विष्णुभागवत सुप्रसिद्ध वोपदेवकी बनाई हुईहै। वास्तविक वोपदेवरचित भागवतानुक्रमभी पायागयाहै। बडेही आश्चर्य्यका विषयहै, कोलब्रुकप्रमुख अनेक पाश्चात्य पण्डितभी वोपदेवको भागवतरचयिता कहकर विश्वास करतेहैं। खृष्टीय १३ शताब्दीके शेषभागमें वोपदेव देवगिरिमें वर्तमानथे उन्होंने मुक्ताफल नामक भागवतका तात्पर्य्यार्थ ज्ञापक एक ग्रन्थभी लिखा था, उनके आश्रय दाता हेमाद्रिनेभी श्रीमद्भागवतसे वचन उद्धृत कियाहै, ऐसे स्थलमें वोपदेवको भागवत रचयिता नहीं समझाजाता। हां उनकी बनाई भागवत विषयसूची मुरादबादमें छपी मिलतीहै, परंतु श्रीमद्भावतके रचयिता वोपदेव कभी नहींहैं यह सिद्धान्त हो चुकाहै.

अब देखना चाहिये कि विष्णुभागवत और देवीभागवत दोनों ग्रंथ आलोचना करनेपर प्रकृत प्रस्तावमें किसको हम महापुराण कहकर गणना करसक्तेहैं.

श्रीमद्भागवतके प्रसिद्ध टीकाकार श्रीधरस्वामीने प्रारंभमेंही लिखाहै "भागवतनामान्यदित्यपि नाशंकनीयम्"

अर्थात् भागवतनामक अन्य पुस्तकहै ऐसी शंकाकरनी उचित नहीं श्रीधरस्वामीकी इस उक्तिके द्वारा ज्ञात होताहै कि उनके समयमेंभी इस भागवतको पुराणत्व लेकर बखेड़ा चलताथा और एक दूसरी भागवतभी प्रचलितथी, नही तो वह ऐसी बात क्यों कहते.

श्रीधर स्वामीने इस टीकाके उपक्रममें लिखाहै.

"द्वात्रिंशत्त्रिशतञ्च यस्य विलसत्"

अर्थात् जिसकी अध्याय संख्या ३३२

काशीनाथने (दुर्जनमुख महाचपेटिकामें) पुराणार्णवसे चित सुखोद्धृत उक्तश्लोक कई श्लोकोंके साथ यह चरणभी उद्धृत किये हैं—

"स्कन्धा द्वादश एवात्र कृष्णेन विहिताः शुभाः ।
द्वात्रिंशत्त्रिशतं पूर्णमध्यायाः परिकीर्त्तिताः ॥"

इस ग्रंथमें कृष्णद्वारा द्वैपायन द्वादशस्कंध विहित हुएहैं और ३३२ अध्यायकीर्त्तित हुएहैं.

श्रीधरस्वामीकी उक्ति और पुराणार्णवका उक्त वचन पाठकरनेसे विष्णुभागवतकोही महापुराण कहकर स्वीकार कियाजाताहै.

इसके आदिमें ब्राह्मपर्व है, इस पर्वमेंही इसका उपक्रमहै इसके प्रथम में सूत और शौनक सम्वादमें पुराण प्रश्न, सर्वाख्यान युक्त आदित्य चारित्र, सृष्टि आदिके लक्षण युक्त शास्त्रस्वरूप, पुस्तक लेखक और लेख्यका लक्षण संस्कार समुदायके लक्षण, प्रतिपदादि तिथियोंके सात कल्पपर्य्यन्त वर्णित हुएहैं.
वैष्णव पर्वमें अष्टमी आदि शैवकल्प, शैवपर्वमें कामानुसार विभिन्नता, सौरपर्वमें अन्तकथा समूह और पुराणके उपसंहारके साथ प्रतिसर्ग पर्वमें नानाख्यान, इस प्रकार पंचपर्व कीर्त्तित हुएहैं.

द्वितीय विष्णुपर्वमें धर्म्म, काम और मोक्ष विषयमें, तृतीय पर्वमें शिवकी और चतुर्थमें सूर्य्यकी सर्व कथा एवं प्रति सर्ग नामक शेषपर्वमें-अवशिष्ट सम्पूर्ण कथा कहीहै। धीमान् व्यासने भविष्यमें इस प्रकार पर्व निर्दिष्ट कियेहैं यह पुराण चौदह सहस्र श्लोक पूर्ण है। इसमें सर्व देवकी कथा सम भावसे कहीहै.

उद्धृत प्रमाणके अनुसार—४र्थ वा भविष्योत्तरके अतिरिक्त १ म २ य ३ य भविष्यमें कुछ कुछ प्राचीन भविष्यके लक्षण पाये जाते हैं इन तीन प्रकारके भविष्योंमें आदित्य माहात्म्य वर्णित होने परभी अघोर कल्प वृत्तान्त अथवा ब्रह्म कर्तृक मनुके निकट जगत स्थितिका प्रसंग नहीहै.

नारद पुराणके अनुक्रमानुसार भविष्य पाँच पर्वोंमें विभक्त है-
ब्रह्म, वैष्णव, शैव, सौर, और प्रति सर्ग पर्व । हमारी समझमें १ म
भविष्यके उपक्रममें भी इन पाँच पर्वोंकी कथा है । इस समय नारदीय
मतसे इस १ म भविष्यके केवल ब्राह्म पर्वका सन्धान पाया जाताहै ।
इस पोथीमें और चार पर्व नहीं हैं मात्स्योक्त चतुर्मुख कथित आदित्य
माहात्म्य इस ब्राह्मपर्व में दीखताहै.

नारदमतसे—अष्टमी कल्पसे वैष्णव पर्व आरम्भ, २य भविष्यके १५१
अध्यायसे विष्णु पर्व और अष्टमी कल्पका आरम्भ देखा जाताहै । कि-
न्तु इस २ य भविष्यमें उसके पूर्व में जितनी कथा हैं, किसी २ स्थान
में १ म भविष्यके साथ मेल होने परभी अधिकांश स्थलमें ही मेल नही
है । सम्भवतः इस का अधिकांशही प्रक्षिप्त वा परवर्त्ती काल में
संयोजित है.

कही १ म भविष्यके ब्राह्म पर्व में १३१ अध्याय हैं, किन्तु इस
दूसरे भविष्यमें विष्णुपर्वके पूर्वांशमें १५० अध्याय पाये जाते हैं । अधि-
कांश पुराणोंके मतसे भविष्यकी श्लोक संख्या चौदह हजार है । किन्तु
द्वितीय भविष्यके प्रथम अध्यायमें लिखाहै कि, भविष्य पुराणकी श्लोक
संख्या ५०००० है । शिव पुराणकी वायु संहितामें परिवर्द्धित और
नवकलेवर प्राप्त शिव पुराण जैसे लक्ष श्लोकात्मक कहा है, दूसरे
भविष्यकी उक्ति वैसेही अत्युक्ति समझनी चाहिये.

इस अंशमें बहुतसे विषय संयोजित हुएहैं, इसकारण रुरुवध (२५०
अ०) आदि कोई २ विषय एकसे अधिकवार वर्णित देखाजाताहै,
ऊपर कह आयेहैं कि नारदपुराणके मतसे अष्टमीकल्पसे ही विष्णुपर्व
आरंभहै, किन्तु द्वितीयभविष्यमें अष्टमीकल्पसे ही विष्णुपर्व निर्दिष्टहोने-
परभी इस पर्वमें विशेषरूपसे रुद्रमाहात्म्य वर्णित होनेसे इसके साथ शैवप-
र्व भी सम्मिलित हुआहै, ऐसा ज्ञात होताहै, शेषांशमें सौरपर्वके विषय-
का भी प्रभाव नही है, किन्तु प्रातिसर्ग पर्व नही पाया गया.

पुराणप्रबन्धके उपक्रममें दिखायाहै, आपस्तम्ब धर्म्मसूत्रमें भविष्य पुराणका प्रसंगहै, द्वितीय भविष्यके द्वितीय अध्यायमें उक्तविषयका संधान पायाहै, इससे जाना जाताहै कि, इसअंशमें अनेकवस्तु प्रक्षित होनेपरभी आदिपुराणकी अनेक कथा विद्यमानहैं.

उपरोक्त दोनोंभविष्यकी अपेक्षा ३ य भविष्यमेंही कुछ विशेष मेल मिलाहै, इसमें भविष्यका कोई २ लक्षण होनेपरभी इसकी विशेषवर्त्ती कालकी रचना बोधहोतीहै, जिससमय समस्तभारतमें तांत्रिकप्रभावने विस्तारलाभ कियाथा यह तृतीयभविष्य संभवतः उससमयकी रचनाहै, तीसरे भविष्यके सातवें अध्यायमें आगम, तंत्र, जामल और डामरादिकी कथा विवृतहुई है.

मात्स्यमतसे भविष्यपुराणमें अनेक भविष्य कथा हैं, प्रथम और तृतीयभविष्यसे उसका कुछ २ परिचय पाया जाताहै, तीसरे भविष्यके नवमअध्यायमें म्लेच्छोक्त शास्त्रादि परित्यागकी बातहै, दशमअध्यायमें कलिमें निगमज्योतिष और वेदके संग्रहमें दोषकथन और मनसा, षष्ठी, दशहराआदिकी पूजाकथाहै, और एक वैज्ञानिकोंका ज्ञातव्य विषयहै, वह "उद्भिज्जविद्याका वृत्तान्त Botny दूसरे किसी पुराणमें उद्भिज्ज विद्याका ऐसा प्रसंग नही है"

नारदपुराणका आश्रयलेकर कहना होताहै १ म भविष्यमें अर्थात् ब्राह्मपर्वमें वह मेलनही चलता, इस ब्राह्मपर्वमें एक अतिगुरुतर ऐतिहासिक कथाकी आलोचना पाई गईहै, वह यह है.

शाम्बने सूर्य्यमूर्त्तिकी प्रतिष्ठाकी, किन्तु उनका उपयुक्त पूजक नही पाया, तब नारदके उपदेशसे वह शाकद्वीपसे १८ प्रकारके कुलीन ब्राह्मण लाये, यह 'मग' नामसे विख्यातहैं, श्रीकृष्णकी आज्ञासे इन सब मगब्राह्मणोंने यादवकन्याओंके साथ विवाह किया, उनसेही

भोजकगणोंकी उत्पत्ति एवं यही सूर्य्यपूजाके अधिकारी गिनेगए प्राचीन कालमें अरब और पारस्य सौर वा अग्निपूजकगण "मग" नामसेही ख्यातथे सम्भवतः उनकीही कोई शाखा भारतीयके साथ मिलकर शाकद्वीपी ब्राह्मण नामसे परिचितहुए.

ब्रह्मवैवर्त्त पुराण १०.

प्रचलित ब्रह्मवैवर्त्तपुराणमें इसप्रकार विषयसूचीहै—

ब्रह्मखण्डमें—१ मंगलाचार, सौतिशौनक सम्वाद, २ परब्रह्मनिरूपण ३ सृष्टिनिरूपण, कृष्णदेहमें नारायणादिका आविर्भाव और श्रीकृष्णका स्तव, ४ सावित्र्यादिका आविर्भाव, ब्रह्माण्डकी उत्पत्ति, महाविराट्‌जन्म कथन, ५ कालसंख्यान, रासमण्डलमें राधाकी उत्पत्ति, राधाकृष्ण शरीरमें गोपी, गोप और गवादिका आविर्भाव, शिवादिका वाहनदान, गुह्यकादि उत्पत्तिकथन, ६ श्रीकृष्णका शंकरको वरदान, शिवनाम निरुक्ति कथन, सृष्टि निमित्त ब्राह्मणप्रति नियोग, ७ पृथिवीआदि ब्रह्मसृष्टि कथन, ८ ब्रह्मसर्ग, वेदादिशास्त्रकी उत्पत्ति, स्वायम्भुवमनु और ब्रह्ममानसपुत्र पुलस्त्यादिकी उत्पत्ति, ब्रह्मनारद शापोलम्भन, ९ कश्यपादिकी सृष्टि, पृथिवीगर्भमें मङ्गलकी उत्पत्ति, कश्यप वंशवर्णन, चन्द्रके प्रति दक्षका अभिशाप, शिवशरणापन्न चन्द्रके विष्णुवरलाभ और दक्षके साथ गमन, १० जातिनिर्णय प्रस्तावमें घृताची और विश्वकर्म्माका परस्पर शाप उपलम्भन, सम्बन्धनिरूपण, ११ आश्विनेय शापविमोचन प्रस्तावमें विष्णु, वैष्णव और ब्राह्मण प्रशंसा, १२ उपवर्हण गन्धर्वरूपमें नारदका जन्म, १३ ब्राह्मणके शापसे उपवर्हणके प्राण विसर्जन, मालावतीका विलाप, १४ ब्राह्मण बालक वेशमें विष्णुका मालावती समीपमें आगमन, ब्राह्मण और मालावती सम्वादमें कर्म्मफलकथन, १५ मालावती कालपुरुषादिका सम्वाद, १६ चिकित्साशास्त्र प्रणयन, १७ ब्राह्मण देववृन्द संवादमें विष्णुकी प्रशंसा, १८ मालावतीकृत महापुरु-

स्तोत्र; उपबर्हणको पुनर्जीवन प्राप्ति, १९ महापुरुष ब्रह्माण्ड पावनकवच, बाणासुरकृत शंकरका स्तव, २० उपबर्हण गन्धर्वका शूद्रायोनिमें जन्म, २१ नारद आदिकी उत्पत्ति, नारदका शापविमोचन, २२ नारदादि ब्रह्मपुत्रगणोंकी नामनिरुक्ति, २३ ब्रह्म नारद सम्वाद, २४ मंत्रग्रहणके निमित्त शिवलोकमें गमन, नारदके प्रति ब्रह्माका उपदेश, २५ शिव और नारदसम्मिलन, २६ महादेवका नारदको कृष्णमंत्रदान, आह्निक प्रकरण कथन, २७ भक्ष्याभक्ष्यादि निरूपण, २८ ब्रह्मनिरूपण, प्राप्तवर नारदका शिवाज्ञासे नारदाश्रममें गमन, २९ नारायण और ऋषियोंके प्रति नारदका प्रश्न, ३० भगवत् स्वरूप कथन । बम्बईके छपेमें, २९ अध्यायहैं.

प्रकृतिखण्डमें—१ प्रकृतिचरितसूत्र, २ शक्त्यादि शब्दनिरुक्ति ब्रह्माण्डकी उत्पत्ति, देवदेवी गणोंका आविर्भाव, ३ विश्वनिर्णय वर्णन, ४ सरस्वतीपूजा विधि, ध्यान कवचादि कथन, ५ याज्ञवल्क्योक्त वाणीस्तव, ६ वाणी लक्ष्मी और गंगा परस्पर विवादकरके एकका अन्यके प्रति अभिशाप और उनको नदीरूप प्राप्ति, ७ काल कलीश्वर गुणनिरूपण, ८ वसुधाकी उत्पत्ति, उसकी पूजा विधि, ध्यान और स्तोत्रादि कथन, ९ पृथिवीके उपाख्यानमें भमिदान के पुण्यादिका कथन, १० भागीरथी उपाख्यानमें भगीरथका गंगा लाना और देवीका स्तव और पूजादि कथन, ११ गंगाको विष्णुपदी नामका कारण श्रीकृष्णके प्रति राधाकी भर्त्सना और क्रोधपूर्वक राधाके गंगाको पानकरनेमें उद्यत होनेपर गंगाका श्रीकृष्णचरण शरण ग्रहण और ब्रह्मादिकी प्रार्थनानुसार श्रीकृष्णके चरण कमलसे गंगाकी निष्क्रान्ति, १२ गंगा और नारायणका विवाह, १३ तुलसीके उपाख्यान में उसका अभिलापादि कथन, १४ वेदवतीका उपाख्यान, समासमें रामायण कथन, १५ तुलसीका जन्म, बदरिकाश्रममें तपश्चरण और

ब्रह्माको वरलाभ, १६ तुलसीके आश्रममें शंखचूडका आगमन, उनका कथोपकथन, विवाह हृताधिकार देवगणोंका वैकुंठमें गमनपूर्वक विष्णु के निकट शंखचूड़का वृत्तान्त निवेदन और उसके वधके निमित्त महादेवको विष्णुके निकटसे शूलप्राप्ति, १७--१८ युद्धके निमित्त शंखचूड़के निकट महादेवका दूतप्रेरण, तुलसी और शंखचूड़सम्भोग, शंखचूडका युद्धमें गमन तथा शिव और शंखचूडसम्वाद, १९ देव और दानव सैन्यका द्वैरथयुद्धवर्णन, स्कन्दपराभव, काली और शंखचूड़युद्ध कथन, २० वृद्धब्राह्मणवेशमें विष्णुका शंखचूड़समीपमें गमन और कवचग्रहण, महादेवद्वारा शंखचूड़वध और शंखचूड़की अस्थिसे शंखकी उत्पत्ति, २१ विष्णुका शंखचूड़रूपधारण और तुलसीसम्भोग अभिशप्त तुलसीका उनके निकट वरदान छलसे तुलसीपत्रका माहात्म्यकीर्त्तन, शालग्राम चक्रनिर्देश और उसके गुण वर्णन, २२ तुलसीके आठ नाम और उसकी पूजा विधि, २३ अश्वपतिके प्रति पराशरका उपदेश, सावित्रीका ध्यान और पूजाविधानादि कीर्त्तन, ब्रह्मकृत उसका स्तोत्र कथन, २४ सावित्रीसत्यवान्‌का विवाह, सत्यवान्‌को पञ्चत्त्व प्राप्ति और सावित्रीसमीपमें यम द्वारा कर्म्महीं सबका हेतु है ऐसा प्रस्तव, २५ सावित्री और यमसम्वाद २६।२७ यमका सावित्रीके प्रति वरदान शुभकर्म्म विपाक कथन, २८ सावित्रीद्वारा यमका स्तव, २९ नरककुण्डकी संख्या, ३०—३१ पापभेद में नरकादिका भेद, ३२ श्रीकृष्णकी सेवामें कर्म्मच्छेद और लिङ्गदेह निरूपण, ३३ नरककुण्डलक्षण कथन, ३४ श्रीकृष्णका माहात्म्यादि कथन, सत्यवानको जीवनलाभ और सावित्रीशब्द निरुक्ति, ३५ लक्ष्मी स्वरूप कथन और उनकी पूजाकीर्त्तन, ३६ इन्द्रके प्रति दुर्वासाका शाप एवं श्रीभ्रष्ट इन्द्रको उनके निकट ज्ञानलाभ और वरलाभ, ३७ बृहस्पतिके निकट इन्द्रका गमन और उनके प्रति गुरुका प्रबोधदान, ३८ गुरुके साथ इन्द्र और देवगणोंका ब्रह्मलोकमें गमन, ब्रह्माके साथ उनका वैकुण्ठधाममें नारायणसमीपमें गमन, नारायणद्वारा लक्ष्मीस्थानकीर्त्तन और

उनके उपदेशसे समुद्र मन्थनपूर्वक लक्ष्मीप्राप्ति कथन, ३९ इन्द्रद्वारा लक्ष्मीकी पूजाप्रस्तावमें महालक्ष्मीका मंत्रध्यान, स्तव और पूजाकी विधि, ४० स्वाहोपाख्यान ४१ स्वधोपाख्यान, ४२ दक्षिणोपाख्यान यज्ञकृतदाक्षिणाऔर स्तव आदि कथन, ४३ षष्ठीदेवीके उपाख्यानमें प्रियव्रतनृपकृत षष्ठीकी पूजा और स्तवादि कथन ४४ मंगलचण्डीका उपाख्यान और उनकी ध्यानपूजा, मंत्र और स्तोत्रकथन, ४५ मनसा उपाख्यानमें उनकी मनसाआदि बारह-नामोंकी निरुक्ति, ४६ जगत्कारुका मनसादेवीके साथ विवाह, आस्तीकका जन्म, ब्रह्मशापग्रस्त परीक्षितके परलोक गमनके पीछे जनमेजयद्वारा नागयज्ञ, आस्तीक द्वारा नागकुलरक्षण, महेन्द्रकृत मनसादेवीका स्तवआदि कथन, ४७ सुरभी उपाख्यान और उसका-स्तव, ४८ पार्वतीके प्रति शिवका राधाशब्द निरुक्तिपूर्वक राधाका उपाख्यान वर्णन प्रारम्भ, ४९ विरजाके साथ विहारमें प्रवृत्त श्रीकृष्णका राधाके भयसे अन्तर्द्धान, विरजागोपीको नदीरूपत्व प्राप्ति, राधा और सुदामाका विवाद और परस्पर अभिसम्पात, ५० सुयज्ञराजाके प्रति ब्रह्मशाप, ५१–५२ अतिथिविनय छलसे ऋषियोंका राजाके प्रति उपदेश, ५३ राजाद्वारा अतिथिका प्रसादन और प्रत्युपदेश कथन, ५४ श्रीकृष्णस्वरूप वर्णन प्रसंगमें कालमानकथन, विप्रपादोदक प्रशंसा, तपद्वारा सुयज्ञका राधाकृष्ण साक्षात्कार, ५५ राधिकाकी पूजाविधि, श्रीकृष्णकृत स्तव, ५६ राधिका कवच, ५७ दुर्गा उपाख्यान, दुर्गाके दुर्गाआदि सोलहनामोंकी निरुक्ति, ५८ देवीमाहात्म्यमें सुरथवंश-वर्णन प्रसङ्गमें ताराहरण वृत्तान्तकथन, शरणागतचन्द्रका पापविमो-चन, ५९ श्रीकृष्णकी आज्ञासे शक्रादि देवगणकी नर्म्मदातटमें स्थिति और सुरगुरुका कैलासमें गमन, ६० शिव और जीवका कथोपकथन, उनका नर्म्मदातटमें गमन, विष्णुका और दौत्यकर्म्ममें नियुक्त ब्रह्माका शक्रालयमें गमन, ६१ ब्रह्माकी प्रार्थनानुसार शुक्रका तारकाप्रत्यर्पण, बुधजन्म, बृहस्पतिका तारालाभ, सुरथ और वैश्यवंशका परिचय, ६२

सुरथ और मेघसम्वाद, ६३ समाहित वैश्यका प्रकृति साक्षात्कारलाभ, अनन्तरमुक्ति, ६४ सुरथकृत प्रकृतिपूजा क्रमकीर्त्तन, ६५ प्रकृतिपूजाका फलकालपरिकीर्त्तन, ६६ दुर्गाका स्तव और उसका कवच व० छा० अ० ६७.

गणेशखण्डमें—१ हरपार्वती सम्भोगभङ्ग, २ शङ्करके समीपमें पार्वतीका खेद, ३ पार्वतीके प्रति शङ्करका पुण्यकव्रत उपदेश और गङ्गा तीर्थमें उनको हरिमंत्रदान, ४ पुण्यकव्रत विधानकथन, ५ व्रतकथा प्रकरण, ६ व्रतमहोत्सव और व्रतआज्ञा ग्रहण, ७ व्रतानुष्ठान, श्रीकृष्णकी आज्ञासे कुमारी पार्वतीको पतिदक्षिणादान और पतिप्राप्तिके निमित्त पार्वतीकृत पुनर्वार श्रीकृष्णका स्तव, ८ पार्वतीको श्रीकृष्णसमीपमें वरप्राप्ति, सनत्कुमारके निकट पुनर्वार शङ्करप्राप्ति और गणेशजन्मकथन, ९ हरपार्वतीका गणेश सन्दर्शन, १० गणेशका मङ्गलके निमित्त मङ्गलाचार, ११ पार्वती और शनैश्चर सम्वाद, १२ गणेश विघ्नउपशमन, १३ गणेशका नामकरण, पूजास्तोत्र और कवचादि कथन, १४ कार्त्तिक प्रवृत्तिप्राप्ति, १५ कार्त्तिकलानेके निमित्त नन्दिकेश्वरादि शिवदूतगणोंका कृत्तिकाभवनमें प्रेरण, कार्त्तिकेय और नन्दिकेश्वरका कथोपकथन, कार्त्तिकेयका कैलासमें आगमन, १७ कार्त्तिकेयका अभिषेक और कार्त्तिकेय गणेशका परिणय, १८ गणेशके शिव शून्यता कारण प्रदर्शन प्रसङ्गमें शंकरके प्रति कश्यपका अभिशाप, १९ श्रीसूर्य्यस्तव और कवचादि कथन, २० गणेशके गजाननत्वका कारण, २१ शक्रको लक्ष्मीप्राप्ति कथन, २२ शक्रको हरिका महालक्ष्मी स्तव और कवचादि दान, २३ लक्ष्मीचरित कथन, २४ गणेशके एकदन्तहोनेका कारण कहनेमें जमदग्नि और कार्त्तवीर्य्य सम्वाद, २५ कापिलसैन्य युद्धमें कार्त्तवीर्य्यका पराभव कथन, २६ जमदग्नि समीपमें कार्त्तवीर्य्यका पराभव, २७ कार्त्तवीर्य्य युद्धमें जमदग्निका प्राणत्याग और परशुरामकी प्रतिज्ञा, २८ भृगु और वेणुकासम्वाद, ब्रह्मलोकमें ब्रह्म और

परशुरामका कथोपकथन, २९ ब्रह्माके वरप्राप्त भार्गवका शिवलोक गमन, उसस्थानमें उनका कियाहुआ स्तव, ३० शंकर और परशुराम सम्वाद, ३१ भार्गवके प्रति शंकरका त्रैलोक्यविजय कवचदान, ३२ भार्गवको शंकरका भगवन्मंत्र स्तवादि दान, ३३ भार्गवकी युद्धयात्रा, स्वप्नदर्शन, ३४ कार्त्तवीर्य्य समीपमें भार्गवका दूतप्रेरण, स्वभार्य्यामनोरमाके प्रति कार्त्तवीर्य्यका स्वप्नदर्शन वृत्तान्त वर्णन, ३५ मनोरमाका परलोक गमन, भार्गव और कार्त्तवीर्य्य सम्वाद, मत्स्यराज और परशुरामयुद्धवर्णनावसरमें शिवकवच कथन, ३६ राजासुचन्द्रके साथ परशुराराम युद्धवर्णनावसरमें भृगुकृत कालिकास्तव कथन, ब्रह्म और भार्गवसम्वाद, सुचन्द्र वधकथन, ३७ भद्रकालीकवच कथन, ३८ पुष्कराक्ष और परशुराम युद्ध वर्णन प्रसङ्गमें महालक्ष्मी कवचकथन, ३९ दुर्गाकवच कथन, ४० कार्त्तवीर्य्य और परशुरामके युद्धमें कार्त्तवीर्य्यके निकटसे महादेवका छलसे कवचहरण, राजा और भार्गवका कथोपकथन, कार्त्तवीर्य्यका परलोक गमन ब्रह्म और परशुराम सम्वाद, ४१ परशुरामका कैलासमें गमन, ४२ गणेशभार्गव सम्वाद, ४३ भार्गवयुद्धमें गणेशका दन्तभंग, ४४ पार्वतीद्वारा तिरस्कृत परशुरामके प्रति श्रीविष्णुका उपदेशकथन और गणेश स्तोत्रकथन, ४५ परशुरामकृत भगवतीका स्तव, ४६ तुलसीविना भार्गवकृत गणेशपूजा कथन प्रसंगमें तुलसी और गणेशका परस्पर अभिसम्पातकथन.

श्रीकृष्णजन्म खण्डमें--१ नारायणके प्रति नारदका हरिकथाविषयक प्रश्न और उनके प्रति नारायणके उससमस्त कथोपकथन प्रसंगमें विष्णु और वैष्णवगुण कथन, २ श्रीकृष्णका विरजाके साथ विहार, राधिकाके भयसे श्रीकृष्णका अन्तर्द्धान और विरजाको नदीरूपत्व प्राप्ति, ३ श्रीकृष्णके प्रति राधिकाका अभिशाप, राधिका और श्रीदामाका परस्पर अभिशाप, ४ निजभार हरणकरनेके प्रस्तावके निमित्त

पृथिवीका ब्रह्मलोक गमन, ब्रह्मसमीपमें उसका निवेदन, देवसमूहका हरिभवनमें गमन और गोलोकवर्णना, ५ ब्रह्मा आदिका गोलोकमें गमन, ब्रह्मकृत श्रीहरिका स्तव, श्रीकृष्णका आविर्भाव, ब्रह्मादि कर्तृक भगवानका स्तव, भगवान्के साथ उनका कथोपकथन, ७ पूर्वजन्म परिचयपूर्वक देवकी और वसुदेवका परिचयवृत्तान्त कीर्त्तन, कंसद्वारा उनके छै पुत्रनिधन, ब्रह्मादिद्वारा श्रीकृष्णका स्तव, भगवतीका जन्मवृत्तान्त वर्णन, वसुदेवकृत श्रीकृष्णका स्तव और योगमाया वृत्तान्तकथन, ८ जन्माष्टमी व्रतादि निरूपण,९ नन्दीका स्तवकथन,१०पूतनामोक्षण प्रस्ताव,११तृणावर्त्तासुरवध,१२शकटभञ्जन,कवच कथन, १३ गर्ग और नन्दसम्वाद, श्रीकृष्णका अन्नप्राशन और नामकरण प्रस्ताव, १४ यमलार्जुन भञ्जन और कुबेरतनयका शापकारण, १५ श्रीराधा कृष्ण सम्वाद, ब्रह्माभिगमन, ब्रह्मकृत श्रीराधाका स्तवकथन, राधाकृष्णका विवाहवर्णन, १६ बक, केशी और प्रलम्बासुर वध, वसुदेवादि गन्धर्वोंका शंकरशाप लम्भन, और वृन्दावन गमन प्रस्ताव, १७ वृन्दावन निर्म्माण, कलावतीके साथ वृषभानुका परिणय वृत्तान्त, वृन्दावन नामकरण कथन, राधाकी षोड़शनाम निरुक्ति, श्रीनारायणकर्तृक राधाका स्तव, १८ विप्रपत्नी मोक्षण, विप्रपत्नीकृत कृष्णका स्तव वह्निका सर्वभक्षत्व वीजकथन १९ कालीय दमन, कालीयकृत श्रीकृष्णका स्तव, नागपत्नीकृत श्रीकृष्णका स्तव, दावाग्नि मोक्षण, गोप और गोपी कृत श्रीकृष्णका स्तव, २० ब्रह्माद्वारा गोवत्सादि हरण और ब्रह्मकृत श्रीकृष्णका स्तव,२१इन्द्रयागभञ्जन, नन्दकृत इन्द्रका स्तव, श्रीकृष्णका गोवर्द्धन धारण, इन्द्र और नन्दद्वारा श्रीकृष्णका स्तव, २२ धेनुकवध, और धेनुककृत श्रीकृष्णका स्तव, २३ प्रसंगक्रमसे तिलोत्तमा और बलिपुत्रका ब्रह्मशाप विवरण, २४ दुर्वासाका विवाह और पत्नीवियोग, २५ उर्वशीके शापसे दुर्वासाका पराभव, उसके द्वारा श्रीकृष्णका

स्तव, और उसका मोक्षण, २६ एकादशी व्रत विधान, २७ गोपकन्याकृत श्रीकृष्णका स्तव, गौरीव्रत विधान व्रतकथा, पार्वतीका स्तव, व्रतान्तमें पार्वतीका वरदान, २८ रासलीला वर्णन, २९ अष्टावक्र मोक्षण उनके द्वारा श्रीकृष्णका स्तव, ३० राधिकाके प्रति श्रीकृष्णके अष्टावक्र उपाख्यान वर्णन प्रसंगमें असितकृत शिवस्तव कथन, और रम्भाके अभिशापसे देवलकी अष्टांग वक्रताकीर्त्तन, ३१ ब्रह्मा और मोहिनी समागममें मोहिनीकृत कामका स्तव, ३२ ब्रह्मा और मोहिनीका कथोपकथन, ब्रह्मकृत श्रीकृष्णका स्तव, ३३ ब्रह्माके प्रति मोहिनीका अभिशाप, ब्रह्माका दर्पभंग ३४ गंगाका जन्म, उनकी भागीरथ्यादि नाम निरुक्ति और उनका माहात्म्यकीर्त्तन, ३५ गंगास्नानसें ब्रह्माका शापमोचन, उनका भागीरथी सम्भोग, रति और कामका जन्म, कन्दर्पके बाणसे ब्रह्माका चित्त विकार, उनसमस्त ऋषियोंको नारायणका उपदेश प्रदान, ३६ हरका दर्प भंग कथन और उनका ऐश्वर्य्य वर्णन, ३७ पार्वतीके शापसे शिव नैवेद्यकी अग्राह्यता कथन, और शिवद्वारा पार्वतीका स्तव, ३८ दुर्गा दर्पभंग प्रस्तावमें दर्पनाशके निमित्त सती देवीका देह त्याग, पार्वतीका जन्म और हरगिरिसमागम, ३९ हिमालयमें पार्वतीका शिवसन्दर्शन और मदनभस्म वृत्तान्त, ४० पार्वतीका तपश्चरण, विप्रबालक रूपसे उनके निकट शंकरका आगमन, उनका कथोपकथन, पार्वतीके पित्रालयमें जानेके पीछे शंकरका भिक्षुकवेशमें पार्वतीके निकट गमन बृहस्पतिके साथ देवगणोंकी मंत्रणा, ४१ हिमालयके निकट ब्राह्मणवेशमें शंकरकी शिवनिन्दा, अरुन्धतीके साथ सप्तऋषिका हिमालय समीपमें गमन, उसके निकट कन्यादान कथा प्रसङ्गमें वसिष्ठका अनरण्योपाख्यान कथन, ४२ वसिष्ठका पद्मा और धर्म्मसम्वाद कथन, सतीका देहत्याग कथन, ४३ शंकर विरह शोकापनोदन कथन, ४४ महादेवकी विवाहयात्रा, हिमालय द्वारा शिवका स्तव, ४५ शिवविवाह वर्णन, ४६ हरगौरीविलास

वर्णन और सर्वमङ्गल वर्णन, ४७इन्द्रका दर्पभंग,४८सूर्यका दर्पभंग,४९ वह्निका दर्पभंग,५०दुर्वासाका दर्पभंग,५१धन्वन्तारिका दर्पभंग,५२ और मनसा विजय,राधिकाका खेद,राधानामनिरुक्ति,५३राधाकृष्णका विहार, ५४ संक्षेपसे श्रीकृष्णका चारित्रवर्णन, ५५ श्रीकृष्णका प्रभाववर्णन, ५६ महाविष्णु आदिका दर्पभंग, देवगण द्वारा लक्ष्मीका स्तव, ५७ कृष्ण विच्छेदसे प्राणत्यागमें उद्यत राधिकाके साथ ब्रह्माका वैकुण्ठधाममें गमन ५८ संक्षेपसे राधाविरह कथन,५९ विस्तृतरूपसे इन्द्रकी दर्पभञ्जन कथा प्रसंगमें शची और नहुष सम्वाद, ६० बृहस्पति और दूत सम्वाद, नहुषको सर्पत्व प्राप्ति और शक्रमोक्षण कथन, ६१ इन्द्र और अहल्या सम्वाद, इन्द्रका अहल्या धर्षण, उसका गौतमशाप उपलम्भन, ६२ संक्षेपसे रामायण वर्णन, ६३ कंसका दुःस्वप्नदर्शन ६४ कंसयज्ञ कथन, ६५ अक्रूरानन्द कथन, ६६ राधिकाशोक अपनोदन, ६७ राधिकाके प्रति श्रीकृष्णका आध्यात्मिक योग कथन, ६८ राधाशोक विमोचन, ६९ ब्रह्माके साथ श्रीकृष्णका कथोपकथन, और श्रीकृष्णके प्रति रत्नमाला वाक्य, ७० अक्रूर स्वप्नदर्शन वृतान्त वर्णन, उसके द्वारा श्रीकृष्णका स्तवकथन और गोपीविषय वर्णन, ७१ श्रीकृष्णका मथुरामें जानेके निमित्त मङ्गलाचार, ७२ श्रीकृष्णका मथुराप्रवेश, पुरीदर्शन, रजकका निग्रह, कुब्जाका प्रसाद, कंसनिधन और देवकी तथा वसुदेवका मोचन, ७४ कर्म्म निगड़च्छेद उपदेश, ७५ सांसारिकज्ञान उपदेश, ७६ शुभदर्शन, पुण्यकथन और दानफल कीर्तन, ७७ सुस्वप्न फलकथन, ७८ आध्यात्मिक उपदेश और अशुभ दर्शन जन्मपाप कथन, ७९ सूर्य्यग्रहण बीज कथन, ८० चन्द्रग्रहणादि कारण कथनमें चन्द्रके प्रति उसका अभिशाप कथन, ८१ उसका उद्धारकीर्त्तन, ८२ दुःस्वप्न कथन, उसकी शान्ति कथन,८३चातुर्वर्ण्यका धर्म्म निरूपण,८४ गृहस्थ धर्म्म निरूपण, स्त्रीचारित्र कीर्त्तन, भक्तलक्षण कथन और संक्षेपसे ब्रह्माण्डका वर्णन,८५ भक्ष्याभक्ष्य निरूपण और कर्म्मविपाक कथन,८६

केदारराज कन्याका वृत्तान्त, ब्राह्मणरूपी धर्म्मके प्रति उसका अभिसम्पात और उसस्थानमें उपस्थित देवगणोंके अनुरोधसे उसकी शापमुक्तिकरण ८७ भगवान्‌के समीपमें पुलहादि ऋषिका समागम, और उनके साथ भगवान्‌का संलाप, ८८ नन्दराजाको भगवान्‌का महादेवकृत प्रकृति स्तोत्रदान, ८९ नन्दराजाके प्रति भगवानकी उक्ति, ९० यगधर्म कथन ९१ भगवानके साथ देवकी और वसुदेवका सम्वाद, ९२ श्रीकृष्ण प्रेरित उद्धवका वृन्दावनमें आगमन, वृन्दावन दर्शन और उनका क्रिया श्रीराधिकाका स्तव, ९३ राधिका और उद्धवका कथोपकथन, ९४ उद्धवके प्रति राधाकी सखीकी उक्ति, उद्धवका कलावती उपाख्यान, कथन, ९५ राधिकाका खेदवर्णन, ९६ उद्धवके प्रति राधाका उपदेश, ९७ राधा और उद्धवका सम्वाद, ९८ मथुरामें उद्धवका प्रत्यागमन, भगवानके समीपमें उनकी वृन्दावन वार्त्ताकथन, ९९ वसुदेवके समीपमें गर्गका राम और कृष्णका उपनयन प्रस्ताव, वहां ऋषियोंका गमन, वसुदेव द्वारा प्रकृति वृत्तान्त कथन, १०० वसुदेवके समीपमें देवदेवीका समागम, १०१ कृष्ण और बलरामका उपनयन, वहां आयेहुओंका अपने २ घरमें गमन, १०२ सान्दीपनि मुनिके निकट कृष्ण और बल-रामका वेदाध्यन, मुनिपत्नीकृत उनका स्तव और गुरुदक्षिणा दान, १०३ द्वारावती निर्म्माणके निमित्त विश्वकर्माके प्रत्युपदेश कथन, प्रसंगमें श्री-कृष्णका वास्तु शुभाशुभ विवरणादि कथन, १०४ श्रीकृष्णसमीपमें ब्रह्मा और सनत्कुमार आदि देवगणोंका समागम श्रीकृष्णका द्वारका प्रवेश पूर्वक उग्रसेन आदिके साथ कथोपकथन, १०५ रुक्मिणीके विवाहमें भीष्मक राजाके प्रति शतानन्दवाक्य और उसके श्रवणकरनेसे रुष्टरुक्मि-णीका वाक्य, १०६ रेवती और बलदेवका विवाह श्रीकृष्णका कुण्डिन नगरमें गमन और शाल्वराजाका भगवदधिक्षेप, १०७ हलधर द्वारा रुक्मीका पराजय, श्रीकृष्णका अधिवास, विवाह प्रांगणमें शुभागमन,

भीष्मकराजकृत श्रीकृष्णका स्तव, १०८ रुक्मिणी सम्प्रदान, १०९ श्रीकृष्णके साथ अरुन्धती आदिका कथोपकथन, वरयात्रिगणोंका वधू और वर लेकर द्वारकामें गमन, ११० भगवान्‌के निकटसे नन्द और यशोदाका कदलीवनगमन, राधा और यशोदाका सम्वाद, १११ यशोदाके प्रति राधिकाका भक्तिज्ञानउपदेश और कृष्णकी राम आदिनाम निरुक्ति कथन, ११२ रुक्मिणीका गर्भाधान, काम जन्म, काम द्वारा शंवर दैत्यवध, रति और कामका द्वारकामें गमन, श्रीकृष्णका सोलह-सहस्रकामिनियोंके साथ पाणिग्रहण उनकी अपत्यसंख्या, दुर्वासाको श्रीकृष्णका कन्यासम्प्रदान और दुर्वासाद्वारा श्रीकृष्णकी स्तुति, ११३ कैलाससे आये दुर्वासाका पार्वतीके उपदेशसे फिर द्वारकामें गमन,श्रीकृष्णका हस्तिनापुरमें गमन, जरासन्ध और शाल्ववध, शिशुपाल और दन्तवक्र वध, कुरुपाण्डवयुद्धमें भूभारहरण, सत्यभामाको पुण्यकव्रत अनुष्ठान कथन, ११४ ऊषा और अनिरुद्धका स्वप्न समागम चित्रलेखा द्वारा अनिरुद्धहरण ऊषा और अनिरुद्धका गंधर्व विवाह, ११५ रक्षकों द्वारा ऊषाके गर्भ श्रवणसे रुष्टबाणके प्रति महादेव आदिका हित उपदेश बाणासुरकी युद्धयात्रा और अनिरुद्ध सम्वाद, ११६ बाणके प्रति अनिरुद्धका द्रौपदीके पञ्चस्वामित्व हेतु कीर्त्तन, शम्बरद्वारा रतिहरण वृत्तान्त कथन और अनिरुद्धद्वारा बाणपराजय, ११७ गणेशके प्रति महादेवका अनिरुद्धपराक्रम कीर्तन, ११८ दूत-मुखसे श्रीकृष्णके आनेका सम्वाद सुनकर महादेव और पार्वतीका कर्तव्य विषयक परामर्श, ११९ बाणकी सभामें बलिका आगमन, हर और बलिके कथोपकथनमें हरद्वारा वैष्णवोंकी प्रशंसा, हरि और बलिके कथोपकथनमें बलिकृत श्रीकृष्णका स्तव और श्रीकृष्णका बलिको अभयदान, १२० यादव और असुरसेनाका युद्धवर्णन, वैष्णवज्वरउत्पत्ति कथन और श्रीकृष्णके निकट बाणका पराभव, १२१ शृगालराज

मोक्षण, १२२ स्यमन्तक उपाख्यान, १२३ सिद्धाश्रममें राधाकर्तृक गणेश पूजा, १२४ राधिकाके प्रति गणेशवाक्य, उनको पार्वतीका वरदान, पार्वतीकी आज्ञासे सखियोंद्वारा राधाका सुवेशादि करण, राधिकाके तेजसे विस्मित होकर सिद्धाश्रमवासी देवगणोंका उनके समीपमें आगमन और ब्रह्मादिकृत राधिकाका स्तव, १२५ महादेवद्वारा वासुदेवका ज्ञानलाभ, राजसूययज्ञका अनुष्ठान, १२६ राधाकृष्णका पुनर्वार सम्मिलन, राधाद्वारा श्रीकृष्णका स्तवादि कथन, श्रीकृष्णके प्रति राधिकाके विनयगर्भ विविधप्रश्न और उनके प्रति कृष्णका आध्यात्मिक ज्ञानोपदेश कथन, १२७ राधाकृष्णका विहार और यशोदाका आनन्द, १२८ नन्दके प्रति श्रीकृष्णका कलिधर्म्म कथन, गोकुलवासियोंका राधाके साथ गोलोकमें गमन, १२९ भाण्डीरवनमें प्राप्त ब्रह्मादिद्वारा श्रीकृष्णका स्तव, यदुकुलध्वंस, पाण्डवगणोंका स्वर्गारोहण, भागीरथीके प्रति भगवतीका वरदान और गोलोकारोहण, १३० नारदका, बदरिकाश्रमसे ब्रह्मलोकमें गमन, सञ्जयकन्याके साथ विवाह और विहार, सनत्कुमारके उपदेशसे तपस्यामें गमन, उनके प्रति शम्भुका उपदेशवाक्य और नारदकी मुक्ति, १३१ अग्नि और सुवर्णकी उत्पत्ति कथन, १३२ संक्षेपसे ब्रह्मादि खण्डचतुष्टयार्थ निरूपण, १३३ महापुराण और उपपुराणलक्षण कथन, महापुराणकी श्लोक संख्या, उपपुराणका नामकीर्तन, ब्रह्मवैवर्तकी नामनिरुक्ति कथन, उसका माहात्म्य वर्णन श्रवणफल और श्रवणक्रमसे यथाक्रम अनुकीर्तन.

अब विचार यहहै कि, उक्त ब्रह्मवैवर्तको प्रकृतपुराण वा आदिब्रह्मवैवर्तपुराण कहकर ग्रहण करसकतेहैं या नहीं ?

मत्स्यपुराणके मतसे—

"रथन्तरस्य कल्पस्य वृत्तान्तमधिकृत्य च ।
सावर्णिना नारदाय कृष्णमाहात्म्यमुत्तमम् ॥

यत्र ब्रह्मवराहस्य चरितं वर्ण्यते मुहुः ।
तदष्टादशसाहस्रं ब्रह्मवैवर्त्तमुच्यते ।

रथन्तर कल्पके वृत्तान्त प्रसङ्गमें जिसग्रन्थमें सावर्णिने नारदको कृष्णमाहात्म्य और ब्रह्मवराहका चरित विस्तृतभावसे वर्णनकियाहै, वही अठारह सहस्र ब्रह्मवैवर्त पुराणहै.

शैवपुराणके उत्तरखण्डमें लिखाहै—

"विवर्त्तनाद्ब्रह्मणस्तु ब्रह्मवैवर्त्तमुच्यते ।

ब्रह्माके विवर्त प्रसंगके कारण इसपुराणको ब्रह्मवैवर्त कहा जाताहै.

नारदपुराणमें इसप्रकार अनुक्रमणिका दीगईहै.

"शृणु वत्स प्रवक्ष्यामि पुराणं दशमं तव ।
ब्रह्मवैवर्त्तकं नाम वेदमार्गानुदर्शकम् ॥
सावर्णिर्यत्र भगवान् साक्षाद्देवर्षयेऽर्थितः ।
नारदाय पुराणार्थं प्राह सर्वमलौकिकम् ॥
धर्म्मार्थकाममोक्षाणां सारं प्रीतिर्हरौ हरे ।
तयोरभेदसिद्ध्यर्थं ब्रह्मवैवर्त्तमुत्तमम् ॥
रथन्तरस्य कल्पस्य वृत्तान्तं यन्मयोदितम् ।
शतकोटिपुराणे तत् संक्षिप्य प्राह वेदवित् ॥
व्यासश्चतुर्धा संव्यस्य ब्रह्मवैवर्त्तसंज्ञितम् ।
अष्टादशसहस्रन्तत् पुराणं परिकीर्त्तितम् ॥
ब्रह्मप्रकृतिविघ्नेश कृष्णखण्डसमाचितम् ।
तत्र सूतर्षिसम्वादे पुराणीयक्रमो मतः ॥
सृष्टिप्रकरणं त्वाद्यं ततो नारदवेधसोः ।
विवादः सुमहान् यत्र द्वयोरासीत् पराभवः ॥
शिवलोकगतिः पश्चाज्ज्ञानलाभः शिवान्मुनेः ।
शिववाक्येन तत्पश्चात् मरीचेर्नारदस्य च ॥

तदष्टादशसाहस्रं ब्रह्मवैवर्त्तमुच्यते ।

रथन्तर कल्पके वृत्तान्त प्रसङ्गमें जिसग्रन्थमें सावर्णिने नारदको कृष्णमाहात्म्य और ब्रह्मवराहका चरित विस्तृतभावसे वर्णनकियाहै, वही अठारह सहस्र ब्रह्मवैवर्त पुराणहै.

शैवपुराणके उत्तरखण्डमें लिखाहै—

"विवर्त्तनाद्ब्रह्मणस्तु ब्रह्मवैवर्त्तमुच्यते ।

ब्रह्माके विवर्त प्रसंगके कारण इसपुराणको ब्रह्मवैवर्त कहा जाताहै.

नारदपुराणमें इसप्रकार अनुक्रमणिका दीगईहै.

"शृणु वत्स प्रवक्ष्यामि पुराणं दशमं तव ।
ब्रह्मवैवर्त्तकं नाम वेदमार्गानुदर्शकम् ॥
सावर्णिर्यत्र भगवान् साक्षाद्देवर्षयेऽर्थितः ।
नारदाय पुराणार्थं प्राह सर्वमलौकिकम् ॥
धर्म्मार्थकाममोक्षाणां सारं प्रीतिर्हरौ हरे ।
तयोरभेदसिद्ध्यर्थं ब्रह्मवैवर्त्तमुत्तमम् ॥
रथन्तरस्य कल्पस्य वृत्तान्तं यन्मयोदितम् ।
शतकोटिपुराणे तत् संक्षिप्य प्राह वेदवित् ॥
व्यासश्चतुर्धा संव्यस्य ब्रह्मवैवर्त्तसंज्ञितम् ।
अष्टादशसहस्रन्तत् पुराणं परिकीर्त्तितम् ॥
ब्रह्मप्रकृतिविघ्नेश कृष्णखण्डसमाचितम् ।
तत्र सूतर्षिसम्वादे पुराणीयक्रमो मतः ॥
सृष्टिप्रकरणं त्वाद्यं ततो नारदवेधसोः ।
विवादः सुमहान् यत्र द्वयोरासीत् पराभवः ॥
शिवलोकगतिः पश्चाज्ज्ञानलाभः शिवान्मुनेः ।
शिववाक्येन तत्पश्चात् मरीचेर्नारदस्य च ॥

मनश्चैव सावर्णेर्ज्ञानार्थं सिद्धसेविते ।
आश्रमे सुमहापुण्ये त्रैलोक्याश्चर्य्यकारिणि ॥
एतद्धि ब्रह्मखण्डं हि श्रुतं पापविनाशनम् ।
ततः सावर्णिसम्वादो नारदस्य समीरितः ॥
कृष्णमाहात्म्यसंयुक्तो नानाख्यानकथोत्तरः ।
प्रकृतेरंशभूतानां कलानाश्चापिवर्णितम् ॥
माहात्म्यं पूजनाद्यश्च विस्तरेण यथा स्थितम् ।
एतत् प्रकृतिखण्डं हि श्रुतिभूतिविधायकम् ॥
गणेशजन्मसंप्रश्नसपुण्यकमहाव्रतम् ।
पार्वत्याः कार्त्तिकेयेन सह विघ्नेश सम्भवः ॥
चरितं कार्त्तवीर्य्यस्य जामदग्न्यस्य चाद्भुतम् ।
विवादः सुमहान् पश्चाज्जामदग्न्यगणेशयोः ॥
एतद्विघ्नेशखण्डं हि सर्वविघ्नविनाशनम् ।
श्रीकृष्णजन्मसंप्रश्नो जन्माख्यानं ततोऽद्भुतम् ॥
गोकुले गमनं पश्चात् पूतनादिवधोऽद्भुतः ।
बाल्यकौमारजा लीला विविधा स्तत्र वर्णिताः ॥
रासक्रीड़ा च गोपीभिः शारदी समुदाहृता ।
रहस्ये राधया क्रीड़ा वर्णिता बहुविस्तरा ॥
सहाक्रूरेण तत्पश्चान्मथुरागमनं हरेः।
कंसादीनां वधे वृत्ते स्यादस्य द्विजसंस्कृतिः ॥
काश्यां सन्दीपनेः पश्चाद्विद्योपादानमद्भुतम् ।
यवनस्य वधः पश्चाद्द्वारकागमनं हरेः ॥
नरकादिवधस्तत्र कृष्णेन विहितोद्भुतः ।
कृष्णखण्डमिदं विप्र नृणां संसारखण्डनम् ॥"

हेवत्स ! सुनो तुम्हारे निकट ब्रह्मवैवर्त्त नामक वेद पथानुदर्शक दशम पुराण कहताहूं, जो कि साक्षात् भगवान् सावर्णिने प्रार्थित होकर देव-

ऋषि नारदके निकट अलौकिक पुराणार्थ कहाथा। धर्म्म, अर्थ,
और मोक्ष इन सबका सार और भगवान् हरि तथा हरकी प्रीति,
दोनोंकी अभेदसिद्धिके निमित्तही यह उत्तमब्रह्मवैवर्त प्रवर्तित हुआ
मैंने रथन्तरकल्पका जो वृत्तान्त कहाथा, वेदवित् व्यासने उसको
कोटिको पुराणमें संक्षेपरूपसे वर्णनकियाहै, वेदवित् व्यासने इस ब्र
वर्त पुराणके ब्रह्मप्रकृति, गणेश और कृष्णखण्डनामक चारभा
विभक्तकरके अठारह सहस्र श्लोकद्वारा कीर्तन कियाहै। सूत
ऋषिसम्वादमें पुराणका उपक्रम हुआहै.

इसके प्रथममें सृष्टिप्रकरण, फिर नारद और वेधाका वि
दोनोंकाही पराभव, शिवलोकमें गति, नारदमुनिको शिवसे ज्ञान
और शिववाक्यसे मरीचि और नारदके ज्ञानलाभार्थ सिद्धसेवित प
पवित्र त्रैलोक्याश्चर्य्यकारी आश्रममें गमन, पापनाशक इस ब्रह्मवैव
यह सब वर्णितहै.

दूसरा प्रकृतिखण्ड इसमें सावर्णि सम्वाद, कृष्णमाहात्म्ययुक्त न
आख्यान और प्रकृतिके अंशभूत कलासमुदायका माहात्म्य उ
पूजनादिका विस्तृतरूपसे वर्णन हुआहै, इस प्रकृतिखण्डके श्रवणक
नेसे ऐश्वर्य्य प्राप्तहोताहै.

गणेशजन्म प्रश्न, पार्वतीका पुण्यकव्रत, कार्त्तिकेय और गणेश
उत्पत्ति, कार्त्तवीर्य्य और जामदग्न्यका अद्भुत चरित, गणेश अ
जामदग्न्यका घोर विवादकथन, सर्व विघ्नविनाशक गणेश खण
इतनी बातेंहैं.

श्रीकृष्णजन्म संप्रश्न, फिर जन्माख्यान, गोकुलमें गमन पूतना
वध, बाल्य कौमार विविधलीला, गोपियोंके संग श्रीकृष्णकी शा
रासक्रीड़ा, निर्जनमें राधाके साथ क्रीडा, फिर अक्रूरके साथ हरि
मथरागमन, कंसादिका वध, काशीमें सन्दीपनिके निकट विद्याग्रह

यवनका वध, हरिका द्वारकागमन और कृष्णका नरकासुरादिवध। यह सम्पूर्ण कथा कृष्णजन्म खण्डमें वर्णित हुईहैं। हे विप्र! इस सब वृत्तान्तके श्रवण करनेसे मनुष्योंका संसारबन्धन कट जाताहै.

मत्स्य, शैव वा नारदोक्तलक्षणके साथ प्रचलित ब्रह्मवैवर्त्तकी एकता नहीं है। रथन्तरकथन, सावर्णि नारद सम्वाद, ब्रह्म वराहका वृत्तान्त वा ब्रह्माका विवर्तप्रसङ्ग, इनमेंसे कोई भी प्रचलित ब्रह्मवैवर्त्त पुराणमें नही पाया जाता। अधिक क्या नारद पुराणमें जो चार खण्डोंके नाम संक्षेपसे विषयानुक्रम दिया गयाहै, प्रचलित ब्रह्मवैवर्त इसी प्रकार चार खण्डोंमें विभक्त होनेपर भी अनेक विषयोंमें नहीं मिलता। नारदोक्त ब्रह्म खण्डीय सृष्टिप्रकरण, नारद ब्रह्मविवाद, नारदकी शिवलोकमें गति और शिवसे ज्ञानलाभ, यह सब विषय इससमयके ब्रह्मवैवर्तमें होनेपर भी नारद और मरीचिका गमन, तथा सिद्धाश्रममें गमन और सावर्णिकी कथा एक कालमें ही छोड़दी गईहै। इसी प्रकार नारदोक्त प्रकृतिखण्डमें सावर्णि नारदसम्वाद और मुख्यरूपसे कृष्णमाहात्म्यकी कथा होनेपर भी प्रचलित ब्रह्मवैवर्तमें नहीहै, गौणरूपसे कृष्णकथाहै। किन्तु प्रकृतिका माहात्म्य और पूजादि विस्तारसे वर्णित हुईहै। नारदमें जैसे गणेशखण्ड और कृष्णजन्मखण्ड अनुक्रमणिकाहै; प्रचलित ब्रह्मवैवर्त्तमें वह सब ही पाई जातीहै.

अब संदेह यहहै कि प्रचलित ब्रह्मवैवर्त्तको आदि ब्रह्मवैवर्त्त कहकर ग्रहण करसकतेहैं या नहीं?

ब्रह्मवैवर्त्तमें ही लिखाहै—

"विवृतं ब्रह्म कात्स्न्र्येन कृष्णेन यत्र शौनक।
ब्रह्मवैवर्त्तकं तेन प्रवदन्ति पुराविदः॥
इदं पुराणसूत्रञ्च पुरादत्तञ्च ब्रह्मणे।
निरामये च गोलोके कृष्णेन परमात्मना॥

महातीर्थे पुष्करे च दत्तं धर्म्माय ब्रह्मणा ।
धर्म्मेणेदं स्वपुत्राय प्रीत्या नारायणाय च ॥
नारायणोऽयं भगवान् प्रददौ नारदाय च ।
नारदो व्यासदेवाय प्रददा जाह्नवीतटे ॥
व्यासः पुराणसूत्रं तत्संव्यस्य विपुलं महत् ।
मह्यं ददौ सिद्धक्षेत्रे पुण्यदे सुमनोहरम् ॥
यदिदं कथितं ब्रह्मंस्तत् समग्रं निशामय ।
अष्टादशसहस्रन्तु व्या सेनेदं पुराणकम्॥

(ब्रह्मखण्ड १ । १०–६)

हे शौनक ! कृष्णद्वारा ब्रह्म विवृतहोनेके कारण पुरातनलोग (इसको) ब्रह्मवैवर्त्त कहतेह । निरामय गोलोकमें परमात्मा कृष्णने ब्रह्माको यह पुराणसूत्र दियाथा, फिर पुष्कर महातीर्थमें ब्रह्माने धर्म्मको दानकिया, धर्म्मने प्रसन्न होकर अपने पुत्र नारायणको, भगवान् नारायणने नारदको, नारदने व्यासदेवको गंगा तटपर यह पुराणसूत्र अर्पण कियाथा । व्यासने पुण्यदायक सिद्धक्षेत्रमें इस मनोहर पुराणको मुझे दानकियाथा, यह जो पुराणकी कथा कही यह, व्यासरचित १८००० श्लोकमें सम्पूर्ण हुईहै.

ब्रह्मवैवर्त्तकी निज उक्तिके अनुसारही इसको मात्स्य वा शैव वर्णित ब्रह्मवैवर्त कहकर ग्रहण नहीं किया जाता। इन दो पुराणोंकी वर्णनाके अनुसार इसको ब्राह्म वा ब्रह्मका माहात्म्य प्रकाशक पुराण कह सकतेहैं। फिर स्कन्दपुराणीय शिव रहस्य खण्डके मतसे "सवितुर्ब्रह्मवैवर्तं", अर्थात् ब्रह्मवैवर्त सविताकी महिमा प्रकाशकरताहै । अधिक क्या मत्स्यके मतसे भी 'जो इस ब्रह्मवैवर्तको दानकरताहै उसका ब्रह्मलोकमें वास होताहै ।' किन्तु प्रचलित ब्रह्मवैवर्तकी निज उक्तिके अनुसार इसको वैष्णव पराणही समझा जाताहै । इधर फिर ब्रह्मवैवर्तकी आलोचना करनेसे

ब्रह्मवैवर्तके उद्धृत वचनके साथभी सामञ्जस्य नहीं कियाजाता । क्योंकि ब्रह्मवैवर्तके उपक्रममेंही लिखाहै, 'कृष्णने इस पुराणमें ब्रह्मतत्त्व प्रकाश-कियाथा, इस कारणही इसका नाम ब्रह्मवैवर्त्त है।' किन्तु प्रचलित ब्रह्म-वैवर्तमें इस विषयमें ऐसा नहीं पाया जाता । इसहीकारण कोई कहतेहैं कि इस समयका यह ब्रह्मवैवर्त पुराण दूसरी वारके संस्कारकाहै आदि ब्रह्म-वैवर्त पुराणमें विस्तृत रूपसे ब्रह्मवाराहका माहात्म्य अथवा ब्रह्माका विवर्त विषय वर्णितथा पश्चात् सावर्णि वसिष्ठ सम्वादमें इसमें कृष्ण चरित्र प्रविष्ट हुआहै उस समय वा उसके पीछे यह आदित्य माहात्म्य वाला सौर ग्रंथ गिना गया पश्चात् संस्कारको प्राप्तहोकर यह पुराण वैष्णव कहाया श्रीसम्प्रदायादि गौड वैष्णव पुराणकोही सात्त्विक कहतेहैं पर यह पुराण तंत्रकाभी प्रकाशकहै इस कारण राजस गिना गया प्रकृतिरूपी शक्तिका प्राधान्य होनेसे देवीयामलआदि ग्रन्थोंमें इस पुराणको शाक्त-कहाहै इस पुराणमें ऐसे श्लोक निश्चय बहुतकाल पीछेके हैं यथा म्लेच्छात् कुविन्दकन्यायां जोला जातिर्बभूव ह १० । १२१ म्लेच्छके और-ससे कुविन्द कन्यामें जोला (जुलाहा) जाति उत्पन्न हुई है वंगदेश मेंही यह जाति जोला कहातीहै तो यह अंश वंगदेशमेंही सन्निविष्ट हुआ है तथा शंखचूडके युद्धमें राढीय और वारेन्द्र वंगाली नाम पाये जाते हैं भागवतकी समान यह भी दशलक्षणवाला महापुराण कहागयाहै.

हमारा इसमें यह कहनाहै कि यद्यपि ऐसे श्लोक इस पुराणमें प्रक्षिप्त भीहों और इसका दूसरा संस्करण हुआभी हो परन्तु इसमें सन्देह नहीं कि कुछ थोडे लौट बदलको छोडकर इसका क्रम कथाभाग आदि ब्रह्मवैवर्त पुराणकाही है इसमें सन्देह नहीं.

निर्णयसिंधुमे लघुब्रह्मवैवर्त पुराणका उल्लेखहै किन्तु वह इस समय पाया नहीं जाता.

दाक्षिणात्योंमें एक ब्रह्मवैवर्तनाम पुराण प्रचलितहै कोई २ समझते है इस पुराणमें ही बहुतसे ब्रह्मवैवर्तके लक्षणहैं.

अलंकार दानविधि, अहिशकुटिमाहात्म्य, आदि रत्नेश्वर माहात्म्य, एकादशीमाहात्म्य, कृष्णस्तोत्र, गंगास्तोत्र, गणेशकवच, गरुड़ाचलमाहात्म्य, गर्भस्तुति, घटिकाचलमाहात्म्य, तपस्तीर्थमाहात्म्य, तुलाकावेरीमाहात्म्य, पञ्चानन्दमाहात्म्य, परशुरामप्रति शंकरोपदेश, पुष्णवनमाहात्म्य, बकुलारण्यमाहात्म्य, ब्रह्मारण्यमाहात्म्य, मुक्तिक्षेत्रमाहात्म्य, राधोद्धवसम्वाद, वृद्धाचलमाहात्म्य, श्रवणद्वादशीव्रत, श्रीगोष्ठीमाहात्म्य, सर्वपुरक्षेत्रमाहात्म्य, स्वामिशैलमाहात्म्य, इतने ब्रह्मवैवर्त्तके और काशीकेदारमाहात्म्य, काशीमाहात्म्य, चम्पकारण्यमाहात्म्य, जल्पेश्वरमाहात्म्य, तुलाकावेरीमाहात्म्य, दुर्गापुरीमाहात्म्य, देवीपुरीमाहात्म्य, पञ्चनदमाहात्म्य, पुष्पवनमाहात्म्य, बुद्धिगिरिमाहात्म्य, वेतालकवच, वेदारण्यमाहात्म्य, श्वेतारण्यमाहात्म्य,सुवर्णस्थानमाहात्म्य और स्वामि गिरिमाहात्म्य, यह क्षुद्रपोथी ब्रह्मवैवर्त्तके अन्तर्गत प्रचलितहै. (१)

लिंगपुराण ११.

पूर्वभागमें— १ सूत और नैमिषेय सम्वाद, २ सूतका संक्षपसे लिंग पुराण प्रतिपाद्यवर्णन, ३ प्राकृतसर्ग, ब्रह्माण्डकी उत्पत्ति कथन, ४ युगादि परिमाण कथन, ५ ब्रह्मकृताविद्यादि ब्रह्माण्डसर्गकथन, ६ वह्निपितृरुद्रकृतसृष्टिकथन, ७ शिवअनुग्रहसे निर्वृति कथन, ८ योगमार्गद्वारा शिवाराधनाविधि, अष्टाङ्गसाधनक्रमकथन, ९ योगियोंको विघ्न, उपसर्गसिद्धिकथन, अष्टविधऐश्वर्यलाभकथन,

---

१ "सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च।
वंशानुचरित विप्र पुराणं पञ्चलक्षणम् ॥
एतदुपपुराणानां लक्षणञ्च विदुर्बुधाः ।
महताञ्चपुराणानां लक्षणं कथयामि ते ॥
सृष्टिश्चापि विसृष्टिश्च स्थितिस्तेषाञ्च पालनम्।
कर्म्मणां वासनावार्त्तामनूनाञ्च क्रमेण च ॥
वर्णनं प्रलयानाञ्च मोक्षस्य च निरूपणम्।

१० महेशप्रसाद पात्र कथन, लिग पूजादि कथन, ११ श्वेत लोहित कल्पप्रसंगमें सद्योजात और तच्छिष्यसम्भवकथन, १२ रक्तकल्पप्रसंगमें वामदेव और तच्छिष्यसम्भववर्णन, १३ पीतमासकल्पप्रसंगमें तत्पुरुष-गायत्रीसम्भववर्णन, १४ असितकल्पप्रसंगमें अघोरोद्भवकथन, १५ अघोर मंत्रविधिकथन, १६ विश्वकल्पप्रसंगमें ईशानसम्भव पञ्चब्रह्मात्मकस्तोत्र, गायत्रीकी विचित्रमहिमावर्णन, १७सद्य आद्युद्भूत महिमा वर्णन ब्रह्मा और विष्णुके विवाद भञ्जनार्थ लिंगोत्पत्ति, १८ विष्णुकृत शिवस्तोत्र, उसकी फल श्रुतिकथन, १९ ब्रह्माविष्णुके वरप्राप्तिसे आह्लादित महेश्वरका मोह नाश वर्णन, २० पाद्मकल्पप्रसंगमें विष्णुके नाभिकमलसे ब्रह्माकी उत्पत्ति और रुद्रदर्शन, २१ ब्रह्मा और विष्णुकृत शिवस्तव, २२ ब्रह्मा और विष्णुको महेश्वरकी वरप्राप्ति सर्परुद्रसम्भव, २३ श्वेतकल्प प्रसङ्गमें ब्रह्माके प्रश्नानुरोधसे शिवकी सद्यआद्युत्पत्ति और गायत्री महिमा कथन, २४ ब्रह्माके निकट शिवका योगाचार्य्यवतार, विभिन्न-द्वापरमें उसके शिष्य विभिन्न व्यास और भविष्य व्यासादिका कथन, २५ ऋषियोंद्वारा जिज्ञासित होकर सूतका संक्षेपसे स्नानविधि और क्रमकथन, २६ संध्या और पञ्चयज्ञादि विधि कथन, २७ लिङ्गार्चन विधि कथन, २८ मानसशिवपूजादि कथन, २९ देवदारु वनवासी ऋषियोंके चारित्रवर्णन प्रसंगमें सुदर्शन उपाख्यान, ३० शंकरआराधनासे श्वेतकी मृत्यु ग्राससे मुक्ति, ३१ ब्रह्माके कहेहुए विधानमें तापसी ऋषियोंका शिवका साक्षात, ३२ ऋषियोंका किया हुआ शिवका स्तव,

---

उत्कीर्त्तनं हरेरेव देवानाञ्च पृथक् पृथक् ॥
दशाधिकं लक्षणञ्च महतां परिकीर्त्तितम् ।
संख्यानञ्च पुराणानां निबोधकथयामि ते॥"

(कृष्णजन्मखण्ड १३२ अ॰)

(भागवतके विवरणमें विष्णु भागवतोक्त पुराणलक्षणादि देखने चाहिये ।)

इस पुराणकी सूची हम संग्रह नहीं करसकते ।

३३ शिवद्वारा स्तव और शैवमाहात्म्यवर्णन, ३४ ऋषियोंके प्रश्नके अनुसार शिवकथितभस्मस्नानादि निरूपण, ३५ क्षुपताड़ित दधीचि द्वारा शिवप्रसादसे वज्रास्थि प्राप्तकरके क्षुपका मुण्डताड़न, ३६ क्षुपके द्वारा विष्णुका स्तव, देवगणके साथ विष्णु और दधीचिका पराभव, ३७ सनत्कुमार द्वारा जिज्ञासित होकर मन्दिर उत्पत्तिविवरणकथा, ३८ विधाताके समीपमें विष्णु और शिवका माहात्म्यवर्णन, सृष्टिप्रकरण, ३९ युगधर्म्म, पुराणक्रमादि कथन, ४० कलिधर्म्म, सत्ययुग आरम्भ, कल्प मन्वन्तरादिकीर्त्तन, ४१ ब्रह्माको देवीपुत्रत्वकथन, त्रिमूर्त्तिक परस्पर उत्पादकत्वकथन, ४२ तपः प्रीणितमहादेवके अनुग्रहसे शिलादको पुत्र-लाभ, ४३ नन्दीको मनुष्याकार लाभ, और महादेवकी महाप्रसाद प्राप्तिकथन, ४४ नन्दीको शिवकृत गाणपत्याभिषेक और विवाह, ४५ ऋषियोंके निकट सूतका शिवकी रूप समष्टि वर्णन, अधस्तलादि कथन, ४६ पृथिवी—द्वीप—सागरकथन, प्रियव्रतपुत्रको पृथिवीका आधिपत्यकीर्त्तन, ४७ जम्बू द्वीपके अन्तर्गत नववर्ष कथन, अग्नीध्र-वंशवर्णन, ४८ सुमेरुमान और सूर्य्यरष्टकादि कथन, ४९ जम्बूद्वी-पमान, वर्षपर्वतादि कथन, ५० मिताम्र शिखरादिको शक्रादिका पुण्या-यतनकीर्त्तन, ५१ शिवके प्रधानचतुः स्थानका कीर्त्तन, ५२ गङ्गाउ-द्भवादि कथन, ५३ प्लक्षद्वीपादिकथन, ऊर्द्ध्वलोक और नरकादिकीर्त्तन, ५४ सूर्य्यकी गतिनिरूपण, ध्रुवादिकथन, ५५ शिवरूपीसूर्य्यके चैत्रादि-मासक्रमसे द्वादशभेदकथन, ५६ सोमरथादिवर्णन, ५७ बुधादि रथग्रह-मण्डलमानादि कीर्त्तन, ५८ सूर्य्य आदिक ग्रहोंके आधिपत्यमें शिवका-अभिषेचन, ५९ त्रिविधवह्नि और सूर्य्य रश्मि सहस्रकार्य्यादिकथन, ६० ग्रहप्रकृत्यादि कथन, ६१ ग्रहादिस्थानाभिमानिदेवकथन, ६२ ध्रुवच-रीत, ६३ दक्षदेववसिष्ठादि सर्गकथन, ६४ वसिष्ठका पुत्रशोक, पराश-करि उत्पत्ति, राक्षसगणदाहन, ६५ चन्द्र सूर्य्य वर्णन प्रसंगमें तण्डिकोक्त

शिवका सहस्रनाम कीर्त्तन, ६६ त्रिधन्वादि सूर्य्यवंशीय राजा ययाति पर्य्यन्त चंद्रवंशीय राजगणवर्णन, ६७ ययाति चरित, ६८ सात्वत और यदुवंशकीर्त्तन, ६९ कृष्णावतार कथा, ७० शिवकृत आदिसर्ग कथन, ७१ त्रिपुरवृत्तान्त, उसके नाशमें देवतागणोंका यत्न, ७२ त्रिपुरनाशके निमित्त ईश्वरका अभिप्राय, ७३ देवगणके प्रति ब्रह्माकी लिंगार्चनाविधिकथन, ७४ लिंगभेद और लिंग संस्थापनफल कथन; ७५ निर्गुण शिवका योगागम्यत्वकथन, ७६ विविध शिवमूर्ति प्रतिष्ठाका फलकथन, ७७ शिवालय निर्म्माणफल कथन, शिवक्षेत्र मानादि कथन, ७८ वस्त्रपूतजलसे कार्य्य करनेका उपदेश, अहिंसा भक्ति फलकथन, ७९ उच्छिष्टादिगणकृत शिवपूजा दीपदान आदिका फल कथन, ८० शिव देवगणसम्वाद, देवताओंका पशुत्वमोचन, ८१ पाशुपतव्रतकथन, ८२ व्यपोहन स्तवकथन, ८३ विविधशिवव्रतकथन, ८४ उमामहेश्वर व्रतकथन, ८५ पञ्चाक्षर विधि कथन, ८६ सर्वदुःख निवारक शिवकथित ध्यानादि कथन, ८७ शिवके अनुग्रहसे सनत्कुमारादिको मायासे मुक्ति, ८८ अणिमाद्यष्टसिद्धि, त्रिगुणसंसारादिकथन ८९ योगिसदाचार, द्रव्यशुद्धि, स्त्रीधर्म्मनिरूपण, ९० शिवोक्त यति प्रायश्चित्त विधि, ९१ मृत्युचिह्न, प्रणवमाहात्म्य और शिवोपासनादि कथन, ९२ वाराणसीमाहात्म्यकथन, ९३ अन्धकासुर निग्रह, बलराम गाणपत्यप्राप्ति, ९४ वाराहद्वारा हिरण्याक्षवध और उद्धार, ९५ नृसिंहका हिरण्यकशिपुवध, ९६ नृसिंह वीरभद्रसम्वाद, नृसिंह पराजय, *९७ जलन्धरवधादि कथन, ९८ शिवके सहस्रनाम सुनकर अपने नेत्रकमलद्वारा पूजाकरके विष्णुको सुदर्शनचक्रलाभ, ९९ देवीका शिववामाङ्गत्व और दक्ष हिमालय सम्भवस्वकथन प्रसङ्ग, १०० दक्ष यज्ञध्वंस, १०१ पार्वतीकी तपस्या, मदनभस्म, १०२ देवीको शंकर

* यह अध्याय सांप्रदाइकता लियेहुये बोधहोता है यह चिन्त्य है।

प्रसादलाभ, १०३ शिवविवाह और पुत्रउत्पादन, १०४ गणेशसृष्टिके निमित्त सर्व देवताकृत शिवका स्तव, १०५ गणेश उत्पत्ति, १०६ शिवके नृत्यारम्भ प्रसङ्गमें कालीकी उत्पत्ति, १०७ भक्तउपमन्युके प्रति शिवका प्रसाद, १०८ उपमन्युके निकट श्रीकृष्णकी शैवदीक्षा ग्रहण.

उपरिभागमें—१ मार्कण्डेयाम्बरीष सम्वादमें कौशिक वृत्तान्त कथन, २विष्णु माहात्म्यकीर्त्तन, ३ नारदको गीतवाद्यलाभ, ४ विष्णुभक्तलक्षण और उसका माहात्म्यवर्णन,५अम्बरीष चरित, ६ अलक्ष्मी समुत्पत्त्यादि-कथन,७अलक्ष्मी निराकरण,लक्ष्मीप्राप्तिके उपायकथन,८धौन्धुमूकचरि-त,९ पशुनिरूपण,पाशकथन,शिवके पशुपतिनामकी निरुक्ति,१०शिवसा-क्षात्में सर्वसृष्टिकथन, ११ शिवकी विभूति कथन, लिंग पूजामाहात्म्य, १२ अष्टमूर्ति कथन, १३ अष्टमूर्त्तिकी पृथक् २ संज्ञा, स्त्रीपुत्रकथन, १४ शिवके पञ्चब्रह्मरूपवर्णन, १५ शिवके रूपनिरूपणमें ऋषियोंका मत, १६ शिवके अनेकप्रकारके नाम रूपकीर्त्तन, १७ सगुण रुद्रवि-ग्रहमें विश्वकी उत्पत्ति कथन,१८ब्रह्मादिकृत शिवका स्तव,१९मण्डलमें शिवपूजाविधि, २०—२१ मण्डलपूजा अधिकारीगणोंको शिवदीक्षा विधि कथन, शिवपूजानियमादि कथन,२२सौर स्नानादि निरूपण, २३मानस शिवपूजा, २४ शिवपूजाकी विशेष उक्ति, २५ शिवकथित अग्निकार्य्य कथन, २६ अघोर पूजा कथन, २७ जयाभिषेक कथन, २८ तुला-दानकथन, २९ हिरण्यगर्भ विधि, ३० तिल पर्वतदानविधि, ३१ स्व-ल्पतिलपर्वतदानविधि, ३२ सुवर्ण मेदिनी दानविधि, ३३ कल्पपादप दानविधि, ३४ गणेशदानविधि, ३५ हेमधेनुदानविधि, ३६ लक्ष्मीदान-विधि, ३७ तिलधेनुदानविधि, ३८ गोसहस्रप्रदानविधि, ३९ हिरण्या-श्वदानविधि, ४० कन्यादानकथन, ४१ हिरण्यवृषदानविधि, ४२ गजदानविधि, ४३ अष्टलोकपालदानविधि, ४४ श्रेष्ठदानकथन, ४५ जीवश्राद्धकथन, ४६ ऋषियोंका प्रतिष्ठा विषयक प्रश्न, ४७ लिंग स्थापन,४८सूर्य्यादि देवता स्थापनविधि,४९अघोरेश प्रतिष्ठा कथन,५०

शत्रुनिग्रह प्रकारकथन, ५१ वज्रवाहनिका विद्या कथन, ५२ तद्विनियोगप्रकार, ५३ मृत्युञ्जय विधि कथन, ५४ त्रियम्बकमंत्रद्वारा शिव पूजा कथन, ५५ योगकथन, लिंगपुराणपाठ, श्रवण और सुनानेका फलकथन.

अब विचार यह है कि, उक्त लिंगको प्रकृतपुराणमें गिनसकतेहैं या नही ? मत्स्यपुराणके मतसे.

यत्राग्निलिङ्गमध्यस्थः प्राह देवो महेश्वरः ।
धर्म्मार्थकाममोक्षार्थमाग्नेयमधिकृत्य च ॥
कल्पान्तं लिङ्गमित्युक्तं पुराणं ब्रह्मणा स्वयम् ।
तदेकादशसाहस्रं फाल्गुन्यां यः प्रयच्छति ॥
(५३। ३७)

जिसग्रन्थमें देवमहेश्वरने अग्निलिंगमध्यस्थ होकर अग्निकल्पान्तमें धर्म्म,अर्थ, काम और मोक्षार्थ कथा प्रकाशकीथी,एकादशसहस्रयुक्त वह पुराणही ब्रह्माद्वारा लिंगनामसे वर्णित हुआहै.

फिर नारद पुराणमें लिंगपुराणकी इसप्रकार अनुक्रमणिका पाईजाती है.

शृणु पुत्र प्रवक्ष्यामि पुराणं लिङ्गसंज्ञितम् ।
पठतां शृण्वताञ्चैव भक्तिमुक्तिप्रदायकम् ॥
यच्च लिङ्गाभिधं तिष्ठन् वह्निलिङ्गे हरोऽभ्यधात् ।
मह्यं धर्म्मादिसिद्ध्यन्तं अग्निकल्पकथाश्रयम् ॥
तदेवव्यासदेवेन भागद्वयसमाचितम् ।
पुराणं लिङ्गमुदितं बह्वाख्यानं विचित्रितम् ॥
तदेकादशसाहस्रं हरमाहात्म्यसूचकम् ।
परं सर्वपुराणानां सारभूतं जगत्त्रये ॥
पुराणोपक्रमे प्रश्नं सृष्टिसंक्षेपतः पुरा ।
योगाख्यानं ततः प्रोक्तं कल्पाख्यानं ततः परम् ॥

लिङ्गोद्भवस्तदर्च्चा च कीर्त्तिताहि ततः परम् ।
सनत्कुमारशैलादि संवादश्चाथपावनः ॥
ततो दधीचिचरितं युगधर्म्मनिरूपणम् ।
ततोभुवनकोषाख्यो सूर्य्यसोमन्वयस्ततः ॥
ततश्चविस्तरात् सर्गस्त्रिपुराख्यानकं तथा ।
लिङ्गप्रतिष्ठाच ततः पशुपाशविमोक्षणम् ॥
शिवव्रतानि च तथा सदाचारनिरूपणम् ।
प्रायश्चित्तान्यरिष्टानि काशीश्रीशैल वर्णनम् ॥
अन्धकाख्यानकं पश्चाद्वाराहचरितंपुनः ।
नृसिंहंचरितं पश्चाज्जलन्धरवध स्ततः ॥
शैवं सहस्रनामाथ दक्षयज्ञविनाशनम् ।
कामस्य दहनं पश्चात् गिरिजायाः करग्रहः ॥
ततो विनायकाख्यानं नृत्याख्यानं शिवस्य च ।
उपमन्युकथा चापि पूर्वभाग इतीरितः ॥
विष्णुमाहात्म्यकथनमम्बरीषकथा ततः ।
सनत्कुमारनन्दीशसम्वादश्च पुनर्मुने ॥
शिवमाहात्म्यसंयुक्तं स्नानयागादिकं ततः ।
सूर्य्यपूजाविधिश्चैव शिपूजा च मुक्तिदा ॥
दानानि बहुधोक्तानि श्राद्धप्रकरणन्ततः ।
प्रतिष्ठा तत्र गदिता ततोऽघोरस्य कीर्तनम् ॥
व्रजेश्वरी महाविद्या गायत्रीमहिमा ततः ।
त्र्यम्बकस्य च माहात्म्यं पुराणश्रवणस्य च ॥
एतस्योपरिभागस्ते लैङ्गस्य कथितो मया ।
व्यासेन हि निबद्धस्य रुद्रमाहात्म्यसूचिनः ॥"

हे पुत्र ! सुनो, मैं तुम्हारे निकट लिंगपुराण कहताहूं भगवान्ने ह
वह्निलिंग मध्यस्थ रहकर मेरे निकट धर्म्मादि सिद्धिके निमित्त जो अ

कल्प कथाश्रय लिंगपुराण कहाथा, व्यासदेवने उसको ही दोभागोंमें विभक्तकिया है। यह लिंगपुराण अग्निके आख्यानमें विचित्रितहुआहै। यह हरमाहात्म्यसूचक ग्यारह सहस्र श्लोक परिपूर्ण और जगत्रयमें सर्व पुराणोंका सारस्वरूप है। इसमें प्रथमतः पुराणोपक्रम प्रश्न और संक्षेपसे सृष्टि वर्णनहै। इसपूर्वभागमें यागाख्यान, कल्पाख्यान, लिंगोत्पत्ति, और उसकी अर्चना, सनत्कुमार और शैलादिका पवित्रसम्वाद, दधीचि चरित, युगधर्म्म निरूपण, भुवनकोपाख्यान, सूर्य्य और सोमवंश, विस्तृतरूपसे सृष्टि, त्रिपुराख्यान, लिंगप्रतिष्ठा, पशुपाश विमोक्षण, समुदय शिवव्रत, सदाचार निरूपण, सर्वविध प्रायश्चित्त और अरिष्ट काशी और श्रीशैलवर्णन, अन्धकाख्यान, वाराह चरित, नृसिंहचरित, जलन्धरवध, शिवसहस्रनाम, दक्षयज्ञ विनाश, मदनमोहन, गिरिजाका पाणिग्रहण, विनायकाख्यान, शिवका नृत्याख्यान और उपमन्युकथाआदिका वर्णनहै.

हे मुने! उत्तरभागमें-विष्णुमाहात्म्य, अम्बरीषकथा, सनत्कुमार और नन्दीशसम्वाद, शिवमाहात्म्य, संयुक्त स्नानयागादि, सूर्य्यपूजाविधि, मुक्तिदायिनी शिवपूजा, बहुप्रकारदान, श्राद्ध प्रकरण, प्रतिष्ठा अघोरकीर्त्तन, व्रजेश्वरी महाविद्या और गायत्रीकी महिमा, त्र्यम्बकमाहात्म्य, और पुराणश्रवण माहात्म्य यह समस्त वर्णित हुआहै.

फिर शैव पुराणके उत्तरखण्डमें लिखाहै—

"लिङ्गस्य चरितोक्तत्वात् पुराणं लिङ्गमुच्यते।"

लिंगका चरित वर्णित होनेसे लिंगपुराण नाम हुआहै

विभिन्नपुराणोंसे जो लिंगपुराणके लक्षण उद्धृत हुए, प्रचलित लिंगपुराणमें उनका अभाव नहीं है.

प्रचलित लिंगपुराणमें ही लिखाहै—

"ईशानकल्पवृत्तान्तमधिकृत्य महात्मना।
ब्रह्मणा कल्पितं पूर्वं पुराणं लैङ्गमुत्तमम्॥" (२।१)

ईशानकल्पवृत्तान्त प्रसंगमें पूर्वकालमें महात्मा ब्रह्माद्वाराजो पुराणक-ल्पित हुआथा उसका नाम लैंगहै। किन्तु पूर्वमेंही कहचुकेहैं मात्स्य और नारदीयमतसे अग्निकल्पप्रसंगमें लैङ्गपुराण और ईशानकल्पप्रसङ्गमें अग्नि-पुराण वर्णित हुआहै, मत्स्यपु० ५३ अ० ऐसे स्थलमें ईशानकल्पाश्रयी लैंग एकहै वा नहीं, अधिकसम्भवहै बौद्धप्रभावखर्व और ब्रह्मण्यप्रभावके अभ्युदयके साथ जबपुराणोंका पुनः संस्कारहोताथा उससमय आग्नेय पुराणोक्त ईशानकल्पकी कथा आकर लिंगपुराणमें प्रविष्टहुई और आग्निकल्पका प्रसंग सम्भवतः अग्निपुराणका विषयीभूतसमझकर लैंगमें अग्निकल्पकीकथाकास्पष्ट उल्लेखनहींकिया किन्तु लिगपुराणकी प्रतिपाद्य और सबबातेंही अधिकक्या अग्निमयलिंगकी कथाभी विवृतहुई है जोकुछभीहो इसलैंगमें आदिलिंग पुराणकी सबकथाहै तथापि परवर्तीका-लमें शैवलोगोंके अभ्युदयमें बीच २ में शिवकीप्रशंसा और विष्णुकी कथाभी निवेशित हुईहै आदिपुराणसमूह किसी २ विशेषसम्प्रदायकी सामग्री होनेपरभी उसमें सम्प्रदाय वा देवताविशेषकी निन्दाकी बात नहीसमझी-जासक्ती। सम्प्रदायकी द्वेषाद्वेषीमें पुराणोंमें ऐसीविद्वेषसूचकश्लोका-वली बहुतपीछे प्रविष्ट हुईथी। ऐसे स्थलमें सामान्य प्रक्षिप्तश्लोकसमूह छोड़देनेपर इस लिगपुराणको एक अति प्राचीन पुराण कहा जासकताहै.

अरुणाचलमाहात्म्य, गौरीकल्याण, पञ्चाक्षरमाहात्म्य, रामसहस्र-नाम, रुद्राक्षमाहात्म्य, और सरस्वती इत्यादि कई छोटी २ पोथी लिंग-पुराणके अन्तर्गतहै। इसके अतिरिक्त वासिष्ठलैंगनामक एकउपपुराणभी पायाजाताहै। हलायुधका ब्राह्मणसर्वस्वमें बृहल्लिंग पुराणसे वचन उद्धृत हुआहै, किन्तु अब यह पुराणनही देखाजाता.

वराहपुराण १२.

१ मंगलाचरण, सूतकृत प्रस्तावना, पृथिवीकृत परमेश्वरस्तुति, २ सूतोक्ति, वराहकर्तृक पुराणलक्षण कथन पूर्वक सृष्टिकथा, आदिसर्ग

थिवीप्रश्न, वराहकर्तृक विस्तृतरूपसे आदिसर्गवर्णन, वराहद्वारा रुद्र
नत्कुमार और मरीचि आदिकी उत्पत्तिकथा, प्रियव्रतकथा और
प्रियव्रत नारद सम्वाद, ३ नारदकर्तृक ब्रह्मपार कथन, ४ वराहकर्तृक
दशावतार कथन पूर्वक नारायणका रूपवर्णन, अश्वशिराका उपाख्यान
५ अश्वशिरा और कपिलका सम्वाद, रैभ्य उपाख्यान, यज्ञतनुस्तोत्र,६
पुण्डरीकाक्ष-पार स्तोत्र और धर्म्मव्याध उपाख्यान,७रैभ्य और सनत्कुमार
सम्वाद, रैभ्यकर्तृक पितृदर्शन, रैभ्यकृत गदाधरस्तोत्र, ८ धर्म्मव्याधका
उपाख्यान, धर्म्मव्याधकृत पुरुषोत्तमाख्य स्तोत्र, ९ आदिकृत युगवृ-
त्तान्त, १० विराट्रूपदर्शन और सुप्रतीक उपाख्यान, ११ गौरमुख
उपाख्यान, १२ दुर्ज्जयकृत नारायणका स्तोत्र, १३ गौरमुख मार्कण्डे-
यसम्वाद, श्राद्धकाल, पितृगीता, १४—१५श्राद्धभोजनयोग्य व्यक्तियोंका-
नाम, श्राद्धमें वर्जनीयोंका नाम, श्राद्धानुष्ठानपद्धति, गौरमुखका पूर्व-
जन्मवृत्तान्त, गौरमुख नारायणका स्तोत्र, १६ दुर्ज्जयकृत स्वर्गजय,
१७ प्रजागणका चारित्र, १८ अग्निकी उत्पत्तिकथा, १९ तिथिमाहा-
त्म्यकथा, २० अश्विनीकुमारकी जन्मकथा, द्वितीयाकृत्य, २१ गौरी
प्रादुर्भाव-कथा, दक्षयज्ञकथा, रुद्रसर्ग, २२ दक्षयज्ञविनाश, रुद्रस्तोत्र,
रुद्रप्रसाद, पार्वतीजन्मकथा, हरपार्वतीका विवाह, तृतीयाकृत्य, २३
गणेश जन्मकथा, गणेशके प्रति महादेवका शाप, गणेशका स्तोत्र, चतु-
र्थीकृत्य, २४ नागोत्पत्तिकथा, पञ्चमीकृत्य, २५ कार्त्तिकेयकी उत्पत्ति
कथा, देवगणकृत महादेवका स्तोत्र, २६ षष्ठीमाहात्म्य, आदित्योत्पत्ति-
कथा, सप्तमीकृत्य, २७ अन्धकासुरवधकथा,मातृगणोत्पत्ति कथन, अष्ट-
मीकृत्य, २८ कात्यायनीकी उत्पत्तिकथा, वृत्रासुरवृत्तान्त, महेश्वरकृत
कात्यायनीका स्तोत्र, नवमीकृत्य, २९ दिगुत्पत्तिकथा, दशमीकृत्य,३०
कुबेरोत्पत्तिकथा, एकादशीकृत्य, ३१ नारायणकृत मनुरूपग्रहण,
द्वादशीकृत्य,३२ धर्म्मोत्पत्तिकथा, त्रयोदशीकृत्य, ३३ रुद्रकी उत्पत्ति

कथा, देवगणकृत रुद्रस्तोत्र, रुद्रपशुपति कथा, चतुर्दशीकार्य्य, ३४ पितृसम्भवकथा, अमावस्याकार्य्य, ३५ चन्द्रके प्रति दक्षका शाप, पौर्णमासी कृत्य, ३६ मणिजनृपतिगणका वृत्तान्त, प्रजापालकृत गोविन्दका स्तोत्र, विष्णुकी आराधना प्रकार, ३७ आरुणिकवृत्तान्त, ३८ सत्यतपोनाम व्याधका वृत्तान्त, ३९ पृथिवीकृत व्रतोपाख्यान, ४० पौषशुक्ल दशमीव्रतकथा, ४१ माघशुक्लद्वादशीव्रत कथा, ४२ फाल्गुनशुक्लैकादशीव्रत कथा, ४३ चैत्रशुक्लैकादशीव्रत कथा, ४४ वैशाखशुक्लद्वादशी कृत्य जामदग्न्यव्रत कथा, ४५ ज्येष्ठमासीय रामद्वादशीव्रतकथा, ४६ आषाढ़मासीय कृष्णद्वादशीव्रतकथा, ४७ श्रावणमासीय बुद्धद्वादशीव्रत कथा, ४८ भाद्रमासीय कल्किद्वादशीव्रतकथा, ४९ आश्विनमासीय पद्मनाभद्वादशीव्रतकथा, ५० कार्त्तिकद्वादशीव्रतकथा, ५१-५५ अगस्त्यगीतारम्भ, उत्तमभर्तृलाभव्रतकथा, शुभव्रतकथा, वत्सश्रीनृपकृत नारायणका स्तोत्र, ५६ धन्यव्रतकथा, ५७ कान्तिव्रतकथा, ५८ सौभाग्यव्रतकथा ५९ विघ्नहरव्रतकथा, ६०-६३ पुत्रप्राप्तिव्रतकथा, ६४ शौर्य्यव्रतकथा, ६५ सार्वभौमव्रतकथा, ६६ नारद और विष्णुसम्वाद, ६७ अहोरात्र चन्द्रसूर्य्यादिकी रहस्यकथा, ६८ युगमें धर्म्मभेदकथा, गम्यागम्यनिरूपणकथा, अगम्यागमनके निमित्त प्रायश्चित्तविधि, ६९ अगस्त्यशरीर वृत्तान्त, ७० अगस्त्यका अवदान, ७१-७२ त्रिदेवाभेदप्रसंगमें रुद्रोपदेश, गौतम, मारीच और शाण्डिल्यआदिका सम्वाद, कालभेदसे ब्रह्मादितीनों देवताओंका प्राधान्यनिरूपण, ७३ रुद्रकर्तृक नारायणका माहात्म्य कीर्तन, रुद्रद्वारा नारायणका स्तोत्र, ७४ भूमिप्रमाणादिकथन, जम्बूद्वीप प्रमाणादिकथा, ७५—७६ अमरावतीवर्णन, ७७ मेरुमूलवर्णन, ७८ चैत्ररथादि शैलचतुष्टयकी वर्णना, सुरोचनी प्रमुखस्थानवर्णन, ७९—९० पर्वतान्तमें देवगणोंका अवकाशवर्णन, विषधाचल पश्चिमवर्ती पर्वतादिकी वर्णना, भारतवर्षवर्णना, शाकद्वीपवर्णना, कुशद्वीप वर्णना, क्रौञ्चद्वीप

र्णना, शाल्मलीआदि द्वीपकी वर्णना; ब्रह्मादितीनदेवताओंका परा-
रत्व विवेक, अन्धकासुरव्रतकथा,९१वैष्णवादिकी उत्पत्तिकथा, ब्रह्मकृ-
शक्तिका स्तोत्र, ९२ वैष्णवीचरित,९३ वैष्णवीग्रहणके निमित्त महि-
षासुरके निजमंत्रियोंकी अभिमंत्रणा,वैष्णवीग्रहणके निमित्त महिषासुरका
मेरुपर्वतकी तरफ प्रस्थान वर्णन,वैष्णवी और महिषासुरके समक्षमें दूतका
सम्वाद,९४महिषासुर वध वृत्तान्त,देवगणकृत वैष्णवी स्तोत्र,९५रौद्रीच-
रित, रुरुदैत्यका उपाख्यान, ९६ रुरुदैत्यवध, रुद्रकृत कालरात्रिस्तोत्र,
चामुण्डा भेदकथन, ९७ रुद्रका कपालित्व, रुद्रकृत कापालिकव्रतका
अनुष्ठान, रुद्रका कपालमोचन, कपालव्रतका फलवर्णन, ९८ सत्यतपाकी
सिद्धि,९९चैत्रासुरकथा,पञ्चपातकनाशका उपायकथन,विशेषप्रकारसे वि-
ष्णुपूजाका वर्णन,वराहपुराणश्रवणका फल,तिलधेनु दानका फल,१००
जलधेनु दानकाफल,१०१रसधेनु दानकाफल,१०२गुड़धेनुदानकाफल,
१०३शर्कराधेनुदानफल,१०४मधुधेनुदानफल, १०५क्षीरधेनुदानफल,
१०६दधिधेनुदानफल,१०७नवनीतधेनुदानफल,१०८लवणधेनुदानफ-
ल,१०९ कार्पासधेनुदानकाफल, ११० धान्यधेनुदानकाफल, १११
कपिलाधेनुदानकाफल, ११२ उभयमुखी धेनुदानकाफल, वराहपुराणका
प्रचारक्रम, पुराणसृष्टिके नामकीसंख्या, ११३ पृथिवी और सनत्कुमारका
सम्वाद, ११४ पृथिवीके प्रति नारायणका प्रसाद, ११५–११८
नारायण और पृथिवीका सम्वाद, ११९ विष्णुकी आराधना प्रकार
वर्णन,सुखदुःखभेदकथा, बारहप्रकारके अपराधकी कथा, भक्तस्वरूपकथा
अपराधभञ्जन प्रायश्चित्त, प्रापणानिर्म्माणविधान, १२० त्रिसंध्यविष्णू-
पासना विधि, १२१ पुनर्जन्मवारण कर्म्मविधि, १२२ सनातन
धर्म्मस्वरूपकथन, गर्भोत्पत्ति वारण कर्म्मविधि, तिर्य्यग्योनिपतन वारण
कर्म्मविधि, कोकामुखक्षेत्रप्रशंसा, १२३–१२४ गन्धपुष्पविशेषमें
दानमाहात्म्य, ऋतूपकरणदानकाफल, १२५ मायास्वरूपकथन, १२६
कुब्जाम्रकमाहात्म्य, १२७ संसारमोक्ष कर्म्मकथन, १२८–१२९अ-

जीविवर्त्तन, २१७ सञ्चयप्रकरण, २१८ अगदाध्याय, २१९राजरक्षा, २२० राजालोगोंकी विविध हिताहित कथा, २२१ देव पुरुषकार वर्णन, २२२ सामनिर्देश,२२३भेदकथन,२२४दानप्रशंसा,२२५दण्ड-प्रशंसा,२२६राजाको लोकपाल साम्यका कारण निर्देश,२२७दण्डप्रणयन,२२८अद्भुत शान्ति,२२९उपसर्ग प्रकारादि कथन,२३० अद्भुत शान्ति विषयमें देवप्रतिमा वैलक्षण्य कीर्त्तन,२३१अग्निवैकृत्य,२३२वृक्षोत्पात कथन,२३३वृष्टि वैकृत्य,२३४जलाशयवैकृति,२३५स्त्रीप्रसव वैकृत्य, २३६ उपस्कर वैकृत्य, २३७ मृगपक्षि वैकृत्य,२३८ उत्पात प्रशमन, २३९ ग्रहयज्ञ विधान, २४० यात्राकाल विधान, २४१ शुभाशुभ सूचक भूताङ्गस्पन्दन कथन, २४२ स्वप्नाध्याय, २४३ मङ्गलाध्याय २४४ वामन प्रादुर्भाव, २४५ वामनोत्पत्ति, २४६ बलिच्छलना, २४७ वराहावतार कथारम्भ, २४८ पृथिवीकृत विष्णुका स्तव, २४९ देवगणके अमरत्व कथन प्रस्तावमें अमृतमन्थन कथारम्भ, २५० कालकूटकी उत्पत्ति, २५१ अमृत मन्थन, २५२ वास्तुभूतोद्भव, २५३ इक्यासी पद वास्तु निर्णय, २५४ गृह मान निर्णय, २५५ वेधपरिवर्ज्जन, २५६ शल्यादि कथन और दिग् निर्णय, २५७ दार्वाहरण कथा वास्तु विद्याकथन समाप्ति, २५८ देवार्चना नुकीर्त्तनमें प्रमाण कथन, २५९ प्रतिमा लक्षण, २६० अर्द्धनारीश्वरादि प्रतिमा स्वरूप-कथन, २६१ प्रभाकरादि प्रतिमा कथन,२६२ पीटिका कथन, २६३ लिंगलक्षण कथन, २६४ कुण्डादि प्रमाण कथन, २६५ अधिवासन विधि, २६६ प्रतिष्ठा प्रयोग, २६७ देवता स्नानविधि, २६८ वास्तु-दोषोपशमन, २६९ प्रासाद निर्देश, २७० मण्डपलक्षणादि कथन, २७१ मगधमें इक्ष्वाकुवंशीय भविष्य राजगणका कीर्त्तन, २७२ पुलकादि वंशीयको राजत्व कथा २७३ अन्ध्र यवन और म्लेच्छगणको राजत्व कीर्त्तन, युगक्षय कथन, २७४ तुलापुरुष दान, २७५ हिरण्यगर्भप्रदान विधि, ब्रह्माण्ड दानविधि, २७६ कल्पवृक्ष प्रदानविधि

२७७ गोसहस्रदानविधि, २७८ सुवर्ण कामधेनु विधि, २७९ सुवर्णाश्वदान विधि, २८० हिरण्यकामधेनु विधि, २८१ हिरण्याश्वकी प्रदानविधि, २८२ सुवर्ण हस्ति रथप्रदानविधि, २८३ पञ्चलांगलक प्रदान विधि, २८४–२८६ हेमपृथ्वी दान विधि, २८७सप्तसागर प्रदान विधि, २८८ रत्नधेनु प्रदानविधि, २८९ महाभूत वददान विधि, २९० कल्पकीर्त्तन, २९१ मत्स्यपुराणोक्त तीर्थ और फलश्रुति.

नारदपुराणमें मात्स्यकी इसप्रकार अनुक्रमणिका देखी जातीहै.

"अथ मात्स्यं पुराणं ते प्रवक्ष्ये द्विजसत्तम ।
यत्रोक्तं सत्यकल्पानां वृत्तं संक्षिप्य भूतले ॥
व्यासेन वेदविदुषा नरसिंहोपवर्णनम् ।
उपक्रम्य तदुद्दिष्टं चतुर्दशसहस्रकम् ॥
मनुमत्स्यसुसंवादो ब्रह्माण्डवर्णनन्ततः ।
ब्रह्मदेवासुरोत्पत्तिर्मारुतोत्पत्तिरेव च ॥
मदनद्वादशी तद्वत् लोकपालाभिपूजनम् ।
मन्वन्तरसमुद्देशो वैन्यराज्याभिवर्णनम् ॥
सूर्य्यवैवस्वतोत्पत्तिर्बुधसङ्गमनं तथा ।
पितृवंशानुऽकथनं श्राद्धकालस्तथैव च ॥
पितृतीर्थप्रचारश्च सोमोत्पत्तिस्तथैव च ।
कीर्त्तिनं सोमवंशस्य ययातिचारितं तथा ॥
कार्तवीर्य्यस्य चरितं सृष्टं वंशानुकीर्तनम् ॥
भृगुशापस्तथा विष्णोर्दशधा जन्म च क्षितौ ॥
कीर्तनं पुरुवंशस्य वंशो हौताशनः परः ।
क्रियायोगस्ततः पश्चात् पुराणं परिकीर्त्तितम् ॥
व्रतं नक्षत्रपुरुषं मार्तण्डशयनं तथा ।
कृष्णाष्टमीव्रतं तद्वद्रोहिणीचन्द्रसंज्ञितम् ॥

तडागविधिमाहात्म्यं पादपोत्सर्ग एव च ।
सौभाग्यशयनं तद्वदगस्त्यव्रतमेव च ॥
तथानन्ततृतीयाया रसकल्याणिनीव्रतम् ।
तथैवानन्दकार्य्याश्च व्रतं सारस्वतं पुनः ॥
उपरागाभिषेकश्च सप्तमीशयनं तथा ।
भीमाख्या द्वादशी तद्वदनंगशयनं तथा ॥
अशून्यशयनं तद्वत् तथैवांगारकव्रतम् ।
सप्तमीसप्तकं तद्वद्विशोकद्वादशीव्रतम् ॥
मेरुप्रदानं दशधा ग्रहशान्तिस्तथैव च ।
ग्रहस्वरूपकथनं तथा शिवचतुर्दशी ॥
तथा सर्वफलत्यागः सूर्य्यवारव्रतं तथा ।
संक्रान्तिस्नपनं तद्वद्विभूतिद्वादशीव्रतम् ॥
षष्टिव्रतानां माहात्म्यं तथा स्नानविधिक्रमः ।
प्रयागस्य तु माहात्म्यं द्वीपलोकानुवर्णनम् ॥
तथान्तरिक्षचारश्च ध्रुवमाहात्म्यमेव च ।
भवनानि सुरेन्द्राणां त्रिपुरोद्योतनं तथा ॥
पितृप्रवरमाहात्म्यं मन्वन्तरविनिर्णयः ।
चतुर्युगस्य सम्भूतिर्युगधर्मनिरूपणम् ॥
वज्रांगस्य तु संभूतिस्तारकोत्पत्तिरेव च ।
तारकासुरमाहात्म्यं ब्रह्मदेवाऽनुकीर्त्तनम् ॥
पार्वतीसम्भवस्तद्वत् तथा शिवतपोवनम् ।
अनंगदेहदाहश्च रतिशोकस्तथैव च ॥
गौरीतपोवनं तद्वत् शिवेनाथ प्रसादनम् ।
पार्वतीऋषिसम्वादस्तथैवोद्वाहमङ्गलम् ॥
कुमारसम्भवस्तद्वत्कुमारविजयस्तथा ।
तारकस्य वधो घोरो नरसिंहोपवर्णनम् ॥

पद्मोद्भवविसर्गस्तु तथैवान्धकघातनम् ।
वाराणस्यास्तु माहात्म्यं नर्मदायास्तथैव च ॥
प्रवरानुक्रमस्तद्वत् पितृगाथानुकीर्त्तनम् ।
तथोभयमुखीदानं दानं कृष्णाजिनस्य च ॥
ततः सावित्र्युपाख्यानं राजधर्म्मस्तथैव च ।
विविधोत्पातकथनं ग्रहशान्तिस्तथैव च ॥
यात्रानिमित्तकथनं स्वप्नमङ्गलकीर्त्तनम् ।
वामनस्य तु माहात्म्यं वाराहस्य ततः परम् ॥
समुद्रमथनं तद्वत् कालकूटाभिशातनम् ।
देवासुरविमर्दश्च वास्तुविद्यास्तथैव च ॥
प्रतिमालक्षणं तद्वद्देवतास्थापनं तथा ।
प्रसादलक्षणं तद्वन्मण्डपानां च लक्षणम् ॥
भविष्यराज्ञामुद्देशो महादानानुकीर्त्तनम् ।
कल्पानुकीर्त्तनं तद्वत् पुराणेऽस्मिन् प्रकीर्त्तितम् ॥"

हे द्विजसत्तम ! अनन्तर मैं तुम्हारे निकट मत्स्यपुराण कीर्त्तन करता हूं इस पुराणमें वेदवित् व्यासमुनिने नरसिंहवर्णनोपक्रममें चौदह सहस्र श्लोकद्वारा संक्षेपसे सत्यकल्पका सम्पूर्ण वृत्तान्त कीर्त्तन किया है इसके प्रथममें मनु और मत्स्यका सम्वाद, पश्चात् ब्रह्माण्ड वर्णन, ब्रह्मा और देवासुरकी उत्पत्ति, मारुतकी मदन द्वादशी, लोकपाल पूजा, मन्वन्तरनिर्देश, वैन्यराज्यवर्णन, सूर्य्यवैवस्वतोत्पत्ति, बुधसंगम, पितृवंशानुकथन, श्राद्धकाल, पितृतीर्थ प्रचार, सोमोद्भव, सोमवंशकीर्त्तन, ययातिचरित और वंशानुकीर्त्तन, भृगुशाप, विष्णुके दशावतार, पुरुवंशकीर्त्तन, हुताशनवंश, क्रियायोग, पुराणकीर्त्तन, नक्षत्र पुरुषव्रत, मार्कंडशयन, कृष्णाष्टमीव्रत, रोहिणीचन्द्रव्रत, तडागविधिमाहात्म्य, पादपोत्सर्ग, सौभाग्यशयन, अगस्त्यव्रत, अनन्ततृतीयाव्रत, रसकल्याणीव्रत आनन्दकारीव्रत, सारस्वतव्रत, उपरागाभिषेक, सप्तमीशयन, भीमद्वा-

दशीव्रत, अनङ्गशयनव्रत, अशून्यशयनव्रत, अंगारकव्रत, सप्तमी सप्तकव्रत, विशोकद्वादशीव्रत, मेरुप्रदान, ग्रहशांति, ग्रहस्वरूपकथन, शिवचतुर्दशी, सूर्यवारव्रत, संक्रांति स्नान, विभूतिद्वादशीव्रत, षष्ठीव्रतमाहात्म्य, स्नान, विधिक्रम प्रयागमाहात्म्य, द्वीपलोकानुवर्णन, अन्तरिक्ष, ध्रुवमाहात्म्य, सुरेन्द्रगणका भवन, त्रिपुरप्रभाव पितृप्रवरमाहात्म्य, मन्वन्तर निर्णय-चतुर्वर्गकी उत्पत्ति, तारकोत्पत्ति, तारकासुरमाहात्म्य, ब्रह्मदेवानुकीर्त्तन, पार्वतीसम्भव, शिवतपोवन, अनङ्गदाहन, पार्वती और ऋषिसम्वाद, विवाह मंगल, कुमारोत्पत्ति, कुमारविजय, तारकवध, नरसिंहवर्णन, पद्मोद्भव, विसर्ग, अन्धकवध, वाराणसी माहात्म्य, नर्म्मदामाहात्म्य, प्रवरानुक्रम, पितृकथानुकीर्तन, उभयमुखीदान, कृष्णाजिनदान, सावित्र्युपाख्यान, राजधर्म्म, विविध उत्पातकथन, ग्रहशान्ति, यात्रानिमित्तकथन स्वप्नमंगलकीर्त्तन, वामन और वाराह माहात्म्य, समुद्रमन्थन, कालकूटाभिशातन, देवासुर संघर्षण, वास्तुविद्या, प्रतिमालक्षण, देवतास्थापन, प्रासादलक्षण, मण्डपलक्षण, भविष्यराजगणका कथन, महादानकीर्त्तन, और कल्पकीर्त्तन, इसपुराणमें यह सम्पूर्ण विषय कीर्तित हुएहैं ।

मत्स्यपुराणमें भी लिखाहै—

"श्रुतीनां यत्र कल्पादौ प्रवृत्त्यर्थं जनार्दनः ।
मत्स्यरूपेण मनवे नरसिंहस्य वर्णनम् ॥
अधिकृत्याब्रवीत् सप्तकल्पवृत्तं मुनीश्वराः ।
तन्मात्स्यमिति जानीध्वं सहस्राणि चतुर्दश ॥ ५३।५०

जिस पुराणमें कल्पकी आदिमें जनार्दनने मत्स्यरूपसे श्रुत्यर्थ और नरसिंहवर्णन प्रसङ्गमें सातकल्पका विषय वर्णन किया है, वही चौदह सहस्र श्लोकयुक्त मत्स्यपुराणहै।

नारद और मात्स्यमें जो लक्षण निर्दिष्ट हुआहै, प्रचलित मत्स्य पुराणमें उसका कुछ अभाव नहींहै, तथापि प्रचलित मत्स्यकी श्लोक-

संख्या १४-१५ सहस्रमात्रहै, किन्तु देवी भागवतके मतसे आदि-मत्स्यके १९००० श्लोक है ऐसे स्थलमें आदिमत्स्यके अनेक विषयही रहगएहैं ऐसा ज्ञात होताहै इसमें फेरफार न्यूनहै । स्मार्तरघु-नन्दनके वृषोत्सर्गतत्त्वमें "स्वल्पमत्स्यपुराण" से श्लोक उद्धृत हुएहैं.

गरुड़पुराण १७.

पूर्वखण्डमें-१ सूतनैमिषीय सम्वादमें सूतकी गरुडपुराण कथन प्रतिज्ञा,२ गरुड़पुराणोत्पत्ति कथा,३ गरुड़पुराण वर्णनाके निमित्त सूत-कर्तृक शौनकको अवधान सम्पादन, ४ रुद्र और विष्णुसम्वादमें सृष्टि-कथन, ५ प्रजापतिसर्ग, ६ दक्षकी प्रचेतास्वरूपउत्पत्ति, काश्यपकृत सृष्टि, ७ सूर्य्यादिकी पूजाकथन, ८ विष्णुपूजा कथन, ९ दीक्षाविधि, १० लक्ष्मीपूजा, ११ नवव्यूहार्चना, १२ पूजाक्रमकथन, १३ विष्णुपञ्जर कथन, १४ संक्षेपसे योगउपदेश, १५ विष्णुके सहस्रनामकथन, १६ विष्णुध्यान और सूर्य्यकी पूजाकथन, १७ प्रकारान्तरमें सूर्य्यकी पूजा, १८ मृत्युञ्जयकी पूजा, १९ गारुड़विद्या, २० शिवका कथित सर्प मंत्र, २१ पञ्चवक्त्रपूजा, २२ शिवपूजाकथन, २३ प्रकारान्तरसे शिव-पूजा कथन, २४ गणपत्यादिकी पूजा, २५ पादुकापूजन, २६ करन्यासादि कथन, २७ विषहरण, २८ गोपालपूजाकथन, २९ श्रीधरादिपूजाका मंत्रकथन, ३० सविस्तार श्रीधरपूजाकथन, ३१ प्रकारान्तरमें विष्णुपूजाकथन, ३२ पञ्चतत्वार्चन, ३३ सुदर्शन पूजादि, ३४ हयग्रीवपूजा, ३५ हयग्रीव पूजाविधि, ३६ गायत्री न्यासादि कथन, ३७ गायत्रीमाहात्म्य, ३८ दुर्गादि पूजनविधि, ३९ प्रकारान्तरमें सूर्य्यपूजा कथन, ४० महेश्वरपूजा, ४१ नानाविद्याकथन, ४२ शिवपवित्रारोहण, ४३ विष्णुपवित्रारोहण, ४४ मूर्त्यमूर्तिध्यान, ४५ शालग्रामलक्षणकथन, ४६ वास्तुनिर्णय, ४७ प्रासाद लक्षण, ४८ देवप्रतिष्ठा कथन, ४९ योगधर्म्मादि कथन, ५० आह्निक निर्णय, ५१ दानधर्म्म कथन ५२ ५३ अष्टनिधि कथन, ५४ प्रियव्रत वंशवर्णनमें सप्तद्वीपादि कथन, ५५

संस्थान कथन, भारत वर्षविवरण, ५६वृक्ष द्वीपके राजपुत्रोंके नामकीर्त्तन, ५७, सप्त पाताल नर्ककीर्त्तन, ५८ सूर्य्यादिप्रमाण और संस्थान कीर्त्तन, ५९ ज्योतिस्सार कीर्तनारम्भ, नक्षत्राधिपयोगिन्यादिकीर्तन, ६० दशादि विचार, ६१ चन्द्रसूर्य्यादि कथन, ६२ लग्नमानकथन, चरास्थिरादिभेदसे कार्य्यविशेषकी कर्त्तव्यता निर्णय, ६३ संक्षेपसे पुरुषके शुभाशुभसूचक लक्षणकथन, ६४ संक्षेपसे स्त्रियोंके शुभाशुभलक्षण कथन, ६५ सामुद्रिक लक्षण कीर्त्तन, ६६ शालग्रामशिला भेदकथन, तीर्थकथन, प्रभवादिसाठवर्षकीर्त्तन, ६७ पवनविजयादि, ६८ रत्नपरीक्षामें रत्नोत्पत्तिकथन और रत्नपरीक्षाकथन, ६९ मुक्ताफलपरीक्षा, ७० पद्मरागपरीक्षा, ७१ मरकतपरीक्षा, ७२ इन्द्रनीलपरीक्षा, ७३ वैदूर्य्यपरीक्षा, ७४ पुष्पराग परीक्षा, ७५ कर्केतनपरीक्षा, ७६ भीष्मरत्नपरीक्षा, ७७ पुलकपरीक्षा, ७८ रुधिराख्यरत्न परीक्षा, ७९ स्फटिक परीक्षा, ८० विद्रुमपरीक्षा, ८१ संक्षेपसे बहुतीर्थका माहात्म्य कथन, ८२ गयाका माहात्म्य और गयातीर्थकी उत्पत्ति कथा, ८३ गयाके स्थानभेद और कार्य्यभेदसे फलभेदकथन, ८४ फल्गुनदीमें स्नान और रुद्रपदमें पिण्डदानका फलकीर्त्तन और विशालराजाका इतिहास, ८५ प्रेतशिलादिमें पिण्डदानका फल, ८६ प्रेतशिलामें श्राद्धकर्त्ताको फलकथन, ८७ चतुर्दशमनु, मनुपुत्र, तदन्तरीय सप्तर्षि और देवगणका कथन, ८८ मार्कण्डेय क्रौष्टुकि सम्वादमें रुच्युपाख्यान, ८९ रुचिकृत पितृस्तव, पितृगणके निकटसे रुचिको वरप्राप्ति, ९० रुचिपरिणय और रौच्य मनुकी उत्पत्ति वर्णन, ९१ हरिध्यान, ९२ प्रकारान्तरसे हरिका ध्यानवर्णन, ९३ याज्ञवल्क्य कथित धर्म्मादेशादिकथन, ९४ उपनयनकीर्त्तन, ९५ गृहधर्म्मनिर्णय, ९६ संकीर्णजाति, पञ्चमहायज्ञ, सन्ध्या और उपासनादिका कीर्त्तन, गृहधर्म्म और वर्णधर्म्मादिका कथन, ९७ द्रव्यशुद्धिकथन, ९८ दानधर्म्म,

गयोगकथन,२३१ विष्णुभक्ति कथन,२३२ नारायणनमस्कार, २३३ नारायणाराधन,२३४ नारायणध्यान,२३५ विष्णुका माहात्म्य, २३६ नृसिंहस्तव, २३७ ज्ञानामृतकथन,२३८ मार्कण्डेय कथितनारायणका स्तव, २३९ ब्रह्मकथित विष्णुका स्तव, २४० ब्रह्मज्ञानकथन, २४१ आत्मज्ञान कथन, २४२ गीतासार, २४३ अष्टाङ्गयोगका प्रयोजन कथन.

उत्तरखण्ड प्रेतकल्पमें--१वैकुंठमें नारायणके प्रति गरुडके विधि प्रश्न, २ गरुडके प्रति भगवानकी और्द्ध्वदेहिकविधिकथन, ३ नरकका रूपवर्णन, ४ गर्भावस्थाकीर्त्तन, ५ दशदानादिकथन और पूर्ण नरदाह विधि, ६ अशौचलक्षण काल निरूपण, ७ वृषोत्सर्ग कथन, ८ पञ्चप्रेतका उपाख्यान, ९ और्द्ध्वदेहिक कर्म्माधिकारीकीर्त्तन, १० बभ्रुवाहन और प्रेतसम्वाद, ११ अनेक प्रकारसे श्राद्धकी तृप्ति जनक विधि १२ मनुष्यजन्मलाभका कारणादि कथन, १३ मनुष्यतत्वकथा, १४ प्रेतत्वनाशक कर्मकथन, १५ आतुर और म्रियमाणका दानवर्णन, १६ १८यमनगरका मार्ग निर्णय, १९ चित्रगुप्तपुरमें गमनकी कथा,२० प्रेत गणका वासस्थान निर्णय, २१ प्रेतलक्षण और प्रेतत्व मुक्तिका उपाय-२२ प्रकारान्तरसे पञ्चप्रेतका उपाख्यान, २३ प्रेतगणका रूपनिरूपण, २४ मनुष्योंकी आयु निर्णय, बालकका पिण्डदानादि कथन, २५ शैशवादि विभेद, आकौमारोंके विशेषकर्त्तव्य उपदेश, २६ सपिण्डीकरणविधि, २७ बभ्रुवाहन और प्रेतसम्वाद, २८ विशेषज्ञानके निमित्त नारायणके प्रति गरुडका प्रश्न,२९ और्द्ध्वदेहिक कृत्यकथन आरंभ,३० दानविधि, ३१ दानमाहात्म्य,३२ जीवकी उत्पत्तिकथा,३३ यमलोक, के विस्तारादिका कथन, ३४ युगभेदसे धर्म्म कार्य्य व्यवस्था, दाहकगणको सगोत्रके कर्त्तव्यमें उपदेश, अशौचादिनिरूपण, ३५ सपिण्डीकरणकी विशेषविधि और अविधिकथन,३६ अनाहारमें मरणका फलकथन, ३७ उदकुम्भदानादिकथन,३८ अपमृतगणकी गति और उनके उद्धा-

रका उपाय, ३९ कार्त्तिक्यादिमें वृषोत्सर्ग विधान, ४० पूर्वकृतकर्म्मका कर्त्तृअनुबन्धित्व कथन, विशेषदान प्रकारकथन, ४१ जलाग्निबंधन भ्रष्टादिका प्रायश्चित्त कथन, ४२ आत्मघाति गणका श्राद्धनिषेध कथन, ४३ वार्षिक श्राद्धकथन, ४४ पापभेदसे चिह्नभेद जन्मभेद आदिकथन, ४५ मृतके निमित्त अनुताप, उसकी मुक्तिका उपाय और गरुडपुराण पाठका फलकथन.

अब देखना चाहिये कि उक्त गरुड़ पुराणको हम आदिगरुड़ कहकर ग्रहणकरसकतेहैं या नहीं.

मत्स्यपुराणके मतसे—

"यदा च गारुड़े कल्पे विश्वाण्डाद् गरुड़ोद्भवम् ।
अधिकृत्याऽब्रवीद्विष्णुर्गारुड़ं तदिहोच्यते ॥
तदष्टादशकञ्चैवसहस्राणीह पठ्यते" ।५३ ।५३

विष्णुने गारुडकल्पमें गरुड़के उद्भवप्रसंगमें विश्वाण्डसे आरम्भकरके जो पुराण वर्णनकियाहै, उसका नाम गारुड़है। इसके १८०००श्लोकहैं।

नारदपुराणके मतसे—

"मरीचे शृणु वच्म्यद्य पुराणं गारुडं शुभम् ।
गरुड़ायाब्रवीत् पृष्टो भगवान् गरुड़ासनः ॥
एकोनविंशसाहस्रं तार्क्ष्यकल्पकथाचितम् ।
पुराणोपक्रमो यत्र सर्गसंक्षेपतस्ततः ॥
सूर्य्यादिपूजनाविधिर्दीक्षाविधिरतः परम् ।
श्र्यादिपूजा ततः पश्चान्नवव्यूहार्च्चनं द्विज ॥
पूजा विधानञ्च ततः वैष्णवं पञ्जरं तथा ।
योगाध्यायस्ततो विष्णोर्नामसाहस्रकीर्तनम् ॥
ध्यानं विष्णोस्ततः सूर्य्यपूजामृत्युञ्जयार्चनम् ।
मालामंत्राः शिवार्चाथ गणापूजा ततः परम् ।

गोपालपूजा त्रैलोक्यमोहनश्रीधरार्चनम् ॥
विष्णवर्चा पञ्चतत्वार्चा चक्रार्चा देवपूजनम् ।
न्यासादिसन्ध्योपास्तिश्च दुर्गार्चाथ सुरार्चनम् ॥
पूजा माहेश्वरी चातः पवित्रारोहणार्चनम् ।
मूर्तिध्यानं वास्तुमानं प्रासादानाञ्च लक्षणम् ॥
प्रतिष्ठा सर्वदेवानां पृथक् पूजाविधानतः ।
योगोष्टाङ्गो दानधर्म्मः प्रायश्चित्तं निधिक्रिया ॥
द्वीपेशनरकाख्यानं सूर्य्यव्यूहश्च ज्योतिषम् ।
सामुद्रिकं स्वरज्ञानं नवरत्नपरीक्षणम् ॥
माहात्म्यमथतीर्थानां गयामाहात्म्यमुत्तमम् ।
ततो मन्वन्तराख्यानं पृथक् पृथग् विभागशः ॥
पित्राख्यानं वर्णधर्म्मा द्रव्यशुद्धिसमर्पणम् ॥
श्राद्धं विनायकस्यार्चा ग्रहयज्ञस्तथाश्रमाः ।
मननाख्या प्रेताशौचं नीतिसारो व्रतोक्तयः ॥
सूर्य्यवंशः सोमवंशोऽवतारकथनं हरेः ।
रामायणं हरिवंशो भारताख्यानकं ततः ॥
आयुर्वेदे निदानं प्राक् चिकित्सा द्रव्यजा गुणाः ।
रोगघ्नं कवचं विष्णोर्गारुडं त्रैपुरो मनुः ॥
प्रश्नचूड़ामणिश्चान्ते हयायुर्वेदकीर्त्तनम् ।
औषधीनामकथनं ततो व्याकरणोऽहनम् ॥
छन्दःशास्त्रं सदाचारस्ततः स्नानविधिः स्मृतः ।
तर्पणं वैश्यदेवञ्च संध्यापार्वणकर्म्म च ॥
नित्यश्राद्धं सपिण्डाख्यं धर्म्मसारोऽघनिष्कृतिः ।
प्रतिसंक्रम उक्तोऽस्माद् युगधर्म्माः कृतेः फलम् ॥
योगशास्त्रं विष्णुभक्तिर्नमस्कृतिफलं हरेः ।
माहात्म्यं वैष्णवञ्चाथ नारसिंहस्तवोत्तमम् ॥

ज्ञानामृतं गुह्याष्टकं स्तोत्रं विष्णवर्च्चनाह्वयम् ।
वेदान्तसांख्यसिद्धान्तं ब्रह्मज्ञानं तथात्मकम् ॥
गीतासारफलोत्कीर्त्तिः पूर्वखण्डोयमीरितः ।
अथास्यैवोत्तरे खण्डे प्रेतकल्पः पुरादितः ॥
यत्र तार्क्ष्येण संपृष्टो भगवानाहवाड़वः ।
धर्म्मप्रकटनं पूर्वयोनीनां गतिकारणम् ॥
दानाधिकं फलञ्चापि प्रोक्तमंत्रौर्द्ध्वदेहिकम् ।
यमलोकस्य मार्गस्य वर्णनञ्च ततः परम् ॥
षोड़शश्राद्धफलकं वृत्राणाञ्चात्र वर्णितम् ।
निष्कृतिर्यममार्गस्य धर्म्मराजस्य वैभवम् ॥
प्रेतपीड़ाविनिर्द्देशः प्रेतचिह्ननिरूपणम् ।
प्रेतानां चरिताख्यानं कारणं प्रेततां प्रति ॥
प्रेतकृत्यविचारश्च सपिण्डकरणोक्तयः ।
प्रेतत्वमोक्षणाख्यानं दानानि च विमुक्तये ॥
आवश्यकोत्तमं दानं प्रेतसौख्यकरं हितम् ।
शारीरकविनिर्द्देशो यमलोकस्य वर्णनम् ॥
प्रेतत्वोद्धारकथनं कर्म्मकर्त्तृविनिर्णयः ।
मृत्योः पूर्वक्रियाख्यानं पश्चात् कर्म्मनिरूपणम् ॥
मध्यं षोड़शकं श्राद्धं स्वर्गप्राप्तिक्रियोहनम् ।
सूतकस्याथ संख्यानं नारायणबलिक्रिया ॥
वृषोत्सर्गस्य माहात्म्यं निषिद्धपरिवर्जनम् ।
अपमृत्युक्रियोक्तिश्च विपाकः कर्म्मणां नृणाम् ॥
कृत्याकृत्यविचारश्च विष्णुध्यानं विमुक्तये ।
स्वर्गतौ विहिताख्यानं स्वर्गसौख्यनिरूपणम् ॥
भूर्लोकवर्णनं चैव सप्तधा लोकवर्णनम् ।
पञ्चोर्द्ध्वलोककथनं ब्रह्माण्डस्थितिकीर्त्तनम् ॥

ब्रह्माण्डानेकचरितं ब्रह्मजीवनिरूपणम् ।
आत्यन्तिकलयाख्यानं फलस्तुतिनिरूपणम् ॥
इत्येतद्गारुडं नाम पुराणं भक्तिमुक्तिदम् ॥"

हेमरीचे ! सुनो, मैं तुम्हारे निकट शुभ गरुड़पुराण कीर्त्तन करताहूं यह पुराण भगवान् श्रीकृष्णने गरुड़के निकट कहाहै यह उन्नीस सहस्र श्लोकमें पूर्ण और तार्क्ष्यकल्पीयकथा युक्त है.

(पूर्वखण्ड) इसके प्रथममें सर्गसंक्षेपसे पुराणोपक्रम और पश्चात् सूर्य्यादि पूजाविधि, दीक्षाविधि, श्रीआदि पूजा, नवव्यूहादि अर्चना, पूजाविधान, वैष्णवपञ्जर, योगाध्याय, विष्णुके सहस्र नाम कीर्त्तन, विष्णुध्यान, सूर्य्यपूजा, मृत्युञ्जय पूजा, मालामंत्र, शिवार्चन, गणपूजा, गोपालपूजा, श्रीधरार्चन, विष्णुपूजा, पञ्चतत्वार्चन, चक्रार्चन, देवपूजा न्यासादि, सन्ध्योपासन, दुर्गार्चन, सुरार्चन, माहेश्वरी पूजा, पवित्रारोहणार्चन, मूर्त्तिध्यान, वास्तुमान, प्रासाद लक्षण, सर्वदेव प्रतिष्ठा, अष्टांग योग, प्रायश्चित्त विधि, द्वीपेश, नरकाख्यान, सूर्य्यव्यूह, ज्योतिष, सामुद्रिक, स्वरज्ञान, नवरत्न परीक्षा, तीर्थ समुदायका माहात्म्य, उत्तम गयामाहात्म्य, पृथक् २ रूपसे मन्वन्तराख्यान, पित्राख्यान, वर्णधर्म्म, द्रव्यशुद्धि, श्राद्ध, विनायकार्चना, ग्रहयज्ञ, आश्रम, प्रेताशौच, नीतिसार, सूर्य्यवंश, सोमवंश, हरि अवतार कथा, रामायण, हरिवंश, भारताख्यान, आयुर्वेद निदान, चिकित्सा द्रव्यगुण, विष्णुकवच, गारुड़ और त्रैपुर मंत्र, प्रश्नचूडामणि, हयायुर्वेदकीर्त्तन, औषधी नाम कीर्त्तन, व्याकरण और छन्दःशास्त्र, सदाचार, स्नानविधि, वैश्वदेव तर्पण, सन्ध्या पार्वणकर्म्म, नित्यश्राद्ध, सपिण्डाख्य श्राद्ध, धर्म्मसार, योगशास्त्र, विष्णुभक्ति, हरिनमस्कार फल, वैष्णवमाहात्म्य, नारसिंह स्तव, ज्ञानामृत, गुह्याष्टकस्तोत्र, विष्णुकी अर्चा, वेदान्त, सांख्य, सिद्धान्त, ब्रह्मज्ञान और गीतासार फलकीर्त्तन, विष्णुकी अर्चा.

अनन्तर, इसके उत्तर खण्डमें प्रेतकल्प वर्णित हुआहै । जिसमें गरुड़के पूछनेपर भगवान् द्वारा धर्म्म प्रकटन, सर्वयोनि समुदायका गतिकारण, दानाधिकफल और और्द्ध्वदेहिक क्रिया कहीगईहै, और यमलोक-मार्गका वर्णन, षोडश श्राद्धका फल, यममार्ग निष्कृति, धर्मराजक वैभव, प्रेतपीडा निर्देश, प्रेतचिह्न निरूपण, प्रेतगणका चारिताख्यान, प्रेतत्वके प्रति कारण, प्रेतकत्व विचार, सपिण्डकरणोक्ति, प्रेतत्व मोक्षकथन, मुक्तिके निमित्त दान, प्रेतसौख्यका आवश्यकीय दान, शारीरक निर्देश, यम लोक वर्णन, प्रेतत्व उद्धार, कर्म्मकर्तृक विनिर्णय, मृत्युकी पूर्वक्रिया कथन, कर्म्म निरूपण, षोड़श श्राद्ध, सूतक संख्यान, नारायणबलि क्रिया, वृषोत्सर्ग माहात्म्य, निषिद्ध परित्याग, अपमृत्यु क्रिया उक्ति, मनुष्य गणका कर्म्म विपाक, कृत्याकृत्य विचार, विष्णुध्यान, स्वर्गगति सम्बन्धमें विहिताख्यान, स्वर्गसुखनिरूपण, भूलोक वर्णन, सप्तलोक वर्णन, ऊर्द्ध्वलोक कथन, ब्रह्माण्डस्थिति कीर्त्तन, ब्रह्माण्डके बहुचरित, ब्रह्म जीव निरूपण, अत्यान्तिक लय कथन और फलस्तुति निरूपण यह सम्पूर्ण कीर्त्तिन हुआहै, यह गारुड़ नामक पुराण भक्ति और मुक्ति देताहै,

मात्स्य और नारदीय पुराणके लक्षणानुसार इस गरुडको हम सरलतासे ही मूल पुराण कहकर ग्रहण करसकते हैं, प्रचलित गरुड़पुराणके दूसरे अध्यायमें गरुड़की उत्पत्ति और गरुड़ पुराणकी नाम निरुक्ति और तीसरे अध्यायमें भगवान् विष्णुकर्त्तृक रुद्रसमीपमें अण्डसे जगत् सृष्टि प्रसंगमें पुराणाख्यान पाठकरनेपर इस गरुडको आदिगरुड़के लक्षण युक्त कहकर ग्रहण करनेमें कोई आपत्ति नही रहती, नारद पुराणमें जो अनुक्रमणिका दीगईहै, उसके प्रायः सम्पूर्ण विषयही प्रचलित गरुड़ पुराणमें पाये जातेहैं, केवल श्लोक लेकरही गडबडहै, आदि गरुड़की श्लोक संख्या १८००० है किन्तु प्रचलित गरुड़ पुराणके संख्यास्थलमें प्रायः सात हजार श्लोक कम होतेहैं, फिर भविष्य राजवंशाख्यानका पूर्वांश पाठकरने पर ज्ञात होताहै कि यह पुराण जन-

मेजयके समयमें प्रथम सङ्कलित हुआथा, १४४–४२ पश्चात् भविष्य राजवर्णन स्थलमें राजाशूद्रक पर्य्यन्त नाम होनेसे (१४५।८) एवं विष्णु मत्स्य आदि समान अन्ध्रगुप्त आदि राजगण उल्लेखन होनेसे, प्रचलित गरुड़ हमको प्रचलित विष्णुमत्स्य आदि पुराणकी अपेक्षा अधिक प्राचीन बोध होताहै, शूद्रकके समयमें हिन्दू और बौद्ध लोग मिलगये थे, उनके समयके रचित मृच्छकटिक नाटकमें तत्कालीन बौद्ध और हिन्दू समाजकी अवस्था बहुत कुछ पाई जातीहै, उस समय बौद्धोंका बहुत कुछ प्रभाव और बुद्ध देवकी उपासना सर्वत्र प्रचलितथी, (१) इस गरुड़ पुराणमेंभी इसी कारण बुद्धदेव २१ वें अवतार गिने गयेहैं (२) और बुद्धके पिता और वंशधरका नाम देखा जाताहै (३)

गरुड़ पुराणमें अनेक विषयका प्रसंग देखनेसे विलसन साहबने इसकी आधुनिक रचना समझी है किन्तु उसमें आधुनिकत्व प्रमाणित नहीं होता जो जो विषय गरुड़ पुराणमें विवृत हुआहै, गरुड़के अतिरिक्त अनेक प्राचीन ग्रन्थोंमें उनका परिचय पाया जाताहै । जो कुछ भी हो, आदि गरुडका सम्पूर्ण अंश न होनेपरभी और वर्त्तमान रूप धारणकालमें स्थान विशेषमें प्रक्षिप्त अंश संयोजित होनेपरभी गया माहात्म्य छोड यह प्रचलित गरुड़पुराण यथायोग्य पाया जाता है.

त्रिवेणी स्तोत्र, पञ्च पर्व माहात्म्य, विष्णु धर्म्मोत्तर, वेंकट गिरि-माहात्म्य, श्रीरंग माहात्म्य, सुन्दर पुर माहात्म्य आदि कई पोथी गरुड पुराणके अन्तर्गत कहकर प्रचलित हैं । पर मूलमें नहीं है.

---

(१) गरुड़ पुराण १। ३२ ।

(२) शुद्धोदनो राहुलश्च सेनजित् शूद्रकस्तथा । " १४५। ८

(३) गयामाहात्म्यका अंश इतना प्राचीन ज्ञात नहीं होता। यह अंश बौद्ध प्रभाव खर्व होनेपर सम्भवतः खष्टीय ८ म शताब्दीमें रचित हुआहै ।

ब्रह्माण्डपुराण १८,

प्रक्रिया पादमें —१ अनुक्रमणिका, २ द्वादश वार्षिक यज्ञ निरूपण, ३ सृष्टि वर्णन, ४—५ प्रति सन्धि वर्णन, वर्त्तमान कल्प विवरण, ६ देवासुरोत्पत्ति कथन, ७ योगधर्म्म, ८ योगोपवर्ग, ९ योगैश्वर्य, १० पाशुपत योग, ११ शौचाचार लक्षण, १२ परमाश्रम प्राप्ति कथन, १३ यति प्रायश्चित्त, १४ अरिष्ट लक्षण, १५ ओंकार प्राप्ति लक्षण, १६ कल्प निरूपण, १७ कल्प संख्या, १८ युगभेदसे माहेश्वरावतार, १९ ब्रह्मोत्पत्ति, २० कुमारोत्पत्ति, २१ विष्णुकर्तृक शिवस्तव, २२ स्वरोत्पत्ति, २३ रुद्रोत्पत्ति, २४ लोकपाल वालखिल्य और सप्तर्षियोंकी उत्पत्ति, २५ अग्निवंश वर्णन, २६ दक्षकन्या और दक्ष शाप वर्णन, २७ दक्ष कर्त्तृक शिवस्तव, २८ ज्वर कथन, २९ देव वंश वर्णन ३० प्रणव निर्णय, ३१ युग निर्णय, ३२ भरतवंश वर्णन, ३३ जम्बूद्वीप वर्णन, ३४ दिग् विभागस्थ सरितशैलादि, ३५ जम्बूद्वीप के वर्ष कथन, ३६ वर्षपर्वत कथन, ३७ यही दक्षिणदिग्स्थ द्रोणी कथन, ३८ पर्वतावास वर्णन, ३९ देवकूटादि पर्वत वर्णन, ४० कैलास वर्णन, ४१ निषध पर्वतादि कथन, ४२ सोम और नदी कथन, ४३ भद्राश्व वर्णन, ४४ केतु माल वर्णन, ४५ चन्द्रद्वीप वर्णन, ४६ भारत वर्ष वर्णन, ४७ किंपुरुषादि वर्ष वर्णन ४८ कैलासवर्णन, ४९ गङ्गावतरण, ५० वर्षपर्वतस्थ नदी वर्णन ५१ भारत वर्षीय अन्तर्द्वीप कथन, ५२ लक्षद्वीप वर्णन, ५३ शाल्मल द्वीप वर्णन, ५४ कुशद्वीप वर्णन ५५ क्रौञ्चद्वीप वर्णन, ५६ शाकद्वीप वर्णन ५७ पुष्कर द्वीप वर्णन, ५८ वर्ष और द्वीपादि निर्णय, ५९ अधः और ऊर्द्ध्वभाग निर्णय, ६० चन्द्र सूर्य्यादि ज्योति निर्णय, ६१ ज्योतिष्कविवरण, ६२ ग्रह नक्षत्र निर्णय, ६३ नीलकण्ठ स्तव, ६४ लिङ्गोत्पत्ति कथन, ६५ पितृ वर्णन, ६६ पर्वनिर्णय, ६७ युग निरूपण, ६८ यज्ञ वर्णन, ६९ द्वापरयुग विधि, ७० कलियुग वर्णन, ७१ देवासुरादिका शरीर परिमाण, ७२ धर्म्माधर्म्म

कथन, ७३ मंत्रकृत ऋषिवंश, ७४ वेदविभागादि, ७५ शाकल्य वृत्तान्त, ७६ संहिताकार ऋषिवंश वर्णन, ७७ मन्वन्तर कथन, ७८ पृथुवंशानुकीर्त्तन, ७९ स्वायम्भुवादि सर्ग कथन, ८० वैवस्वत सर्गकथन,

मध्यभागके उपोद्घात पादमें—१ प्रजापति वंशानुकीर्त्तन, २—५ काश्यपीय प्रजासर्ग, ६ ऋषिवंशानुकीर्त्तन, ७ श्राद्ध प्रक्रिया आरंभ-८—१३ श्राद्ध कल्प, १४ श्राद्धकल्पमें ब्राह्मण परीक्षा, १५ श्राद्धकल्पमें दानफल, १६ तिथि विशेषमें श्राद्धफल, १७ नक्षत्रविशेष श्राद्धफल, १८ भिन्नकालिक तृप्तिसाधन, द्रव्यविशेषमें गयाश्राद्धादिफल कीर्त्तन, १९ वरुण वंश वर्णन, २० इक्ष्वाकु वंश कथन, २१ मिथिला वंश कथन, २२ राज युद्ध, २३—३३ भार्गव चारित, ३४ कार्त्तवीर्य्य चारित, ३५ ज्यामघ चारित, ३६ वृष्णिवंशानुकीर्त्तन, ३६ समर चारित, ३७ भार्गव कथा, ३८ देवासुर कथा ३९ कृष्णाविर्भाव कथन, ४० इलास्तव, ४१ भविष्य कथा, ४२ वैवस्वत मनुवंश वर्णन, ४३ गन्धर्व मूर्च्छना लक्षण, ४४ गीतालंकार, ४५ वैवस्वत मनुवंश वर्णन, ४६ सोम जन्म विवरण, ४७ चन्द्रवंश कीर्त्तन, (ययाति चारित) ४८ विष्णुवंश वर्णन, ४९—५० विष्णुमाहात्म्य कीर्त्तन, ५१ भविष्य राज वंश उत्तरभागके उपसंहार पादमें, ५२ वैवस्वत मन्वन्तराख्यान, ५३ सप्तम मन्वादिचौदह मनुपर्यन्त विवरण, ५४ भविष्य मनुओंका वर्णन, ५५ काल मान, ५६ चौदह लोकका वर्णन, ५७ नरक वर्णन, ५८ मनोमय पुराख्यान, ५९ प्राकृतिक लयवर्णन, ६० शिवपुरादि वर्णन, ६१ गुणके अनुसार जन्तुओंकी गति, ६२ अन्वयव्यतिरेकानुसार प्रलयादि पुनःसृष्टि वर्णन.

अध्यापक विलसन राजा राजेन्द्र लाल मित्र, भाण्डारकर आदि पण्डितलोग मूल ब्रह्माण्डपुराणके अस्तित्व सम्बंधमें संदेहकरतेहैं.

अब देखना चाहिये कि उद्धृत विषय युक्त पुराणको हमलोग ब्रह्माण्ड कह सकते हैं वा नहीं, इस सम्बन्धमें दूसरे पुराणोंमें

ब्रह्माण्ड महापुराणके किस प्रकार लक्षणादि निर्दिष्ट हुए हैं ।

मत्स्य पुराणके मतसे—अ० ५३

"ब्रह्मा ब्रह्माण्डमाहात्म्यमधिकृत्याब्रवीत् पुनः ।
तच्च द्वादशसाहस्रं ब्रह्माण्डं द्विशताधिकम् ॥ ५४ ॥
भविष्याणां च कल्पानां श्रूयते यत्र विस्तरः ।
तद्ब्रह्माण्डपुराणञ्च ब्रह्मणा समुदाहृतम् ॥ ५५ ॥"

ब्रह्माण्डका माहात्म्य अवलम्बन करके जो पुराण कहा गयाहै, वही १२२०० श्लोकयुक्त ब्रह्माण्ड है । जिस पुराणमें ब्रह्माकर्तृक भविष्य कल्प वृत्तान्त विस्तृतरूपसे विवृत हुआहै, वही ब्रह्माण्डपुराणहै.

शिवपुराणके उत्तरखण्डमें—

"ब्रह्माण्डचरितोक्तत्वाद्ब्रह्माण्डं परिकीर्त्तितम् ।"

ब्रह्माण्डके चारित अर्थात् ब्रह्माण्डके भूगोल विवरणसे वर्णित होनेके कारण यह ब्रह्माण्ड पुराण नामसे प्रसिद्धहै ! शिव माहापुराणकी वायु संहिताके ११ अध्यायमें—

ब्रह्माडं चातिपुण्योऽयं पुराणानामनुक्रमः ।"

यह ब्रह्माण्ड पुराण अति पुण्य दायक और समस्त पुराणकी अनुक्रमणिका स्वरूप है । नारद पुराणमें ब्रह्माण्डपुराणकी इस प्रकार अनुक्रमणिका दीगई है—

"शृणु वत्स प्रवक्ष्यामि ब्रह्माण्डाख्यं पुरातनम् ।
यच्च द्वादशसाहस्रं भाविकल्पकथायुतम् ॥
प्रक्रियाख्योऽनुषङ्गाख्य उपोद्घातस्तृतीयकः ।
चतुर्थ उपसंहारः पादाश्चत्वार एव हि ॥
पूर्वपादद्वयं पूर्वो भागोऽत्रसमुदाहृतः ।
तृतीयो मध्यमो भागश्चतुर्थस्तूत्तरोमतः ॥

(तत्र पूर्वभागे प्रक्रियापादे)

आदौ कृतसमुद्देशो नैमिषाख्यानकं ततः।
हिरण्यगर्भोत्पत्तिश्च लोककल्पनमेव च ॥
एषवै प्रथमःपादो द्वितीयं शृणुमानद ॥

(पूर्वभागे अनुषङ्गपादे)

कल्पमन्वन्तराख्यानं लोकज्ञानं ततः परम् ।
मानसीसृष्टिकथनं रुद्रप्रसववर्णनम् ॥
महादेवविभूतिश्च ऋषिसर्गस्ततः परम् ।
अग्नीनां विषयश्चाथकालसद्भाववर्णनम् ॥
प्रियव्रतान्वयोद्देशः पृथिव्यायामविस्तर ॥
वर्णनं भारतस्यास्य ततोऽन्येषां निरूपणम् ।
जम्ब्वादिसप्तद्वीपाख्या ततोऽधोलोकवर्णनम् ॥
ऊर्द्ध्वलोकानुकथनं ग्रहचारस्ततः परम् ॥
आदित्यव्यूहकथनं देवग्रहानुकीर्त्तनम् ।
नीलकण्ठाह्वयाख्यानं महादेवस्य वैभवम् ॥
अमावस्यानुकथनं युगतत्वनिरूपणम् ।
यज्ञप्रवर्त्तनं चाथ युगयोरण्डयोः कृतिः ॥
युगप्रजालक्षणञ्च ऋषिप्रवरवर्णनम् ।
वेदानां व्यसनाख्यानं स्वायम्भुवनिरूपणम् ।
शेषमन्वन्तराख्यानं पृथिवीदोहनन्ततः ॥
चाक्षुषेऽद्यतनेसर्गौ द्वितीयोंऽघ्रिः पुरोदले ॥
अथोपोद्घातपादेतु सप्तर्षिपरिकीर्त्तनम् ।
प्राजापत्यान्वयस्तस्माद्देवादीनां समुद्भवम् ॥

ततोजयाभिव्याहारौ मरुदुत्पत्तिकीर्त्तनम् ।
काश्यपेयानुकथनमृषिवंशानिरूपणम् ॥
पितृकल्पानुकथनं श्राद्धकल्पस्ततः परम् ।
वैवस्वतसमुत्पात्तिः सृष्टिस्तस्य ततः परम् ॥
मनुपुत्राचयश्चातो गान्धर्वस्य निरूपणम् ।
इक्ष्वाकुवंशकथनं वंशोऽत्रेःसुमहात्मनः ॥
अमावसोराचयश्च राजेश्चरितमद्भुतम् ।
ययातिचारितश्चाथ यदुवंशनिरूपणम् ॥
कार्त्तवीर्य्यस्य चरितं जामदग्न्यं ततः परम् ।
वृष्णिवंशानुकथनं सगरस्याथ सम्भवः ॥
भार्गवस्याथचरितं तथाकार्त्तवधाश्रयम् ।
सगरस्याथचारितं भार्गवस्य कथापुनः ॥
देवासुराहवकथा कृष्णाविर्भाववर्णने ।
इलस्य चस्तवः पुण्यः शुक्रेण परिकीर्त्तितः ॥
विष्णुमाहात्म्यकथनं बलिवंशनिरूपणम् ।
भविष्यराजचरितं संप्राप्तेऽथकलौयुगे ॥
एवमुद्घातपादोऽयं तृतीयोमध्यमेदले ।
चतुर्थमुपसंहारं वक्ष्येखण्डेतथोत्तरे ॥
वैवस्वतान्तराख्यानं विस्तरेण यथातथम् ।
पूर्वमेवसमुद्दिष्टं संक्षेपादिहकथ्यते ॥
भविष्याणां मनूनाञ्च चरितंहि ततः परम् ।
कल्पप्रलयनिर्देशः कालमानं ततः परम् ॥
लोकाश्चतुर्दशततः कथितामानलक्षणैः ।
वर्णनं नरकानांच विकर्म्माचरणैस्ततः ॥

मनोमयपुराख्यानं लयप्राकृतिकस्ततः ।
शैवस्याथ पुरस्यापि वर्णनञ्च ततः परम् ।
त्रिविधाद्गुणसम्बन्धाज्जन्तूनां कीर्त्तिता गतिः ।
अनिर्देश्याप्रतर्क्यस्य ब्रह्मणः परमात्मनः ॥
अन्वयव्यतिरेकाभ्यां वर्णनं हि ततः परम् ।
इत्येष उपसंहारः पादो वृत्तः सचोत्तरः ॥
चतुष्पादं पुराणंते ब्रह्माण्डं समुदाहृतम् ।
अष्टादशमनौपम्यं सारात् सारतरं द्विज ॥
ब्रह्माण्डं च चतुर्लक्षं पुराणत्वेन पठ्यते ।
तदेवचास्यगदितमत्राष्टादशधापृथक् ॥
पाराशर्य्येणमुनिना सर्वेषामपिमानद ।
वस्तुदृष्टाथतेनैव मुनीनां भावितात्मनाम् ॥
मत्वाश्रुत्वापुराणानि लोकेभ्यः प्रचकाशिरे ।
मुनयोधर्म्मशीलास्ते दीनानुग्रहकारिणः ॥
यथावेदं पुराणन्तु वासिष्ठाय पुरोदितम् ।
तेनशक्तिसुतायोक्तं जातूकर्ण्यातेनच ॥
व्यासलब्धंततश्चैतत् प्रभञ्जनमुखोद्गतम् ।
प्रमाणीकृतलोकेऽस्मिन् प्रावर्त्तयदनुत्तमम् ॥

हे वत्स सुनो, मैं तुम्हारे निकट ब्रह्माण्डनामक पुराणकीर्त्तन करताहूं, यह वारह सहस्र श्लोक और भाविकल्पकी कथा द्वारा परिपूर्णहै। प्रक्रिया अनुषङ्ग, उपोद्घात और उपसंहारनामक इस पुराणके चार पादहैं दो पाद द्वारा इसका पूर्व भागहै और तीसरे पादका मध्यभागहै और चौथे पाद द्वारा उत्तर भाग कल्पित हुआहै.

(१ म प्रक्रिया पाद) इसके प्रथममें कृत समुद्देश, पश्चात् नैमिषाख्यान हिरण्यगर्भोत्पत्ति और लोक कथन इत्यादि विषय वर्णितहैं.

(२ अनुषङ्ग पाद) इसमें कल्प मन्वन्तराख्यान, लोकज्ञान, मानसी सृष्टि कथन, रुद्र प्रसव वर्णन, महादेव विभूति, ऋषिसर्ग, अग्नि गणका निचय, काल सद्भाव वर्णन, प्रिय व्रताचार निर्द्देश, पृथिवीका दैर्घ्य और विस्तार भारतवर्ष वर्णन, जम्बादि सप्तद्वीपवर्णन, अधोलोक वर्णन, ऊर्द्ध्वलोकानुकथन, ग्रहचार आदित्यव्यूहकथन, देवग्रहानुकीर्त्तन, नील कण्ठाख्यान, महादेवका वैभव, अवस्था कथन, युगतत्त्व निरूपण, यज्ञ प्रवर्त्तन, शेष युगका कार्य्य, युग प्रजा लक्षण, ऋषि प्रवर वर्णन, देवगणका व्यसनाख्यान, स्वायम्भुव निरूपण, शेष मन्वन्तराख्यान और पृथिवी दोहन यह सम्पूर्ण कीर्त्तित हुआहै.

(मध्यम उपोद्घात पाद) इसमें सप्तर्षिकीर्त्तन, प्रजापति समूह और उससे देवादिकी उत्पत्ति, जयाभिव्याहार, मरुदुत्पत्तिकीर्त्तन, काश्यपेयानुकथन, ऋषिवंश निरूपण, पितृकल्पानुकथन, श्राद्धकल्प, वैवस्वतोत्पत्ति, वैवस्वत सृष्टि मनुपुत्र समूह, गान्धर्व निरूपण इक्ष्वाकु वंश कथन अत्रिवंश कथन, रजिर चरित, ययाति चरित, यदुवंश निरूपण, कार्त्तवीर्य्यचरित जामदग्न्यचरित वृष्णिवंशानुकथन, सगर संभव, भार्गवचरित, समर चरित, भार्गव कथा, देवासुर संग्राम कथा, कृष्णाविर्भाव वर्णन, सूर्य्य स्तव, विष्णु माहात्म्य, बलिवंश निरूपण और कलियुग उपस्थित होनेपर भविष्य राजचरित (उत्तरभाग उप संहार पाद) अनन्तर उपसंहार नामक चौथा खण्ड कहताहूं.

इसके पूर्वमें वैवस्वतान्तराख्यान विस्तृत रूपसे उक्त होनेपर भी इस स्थानमें संक्षेपसे कहा है और इसके पश्चात् भविष्य मनु गणका चरित,

कल्प प्रलय निर्देश, कल्पमान, चतुर्दश लोक कथन, नरक समुदायका वर्णन, मनोमयपुराख्यान, प्राकृतिक, लय शैवपुरका वर्णन, तीन प्रकार के गुण सम्पर्कमें प्राणियोंकी गति कीर्तन और अनिर्देश्य तथा अप्रतर्क्य परमात्मा ब्रह्मका अन्वयव्यतिरेक वर्णित हुआ है, यह उपसंहार नामक उत्तर भाग सम्पन्न हुआ, यह चारपाद युक्त ब्रह्माण्ड पुराण तुम्हारे निकट वर्णन किया, यह अष्टादशवां पुराण सारसेभी सार पुराण कहा गया है.

हे द्विज ! यह पुराण चार लाख श्लोक रूपमेंभी पढ़ा जाता है । पराशरात्मज व्यासने उसीको अठारह प्रकारमें विभक्त करके प्रकाशित किया है, हे मानद ! वस्तु द्रष्टा उस व्यासमुनिने मेरे निकटसे सम्पूर्ण पुराण सुनकर लोकमें प्रकाश किये हैं ! मैंने यह पुराण पहिले वसिष्ठजीके निकट कहाथा । पश्चात् उन्होंने शक्तिसुत और जातूकर्ण्यके निकट प्रकाश किया, अनन्तर व्यासने प्रभंजनमुखोच्चारित इस ब्रह्माण्डपुराणको प्राप्तकर इस लोकमें प्रमाणीकृत करके प्रचार कियाहै.

उद्धृत वचनसे ब्रह्माण्डपुराणके लक्षणादि और वर्णित विवरणादि विषय एक प्रकारसे जानेजाते हैं ब्रह्माण्ड पुराणकी एक मात्र अनुक्रमणिका पाठ करनेसे ही साधारणका सन्देह भञ्जन हो सकता है, इस अनुक्रमणिकामेंही ब्रह्माण्ड पुराणके वर्णनीय विषय समूहकी एक प्रकारसे सूची दी गई है। इस अनुक्रमणिकाके साथ नारदीय पुराणोक्त ब्रह्माण्ड पुराणाख्यानकी सम्पूर्ण एकता है । इसके अतिरिक्त मत्स्य पुराणके मतके साथभी इसका अनैक्य नही होता । मत्स्य पुराण कहता है ब्रह्माण्ड पुराण पूर्वकालमे ब्रह्मा द्वारा कहा गया था । हमारे आलोच्य ब्रह्माण्ड पुराणके १ म अध्यायमें स्पष्टही उल्लिखित हुआ है—

"पुराणं संप्रवक्ष्यामि ब्रह्मोक्तं वेदसम्मितम् ।"

मत्स्यके मतसे—जिसमें भविष्य कल्प वृत्तान्त वर्णित हुआ है, वही ब्रह्माण्ड पुराण है हमारे इस ब्रह्माण्ड पुराणके सोल्हवें सत्तरहवें और अठारहवें अध्यायमें भविष्य कल्प वृत्तान्त विस्तारित रूपसे वर्णित हुआ है, ऐसा विस्तृत कल्प विवरण और किसी पुराणमें नही पाया जाता, शिव उपपुराणके मतसे ब्रह्माण्डका चारित वर्णित होनेके कारण इस पुराणका नाम ब्रह्माण्ड हुआहै । वास्तविक इस ब्रह्माण्डपुराणके ३३ से ५८ अध्यायमें जिस भावसे ब्रह्माण्डके नानास्थानका भूगोल विवरण दिया गयाहै, ऐसा किसी दूसरे पुराणमें नहीं, इसकारण इस ब्रह्माण्ड पुराणके अस्तित्व, मौलिकत्व और महापुराणत्व सम्बन्धमें कोई सन्देह नहीं रहता । तथापि बात यह है कि, अध्यापक विलसन, राजा राजेन्द्र लाल आदि विचक्षण पण्डितगण ब्रह्माण्ड पुराणके अस्तित्व सम्बधमें किस कारणसे संदिग्ध हुएहैं । किसी २ ब्रह्माण्डपुराणकी पोथीमें प्रत्येक अध्यायकी पुष्पिकामें " वायुप्रोक्त संहितायां" ऐसा लिखाहै केवल इस पुष्पिकाके ऊपर निर्भर करके कोई २ महात्मा ब्रह्माण्डपुराणको वायुपुराण प्रकाश करके शेषमें ब्रह्माण्ड पुराण छोडकर इस मूल महापुराणके अस्तित्वमें सन्देह कर गयेहैं । वास्तविक उनका महाभ्रम कहना चाहिये.

नारदीय पुराणमें स्पष्टही लिखाहै—

"व्यासो लब्ध्वा ततश्चैतत्प्रभञ्जनमुखोद्गतम् ।
प्रमाणीकृत्य लोकेऽस्मिन् प्रावर्तयदनुत्तमम् ॥"

इस वचनद्वारा ब्रह्माण्डपुराण जब वायुप्रोक्त होताहै,तब हस्तलिखित पोथीमें जो " वायुप्रोक्त संहितायां" ऐसी पुष्पिका गृहीत हुई है वह भ्रम पूर्ण नहीं है । वरन जो लोग वायु प्रोक्त नाम पढ़तेही उसको वायु

पुराण कहकर स्वीकार करते हैं उनकाही महाभ्रम कहना चाहिये। राजा राजेंद्र लाल मित्रने एसियाटिक सोसाइटीसे एक वायुपुराण प्रकाशित कियाहै उसमेंभी इसप्रकारका महाभ्रम दीखताहै.

राजा अपने प्रकाशित वायुपुराणके मुख बन्धमें लिख गयेहैं कि मैंने छः हस्त लिखित पोथी मिलाकर वायु पुराण प्रकाश कियाहै। इन छः पोथियोंमें भारत गवर्नमेंट कर्तृक संगृहीत ९७५ नं. पोथीही उनका आदर्शहै दूसरी पोथीमें प्रायः असम्पूर्ण और भ्रम पूर्ण होनेसे पाठ मिलाने के निमित्त बीच २ में आलोचित हुईहैं। इस समय हम उनकी वह आदर्श पोथी लेकर ही दो एक बातें कहेंगे उस पोथीका लिखित विवरण पाठ करनेसे सहजमेंही धारणा होतीहै कि वह वायु पुराण नहींहैं हमारा आलोच्य ब्रह्माण्ड पुराण है। राजेंद्र लालकी आदर्श पोथीके ८१।२ पृष्ठमें लिखाहै.

"कृते वै प्रक्रियापादश्चतुःसाहस्रमुच्यते।
तस्माच्चतुः शती सन्ध्या सन्ध्यांशश्च तथाविधः॥
त्रेतादीनिसहस्राणि संख्यया मुनिभिः सह।
तस्यापित्रिशतीसन्ध्या सन्ध्यांशस्त्रिशतः स्मृतः॥
अनुषङ्गपादस्त्रेतायास्त्रिसाहस्रन्तु संख्यया।
द्वापरेद्वेसहस्रेतु वर्षाणां सम्प्रकीर्त्तितम्॥
तस्यापिद्विशतीसन्ध्या सन्ध्यांशोद्विशतस्तथा।
उपोद्घातस्तृतीयस्तु द्वापरेपादउच्यते॥
कलेर्वर्षसहस्रन्तु प्राहुः संख्याविदोजनाः।
तस्यापिशतिकासन्ध्या सन्ध्यांशः शतमेव च॥
संहारपादसंख्यातश्चतुर्थोवै कलौयुगे।
ससन्ध्यानिसहांशानि चत्वारितुयुगानिवै॥

एतद्द्वादशसाहस्रं चतुर्युगमिति स्मृतम् ।
एवं पादैः सहस्राणि श्लोकानां पञ्च पञ्च च ॥
सन्ध्यासन्ध्यांशकैरेव द्विसहस्रे तथा परे ।
एवं द्वादशसाहस्रं पुराणं कवयो विदुः ॥
यथा वेदश्चतुष्पादश्चतुष्पादं तथा युगम् ।
यथा युगश्चतुष्पादं विधात्रा विहितं स्वयम् ।
चतुष्पादं पुराणन्तु ब्रह्मणा विहितं पुरा ॥"

इसमें पहिले नारद पुराणके वचनद्वारा जाना गयाहै, ब्रह्माण्डपुराण चार भागमें विभक्तहै,प्रक्रियापाद अनुषङ्गपाद उपोद्घात पाद और उपसंहार पाद, तथा बारहसहस्र श्लोकयुक्तहै। अतएव राजेन्द्रलालकी आदर्श पोथी वर्णित—

"एवं द्वादशसाहस्रं पुराणं कवयो विदुः ।
चतुष्पादं पुराणन्तु ब्रह्मणा विहितं पुरा ॥" इत्यादि

श्लोक ब्रह्माण्डपुराणकाही परिचय देताहै।इसके अतिरिक्त सोसाइटीसे प्रकाशित वायुपुराणके पूर्वभागमें चतुर्थ अध्यायोक्त—

"सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च ।
वंशानुचरितश्चेति पुराणं पञ्चलक्षणम् ॥ १० ॥
कल्पेभ्योऽपि हि यः कल्पः शुचिभ्यो नियतः शुचिः ।
पुराणं संप्रवक्ष्यामि मारुतं वेदसम्मितम् ॥ ११ ॥
प्रक्रिया प्रथमः पादः कथ्यवस्तुपरिग्रहः ।
उपोद्घातोऽनुषङ्गश्च उपसंहार एव च ।
धर्म्म्यं यशस्यमायुष्यं सर्वपापप्रणाशनम् ॥"

इन कई श्लोकोंसे चतुष्पादयुक ब्रह्माण्डपुराणकाही आभास पाया जाताहै यद्यपि उक्तवचनमें "मारुतं वेदसम्मितम्" ऐसा पाठहोनेसे उसको वायुपुराण

कहकर यथार्थमें ही साधारणलोगोंकी धारणा होसकतीहै किन्तु उसको असङ्गत पाठ कहकर छोड़ना ही उचितहै क्योंकि हमारी संगृहीत चार ब्रह्माण्डपुराणकी पोथियोंमें "ब्रह्माण्डं वेदसम्मितम्" ऐसा ब्रह्माण्ड पुराण परिचायक यथार्थपाठ देखा जाताहै । विशेषतः राजेन्द्रलालकी आदर्श पोथीकी समाप्ति पुष्पिकामें—"इति माहापुराणे वायुप्रोक्ते द्वादश-साहस्र्यां संहितायां ब्रह्माख्यं समाप्तम्" ऐसा ब्रह्माण्डपुराणकी समाप्ति ज्ञापक पाठ दीखताहै । यह आदर्श पोथी १६८८ सम्वत्में नागराक्षरमें लिखी गईहै । इसके शेषपत्रेमें पुराणकी श्लोक संख्याभी निरूपित हुईहै । यथा—

प्रक्रियापादमें श्लोकसंख्या	...	...	...	४८००
अनुषंग पादमें ,,	...	...	...	३६००
उपोद्घात पादमें,,	...	...	...	२४००
उपसंहार पादमें,,	...	...	...	१२००

सब १२००० श्लोक (१)

प्राय अधिकांश पुराणोंके मतसेही ब्रह्माण्डपुराणकी श्लोकसंख्या १२००० हैं अतएव राजा राजेन्द्रलाल द्वादशसहस्र श्लोकात्मक ब्रह्माण्डपुराणको वायुपुराण नामसे प्रकाश करके महाभ्रममें गिरेहैं.

पहिलेही लिखचुकेहैं श्वेतकल्पप्रसङ्गमें वायुने इस पुराणको वर्णन कियाथा किन्तु सोसाइटीके मुद्रित वायुपुराणके प्रथममें श्वेतकल्पका प्रसंग पहिलेतो है ही नहीं, वरं-वंगवासीके स्वत्वाधिकारि द्वारा प्रकाशित शिवपुराणकी वायुसंहितामें श्वेतकल्पका भली भांति परिचय पाया जाताहै । उक्तसंहिताके उत्तरभागमें प्रथमाध्यायमें स्पष्टलिखाहै—

(१) डाक्टर एग्लि साहबने विलायतके इण्डिया आफिसके पुस्तकालयस्थ पोथि-योंकी जो विस्तृत तालिका प्रकाशकीहै, उससेभी राजेन्द्रलालका मत भ्रमपूर्ण दीखताहै।

"वक्ष्यामि परमं पुण्यं पुराणं ब्रह्मसम्मितम् ।
शिवज्ञानार्णवं साक्षाद्भुक्तिमुक्तिफलप्रदम् ॥ २३
शब्दार्थन्यायसंयुक्तैरागमार्थैर्विभूषितम् ।
श्वेतकल्पप्रसङ्गेन वायुना कथितं पुरा ॥"

अत एव स्वीकार करना होगा, श्वेतकल्पाश्रयी वायुपुराण सोसाइटी-से प्रकाशित नहीं हुआ अन्यान्यस्मृति संग्रहादि प्राचीन संस्कृतग्रन्थोंमें वायुपुराणोद्धृत जो वचन हम देखतेहैं वह सोसाइटीके वायुपुराणमें नही हैं। इसस्थानमें एक प्रसिद्धश्लोककी बात कहतेहैं। विख्यात टीकाकार श्रीधरस्वामीने भागवतकी टीकामें नैमिष शब्दकी नाम निरुक्तिके समय वायुपुराणसे एकवचन उद्धृत किया है । वह यहहै--तथाच वायवीये-

"एतन्मनोरमं चक्रं मया सृष्टं विसृज्यते ।
यत्रास्य शीर्य्यते नेमिः सदेशस्तपसः शुभः ॥"

सोसाइटीकी मुद्रित पुस्तकमें यह श्लोकभी नहीं है । इसके स्थानमें ऐसा है-

भ्रमतो धर्म्मचक्रस्य यत्र नेमिरशीर्य्यत।
कर्मणा तेन विख्यातं नैमिषं मुनिपूजितम् ॥
सोसाइटी मुद्रित वायु२ अ७ श्लोक ।

श्रीधरस्वामिकृत वायुपुराणका श्लोक यद्यपि सोसाइटी मुद्रित पुस्तकमें नहीं है, किन्तु बंगवासी कार्य्यालयसे प्रकाशित शिवपुराण की वायुसंहितामें स्पष्टही है.

"एतन्मनोरमं चक्रं मयासृष्टं विसृज्यते ।
यत्रास्य शीर्य्यते नेमिः सदेशस्तपस : शुभः ॥"

वायुसंहिता पूर्वभाग २ अ० ८८ श्लोक-

इससेभी जाना जाताहै कि सोसाइटी प्रकाशित वायु पुराणही नहीं है ब्रह्माण्ड पुराणका अङ्गमात्र है और उस मुद्रित पुस्तकमें गया माहात्म्य एकत्र प्रकाशित होनेसे यह पुस्तक एक अद्भुत पदार्थ बन गई है। इसको एक बातमें वायुपुराण वा ब्रह्माण्ड पुराण कुछही नही कहा जा सका.

इससे पहिले उपक्रममें कह आये हैं जो ब्रह्माण्ड पुराण खृष्टीय ५म शताब्दीमें यवद्वीपमें गयाथा, अवभी वह ब्रह्माण्ड पुराण वालि द्वीपमें कवि भाषामें अनुवाद सहित पाया जाता है। प्रचलित ब्रह्माण्ड पुराणके साथ भविष्यराजवंश वर्णना प्रसंग छोड और सम्पूर्ण अंशमेंही वालि द्वीपीय ब्रह्माण्डका मेल है यह पुराण यथार्थमें पञ्चलक्षण युक्त है इसमें भविष्याख्यानके अतिरिक्त वही आदि ब्रह्माण्ड पुराणका प्राचीन रूप दीखताहै अठारह पुराणोंमें गिना जाने परभी इसको प्रचलित पुराणोंकी अपेक्षा प्राचीनतम कहकर ग्रहण करसकते हैं.

स्कन्द पुराणकी समान बहुतसे माहात्म्य इस ब्रह्माण्डपुराणके नामसे प्रचलित देखे जातेहैं यथा—

अग्नीश्वर, अञ्जनाद्रि, अनन्तशयन, अर्जुनपुर, अष्टनेत्र स्थान, आदिपुर, आनन्द निलय, ऋषि पञ्चमी, कठोर गिरि, काल हस्ती, कामाक्षी, विलास, कार्तिक, कावेरी कुम्भकोण, क्षीरसागर, गोदावरी, गोपुरी, गोमुक्ति, चम्पकारण्य, ज्ञानमण्डप, तञ्जापुरी, तारक, ब्रह्म मंत्र, तुङ्गभद्रा, तुलसी, दक्षिणा मूर्ति, देवदारु वन, नन्दि गिरि, नाचिकेत, नरसिंह, पश्चिमरंग, पापविनाश, पारिजाताचल, पिनाकिनी, पुन्नागवन, पुराणश्रवण, पुरुषोत्तम, प्रतिष्ठान, बदरिकाश्रम, बुद्धिपुर, ब्रह्मपुरी, मन्दारवन, मयूरस्थल, मल्लापुर, मल्लारि, मायापुरी, रामायण, लक्षपूजा लक्ष्मीपुर, वल्कक्षेत्र, विरजाक्षेत्र, वेङ्कट गिरि वेंकटेश, वेदगर्भापुरी, वेदारण्य शिवकांची, शिवगंगा,

श्रीगोष्ठी,श्रीनिवास,श्रीमुष्ण,श्रीरंग सुगन्धवन,सुन्दरपुर,सुन्दरारण्य,हस्तिगिरि,हेरम्बकानन इत्यादि माहात्म्यगणेशकवच,तुलसीकवच,वेंकटेशकवचहनुमत् कवच इत्यादि कवच दत्तात्रेयस्तोत्र, नदीस्तोत्र,पश्चिम रंगनाथ स्तोत्र, वन्दि स्तोत्र ब्रह्मराग स्तोत्र युगलकिशोर स्तोत्र ललितासहस्रनाम स्तोत्र,वेंकटेश सहस्रनाम, सरस्वती स्तोत्र,सिद्धलक्ष्मी स्तोत्र, सीता स्तोत्र, इसके अतिरिक्त उत्तरखण्ड क्षेत्रखण्ड, तुंगभद्राखण्ड,पद्मक्षेत्र;देवांगचरित्र, ललितोपाख्यान, वारिजाक्ष चरित्र, विष्णुपञ्जर और अध्यात्मरामायण.

इनमें अधिकांशही आधुनिक कालमें रचित हुएहैं । ब्रह्माण्ड महापुराणके अन्तर्गत न धरके, ब्रह्माण्ड उप पुराणके अन्तर्गत कहनेसे कुछ बखेडा नही रहता.

१८ पुराणकी समान अन्यान्य मुनि रचित १९ उपपुराणभी प्रचलित हैं । अनेकोंका विश्वास है कि उप पुराण वैसे प्राचीन नही हैं, किन्तु उपपुराणोंमें अनेक प्रक्षिप्त वचन होनेपरभी मूल उपपुराण अति प्राचीन कालमें संगृहीत हुयेथे इसमें सन्देह नहीं । ख्रष्टीय ११ शताब्दीके शेषभागमें षड् गुरु शिष्यने अपनी वेदार्थदीपिकामें नृसिंह उप पुराणसे श्लोक उद्धृत किये हैं और उससे पहिले मुसल्मान पंडित अल्बेरुणीने नन्दा, आदित्य, सोम, साम्ब और नरसिंह इत्यादि उपपुराणोंका उल्लेख कियाहै । पूर्वोक्त १८ पुराणके अतिरिक्त हम औरभी उपपुराण और अति पुराण नाम ग्रन्थोंका सन्धान पाते हैं यथा—

१ सनत्कुमार, २ नरसिंह, ३ बृहन्नारदीय,४ शिव वा शिवधर्म,५ दुर्वासस्, ६ कापिल, ७ मानव, ८ औशनस, ९ वारुण, १० कालिका, ११ साम्ब, १२ नंदिकेश्वर वा दा, १३ सौर, १४ पाराशर, १५ आदित्य, १६ ब्रह्माण्ड, १७ माहेश्वर, १८ भागवत, १९ वाशिष्ठ, २० कौर्म्म, २१ भार्गव, २२ आदि, २३ मुद्गल, २४ कल्कि,२५

देवीपुराण, २६ महाभागवत, २७ बृहद्धर्म्म, २८ परानन्द २९ पशुपति पुराण.

अठारह प्राचीन महापुराणोंसे भारतीय हिन्दुसमाजकी रीति, नीति आचार, व्यवहार, धर्म्म मत, विश्वास और अनेक प्राचीन कहानि जान सकते हैं पुराणको हम प्राचीन मौलिक ग्रन्थ कहकर स्वीकार कर सकतेहैं या नहीं ? पुराण श्रुतिमूलकहैं वा अवैदिक ? पुराणका यथार्थ उद्देश्य क्याहै ? इस सम्बन्धमें सुप्रसिद्ध कुमारिल भट्ट विशेष आलोचना कर गये हैं । वह उनका ग्रंथ देखनेसे विदित होगा हम थोडा अंश यहां अनुवाद करके लिखते हैं जो बौद्धगण और इस समयके दयानन्दी पुराणोंपर आक्षेप करते हैं उनका उत्तर वे देगये हैं कि जो सदाचारी कहकर प्रसिद्धहैं उन्होंनेभी धर्मको उल्लंघनकर शास्त्रको दूषित कियाहै प्रजापति, इन्द्र, वसिष्ठ,विश्वामित्र, युधिष्ठिर, कृष्णद्वैपायन, भीष्म, धृतराष्ट्र, वासुदेव, अर्जुन इत्यादि प्राचीन माहात्माओनें धर्मको उल्लंघन कियाहै। ब्रह्माजी कन्याके पीछे धावमान हुए वसिष्ठजीने पुत्र मरणसे शोकित होकर आत्महत्याके निमित्त जलमें प्रवेश किया, चन्द्रने गुरुपत्नीमें गमन किया, नहुषने इन्द्रपदपर परदारा गमनकी इच्छाकी, विश्वामित्रने चाण्डालको यज्ञ कराया; वसिष्ठके समान पुरूरवाकाभी व्यवहार हुआ कृष्णद्वैपायनने विचित्र वीर्यकी भार्यामें पुत्र उत्पन्नकिया भीष्मजीनें धर्मत्यागा, अंधे धृतराष्ट्रने यज्ञ किया, द्रोणवधके निमित्त युधिष्ठिरका मिथ्या व्यवहार, छोटे भाई अर्जुनद्वारा लाई द्रौपदीके साथ परिणय, कृष्ण और अर्जुनका मातुल कन्या रुक्मिणी और सुभद्राका विवाह। और सुरापान यह शास्त्र निषिद्धहै । इन्द्रने अहल्यामें गमन किया इत्यादि । उसका उत्तर कुमारिल इस प्रकार देतेहैं.

प्रजापतिस्तावत् प्रजापावनाधिकारादादित्य एवोच्यते साचा रुणोदयवेलायामुषः समुद्यन्नभ्येति स तदागमनादेवोपजा

यत इति दुहितृत्वेन व्यपदिश्यते तस्यां चारुणकिरणाख्य बीजनिक्षेपात् स्त्रीपुरुषसंयोगवदुपचारः एवं समस्ततेजः परमेश्वरत्वनिमित्तेन्द्रशब्दवाचं सवितैवह निलीयमान तया रात्रेरहल्यः शब्दवाच्यायाः क्षयात्मक जरणहेतुत्वा ज्जीर्यत्यस्मादनेन वोदितेन वेत्यहल्याजार इत्युच्यते न प रस्त्रीत्यभिचारात् ।

प्रजापालनमें अधिकारहै इसीसे प्रजापतिशब्दसे आदित्य जान्ना वह अरुणोदयके समय दिनके आरंभमें उदय होकर क्रमशः गमन करते हैं उनके आगमनका समय क्रमशः बढता जाताहै इसी कारण उसका-लको उनकी पुत्री कहाहै उसी वेलामें अरुणका किरणस्वरूप बीज डाला गया इसीसे स्त्रीपुरुषके संयोगका वर्णन किया है ऐसाही वेदमेंहै सम्पूर्ण तेजस्वी पदार्थोंमें ऐश्वर्यहै इस कारण तेजपुञ्ज को इन्द्रनामसे उल्लेख कियाहै दिनमें लीन होनेके कारण अहल्या शब्दका अर्थ रात्रि-है सूर्यही रात्रिके क्षयस्वरूप जरणका कारणहै अहल्यारात्रि जिसमें जीर्णहुई वा जिसके उदय हुई होनेसे अहल्याजीर्ण उसीको अहल्या जार कहते हैं अर्थात् अहल्या जारका शब्द सूर्य है इसमें परस्त्री व्याभिचारकी बात नहीं है यह दोनों कथा अलंकार संयुक्तहै नहुषेण पुनःपरस्त्री प्रार्थननिमित्तानन्तकालाजगरत्वप्राप्त्यैवात्मना दुराचारत्वं प्रख्यापितम्.

वसिष्ठस्यापि यत्पुत्रशोकव्यामोहचेष्टितम् ।
तस्याप्यन्ननिमित्तत्व न्नैवधर्म्मत्वसंशयः ॥

योहि सदाचारः पुण्यबुद्ध्या क्रियते स धर्मादर्शत्वं प्रतिप-द्येत यस्तु कामक्रोधलोभमोहशोकादिहेतुत्वेनोपलभ्यते स यथाविधि प्रतिषेधं वर्तिष्यते ÷÷ द्वैपायनस्यापि गुरु नियोगात् 'अपतिरपत्यलिप्सुर्देवरात् गुरुप्रेरिताद्दतुमती-

यात् इत्येवमागमान्मातृसम्बन्धभ्रातृजायापुत्रजननम्। राम भीष्मयोस्तु स्नेहपितृभक्तिवशात् धृतराष्ट्रोपि व्यासानुग्रहादाश्चर्यपर्वणि पुत्रदर्शनवत् ऋतुकालेपि दृष्टवान्।

याचोक्ता पाण्डुपुत्राणामेकपत्नीविरुद्धता।
सापि द्वैपायनेनैव व्युत्पाद्य प्रतिपादिता॥
यौवनस्था तथा कृष्णा वेदिमध्यात्समुत्थिता।
साचश्रीः श्रीश्चभूयोभिर्भुज्यमाना न दुष्यति॥

द्रोणवधांगभूतानृतवादप्रायश्चित्तमन्तेपि अश्वमेधः प्रायश्चित्तत्वेन कृत एवेति न तस्य सदाचारत्वाभ्युपगमः यत्तु वासुदेवार्जुनयोर्मद्यपानमातुलदुहितृगमनं स्मृतिविरुद्धं तत्रान्नविकारसुरामात्रस्यैवत्रैवर्णिकानां निषेधः मधुसीध्वोस्तु वैश्यक्षत्रिययोर्न प्रतिषेधः।

वसुदेवाङ्गजाताच कौन्तेयस्य विरुध्यते।
नतुव्यपेतसम्बन्धप्रभवेताद्विरुद्धता।
एतेनरुक्मिणीपरिणयनं व्याख्यातम्।

अर्थ नहुष परस्त्री व्यभिचारकी इच्छासे बहुत समय तक अजगर होकर रहा यही उसके पापका फलथा इसीसे वह दुराचार कहाया वसिष्ठने पुत्रशोकसे जिस कर्मका अनुष्ठान कियाथा उसका कारण मोह है इसीसे वह धर्म नही कहागया जिस सदाचारमें मनमें पुण्यकी भावनासे जो अनुष्ठान होता है वही धर्म आदर्श स्वरूपहै काम क्रोध लोभ मोह शोक इत्यादिके कारणसे जो कार्य किया जाय वह सदाचारमें ग्रहण नही होसक्ता यदि वह शास्त्रविहित हो तो अनुष्ठेय है कलिके अतिरिक्त

पतिहीना पुत्रकी अभिलाषावाली स्त्री ऋतुमती होनेपर गुरुसे आज्ञा पाकर देवरसे पुत्र ग्रहण करसकतीहै आगमकी इस विधिके अनुसार गुरुकी आज्ञासे द्वैपायनने अपने मानसिक बलसे भ्रातृजायामें पुत्र प्रगट किये मानसिक इच्छा न होती तो अन्धे और पाण्डुवर्ण कैसे होते ? राम और भीष्मने स्नेह और पिताकी भक्तिवशसे वे वे आचरण किये इससे वे सदा चार नहीं हैं । धृतराष्ट्रने व्यासजीकी कृपासे यज्ञको देख लियाथा जैसे उन्होंने आश्चर्य पर्वाध्यायमें अपने मृत पुत्रोंको व्यासजीकी कृपासे देखलियाथा.

पांच पांडवोंकी एकस्त्रीके विषयमें जो शंका हुईहै व्यास- जीने स्वयं उसका पूर्वजन्मकी कथा कह कर परिहार किया है पूर्ण यौवना कृष्णा वेदीसे प्रगट हुई तीन अग्निमय है वह मानुषीमें किसी भांतिसे संभव नहीं वह मूर्त्ति मती लक्ष्मी है । लक्ष्मीको अनेक पुरार्षोंके भोगनेमें दोष नहीं मार्कण्डेय पुराणमें जब इन्द्रको ब्रह्महत्या लगी तब उस देवेन्द्रके पांच अंश धर्म, पवन, अश्विनीकुमारमें गये एक अंश देवराजमें रहा वही इन्द्रके अंश यह पांचों युधिष्ठिरादि हुए इससे यह पांचो एकही हैं न द्रौपदी मानुषी है इससे मनुष्यकी बात उसमें नही लगसकती युधिष्ठिरने द्रोणवधके निमित्त जो अनृत व्यवहार कियाथा उसका प्राय- श्चित्त उसी समय किया और पीछे अश्वमेधका अनुष्ठान किया । अन्न विकारकी सुरापान का तीनों वर्णोंको निषेध है मधु और सीधुका वैश्य क्षत्रियको निषेध नहीहै वसुदेवके अंगसे प्रगट होकर सम्बन्ध रहनेसे सुभद्राके व्याहमें विरुद्धता होसक्ती पर सम्बन्ध छूट जानेपर दोषनही लगता इसीप्रकार रुक्मिणी परिणयमें जानना गुरु चन्द्रकी कथाभी अध्यात्म ब्रह्मविद्याको कहतीहै इत्यादि बहुत कुछ

उन्होंने लिखाहै बुद्धिमानोंको यही बहुत है ग्रन्थ बढ जानेके कारण विराम करते हैं.

- इस प्रकार जहां कहीं पुराणोंमें विरोध प्रतीत हो या जहां कहीं कथाओंमें भेद दीखै या एक पुराण दो भांतिके विदित हों तो उसका यह उत्तर है कि, भिन्न व्यासों द्वारा प्रत्येक द्वापर युगमें पुराण संकलित हुएहैं इससे कथाओंमें कहीं २ भेद पड गया और कोई पुराण पहले द्वापर युगका भी रह गया है इससे सूचीमें भेद है शंका त्यागकर पुराणोंके कर्तव्य धर्मोंको ग्रहण करनेसे मनुष्योंका मंगल होगा इसमें सन्देह नहीं अब इस विषयका विस्तार नहीं करते बुद्धिमान थोंडेमेंही समझलेंगे.

दोहा—अश्विसुवन ऋतुअंक विधु, सम्वत सरलविचार ।
कृष्णापाढत्रयोदशी, मंगलप्रदभृगुवार ॥ १ ॥
पूरणकीनो ग्रंथ यह, हरिकोशीशनवाय ।
पढैंप्रेमकरसत्पुरुप, लहैं पुण्य अधिकाय ॥ २ ॥
श्रीकृष्णदासात्मज, खेमराजजगजान ।
वेंकटेश्वरयंत्रपति, विद्यामयगुणखान ॥ ३ ॥
तिनकोदीनो ग्रंथ यह, प्रेमरूपउपहार ।
सुखपावैंहरिकोभजें, नितनवमंगलचार ॥ ४ ॥
वसतरामगंगानिकट, नगरमुरादाबाद ।
भजनकरतहरिकोतहां, द्विजज्वालापरसाद ॥ ५ ॥

॥ शुभमस्तु ॥

पुस्तकमिलनेका पता—
खेमराज श्रीकृष्णदास,
'श्रीवेङ्कटेश्वर' स्टीम्-यन्त्रालय-बम्बई.